151
अस्व|व

पुरस्कार का नाम - विविध/विशेष

पुस्तक का नाम	:	वज्र-सूची
विषय	:	बौद्ध दार्शनिक ग्रन्थ
लेखक/व्याख्याकार एवं सम्पादक	:	डा० रामायण प्रसाद द्विवेदी
प्रकाशक का नाम और पता	:	चौखम्भा अमर भारती प्रकाशन पो०नं०सं०- ११३८ वाराणसी-२२१००१ (भारत)

लेखक का प्रमाण-पत्र :

(क) मैं प्रमाणित करता हूं कि मेरी उपर्युक्त पुस्तक हिन्दी व्याख्या, अनुवाद एवं विस्तृत विमर्श के साथ प्रथम बार वर्ष १९८५ ई० में प्रकाशित हुई है।

(ख) मैं मूलत: उत्तर प्रदेश का निवासी हूं।

(ग) संस्था का नाम जहां कार्यरत हूं :

रीडर, संस्कृत विभाग
कला संकाय
का० हि० वि० वि०
वाराणसी

रामायण प्रसाद द्विवेदी

॥ श्रीः ॥

हरजीवनदास प्राच्यविद्या ग्रन्थमाला

३

महाकवि-अश्वघोषकृता

वज्र-सूची

समानोद्धरण-पाठभेदसहित-

सटिप्पण-'मणिमयी'-हिन्दी-व्याख्योपेता

(बौद्ध-दर्शन-ग्रन्थः)

सम्पादक : व्याख्याकार

डॉ० रामायण प्रसाद द्विवेदी

एम० ए० (संस्कृत एवं पालि), पी-एच० डी०,

साहित्याचार्य, साहित्यरत्न, विद्यावाचस्पति

संस्कृत विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्राक्कथन

डॉ० विश्वनाथ भट्टाचार्य

मयूरभञ्ज संस्कृत प्रोफेसर, अध्यक्ष एवं निदेशक, शोधप्रकाशन;

संस्कृत विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन

पोस्ट बाक्स संख्या ११३८

वाराणसी–२२१००१ (भारत)

प्रकाशक

चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन

पोस्ट बाक्स ११३८

के. ३७/१३०, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी–२२१००१ (भारत)

151
अ20/व

© चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन, वाराणसी–२२१००१

प्रथम संस्करण, सन् १९८५ ई०

वि० सं० २०४१

मूल्य : रु० ८०–००

उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी
पुस्तकालय
ग्रन्थ आ० सं० 6273
संस्कृत भवनम् लखनऊ

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत पुस्तकालय

कचौड़ी गली

वाराणसी–२२१००१

मुद्रक—विद्याविलास प्रेस, वाराणसी–२२१००१

HARJIVANDAS PRACHYAVIDYA GRANTHAMALA

3

****

VAJRASŪCĪ

OF

AŚVAGHOṢA

(A small tract of Buddhist Philosophy)

Edited With Hindi Translation, Parallel passages & a critical Introduction with exhaustive appendices

by

Dr. RAMAYAN PRASAD DWIVEDI

M. A. (Sanskrit), M. A. (Pali), Ph. D.

Sahityācārya, Sāhityaratna, Vidyāvācaspati

Department of Sanskrit

Faculty of Arts

Banaras Hindu University, Varanasi.

Foreword by

Dr. BISWANATH BHATTACHARYA

Mayurabhañja Professor of Sanskrit & Head

Director, Research Publication

Department of Sanskrit

Banaras Hindu University, Varanasi

Chaukhamba Amarabharati Prakashan

Oriental Publishers & Foreign Book-Sellers

Post Box No. 1138

K. 37/130, Gopal Mandir Lane

Varanasi–221001 (U. P.) India

Chaukhamba Amarabharati Prakashan
Post Box 1138
K. 37/130, Gopal Mandir Lane
Varanasi–221001 (India)

© *Chaukhamba Amarabharati Prakashan, Varanasi*

First Edition 1985
Price Rs. 80–00

Also can be had from
Chaukhamba Sanskrit Pustakalaya
Kachauri Gali,
Varanasi–221001

कीर्तिशेषा

सर्वसुखदा

मूर्तिमती

माँ

गङ्गोत्री

की

पुण्य-स्मृति में

यथा बिम्बं भूषाप्रकृतिगुणवद्दर्पणगतं
विशिष्टं प्रामोद्यं जनयति नृणां दर्शनवशात् ।
तथा धर्मः सूक्तप्रकृतिगुणयुक्तोऽपि सततं
विभक्तार्थस्तुष्टिं जनयति विशिष्टानिह सताम् ॥ ३ ॥

—महायान सूत्रालंकार।

ज्ञेयाम्भोनिधिमन्थनादधिगतैस्तत्त्वामृतैर्यो जग-
ज्जातिव्याधिजरादिदुःखशमनैः कारुण्यतोऽतर्पयत् ।
तस्मै तत्त्वविदांवराय जगतः शास्त्रे प्रणम्यादरात्
तत्त्वानामिह संग्रहे स्फुटतरा प्रारभ्यते 'पञ्जिका' ॥

—तत्त्व-संग्रह-टीका ।

विषय-सूची

Foreword ix
अभिप्रायः xiii
दो शब्द xvii
आमुख xxi
सम्मतियाँ xxvii
संकेत-सूची xxix

भूमिका

ग्रन्थकार-अश्वघोष १
जीवन-वृत्तान्त एवं जन्म-स्थान २
अश्वघोष का स्थिति-काल ६

अश्वघोष की कृतियाँ– ८–१५

(क) दार्शनिक-कृतियाँ– ८
१. महायान-श्रद्धोत्पादशास्त्र ९
२. वज्रसूची १०

(ख) कथा-काव्य–
१. सूत्रालंकार १०

(ग) गीति-काव्य–
१. गण्डी-स्त्रोत-गाथा ११

(घ) महाकाव्य–
१. बुद्धचरित १२
२. सौन्दरनन्द १३

(ङ) दृश्य-काव्य–
१. राष्ट्रपाल १४
२. उर्वशी-वियोग १४

३. रूपकावशेष प्रथम-शारिपुत्र-प्रकरण १४
४. रूपकावशेष द्वितीय १५
५. रूपकावशेष तृतीय १५

वज्रसूची– १६–३२
प्रणेतृत्व विषयक विवाद तथा उसका निराकरण १६
वज्रसूची की पाण्डुलिपियाँ १९
प्रति-लेख १९
आलोक-लेख २०
भाषान्तर एवं संस्करण २०
प्रस्तुत संस्करण २०
वज्रसूची का प्रतिपाद्य विषय २२
वज्रसूची की पृष्ठ-भूमि २७
समीक्षण २९–३२

वज्रसूची (मूल एवं व्याख्या) १–४५

परिशिष्ट (प्रथम)
वज्रसूच्युपनिषद् ४९–५१

परिशिष्ट (द्वितीय)
पौराणिक व्यक्तित्व, स्थान एवं सिद्धान्त ५३–१०५

परिशिष्ट (तृतीय)
वज्रसूची की कतिपय विसंगतियाँ १०६

परिशिष्ट (चतुर्थ)
पाठ सम्बन्धी वक्तव्य १०७–१०८
श्लोकनुक्रमणिका १०९–१११
शब्दानुक्रमणी १११–१२५

FOREWORD

The small tract called Vajrasūcī is a very interesting specimen of Buddhist polemical writing on the caste system advocated by the Vedic schools. The work is ascribed to Aśvaghoṣa the great poet, who composed the Buddhacarita and the Saundarananda. Genuine doubts still persist as to the authorship of the tract although many scholars agree to its ascription to Aśvaghoṣa.

The work aims at parading arguments against the notion of caste, especially the Brahmanhood. The first verse and colophon declare it to be the work of Aśvaghoṣa. But in the work itself, which consists of a large number of quotations from the Vedas, the Mahābhārata, the Mānavadharma-Śāstra, the Smṛtis to refute the view that Brahmana happens to be the highest of all castes, there is hardly anything in its form and content that may conclusively prove it to be a work of such a gifted poet as Aśvaghoṣa.

The scheme is quite logical and impressive. Śabda pramāṇa or Verbal testimony is accepted by all the systems of philosophy and it consists in the statements found in the Veda and of those who are infallible like the sages and law-givers. The entire edifice of the caste system and importance of Brahmanas are based upon the Vedic and Dharmaśāstric sanctions to it. This being the age-old basis, the author has very cleverly

tried to turn the table on the advocates of the system by gleaning a very impressive number of statements from these very sources to refute the notion of caste. The small book abounds in quotations from the Vedas, the Mahābhārata and Manu, the greatest of Brahmanical law-givers, in addition to a great many other authorities.

It is interesting to note that so many objections against the Brahmanical notion of caste were raised atleast as early as 973–981 A. D. when the work was rendered into Chinese, although in the Chinese translation it is ascribed to Dharmakīrti. The most important feature of the work is marshalling of proofs against the caste system from the Brahmanical texts themselves.

The author, however in his zeal to refute the institution of the caste fails to formulate his view on what constitutes the Brahmanhood. Though he observes that birth, body, knowledge, conduct and function do not constitute Brahmanhood, he appears to favour the other view—'karmaṇā jātih'. Even as it is, this small tract raises many questions regarding the age-old caste system and deserves careful scrutiny by both—the academicians and the social thinkers.

In bringing out a fresh edition of this text along with a comprehensive Hindi translation, useful notes and a scholarly introduction, my colleague, Dr. R. P. Dwivedi deserves congratulation. Translated into English in 1829, the text was first edited in 1839, and for nearly a century, there had been no edition of the text till 1950, when S. Mukhopadhyaya brought out a

fresh edition from Santiniketan along with English translation and notes. Dr. Dwivedi would, be the first scholar to provide a Hindi rendering and a fresh assessment of the text. Having the specialisation in Buddhist Sanskrit Literature to his credit, Dr. Dwivedi is eminently suited for the work. He has put in a great labour in editing the text along with variant readings and providing a lucid exposition in Hindi. Parallel passages in support of the views already quoted by the author have also been provided from other Brahmanical texts, which bear ample testimony to the fact that the institution of caste had to face serious objections even from the Brahmanical thinkers over the ages. The exposition is scholarly and all-inclusive.

I take this opportunity to congratulate Dr. R. P. Dwivedi and would observe that had he provided the references to all the quotations cited by the author, it would have been much more useful and satisfactory. As it is the genuineness of the quotations and the context in which these occur remain obscure. Even then, the present edition is a valuable contribution in the field of Buddhist Sanskrit Literature and deserves warm welcome by all the Indologists.

Department of Sanskrit,
Banaras Hindu University, **Biswanath Bhattacharya**
Varanasi.
5. 11. 1984.

मा कश्चिद्दुःखितः सत्त्वो मा पापी मा च रोगितः ।
मा हीनः परिभूतो वा मा भूत्कश्चिच्च दुर्मनाः ॥
यत्किंचिज्जगतो दुःखं तत्सर्वं मयि पच्यताम् ।
बोधिसत्त्वशुभैः सर्वैर्जगत्सुखितमस्तु च ॥

मञ्जुघोषं नमस्यामि यत्प्रसादान्मतिः शुभे ।
कल्याणमित्रं वन्देऽहं यत्प्रसादाच्च वर्धते ॥

—बोधिचर्यावतार ।

अभिप्रायः

बदरीनाथशुक्लः

भूतपूर्व कुलपतिः, सं. सं. वि. वि., वाराणसी

श्रौतस्मार्तमार्गस्थे भारतीये समाजे बहोः कालात् वर्णव्यवस्था जातिव्यवस्था च प्रवर्तेते । आभ्यां व्यवस्थाभ्यां भारतीयो जनसमुदायश्चिरकालं चतुरस्रां समुन्नतिं लभमानः सौहार्दपूर्णेन भ्रातृभावेनाविद्यत । कालः किलोत्कृष्टतमां साधीयसीमपि स्थितिं शनैः शनैः विकुरुते । विकारश्चैष वृद्धिं गतो बहुविधं त्रुटिजातं जनयति । कालस्यायं स्वभाव उक्ते व्यवस्थे अपि तथा प्राभावयद् यथा भारतीये समाज उत्तम-मध्यमाधमादिभावनादयो दोषा उत्पद्य तं दुर्बलीकर्तुं प्रारभन्त । समाजस्येमामवस्थां विलोक्य देशस्य प्रबुद्धा विपश्चित एषां दोषाणां निराकरणोपायं चिन्तयन्तः स्व-स्वमत्यनुसारेण विभिन्नान् विचारानुदभावयन् । 'वज्रसूची'-कृतामश्वघोषपादानां विचारोऽपि तादृग्विचाराणामन्यतमः । अग्रजन्मनो लोकशिक्षणदायित्वभाजोऽसाधारणं सामाजिकं प्रभावं दधतो ब्राह्मणस्यैव उक्तव्यवस्थाविकृतेरपराधं मन्वानेन ग्रन्थकृता वर्णव्यवस्थाया उन्मूलनस्यैवोचित्यं विभावयता तस्यामेव कुठाराघातं कर्त्तुकामेन को ब्राह्मण इति प्रश्नमुपस्थाप्य तस्यासमाधेयता प्रत्यपादि ।

उक्तप्रतिपादनविषये विचारप्रकाशनात् प्राग् वर्णव्यवस्था पुरा कथं प्रावर्ततेति विषये श्रुतिस्मृतिप्रभृतौ संस्कृतवाङ्मये तत्र-तत्र प्राप्यमाणाः सूचना आश्रित्य युक्तिपूर्णं तथ्यं संक्षेपेणात्र निबद्ध्यते ।

जीवा नित्या अनन्ताश्च, तेषां कर्मफलभोगार्थमेव सृष्टेः निर्माणम् । तत्र पूर्वोपार्जितस्व-स्वकर्मानुसारेण विभिन्नासु योनिषु विभिन्नैः शरीरैः सह भोगनियामकसम्बन्धोत्पत्तिलक्षणं जीवानां जन्म । सृष्टेरारम्भकाले मनुष्यजातावुत्पन्नायां सर्वदर्शी जगत्कर्ता परमेश्वरस्तांस्तान् देहान् ब्राह्मणत्वादिप्रयोजकादृष्टाकृष्टपरमाणुपुञ्जपारस्प-

रिकसंयोगप्रभवान् वीक्ष्य ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्रात्मना निरधारयत् व्यवास्थापयच्च भविष्यति काले ब्राह्मणत्वादिकं ब्राह्मणादिदम्पतीप्रभवत्वनियम्यतया। तदित्थं सर्वज्ञः परमेश्वर एव वर्णानां व्यवस्थापयिता। यथोक्तं भगवद्गीतायां श्रीकृष्णेन—"चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण-कर्मविभागशः" यस्यायं स्पष्ट आशयो यत् परमात्मा विभिन्नशरीरोत्पत्तिमूलभूते गुण-कर्मणी आधृत्य ब्राह्मणादीन् चतुरो वर्णानसृजत्।

उक्तानुसारेण मान्यतेयं भारतीये मानवसमाजे प्रतिष्ठिताभूद् यद् ब्राह्मणदम्पतीजन्यो देहो ब्राह्मणः, क्षत्रियदम्पतीजन्यो देहः क्षत्रियः, वैश्यदम्पतीजन्यो देहो वैश्यः, शूद्रदम्पतीजन्यो देहः शूद्रः, विजातीयवर्णदम्पतीजन्यश्च वर्णबाह्यः सङ्करः। पञ्चमस्य वर्गस्य वृद्धिपरिहाराय विविधा धार्मिकाः सामाजिकाश्च प्रतिबन्धा राजनियमाश्च तदानीमेव निर्मिताः। यो देहो यस्य जीवस्य भोगाधिष्ठानतया जायते तस्य देहस्य ब्राह्मणादिषु यो वर्णस्तत्र देहेऽधिष्ठानं यावत् स जीवोऽपि तद्वर्णात्मना व्यपदिश्यते। एवं च ब्राह्मणदेहाधिष्ठितो जीवो ब्राह्मणः, क्षत्रियदेहाधिष्ठितो जीवः क्षत्रियः, वैश्यदेहाधिष्ठितो जीवो वैश्यः, शूद्रदेहाधिष्ठितो जीवः शूद्र उच्यते।

ब्राह्मणादिशरीरे भोगनियामकसम्बन्धप्रापकमदृष्टमन्यत् तेन तेन देहेन शुभाशुभकर्माचरणे प्रवर्त्तकमदृष्टं चान्यत्। अतः यो जीवो ब्राह्मणशरीरप्रापकादृष्टेन ब्राह्मणदेहेन सदाचारविद्यार्जनतपोऽनुष्ठानप्रभृतिप्रवर्त्तकेनादृष्टेन च विशिष्टो भवति स ब्राह्मणशरीरं प्राप्य उक्तान्यवदातानि कर्माणि कुरुते। यश्च जीवो ब्राह्मणशरीरप्रापकेणादृष्टेन तद्देहद्वारा च निन्द्यकर्माचरणौपयिकेनादृष्टेन विशिष्टो भवति स ब्राह्मणशरीरं प्राप्य तच्छरीरद्वारा निन्द्यानि कर्माणि तनुते। एवमेव यो जीवः शूद्रशरीरप्रापकेण सङ्करशरीरप्रापकेण वाऽदृष्टेन तच्छरीरद्वारा ब्राह्मणोचिताचरणप्रवर्त्तकेनादृष्टेन च विशिष्टो भवति स शूद्रशरीरेण सङ्करशरीरेण वा ब्राह्मणोचितानि कर्माणि कुरुते। तैस्तैः देहैः क्रियमाणानां कर्मणां फलानि भाविजन्मनि समुपलभ्यन्ते। तांस्तान् देहान् अधितिष्ठन् जीवस्तद्तद्देहवर्णानुरूपाण्येव

कर्माणि कुर्वीतेत्येतदर्थमनेकानि प्रेरकवचनानि विभिन्नेषु संस्कृतशास्त्रीयग्रन्थेषु प्राप्यन्ते। यो जीवः शास्त्रीयतत्तत्प्रेरकवचनसाध्यपरिवर्तनार्हतौपयिकादृष्टेन संसृष्टो भवति तस्य तत्तद्देहेन कर्मान्तरप्रवर्तकादृष्टानां पराभवेन प्रवृत्तिः परिवर्तिता भवति।

तदित्थं को ब्राह्मण इत्येष प्रश्नः। शरीरं तत्राधिष्ठितो जीवश्चोभयं ब्राह्मणः इति शक्यते वक्तुम्। ब्राह्मणदेहे सेव्यमाने ब्राह्मणजीवः सेवितः सम्पद्यते। ब्राह्मणदेहे हन्यमाने च ब्राह्मणजीवो हन्यते, ब्राह्मणघातश्च ब्राह्मणदेहेन सह ब्राह्मणजीवस्य भोगनियामकसम्बन्धविनाशः। स च जीवतो देहस्य घाते दाहे च जायते न तु निर्जीवस्य देहस्य। विराट्पुरुषस्य निराकारस्यपरमात्मनस्तत्तदङ्गविशेषात् ब्राह्मणादिवर्णानां जन्माभूदिति यच्छ्रूयते तज्जीवानां कर्मसमष्टिं जगत्कर्त्तुः शरीरं मत्वा ब्राह्मणत्वादिप्रयोजकादृष्टमेव मुखबाहुप्रभृतिशब्दैः विवक्षितमिति प्रतीत्य बोद्धव्यम्। अतो ब्राह्मणत्वप्रयोजकेन स्त्रीत्वप्रयोजकेनादृष्टेन च ब्राह्मण्या जाततया, ब्राह्मणत्वप्रयोजकेन पुंस्त्वप्रयोजकेनादृष्टेन च ब्राह्मणस्य जाततया ब्राह्मणब्राह्मण्योः परिणयेन न भगिनीप्रसङ्गः।

विभिन्नवर्णदम्पतीजातत्वेन व्यासादीनां सङ्करजातिसमावेशप्रसङ्गेऽपि न सङ्करजातित्वम्, किन्तु ब्राह्मणत्वादिकमेव, तेषां देहोत्पत्तेः ब्राह्मणत्वादिप्रयोजकादृष्टसाध्यत्वात्। तन्निश्चयश्च योगानुष्ठानलब्धसर्वज्ञताधीनतया महायोगिनां पराशरादीनां सुकरः। महायोगिनामपि तेषां चिरपूर्वजन्मन्यर्जितस्य दुरदृष्टस्य तत्काले परिपाकादेव वर्णान्तरस्त्रिया सह सम्पर्कः। विभिन्नवर्णदम्पतीजन्यत्वेऽपि व्यासादिदेहानां सङ्करजातिप्रयोजकादृष्टाजनितत्वेन न सङ्करजातौ समावेशः।

युधिष्ठिरं प्रति ब्राह्मणत्वादिपरिचायकतया तपोविद्याप्रभृतीनां ब्राह्मणलक्षणतया वैशम्पायनोक्तिश्च अभिप्रायान्तरमूलिका। स च अभिप्रायस्तादृशैर्जैनैः सम्बद्धः एषां ब्राह्मणदम्पतीजन्यत्वस्य ज्ञातुमशक्यत्व एषां को वर्ण इति जिज्ञासोपशमनाय तेषामुक्तलक्षणज्ञाप्यत्वकथनम्। परमुक्तलक्षणानां शूद्रादिदेहेष्वपि प्राप्यतया न

ब्राह्मणदम्पतीजन्यत्वपरिचायकता । अतस्तादृशकर्मसम्पन्ना जना अनिर्णीतब्राह्मणत्वकत्वेऽपि ब्राह्मणवत् सम्मान्या इत्यत्रैव तादृग्-वचनानां तात्पर्यम् ।

अतोऽन्तःप्रविष्टत्रुटिपरिहारेण सृष्टिकालादद्यावधि वर्णव्यवस्था यथा परिष्कृत्य लोकहिताय दृढमुच्छ्वसन्ती रक्षिता भवेत्, तथा प्रयत्न एव प्राथम्येन युक्तः। त्रुटीनां प्रकारान्तरेण परिहारासम्भव-दशायां तामुन्मूल्य नवीनया व्यवस्थया समाजसंघटने प्रस्तुतग्रन्थे अश्वघोषपादैः उपन्यस्तानां विचाराणां साफल्यं भवितुमर्हत्यतो विद्याऽनुशीलनैकव्यसनेन काशीहिन्दूविश्वविद्यालये संस्कृतविभाग-प्राध्यापकेन डा० रामायणप्रसादद्विवेदिना हिन्दीव्याख्यासहितस्य यथोचितनूतनटिप्पणीविभूषितस्य च प्रस्तुतग्रन्थस्य कृतं सम्पादनं समीचीनमावश्यकञ्च मन्यते ।

२६ जनवरी १९८५ बदरीनाथशुक्लः

दो शब्द

वर्ण-व्यवस्था भारतीय सामाजिक परिकल्पना और व्यवस्था की विशिष्ट अभिव्यक्तियों में से एक है। अनेक समाजशास्त्रियों ने समाज के श्रम-विभाजन के सिद्धान्त से इसे जोड़कर समाजशास्त्रीय दृष्टि से इसकी प्रशंसा की है, समाज के लिये इसे उपयोगी बनाकर इसके प्रणेता मनीषियों की उदात्त योजना के समान अन्य समाजों और कालों में विभाजन और व्यवस्था के समर्थक विचारों और सामाजिक स्थिति के प्रमाणों का उल्लेख किया है।

इतिहास के विद्वान् इस प्रश्न पर प्रायः विवाद करते हैं कि वर्णव्यवस्था किसी कालविशेष की स्थिति को पूर्णतः परिलक्षित करती है अथवा वह सामाजिक संगठन की एक आदर्श परिकल्पना मात्र रही है। वर्ण-व्यवस्था के रूप का प्रथम परिचय ऋग्वेद के पुरुष-सूक्त में प्राप्त होता है, किन्तु यह उल्लेख ऐतिहासिक यथार्थ का परिचायक है अथवा आदर्श व्यवस्था की अभिव्यक्ति है, तथ्य परक है या प्रतीकात्मक, इन प्रश्नों पर दीर्घकालीन विवेचन और विवाद के अनन्तर भी किसी साधारणतया ग्राह्य मत की स्थापना नहीं हो पाई है। इतना तो स्पष्ट है कि अनुवर्ती काल में सामाजिक संगठन की वस्तुस्थिति कभी भी वर्ण-व्यवस्था की निर्धारित परिधि में समावेष्टित नहीं प्रतीत होती है। यही कारण है कि वर्णव्यवस्था का ही शाश्वत सत्य के रूप में स्वीकार करने वाले सामाजिक चिन्तन के समकालीन यथार्थ को वर्णव्यवस्था के द्वारा प्रस्तुत करने के प्रयास में उत्पन्न विरोधों को देखते हुये वर्ण-व्यवस्था में अनेक परिवर्तन प्रस्तावित किये गए।

वर्णव्यवस्था के दो प्रमुख रूप, 'वर्ण विभाजन को जन्म और गुणकर्म पर आधारित करने के कारण, उद्भरित हुये हैं। इन दोनों ही विचारों के

समर्थक प्राचीन काल में भी परस्पर विवाद में रत रहे हैं। वर्ण-विभाजन को जन्म पर आधारित मानने से वर्णव्यवस्था में एक मूलभूत परिवर्तन उत्पन्न हुआ। इसके कारण वर्णव्यवस्था की भित्ति आदर्शों की जिन शिलाओं पर आधारित थी, वही स्थान-च्युत हो गई। वर्णव्यवस्था की मूल संयोजना में सुविधाओं और विशेषाधिकारों को गुणों की प्राप्ति और कर्म के पालन से सम्बन्धित किया गया था। वर्ण को जन्म से जोड़ देने से विशेषाधिकारों के लिये अभीप्सित गुण और कर्म की वांछनीयता आवश्यक नहीं रही। ऐसी परिस्थिति में उच्च वर्णों के द्वारा विशेषाधिकारों के उपभोग का औचित्य तर्क-संगत नहीं रहा।

भारतीय इतिहास में सामाजिक व्यवस्था के विरोध में आवाज उठाने वाले प्रायः दो बिन्दुओं पर मुखर हुये हैं—वर्णव्यवस्था का जन्म पर आधारित होना और ब्राह्मण की सर्वोच्च स्थिति और अधिकार। यह विशेषता प्राचीन काल में बुद्ध और अन्य चिन्तकों से चलकर मध्ययुगीन सन्तों और आधुनिक काल के समाज सुधारकों में स्पष्ट है।

भारत के सामाजिक इतिहास में आश्चर्योत्पादक बात यह रही है कि इन आलोचनाओं के नैरन्तर्य के समक्ष जन्मगत आधार केवल बना ही नहीं रहा, वरन् आज के सामाजिक जीवन का घिनौना सत्य तो यह है कि यह विभीषिका भी शान्ति, समृद्धि और प्रगति को ग्रसित कर रही है। प्राचीन काल में वर्णव्यवस्था का विरोध कभी भी भयंकर विद्रोह के रूप में नहीं फूटा। विवाद और विरोध में द्वेष और कटुता क्यों नहीं विकसित हुई, यह अपने में खोज और विवेचना का विषय है।

वर्णव्यवस्था के विरोध की अभिव्यक्ति के इतिहास में अश्वघोष की कृति वज्रसूची ऐतिहासिक महत्त्व की है। यद्यपि कुछ विद्वानों ने इसे अश्वघोष की कृति के रूप में नहीं स्वीकारा है, किन्तु ऐसे नकार के तर्क उपयुक्त नहीं हैं। यहां हम इस विवाद से पृथक् होकर, यही कहेंगे कि

इसके रचयिता ने विषय की गम्भीरता और महत्त्व को समझा। अन्य विचारकों की भाँति उसने प्रसंगवश संक्षेप में कुछ संकेत मात्र को ही अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं माना। उसने इस विषय पर ही एक स्वतन्त्र ग्रन्थ की रचना करके सभी की आँखों में जैसे अंगुली के स्थान पर सुई चुभो कर उनको सत्य को देखने और उस पर सोचने के लिये बाध्य किया।

वज्रसूची की दूसरी विशेषता यह है कि इसके लेखक ने वाक्-संघर्ष में अपने विपक्षी को पराजित करने के लिये उसके अस्त्र-शस्त्र का उपयोग किया है। अश्वघोष ने कहीं भी बुद्ध के वचन और बौद्ध-ग्रन्थों के प्रमाण का सहारा नहीं लिया है। उन्होंने अपने मत को वर्णव्यवस्था के प्रतिपादक और समर्थक ब्राह्मण-परम्परा के पूज्य ग्रन्थों की उक्तियों पर खड़ा किया है। उनके तर्क श्रुति, स्मृति और महाभारत के उद्धरण के रूप में प्रस्तुत हुये हैं। इससे अश्वघोष के तर्कों और तथ्यों की प्रामाणिकता की सहज स्वीकृति का पक्ष सबल होता है।

वज्रसूची के प्रभावकारी गुणों में इसकी अभिव्यक्ति की शैली मुझे विशेष भली लगी है। जिस विषय पर साम्प्रदायिक भेद और निजी मतों की बाध्यता सहज की कटुता को जन्म देकर विचारों की अभिव्यक्ति की शैली को पाठक के लिये खेदकारी बना सकती है, उस पर भी अश्वघोष ने अपनी बात इतनी सरलता से कही है कि विपक्षी भी प्रतिरोध करते समय संकोच और शालीनता को ग्रहण करने को बाध्य होगा। यही नहीं, अश्वघोष ने विषय के विवादात्मक और विवेचनात्मक स्वरूप के होते हुये भाषा और शैली को बोझिल नहीं होने दिया है। इसके विपरीत निश्छल हास के द्वारा उन्होंने अपनी शैली को और भी रोचक बनाया है।

वज्रसूची संस्कृत साहित्य में ही नहीं सम्पूर्ण विश्व साहित्य में विशिष्ट गौरव की अधिकारिणी है। मानव की समता और अभिन्नता की बात,

जितने प्रभावपूर्ण रूप में यहाँ प्रतिपादित हुई है, वह वन्दनीय है। ध्यान देने की बात है कि ऐसे उदात्त और आधुनिक जैसे विचार आज से लगभग दो सहस्र वर्ष पूर्व प्रस्तुत हुये थे। मैं तो कहूँगा कि आज देश, जाति, रंग, धर्म आदि के नाम पर विनाशकारी संघर्ष से आशंकित मानवता के लिये वज्रसूची जैसे ग्रन्थों के विचारों का प्रचार और प्रसार अत्यन्त कल्याणकारी होगा। मानव-मानव एक हैं, जन्म से उनमें कोई अन्तर नहीं है, जन्म के आधार पर श्रेष्ठता के दावे कितने खोखले हैं, यह वज्रसूची से स्पष्ट है। दम्भ और आडम्बर के दावों की अभेद्य जैसी लगती व्यवस्था के भेदन में यह सशक्त वज्रसूची सर्वथा समर्थ रही है।

ऐसी कृति जन-जन को सुलभ हो सके, यह एक श्लाघ्य सेवा होगी। डा० रामायण प्रसाद द्विवेदी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने अपने वैदुष्य के सहारे इस ग्रन्थ का निष्पक्ष अध्ययन प्रस्तुत किया है। दुर्लभ ग्रन्थ का अनुवाद और व्याख्या सहित सुलभ संस्करण विद्वानों से समादृत और जन साधारण से स्वीकृत होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

लल्लन जी गोपाल

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास

संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग

प्रमुख, कला संकाय, का० हि० वि० वि०, वाराणसी

आमुख

भगवान् बुद्ध द्वारा प्रवर्तित धर्म, बौद्ध-धर्म, विश्व-धर्म के रूप में गौरवान्वित हुआ है। इसके अनेक कारण दृष्टिगत होते हैं। प्रथमतः इसकी अनेक प्रकृष्ट विशिष्टताएँ हैं, जिनसे यह विभूषित है। साथ ही इसे समर्थ सम्राटों का संरक्षण एवं सहयोग भी प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त महान् काव्यकारों एवं उत्कृष्ट दार्शनिकों ने भी इसके उन्नयन तथा प्रसार में प्रभूत योगदान किया है। ऐसे धर्म-प्रचारक काव्य-कारों एवं दार्शनिकों में अश्वघोष अग्रगणी हैं।

अश्वघोष ने अपनी विविध महनीय रचनाओं द्वारा बौद्ध-साहित्य के विपुल भाण्डागार को भरपूर किया हैं। इन्होंने सुरभारती की प्रायः सभी विधाओं को अपनी प्रखर प्रतिभा के प्रकाश से आलोकित किया है। स्थूल दृष्टि से, विषय के आधार पर, इनकी रचनाओं को प्रमुख दो विभागों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम-कोटिक कृतियाँ, साहित्यिक विशेषताओं से मण्डित हैं, जिनमें बुद्धचरित एवं सौन्दरनन्द सदृश महाकाव्य तथा शारिपुत्र-प्रकरण सदृश अन्य अपूर्ण रूपक-कृतियाँ अवान्तर कालीन रचनाओं के आदर्श के रूप में प्रख्यात हैं। द्वितीय-कोटिक कृतियाँ दार्शनिक हैं, जो अश्वघोष की दार्शनिक-अभिज्ञता का विशेष रूप से द्योतन करती हैं। इनके दार्शनिक ज्ञान की परिचायक पुस्तकों में 'महायान–श्रद्धोत्पाद-शास्त्र' एक महनीय रचना है और यह महायान के अभ्युदय का आधार भी है। खेद है, यह 'अवेकेनिङ् आफ् दि फेथ इन महायान' के अभिधान से विख्यात आज रूपान्तर मात्र के रूप में ही सुरक्षित है। 'वज्रसूची' इनकी अन्य दार्शनिक रचना है और यही प्रकृत संस्करण का प्रतिपाद्य विषय है। सौभाग्य से यह अपने मूल-संस्कृत रूप में सुरक्षित है तथा अपने पाश्चात्य भाषान्तरों से समवेत उपलब्ध है, यह बात पृथक है, कि सम्प्रति यह रचना भी दुर्लभ सी हो गई है और मात्र कतिपय ग्रन्थालयों की ही शोभा बढ़ाती हुई दीखती है।

'वज्रसूची' लघु आकार की एक गद्य-पद्य-मयी रचना है, जिसका प्रमुख प्रतिपाद्य समाज में प्रचलित जाति एवं वर्ण-भेद-जनित माननीय विषमता को प्रकाश में लाना है, ताकि असमता के इस सामाजिक दोष के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित हो और वे उक्त दोष के प्रति जागरूक होकर उसके उन्मूलन का प्रयास करें। मानव में परस्पर ऐक्य एवं मैत्री का बीज-वपन करें। उस भेद-बुद्धि का दूरीकरण करें, जो मनुष्य से मनुष्य को पृथक करती है और एक दूसरे के प्रति घृणा एवं हिंसा का भाव जागृत करती है। वस्तुतः समाज-गत भेद-भाव मानवता के लिये अभिशाप है, लोकतान्त्रित राष्ट्र के लिये अभिशाप है और है साथ ही देश की अखण्डता के लिए भी अभिशाप। इस अभिशाप के अपनयन के लिए अपेक्षा है समता की सुरसरि को प्रवह-मान बनाना। सभी के अन्तर्गत अहिंसा, सौहार्द, मैत्री, करुणा आदि सद्-गुणों को जागृत करना तथा ऊँच-नीच की भेद-बुद्धि को मिटाना और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के भाव को प्रोत्साहित करना। वज्रसूची, यद्यपि भेद-भाव के संकीर्ण विचारों के परिपोषकों एवं समर्थकों में कठोर वज्र-सूचिका सदृश तीखी चुभन भले ही उत्पन्न करे, तो भी उक्त सद्गुणों, जिनका बौद्ध-वाङ्मय में बाहुल्य परिलक्षित होता है, की ओर उन्मुख करने का एक सुप्रयास है। इस कृति का आंग्ल, चीनी, जर्मन, बंगला (कलकत्ता १८४३), तमिल (जाफना, १८५१) भाषान्तरों के रूप में सद्भाव होते हुए भी अभाव दीखता है। 'वज्रसूची' सदृश 'वज्र-सूची-उपनिषद्' के अभिधान से एक अन्य-ग्रन्थ लखनऊ से हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित हुआ है। अतएव इस प्राचीन दुर्लभ ग्रन्थ के एक ऐसे संस्करण की महती आवश्यकता थी, जो मूल पाठ-भेदों, टिप्पणियों, समानान्तर उद्धरणों सहित, प्रशस्त भूमिका एवं समीक्षण से समवेत, 'वज्रसूची' के सर्वाङ्गीण स्वरूप को लोक-सम्मुख रख सके। प्रकृत संस्करण उक्त अभाव की पूर्ति का एक प्रयास है और यह अपने इस स्वरूप में सर्वथा नूतन एवं उपादेय भी है, जिसमें प्रायः पूर्व सभी संस्करणों में परिलक्षित त्रुटियों के परिमार्जन का पूर्ण प्रयत्न किया गया है।

सम्प्रति यहाँ एक प्रासङ्गिक प्रश्न पर थोड़ा विचार कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है। अश्वघोष ने इस ग्रन्थ के माध्यम से अपने व्यंग्य-वाणों का लक्ष्य ब्राह्मण-वर्ण को ही क्यों बनाया? अन्य समर्थ एवं सम्पन्न वर्णों-क्षत्रिय

तथा श्रेष्ठी को क्यों नहीं बनाया ? उत्तर स्पष्ट है। ब्राह्मण वर्ण को ही ज्ञान एवं धर्म के क्षेत्र में सर्वाधिक गौरव प्राप्त था और उन्हें ही सामाजिक एवं धार्मिक व्यवस्था का उत्तरदायी समझा जाता था। अश्वघोष ब्राह्मण-कुलोत्पन्न थे एवं प्रकृत्या भी ब्राह्मण थे। वह ब्राह्मण-वर्ण की बारीकियों से पूर्ण अवगत थे। अतएव इनके लिये उनकी आलोचना सहज थी और ऐसा करने से सम्भवतः अश्वघोष बौद्ध-धर्म में अधिक महिमान्वित हो सकते थे। अत्यन्त आत्मीय ही पर-पक्ष-पोषक बन कर प्रबल विरोधी एवं आलोचक होते हुए देखे जाते हैं, क्योंकि वे पूर्वपक्ष की सभी गोपनीयताओं से परिचित होते हैं। इसके कुपरिणाम राजनीति एवं समाज के अवांच्छित तत्त्वों में अधिकतर देखे जाते हैं, जहां चन्द क्षणों में ही, एक दूसरे का उदय एवं अस्त देखने को मिलता है। अश्वघोष ने भी सनातन-धर्म से पृथक् होकर बौद्ध-धर्म में दीक्षित होने के पश्चात्, पूर्वात्मीय ब्राह्मणों की छीछालेदर करने का ही बीड़ा उठाया; क्योंकि समाज में उत्कृष्ट माने जाने वाले वर्ण की आलोचना द्वारा लोकप्रियता अधिक सम्भावित थी। यह कार्य नवीन दीक्षित बौद्ध-धर्मी अश्वघोष अथवा किसी के लिये भी स्वाभाविक है।

इस जगत् में ऐसा कौन सा व्यक्ति (अथवा वस्तु) नहीं है ,जिसमें देश-काल के अनुसार गुणावगुण लक्षित नहीं होते हैं। अंशतः त्रुटियाँ प्रायः सभी वर्ण एवं धर्मों में दृष्टिगत होती हैं। चन्द बुराइयाँ प्रायः सर्वत्र व्याप्त हैं, किन्तु उसका कारण धर्म नहीं, नियम नहीं, प्रत्युत् धर्मानुयायी एवं नियमानुयायी होते हैं, जो स्वार्थान्ध होकर धर्म अथवा नियम का दुरुपयोग करते हैं, उलंघन करते हैं; अन्यथा ऐसा कोई धर्म या धर्म-प्रवर्तक नहीं दीखता, जिसे बुरा कहा जा सके। प्रायः सभी अपनी-अपनी दृष्टि अथवा मान्यताओं के अनुसार अच्छे होते हैं। बुराइयाँ तो उनमें तब परिलक्षित होती हैं, जब ऐसे व्यक्ति स्वार्थपर होकर नियमों की अवहेलना अथवा धर्मों की त्रुटिपूर्ण व्याख्या करने लगते हैं। ऐसी स्थिति में व्यक्ति-निष्ठ दोषों को समष्टि के ऊपर आरोपित करना समुचित नहीं है एवं उचित है—दोषों का परिमार्जन। ध्यान दें—वसु एवं वसुन्धरा किसके हैं—और किसके साथ गये हैं ? किन्तु गये सभी तथा जायेंगे सभी और यहीं सभी कुछ छोड़ कर। फिर भी पता नहीं आखें क्यों नहीं खुलती हैं ? खेद है, वर्ण एवं धर्म के नाम पर होने वाले कुदृष्टान्त सदियों से देखने को

मिलते हैं और आज भी दृष्टिगत हो रहे हैं। क्या धर्म एवं सम्प्रदाय की विषमता के कारणहोने वाले नर-संहार के दृष्टान्त विश्व में दृष्टिगत नहीं होते ? अस्तु, स्मरण रखें धन एवं धरती से बड़ी मानवता होती है। वही विश्व-बन्धुत्व का आधार है। अतएव उसकी रक्षा के लिये सन्नद्ध होना आवश्यक है। विश्वास रखें, धर्म की ओट में कदाचार कदापि और किसी भी धर्म को मान्य नहीं है। 'वज्रसूची' एक ही परमेश्वर से प्रादुर्भूत होने वाले प्राणियों में सहोदर का भाव, सच्ची मानवता को देखना चाहती है और धर्मान्ध आँखें खोलना चाहिए।

अश्वघोष ने वज्रसूची के अन्त में यह स्पष्ट शब्दों में कहा है कि—'मैंने ब्राह्मण-वर्ण के व्यामोह के दूरीकरण के लिये, जो तथ्य-कथन किया है, उसे रुचिकर होने पर विद्वद्-वर्ग स्वीकार करें, अन्यथा उसका परित्याग कर दें। प्रकृत प्रकाशन के सन्दर्भ में सम्प्रति चन्द संशोधनों सहित लेखक भी यह विनम्र आग्रह करना चाहता है—समग्र मानव-वर्ग, जिसमें धर्म, सम्प्रदाय, देश आदि के भेद से भ्रान्त भेद-बुद्धि परिव्याप्त हो गई है, के अपनयन हेतु, यहाँ जो यथार्थ कटु-कथन किया गया है, उस पर ध्यान दें और यदि कुछ ग्राह्य समझें, ग्रहण करें। सद् आशय से युक्त प्रकृत रूक्ष पङ्क्तियाँ पथ्यकर तिक्तयोषधि को समधु ग्राह्य बनाने के सदृश प्रयास मात्र हैं। इसके लिये सुधी-सज्जन कभी भी अन्यथा ग्रहण नहीं करेगें, क्योंकि 'रूक्षमप्याशये शुद्धं रूक्षतो नेति सज्जनः।'

ध्यातव्य है कि जीव की स्थिति आकाश अथवा जल के समान है, जहाँ आधार भेद से भेद-प्रतीति तो होती है; किन्तु वस्तुतः कोई भेद नहीं है। गुण एवं कर्म ही सर्वोपरि हैं। इसे सभी स्वीकार भी करते हैं और वर्णों के विभाजन के आधार भी प्रारम्भ में यही रहे हैं। यह स्मरणीय है कि प्राक्तन् शुभाशुभ कर्म ही योनि, वर्ण स्वरूपादि के हेतु होते हैं। यह प्रायः सभी धर्मियों को मान्य है। यही गीता के चतुर वर्णों की व्यवस्था के द्योतक वचनों—चातुरवर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः, से समर्थित है। अतः इसी पर सभी धर्मियों को बल देना चाहिए। सभी सम्प्रति स्वतन्त्र हैं, सभी को समान अधिकार प्राप्त है, सभी अपने कर्म एवं गुण के अभ्युदय द्वारा अपना अभ्युदय करें। कौन किसे धर्म-सम्प्रदायगत मान्यताओं को मानने से मना करता है ?

अपने पक्ष के समर्थन के हेतु अश्वघोष ने, जिस तर्क एवं तर्क-पद्धति का सहारा लिया है, दोनों ही समुचित कहे जा सकते हैं और प्रवृत्ति परक धर्म-शास्त्रों से, जिन प्राचीन दृष्टान्तों को उद्धृत किया है, वे भी प्रायः उपयुक्त हैं, किन्तु वे सभी को मान्य हों, ऐसा नहीं कहा जा सकता है। कहीं-कहीं तो प्रसङ्ग और कहीं-कहीं तर्क भी त्रुटि–पूर्ण दृष्टिगत होते हैं। क्या मृत-ब्राह्मण-शरीर-दहन से दहन-कर्मी ब्रह्म-हत्या का भागी होता है? यदि ऐसा होता, तो क्या वह दण्ड–संहिता के अनुसार दण्डनीय नहीं होता? किन्तु ऐसा देखा नहीं जाता है। विश्वामित्र, प्राप्त प्राचीन स्रोतों के अनुसार एक क्षत्रिय थे, न कि शूद्र आदि। उत्कृष्ट तपस्या के प्रभाव से उन्होंने ब्रह्मत्व को प्राप्त किया। इसी प्रकार ब्रह्ममुख से उत्पन्न होने पर ब्राह्मण-ब्राह्मणी के उत्पत्ति प्रयोजक अदृष्ट के भिन्न होने के कारण विवाहादि द्वारा उनमें भ्रातृ-भगिनी-प्रसङ्ग का प्रश्न ही नहीं उठता है आदि।

वज्रसूची अनेक आपदाओं के कारण, खेद! इससे पूर्व प्रकाश में न आ सकी। किन्तु सम्प्रति यह प्रकाशित हो सकी, यह महाशक्ति की अनुकम्पा एवं सुहृदजनों के सद्भाव एवं सौजन्य का ही परिणाम है।

प्रथमतः विविध शास्त्रों के अधिकारी विद्वान् एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति पूज्य आचार्य बदरीनाथ शुक्ल के प्रति लेखक पुनः पुनः नमन् करता है, जिनका वात्सल्य-स्नेह लेखक को सदा ही प्राप्त हुआ है और जिन्होंने इस ग्रन्थ के लिए शुभाशीष रूप में 'अभिप्रायः' शीर्षक के अन्तर्गत संस्कृत में इस ग्रंथ के अभिप्राय को अभिव्यक्त कर कृतार्थ किया है। मयूरभञ्ज प्रो० डॉ० विश्वनाथ भट्टाचार्य (संस्कृत विभागाध्यक्ष, कला-संकाय, का० हि० वि० वि०) साहित्य-विद्या के मान्य विद्वान् हैं। उन्होंने लेखक को सदा अग्रज से प्राप्त अनुज का ही स्नेह प्रदान किया है। उनकी वज्रसूची की आंग्लभूमिका, लेखक पर उनका महान् अनुग्रह है। एतदर्थ लेखक उनका सदा आभार मानता हैं। अपना अमूल्य समय देकर प्रो० डॉ० लल्लन जी गोपाल, (विभागाध्यक्ष, प्रा० इ० सं० एवं पुरातत्त्व तथा प्रमुख, कला-संकाय) ने इस ग्रन्थ की उपादेयता पर दो शब्द लिखकर, जो अनुग्रहीत किया है, उसके लिए लेखक उनका कृतज्ञ है। दर्शन तथा व्याकरण के विशिष्ट आचार्य, न्याय-वैशेषिक विभागाध्यक्ष (सं० सं० वि० वि०) प्रो० डॉ० श्रीराम पाण्डेय तथा विभागीय

विद्वान् प्रो० डॉ० श्री नारायण मिश्र एवं डॉ० सुधाकर मालवीय तथा पालि विभाग के डॉ० कोमल चन्द्र जैन और चौखम्भा प्रकाशन के पथ-प्रदर्शक पण्डित प्रवर श्री रामचन्द्र झा के प्रति लेखक हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनसे सदा सहयोग एवं सद् परामर्श प्राप्त हुए हैं। प्रो० ना० हे० साम्तानी, भूतपूर्व पालि विभागाध्यक्ष (का० हि० वि० वि०) तथा मान्य भन्ते एस० रिन्पोछे, निदेशक (केन्द्रीय उच्च तिब्बती-शिक्षा-संस्थान), के प्रति लेखक कृतज्ञता-ज्ञापन करता है, जिन्होंने अपनी सुसम्मति प्रदान कर प्रकृत प्रकाशन की श्री वृद्धि की है। चौखम्बा अमर भारती प्रकाशन के संचालक श्री सुन्दर दास जी गुप्त का लेखक उपकार मानता है, जिन्होंने इस ग्रन्थ को प्रकाशित कर यह स्वरूप प्रदान किया है। अन्त में उन सभी विद्वानों के प्रति आभार-प्रकाशन करना, लेखक अपना कर्तव्य समझता है, जिनके हस्त-लिखित अथवा प्रकाशित लेखों तथा ग्रन्थों से उसने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में सहायता प्राप्त की है। विद्वद्वर्ग से आग्रह है कि इस प्रकाशन में, सावधान रहते हुए भी, अनेक त्रुटियाँ जो अब भी सम्भावित हैं, उनके लिए वे लेखक को क्षमा करें और उन्हें निर्दिष्ट करें, ताकि भविष्य में, वे दूर की जा सकें। साथ ही, उनसे निवेदन है—भारत वसुन्धरा पर सहस्र वर्षों से जिस धार्मिक एवं सामाजिक सहिष्णुता तथा उदारता की अजस्र धारा प्रवाहित होती रही है, उसे प्रवहमान् बनाने में योग-दान करें और अश्वघोष की इन सुपंक्तियों को स्मरण रखें—

रिरंसा यदि ते तस्मादध्यात्मे धीयतां मनः।
प्रशान्ता चानवद्या च नास्त्यध्यात्म समा रतिः॥

प्रबोधिनी एकादशी
काशी ५-११-१९८४

विनीत
रामायण प्रसाद द्विवेदी

सम्मतियाँ

(१)

भिक्षु स० रिन्पोछे

निदेशक,

केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा-संस्थान, सारनाथ,

वाराणसी

आचार्य अश्वघोष महायान बौद्ध-परम्परा के दर्शन एवं साहित्य दोनों क्षेत्रों में अग्रणी थे, जिनकी रचनाएँ सम्पूर्ण बौद्ध-जगत् में अत्यन्त लोक-प्रिय एवं महत्त्वपूर्ण हैं। साहित्य के ललितपूर्ण शब्दों की संरचना के साथ-साथ तीक्ष्ण तर्क से मिथ्या दृष्टियों को निर्मूल करने में भी उनकी अद्वितीय क्षमता थी।

इनकी रचनाओं में 'वज्रसूची' एक ऐसा ग्रन्थ है, जो बौद्ध-सिद्धान्तों के आधार पर सामाजिक समता-व्यवस्था के दृष्टिकोण को सम्यक् रूप से प्रतिपादित करता है। ऐसी महत्त्वपूर्ण रचना को सटिप्पण हिन्दी-अनुवाद सहित प्रकाशित करने से समस्त हिन्दी-जगत् का उपकार होगा, ऐसा मेरा विश्वास है। इस ग्रन्थ का पूर्वाग्रहरहित अनुशीलन, अध्ययन की एक नई दिशा देगा, इसमें संदेह नहीं है। इस ग्रन्थ के अनुवादक एवं व्याख्या-कर्त्ता डा० रामायण प्रसाद द्विवेदी साधुवाद के पात्र हैं।

डॉ० ना० हे० साम्ताणी

भूतपूर्व अध्यक्ष :
पालि एवं बौद्ध-अध्ययन विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

आचार्य अश्वघोष द्वारा रचित तथा डा० रामायण प्रसाद द्विवेदी द्वारा हिन्दी-व्याख्या एवं टिप्पणी आदि सहित सम्पादित ***वज्रसूची*** *नामक लघु रचना का मैं स्वागत करता हूँ। डा० द्विवेदी संस्कृत एवं बौद्ध साहित्य के गम्भीर अध्येता हैं, जिसका प्रमाण इनकी रचना 'बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा' (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रकाशन) है। इस ग्रन्थ का विद्वानों द्वारा सहर्ष स्वागत किया गया है।*

बौद्ध दर्शन एवं साहित्य के दो महान् आचार्य हैं—अश्वघोष एवं वसुबन्धु, जिनका योगदान अविस्मरणीय है। डा० द्विवेदी ने अश्वघोष की इस रचना को हिन्दी जगत् के समक्ष लाकर एक अनुपम कार्य किया है।

मेरे विचार में आज के सन्दर्भ मे ऐसे ग्रन्थों का प्रकाशन अत्यन्त आवश्यक है। जब देश जाति, वर्ण एवं सम्प्रदाय-भेद तथा घृणा और हिंसा से आक्रान्त है, ऐसे समय में इस प्रकार के प्राचीन ग्रन्थों की पुनरावृत्ति होनी चाहिये, जो मार्गदर्शन कर सकें तथा मानवता, समता एवं विश्वबन्धुत्व की भावनाओं को उजागर कर सकें। इस दृष्टि से ***वज्रसूची*** *का प्रकाशन एक प्रशंसनीय कार्य है।*

संकेत-सूची

अत्रि०	अत्रि-स्मृति
अङ्गिरस०	अङ्गिरस-स्मृति
आपस्तम्ब०	आपस्तम्ब-धर्मसूत्र
काठक०	काठक-संहिता
गीता०	श्रीमद्भगवद्गीता
नैषध०	नैषधीय-चरित
पाणिनि०	पाणिनीय अष्टाध्यायी
बुद्ध०	बुद्धचरित
ब्रह्म०	ब्रह्मपुराण
ब्रह्माण्ड०	ब्रह्माण्ड-पुराण
भविष्य ब्राह्म०	भविष्यपुराण-ब्राह्म पर्व
भागवत्०	श्रीमद्भागवत्
महा० अनु०	महाभारत अनुशासन-पर्व
महा० आश्व०	महाभारत आश्वमेधिक-पर्व
महा० शल्य०	महाभारत शल्य-पर्व
महा० शान्ति०	महाभारत शान्ति-पर्व
मृच्छ०	मृच्छकटिक
यति धर्म०	यतिधर्म-संग्रह
याज्ञ वल्क्य०	याज्ञवल्क्य-स्मृति
वसिष्ठ०	वसिष्ठ-स्मृति
व्यास०	व्यास-स्मृति
वाजसनेयि०	वाजसनेयि-संहिता
शिव-धर्म सं०	शिवधर्म-संग्रह
हरिवंश०	हरिवंश-पुराण

श्रृणु यक्ष कुलं तात न स्वाध्यायो न च श्रुतम् ।
कारणं हि द्विजत्वे तु वृत्तमेव न संशयः ॥
(म. व. ३१३।१०८)

सत्यं दमस्तपो दानमहिंसा धर्म नित्यता ।
साधकानि सदा पुंसा न जातिर्न कुलं नृप ॥
(म. व. १८१।४३)

सङ्करात्सर्ववर्णानां दुष्परीक्ष्येति मे मतिः ।
सर्वे सर्वास्वपत्यानि जनयन्ति सदा नराः ॥
(वही १८०।३२)

न योनिर्नापि संस्कारो न श्रुतं नापि संततिः ।
कारणानि द्विजत्वस्य वृत्तमेव तु कारणम् ॥
(म. अनु. १४३।५०)

संसार सागरं घोरं मग्नः खलु परिप्लुवन् ।
भूरिपापभराक्रान्तः स जीवो ब्राह्मणः कथम् ॥
(भवि. ब्राह्म. ४०।२५)

किं ब्राह्मणा ये सुकृतं त्यजन्ति किं क्षत्रिया लोकमपालयन्तः ।
स्वधर्म हीना हि तथैव वैश्याः शूद्राः स्वमुख्यक्रिययाविहीनाः ॥
(वही, ४०।३४)

अनादाविह संसारे दुर्वारे मकरध्वजे ।
कुले च कामिनीमूले का जातिः परिकल्पिता ॥
(नैषध, १८।४०)

भूमिका

ग्रन्थकार—अश्वघोष

बुद्ध महान् थे, अलौकिक थे और थे सर्व-शक्तिमान् साक्षात् भगवान् । उनके व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं—त्याग, तपस्या, आत्मसंयम, औदार्य, परोपकारित्व आदि, से विभूषित बौद्ध-धर्म एक उत्तम धर्म है और वह है वस्तुतः एक विश्वविश्रुत, महान धर्म । इस धर्म के विश्व-धर्म होने के अनेक आधार थे । इसकी उदारता, यथार्थवादिता तथा इसमें निहित समत्व की भावना आदि, कतिपय वैशिष्टच प्रथम आधार कहे जा सकते हैं । द्वितीय, इस धर्म को तत्कालीन महान् शासकों का संबल भी प्राप्त हुआ ।

अशोक एक शक्तिशाली शासक तो थे ही, किन्तु उनकी महत्ता का प्रमुख निमित्त सिद्ध हुआ, उनका बौद्ध-धर्म में दीक्षित होना । उन्होंने बौद्ध-धर्म के प्रचार एवं प्रसार के लिये सर्वविध प्रयत्न किये । बौद्ध विद्वानों का सम्मान एवं बौद्ध-धर्म के विकास हेतु उन्होंने बौद्ध-संगीतियों का आमन्त्रण किया । विविध देशों में बौद्ध-भिक्षुओं को प्रेषित कर तत् तद् देशों में इस धर्म का प्रचार कराया और उन देशों के साथ मैत्री एवं वैवाहिक सम्बन्धों की भी स्थापना की और यही सब कारण थे, जिनसे वह मात्र शासक अशोक से परे 'प्रियदर्शी अशोक' और 'अशोक महान्' के रूप में विश्व विख्यात हुए । बौद्ध-धर्म के द्वितीय प्रबल समर्थक शासक थे—कुषाण वंशीय महाराज कनिष्क । उन्होंने भी अशोक के ही समान बौद्ध भिक्षु-भिक्षुणियों को चीन तथा मध्येशिया आदि देशों में, सुगत-धर्म के प्रचारार्थ, संप्रेषित किया और धर्मकाय-निमित्त पश्चाद्देशीय शासकों के साथ सुहृद्भाव को प्रोत्साहित किया; साथ ही उन्हें विवाहादि के बन्धनों से निबन्धित भी किया । यही सम्राट् कनिष्क अश्वघोष के संरक्षक थे ।

अश्वघोष एक प्रख्यात पण्डित एवं उत्कृष्ट दर्शनशास्त्री थे । कनिष्क ने इसी विद्वान् अश्वघोष की संरक्षता में बौद्ध विद्वानों तथा दार्शनिकों से

संवलित बौद्ध-सगीति बुलायी और बौद्ध-धर्म के दार्शनिक एवं धार्मिक पक्षों की समीक्षा करायी।

अश्वघोष वस्तुतः एक महान् बौद्ध विद्वान्, प्रबल तार्किक, उत्कृष्ट दार्शनिक और प्रकृष्ट प्रतिभा-सम्पन्न एक काव्यकार भी थे। उनकी विविध कृतियाँ इसका समर्थ साक्ष्य हैं।[1]

अश्वघोष ने बौद्ध-धर्म के अभ्युदय तथा उन्नयन के लिये सर्वाधिक प्रयास किया और यही कारण था कि यह बौद्ध धर्म-प्रचारक विद्वानों में अग्रगणी सिद्ध हुए।

जीवन-वृत्तान्त एवं जन्म-स्थान

अश्वघोष की रचनाओं द्वारा उनके जीवन-वृत्त पर कुछ प्रकाश पड़ता है। सौन्दरनन्द[2] की पुष्पिका में यह निर्दिष्ट है कि वह विविध विरुदों— आर्य, आचार्य, भदन्त, महाकवि, महावादी, महापण्डित आदि से विभूषित थे। यही बात बुद्धचरित[3] की पुष्पिका से भी समर्थित होती है। अश्वघोष सुवर्णाक्षी के पुत्र थे। इनकी जन्म-भूमि साकेतक (अयोध्या) थी। इनके जन्म-स्थान के विषय में कतिपय विद्वान् वाराणसी एवं पाटलिपुत्र का भी उल्लेख करते हैं। साथ ही, इनके लिये प्रयुक्त विविध विरुद्ध, इनके पाण्डित्य एवं इनकी प्रसिद्धि के द्योतक हैं। यह वेदशास्त्र-पारंगत ब्राह्मण-पुरोहित परिवार में प्रादुर्भूत हुए थे, जो पुष्यमित्र (द्वितीय शतक ई०पू०) के शासन-काल में साकेत में आकर आबाद हो गये थे।[4]

अश्वघोष के एक सरस कवि, संगीतज्ञ, नाटककार तथा अभिनेता होने के भी उल्लेख मिलते हैं। इनके 'अश्वघोष' नाम के संदर्भ में एक रोचक वृत्तान्त ध्यातव्य है। प्रख्यात परम्परानुसार इनका 'अश्वघोष' अभिधान इसलिये पड़ा कि इनके प्रादुर्भाव के समय अश्वगण हर्षातिरेक के कारण हिनहिनाने लगे।

---

१. द्रष्टव्य—बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा (लेखक-कृत),

२. आर्य सुवर्णाक्षीपुत्रस्य साकेतकस्य भिक्षोराचार्य भदन्ताश्वघोषस्य महाकवेर्महावादिनः कृतिरियम्। सौन्दरनन्द, सर्ग १८.

३. Buddhacarita, Part II, Johnston's English Translation.

४. बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा, पृ० १३४,

अन्य परंपरा यह स्वीकार करती है कि अश्वघोष अत्यन्त आकर्षक एवं मनोरम वाणी में धर्म-प्रचार किया करते थे। एक दिन, जब वह अपनी मधुर वाणी में धर्मोपदेश कर रहे थे, उसका श्रोतागण पर इतना अधिक प्रभाव पड़ा कि प्रायः सभी मन्त्र मुग्ध से हो गये। यहाँ तक कि उस स्थान पर उपस्थित अन्य पशुओं के साथ अश्ववर्ग के ऊपर इनकी आध्यात्मपरक अमोघ वक्तृता-शक्ति का ऐसा प्रभाव पड़ा कि उन अश्वों ने अपनी हिनहिनाहट द्वारा अपने हर्ष की अभिव्यक्ति करना प्रारम्भ कर दिये। उसी समय से यह 'अश्वघोष' इस अभिधान से अभिहित होने लगे।[1] अश्वघोष के लिए अनेक स्थलों पर 'घोरविन्' शब्द प्रयुक्त हुआ है, जिससे उपर्युक्त बात समर्थित होती है[2]। तिब्बती भाषा में लिखित इनकीजीवनी के अनुसार अश्वघोष एक वीणा-वादक बौद्ध-भिक्षु थे, जो काश्मीर एवं पेशावर की संगीत-मण्डलियों के साथ-साथ धर्म-प्रचारार्थ वैराग्य-गीत गाया करते थे। फलतः असंख्य श्रोतासमाज उनके मधुर गीत से मोहित होकर, बौद्ध-धर्म स्वीकार कर लिया करता था[3]।

प्रसिद्ध चीनी-पर्यटक इत्सिंग ने ऐसा उल्लेख किया है कि उनके भ्रमण काल में भारत-वर्ष के बौद्ध-बिहारों में अश्वघोष के गीतों का ही संगायन हुआ करता था। अतः यह कहा जा सकता है कि अश्वघोष वह प्रमुख बौद्ध हैं, जिन्होंने दर्शन की काव्यमयी वीणा पर, बौद्ध-धर्म के प्रसारार्थ, तथागत के आदर्श एवं उदात्त स्वरूप को झंकृत किया है[4]।

अश्वघोष, 'कुन्ग-टे-जिन्ह' (पुण्यादित्य) तथा 'कुन्ग-चान्ग' (पुण्यश्री) के विरुदों से भी विभूषित थे, ऐसा उल्लेख उनकी चीनी-जीवनी में मिलता है[5]। इस प्रसङ्ग में तिब्बती इतिहासवेत्ता तारनाथ के उल्लेख भी ध्यातव्य

१. वही पृ० १३५.

२. बौद्धदर्शन एवं अन्य भारतीय दर्शन (भरतसिंह उपाध्याय) भाग १, पृ० ६५९-६०।

३. History of Indian Literature Part II, p. 257; Literary History of Buddhism, p. 29.

४. बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा, पृ० १३७.

५. Asvaghos.a (B. C. Law), p. 3.

हैं, जिन्होंने अश्वघोष को विविध विशेषणों–काल, दुर्धर्ष, दुर्घर्षकाल, मातृचेट्, शूर, धार्मिक, सुभूति तथा मतिचित्र—से विभूषित किया है[१]।

एक सम्भ्रान्त-ब्राह्मण पविरार के सदस्य होकर भी अश्वघोष को बौद्ध-धर्म की दीक्षा किस प्रकार मिली और उनका दीक्षा-गुरु कौन था, इस विषय पर वैमत्य है। साकेतक होते हुए भी अश्वघोष का अधिकांश जीवन-काल काश्मीर एवं गांधार के भू-भाग पर व्यतीत हुआ। ऐसी जनश्रुति है कि पेशावर में एक समय अश्वघोष के साथ पार्श्व नामक बौद्ध-भिक्षु का शास्त्रार्थ हुआ, जिसमें विजय श्री ने पार्श्व को ही वरण किया और अश्वघोष को उस बौद्ध-भिक्षु द्वारा ही बौद्ध-धर्म की दीक्षा प्राप्त हुई। इस संदर्भ में अन्य मान्यता यह है कि अश्वघोष को बौद्ध-धर्म में दीक्षित करने वाला भिक्षु पुण्ययशस् था, जो उक्त पार्श्व का ही शिष्य था। यथार्थता, चाहे जो भी हो, किन्तु इस विषय में ऐक्य-मत्य अवश्य है कि पार्श्व अपने समय के उच्च-कोटि के तार्किक, प्रख्यात विद्वान् तथा विविध शास्त्रों के मान्य पण्डित थे[२]। पार्श्व तथा पुण्ययशस् दोनो को ही, चीनी तथा तिब्बती परम्पराएँ अश्वघोष के शिक्षक के रूप में मानती हैं और वह यह भी स्वीकार करती हैं कि अश्वघोष की गणना इन दोनो के अनन्तर तथा आर्यदेव एवं नागार्जुन के पूर्व की जाती है।[३] किन्तु इस संदर्भ में तथ्य यह है कि कनिष्क, मगध-विजय के अनन्तर, अश्वघोष को, उनकी विद्वात्ता से प्रभावित हो कर ही, पेशावर ले गया था और अश्वघोष ने पेशावर पहुँचने के पूर्व ही सुगत-सिद्धान्त स्वीकार कर, बौद्ध-धर्म एवं बौद्धदर्शन में पूर्ण-पाण्डित्य प्राप्त कर लिया था। अश्वघोष ने पाटलिपुत्र में लगभग दस वर्ष व्यतीत किये और वहीं पर इन्होंने विविध विषयों—बौद्ध-धर्म, बौद्ध-दर्शन तथा यवन-दर्शन का गहन अध्ययन किया। कनिष्क पश्चिम से विजय प्राप्त करता हुआ, जब पाटलिपुत्र पहुँचा, उसने मगध-नरेश को पराभूत किया।

१. Asvaghosa's discourse on the awakening of the Faith in the Mahayana (Suzuki), p. 21.

२. Hisory of Indian literature, Part II, p. 257.

३. Literary History of Buddhism, p. 29.

प्रथमतः उसने मगधाधिप को बौद्धधर्म स्वीकार करने के लिये बाध्य किया और द्वितीय, उत्कृष्ट बौद्ध-विद्वान के रूप में अश्वघोष को प्राप्त कर अत्यन्त संतुष्ट होकर पेशावर वापस चला गया। अश्वघोष ने, पेशावर पहुँच कर वहाँ पर विविध संस्कृतियों–तुर्क, यवन, शक्, पारसी आदि का, भारतीय संस्कृति के साथ विचित्र समन्वय देखा और अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति की। अश्वघोष की अनूठी प्रतिभा तथा उनकी अद्वितीय विद्वत्ता से प्रभावित होकर कनिष्क ने उन्हें राजकवि एवं राजगुरु के पद पर विभूषित किया[१]। चीनी–परम्परा द्वारा इसका समर्थन दृष्टिगत होता है, जिसकी यह मान्यता है कि अश्वघोष कनिष्क के आध्यात्मिक उपदेष्टा और चरक उसके राज-चिकित्सक थे[२]।

अश्वघोष की प्रतिभा बहुमुखी थी। त्रिपिटक का उन्हें गहन ज्ञान था। वैदिक वाङ्मय पर उन्हे अपूर्व आधिपत्य था। धर्म-प्रचार के समय, जब वह संभाषण किया करते थे—पञ्चविद्याओं–आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता, दण्डनीति, आत्मविद्या से साक्ष्य उपस्थित कर अपने वक्तव्य को प्रमाणित किया करते थे[३]। नागार्जुन ने अश्वघोष को अपना गुरु स्वीकार किया है[४]।

तारानाथ तथा बी. सी ला. ने भी तीन अश्वघोष[५] की उद्भावना की है और उन्हें बड़ा, छोटा तथा शूर इन तीन विशेषणों द्वारा अभिहित किया है। 'महायानश्रद्धोत्पाद-शास्त्र' पर लिखित नागार्जुन की व्याख्या द्वारा यह विदित होता है कि छः अश्वघोष विविध काल में विद्यमान थे। चीनी तथा तिब्बती परम्पराएँ दो अश्वघोष की स्थिति स्वीकार करती हैं। इनमें

---

१. बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा, पृ० १३७.

२. J. A. (Levi), 1896, S. 9, t. VIII, p. 447.

३. Buddhist Records of the western world, (Beal), II, p. 100-103,

४. Asvaghosa's Discourse on the Awakening of the Faith, (Suzuki), Translation, p. 6.

५. बौद्ध संस्कृत काव्य–समीक्षा, पृ० १३७, १४० तथा Avsaghosa (B. C. Law), p. 6.

से प्रथम बोधिसत्व अश्वघोष हैं, जिन्हें आर्यदेव से तथा द्वितीय अश्वघोष वह हैं, जिन्हें पूर्वोक्त पार्श्व अथवा उनके शिष्य पुण्ययशस् से बौद्ध-धर्म की शिक्षा-दीक्षा प्राप्त हुई थी[1]। परन्तु उक्त विविध अश्वघोष-विषयक-परिकल्पनाएँ पुष्ट प्रमाणाभाव के कारण निराधार हैं। उचित यही ज्ञात होता है कि हम एक ही अश्वघोष की स्थिति स्वीकार करें, जिन्होंने बुद्धचरित, सौन्दरनन्द सदृश महाकाव्य तथा अन्यान्य ग्रन्थों की रचना की हैं।

अश्वघोष, बौद्ध-धर्म के किस सम्प्रदाय के समर्थक थे, इस विषय पर भी प्रकाश डालना प्रासंगिक होगा, क्योंकि इस विषय में विद्वानों में वैमत्य परिलक्षित होता है। अश्वघोष सर्वास्तिवाद-सम्प्रदाय के बौद्ध-भिक्षु और उनके विचार महायानान्तर्गत योगाचार-सम्प्रदाय के विचार थे, यही यथार्थ है, यद्यपि इस मान्यता के विरोधी विद्वान् भी दृष्टिगत होते हैं, जो 'महायान श्रद्धोत्पाद्-शास्त्र' को अश्वघोष–रचित नहीं मानते हैं और उक्त कथन' महायान श्रद्धोत्पाद-शास्त्र पर आधृत है। 'महायान-श्रद्धोत्पाद-शास्त्र' अश्वघोष की कृति नहीं है, इस मत के समर्थकों का कहना है कि 'महायान-श्रद्धोत्पाद-शास्त्र' में वर्णित विज्ञान-वाद और शून्यवाद अधिक उन्नतावस्था में है, जो शून्यवाद के प्रतिष्ठापक नागार्जुन (द्वितीय शताब्दी ई०) तथा विज्ञानवाद के विद्वान् वसुबन्धु एवं असंग (चतुर्थ शताब्दी ई०) के पूर्व का नहीं स्वीकार किया जा सकता है। किन्तु जिन्होंने 'अष्ट-साहस्रिका-प्रज्ञापारमिता' का परिशीलन किया है और जिन्हें यह सम्यक् ज्ञात है कि यह रचना प्रथम शती ई. पू. की है, उन्हें 'महायान-श्रद्धोत्पाद-शास्त्र' को अश्वघोष-रचित स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं होगी। अतएव अश्वघोष नागार्जुन से पूर्ववर्ती, कनिष्क (ई० की प्रथम शताब्दी) के शासन-काल में विद्यमान थे, यही समुचित प्रतीत होता है।

अश्वघोष का स्थिति-काल

यद्यपि अश्वघोष के स्थिति-काल के विषय में समीक्षक-समुदाय में मतैक्य नहीं है, तो भी उनका समय निर्धारण सम्भाव्य है। इनके काल-निर्धारण के

१. वही, पृ० ६।

सम्बन्ध मे लेखक ने विशद विवेचन अन्यत्र किया है[1]। अत एव यहाँ संक्षिप्त तथ्यों का उल्लेख किया जा रहा है, जो निम्नलिखित हैं—

१—आचार्य नागार्जुन का समय द्वितीय शतक प्रमाणित हो चुका है। तृतीय शतक में उत्कीर्ण जगय्यपेट स्तूपाभिलेख[2] से भी यह बात समर्थित हो चुकी है। अतएव नागार्जुन का इससे पूर्ववर्ती और अश्वघोष का उनसे भी पूर्ववर्ती होना निश्चित है।

२—बुद्धचरित का चीनी भाषान्तर पञ्चम शताब्दी में तथा सूत्रालंकार का रूपान्तर ४०५ ई० में सम्पन्न हुआ। अतः यह निश्चित है कि इन ग्रन्थों का प्रणयन इससे पूर्व काल में हुआ और इन्हें भारतीय सीमा के बाहर जाने में अनेक शताब्दियाँ अवश्य लगी होंगी। इस प्रकार अश्वघोष के इस महाकाव्य की रचना प्रारम्भिक शतकों में निश्चयतः हुई होगी।

३—अश्वघोष, महाकवि कालिदास से पूर्ववर्ती हैं। दोनो काव्यकारों की रचना-शैली की समीक्षानन्तर यह बात प्रमाणित हो चुकी है। कालिदास की स्थिति सामान्यतः गुप्तकाल में उद्भावित की जाती है।

४—मातृचेट् (स्तोत्र-साहित्य के प्रवर्तक[3]), अश्वघोष से पूर्ण प्रभावित हैं। उन्होंने अपनी कृति 'शतपञ्चशतिका' बुद्धचरित की शैली पर ही लिखी है। दृष्टान्त के लिए अश्वघोष की इस पंक्ति—'व्यवसाय द्वितीयोऽथ'''सोऽश्वत्थमूलं प्रययौ[4]'—की तुलना के निमित्त, नामसंगीति की व्याख्या में, मातृचेट् का प्रकृत वाक्य उद्धरणीय है—'व्यवसाय द्वितीयेन-प्राप्तं पदमनुत्तरम्'। मातृचेट् द्वारा प्रयुक्त 'व्यवसाय द्वितीयेन', समुचित प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि बुद्धत्त्व रूप उत्तमपद की प्राप्ति-हेतु सहाय्य की क्या आवश्यकता ? अतः यह सम्भाव्य है कि मातृचेट ने अश्वघोष का अनुकरण किया है।

---

१. बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा—पृ० १३९–१४०

२. Archeological Survey of India, Buddhistic Stupas of Amaravati and Jagayyapeta, Vol. I p. 112, Vol. II, p. 68; Vol. III, p. 31.

३. बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा, पृ० २३७–२६०.

४. बुद्धचरित, १२/११५.

५. अश्वघोष, सम्राट् कनिष्क के राज्य-काल में हुए और वह उनके राजकवि एवं राजगुरु भी थे। इस मत को प्राच्य एवं पाश्चात्य प्रायः सभी ऐतिहासिकों तथा समीक्षकों की मान्यता प्राप्त है।[१] प्रो० लूडर्स् ने मध्येशिया में प्राप्त अश्वघोष-कृत शारिपुत्र-प्रकरण की पाण्डुलिपि के आधार पर इसी का समर्थन किया है। सिलवा लेवी ने भी अनेक चीनी-सूत्रों के आधार पर अश्वघोष को कनिष्क-कालीन ही माना है। अतएव अनेक तथ्यों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि अश्वघोष कनिष्क के समकालिक अथवा उनसे कुछ पूर्व-काल में प्रादुर्भूत हुए। किन्तु कनिष्क के काल के विषय में भी अनेक मत प्राप्त होते हैं, जिनमें प्रमुख के अनुसार कुछ विद्वान् उसकी स्थिति प्रथम शतक के अन्तिम चरण में तथा अन्य द्वितीय शतक के प्रथम चरण में मानते हैं। कनिष्क के काल के विषय में लेखक ने व्यापक विचार अन्यत्र किया है।[२] यहाँ निष्कर्ष रूप में यही कहना है कि कनिष्क ने ७८ ई. पू. में शासन किया। यही समय कनिष्क के शक-सम्वत् की प्रारम्भिक अवस्था है। अतः अश्वघोष का समय ५० ई. पू. से १०० ई. पू. के मध्य माना जा सकता है।

अश्वघोष की कृतियाँ

बौद्ध-वाङ्मय के महनीय विभूति अश्वघोष के महान् व्यक्तित्व से अभिभूत परम्पराओं द्वारा उनके प्रति श्रद्धा-भाव द्योतनार्थ एवं उनकी महनीयता के प्रकाशनार्थ, अनेक कृतियों का सम्बन्ध उनसे उसी प्रकार जोड़ दिया गया है, जैसे विश्वविभूति कालिदास की महत्ताभिव्यक्ति-हेतु अनेक ग्रन्थ संस्कृत साहित्य के विद्वद्वर्ग ने उनके साथ सम्बद्ध कर दिया है। वस्तुतः ऐसा होने से तत्तद् कृतियाँ ही उक्त व्यक्तित्वद्वय से सम्बद्ध होकर गौरवान्वित हुई हैं। अतएव विविध परम्पराओं, विशेष रूप से, चीनी एवं तिब्बती द्वारा, अश्वघोष से सम्बद्ध सभी कृतियों[३] का विवेचन प्रस्तुत करना, अप्रासङ्गिक होने के कारण, यहाँ उनकी प्रमुख रचनाओं का संक्षिप्त समीक्षण ही अभिप्रेत

---

१. बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा, पृ० १४०–१४१।

२. वही, पृ० १४२–१४३।

३. वही, पृ० १४३–१४५.

है, जो निम्नलिखित हैं—

(क) दार्शनिक कृतियाँ—

१—महायान-श्रद्धोत्पाद-शास्त्र।

२—सूत्रालङ्कार।

३—वज्र-सूची।

(ख) गीति (स्तुति) काव्य—

१—गण्डी-स्तोत्र-गाथा।

(ग) महाकाव्य—

१—बुद्धचरित।

२—सौन्दरनन्द।

(ङ) दृश्य-काव्य—

१—राष्ट्र-पाल।

२—उर्वशी-वियोग।

३—रूपकावशेष प्रथम-शारिपु-त्रप्रकरण।

४—रूपकावशेष द्वितीय।

५—रूपकावशेष तृतीय।

१. **महायान-श्रद्धोत्पाद-शास्त्र**—यह अश्वघोष की महायान-सम्प्रदाय से सम्बद्ध एक दार्शनिक रचना है। 'महायन-श्रद्धोत्पाद संग्रह' के रूप में भी यह प्रख्यात है। सम्प्रति अपने मूल संस्कृत रूप में अनुपलब्ध होकर, यह परमार्थ-कृत चीनी-भाषान्तर के रूप में सुरक्षित है। इसके चीनी रूपान्तर के आधार पर ही इसके दो आंग्ल रूपान्तर भी हो चुके हैं, जिनमें प्रथम रूपान्तर-कार हैं, जापान के सुप्रसिद्ध समीक्षक टी० सुजुकी तथा द्वितीय समालोचक हैं, रिचर्डर्स्।

यह ग्रन्थ प्रथमतः ५३४ ई० तथा तदनन्तर ७१० ई० में चीनी-भाषान्तर के रूप में प्रकाश में आया है।

अश्वघोष ने इसमें विज्ञानवाद एवं शून्यवाद की उदात्त समीक्षा प्रस्तुत की है। आचार्य नागार्जुन की शून्यवादी माध्यमिक विचार धारा का आधार यही है, क्योंकि शून्यवाद का सर्वप्रथम दर्शन यहीं होता है।

इस ग्रन्थ के प्रणयन के प्रयोजन हैं—प्रथमतः परमार्थ सत्य (तथता) की स्पष्ट व्याख्या तथा तत्कालीन समाज में प्रचलित बौद्धधर्मियों की भ्रान्तियों का निराकरण तथा द्वितीय, हीनयान मतावलम्बियों में निहित कतिपय त्रुटियों का दूरीकरण। इस ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार की महत्ता-द्योतनार्थ प्रख्यात विद्वान् सिलवा लेवी के ये वचन उद्धरणीय हैं—

The poet of the Buddhacarita shows him here, as a profound Metaphysician, as an intrepid reviver of a doctrine, which was destined to regenerate Buddhism. अर्थात् बुद्धचरित का कवि यहाँ अपने अतिगम्भीर तत्त्वचिन्तक एवं सबल सिद्धान्त-संजीवक स्वरूप का दर्शन कराता है, जिससे बौद्ध धर्म के पुनर्जागरण का संदेश मिलता है।[1] जापान के बौद्ध–विहारों एवं शैक्षणिक संस्थानों में यह ग्रन्थ पूर्ण प्रचलित है।

२. **सूत्रालङ्कार**—अश्वघोष का यह ग्रन्थ प्राचीन पुण्य बौद्ध-कथाओं का एक सुसंकलन है, जो अवदान एवं जातकों की शैली में उपनिबद्ध है। यह सूत्रालङ्कार-शास्त्र के रूप में भी प्रचलित है। गद्य एवं पद्य की मिश्रित शैली में रचित एक कथा-काव्य है। मूल संस्कृत में यह ग्रन्थ भी अनुपलब्ध है और कुमारजीव-कृत चीनी-भाषान्तर (४०५ ई०) के रूप में संप्रति प्राप्त है। इसका फ्रेन्च-भाषान्तर, हुवर ने किया है, जो १९०८ में पेरिस से प्रकाशित हुआ है।

इस ग्रन्थ का प्रमुख उद्देश्य बुद्ध-प्रवर्तित धर्म की प्रवर्तना करना है। इसमें संकलित अधिकांश कथाएँ महायानी प्रवृत्तियों से संवलित हैं और वे बुद्ध के प्रति भक्ति-भाव की प्रेरणा देती हैं। यह ग्रन्थ पुनर्जन्म-वाद, बुद्ध-भक्ति एवं बौद्ध-धर्म में दीक्षित होने की योग्यतादि विषयों के विवेचन से युक्त है। साथ ही यह बुद्ध के करुणार्द्र हृदय, उनकी उदारता और उनमें निहित समत्व की भावना की द्योतना करता है।

---

१. The Awakening of the Faith, tn the Mahayana, chicago, 1900; बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा, पृ० १४४.

सूत्रालङ्कार, बुद्धचरित से परवर्ती कृति है, क्योंकि इसमें बुद्धचरित के अनेक उद्धरण उद्धृत हैं।

यह ग्रन्थ अपनी लोकप्रियता के कारण बौद्ध-धर्म के प्रचार का एक सबल साधन सिद्ध हुआ है। इस ग्रन्थ का साहित्यिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी अधिक महत्त्व है। इसमें यत्र तत्र रामायण एवं महाभारत के भी उद्धरण दृष्टिगत होते हैं।

प्रभावकारिता की दृष्टि से यह कृति महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसने, जिस निर्भयता से ब्राह्मण एवं जैन धार्मिक–दृष्टिकोणों का विरोध किया है, उसी प्रकार सांख्य एवं वैशेषिक सिद्धान्तों पर भी प्रबल प्रहार किया है।

३. **वज्रसूची**—प्रकृत ग्रन्थ ही विशेष रूप से संप्रति प्रतिपाद्य है। अतः इसका विशद समीक्षण अग्रिम पृष्ठों में किया जायेगा। यहाँ इतना ही मात्र कहना है कि यह ग्रन्थ तत्कालीन समाज मे प्रचलित वर्ण-व्यवस्था-जनित ऊँच-नीच के भेद-भाव पर प्रबल प्रहार है।

गीति-काव्य

गण्डी-स्तोत्र-गाथा—अश्वघोष की यह लघु रचना मात्र २९ स्रग्धरा छन्दों में उपनिबद्ध है। यह एक गीति-काव्य का सुन्दर दृष्टान्त प्रस्तुत करती है। बस्तुतः यह बुद्ध एवं संघ की संस्तुति से समवेत एक स्तुति–काव्य है। इसके प्रायः समस्त श्लोक गेय-गुण सम्पन्न एवं सरस हैं। इस ग्रन्थ के अन्य अभिधान–घण्टिका-संस्कृत-स्तोत्र, घण्टी-सूत्र भी हैं।

टामस ने इस ग्रन्थ का चीनी–अभिधान, 'Kien-ch'ui-fantsan', बतलाया है, जिसका प्रकाशन 'A. Von stael Holstein' ने किया तथा जिसे चीनी-प्रतिलिपि के आधार पर पुनः संस्कृत-रूप प्रदान किया गया था। रूसी-भाषा में इसका अनुवाद विद्यमान है। तिब्बती-तन्जुर में भी यह एक अनुवाद के रूप में उपलब्ध है।

इस रचना के कतिपय अंश[1] इस बात के द्योतक हैं कि यह ग्रन्थ काश्मीर

---

१. गण्डी–स्तोत्र–गाथा, श्लोक-संख्या, २०।

में उस समय प्रणीत हुआ, जब कि वहाँ शासन-व्यवस्था में अराजकता का साम्राज्य परिव्याप्त था।

अश्वघोष की अन्य साहित्यिक रचनाओं सदृश-इसकी शैली सरल, सरस एवं प्रसादमयी है। इसकी संस्तुति में यह कह सकते हैं कि यह अश्वघोष की संगीत-सामर्थ्य का द्योतन करने वाली अनोखी रचना है, जो बौद्ध धार्मिक-संदेशों को जन-मानस तक पहुँचाने का एक लघु सुप्रयास है।

महाकाव्य

बौद्ध-धर्म से अनुप्राणित बौद्ध-संस्कृत काव्य कृतियों में से महावस्तु एवं ललितविस्तर को विकसित महाकाव्य (Epic of Growth) के रूप में सम्मान दे सकते हैं, तो अश्वघोष के महाकाव्य बुद्धचरित तथा सौन्दरनन्द को हम कला-पूर्ण महाकाव्य (Epic of Court) के रूप में समादृत करते हैं[1]।

१. **बुद्धचरित**—यह एक महाकाव्य है। इसमें भगवान् बुद्ध के जीवन-वृत्तान्त एवं उनके मान्य बौद्ध-सिद्धान्तों का सर्वाङ्गीण चित्र अङ्कित है।

इस ग्रन्थ में सम्पूर्ण २८ सर्ग हैं, किन्तु सम्प्रति उपलब्ध बुद्धचरित चतुर्दश सर्ग तक ही संस्कृत में विद्यमान है। प्रथम सर्ग भी पूर्ण रूपेण प्राप्त नहीं है। इसका आंग्ल-रूपान्तर २८ सर्गों में प्रकाशित है और उसी के आधार पर समुपलब्ध मूलसंस्कृत सहित अवशिष्ट सर्गों के साथ हिन्दी-भाषानुवाद श्री सूर्यनारायण चौधरी ने विगत वर्षों में प्रकाशित कराया है। यह दो भागों में संपादित है, जिनका प्रकाशन क्रमशः १९५५, १९५६ में पूर्णियाँ, बिहार से हुआ है। यह ग्रन्थ चीनी तथा तिब्बती भाषान्तरों में सम्पूर्ण २८ सर्गों में उपलब्ध होता है। बुद्धचरित बौद्ध-जगत् में अत्यधिक लोकप्रिय है, जिसके साक्ष्य इसके विविध भाषाओं–जर्मन, इटली, चीनी तिब्बती, अंग्रेजी, हिन्दी आदि में प्रकाशित अनुवाद दे रहे हैं।

इसकी कथा-वस्तु है—बुद्ध का समग्र जीवन, जो उनके जन्म-काल से महापरिनिर्वाण पर्यन्त, विशद रूप में चित्रित है।

१. बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा, परिच्छेद, तृतीय-चतुर्थ।

बुद्ध इसके नायक हैं और शान्त इसका प्रमुख रस है। बौद्धधर्म का प्रचार करना ही इस ग्रन्थ का प्रधान प्रतिपाद्य है। साथ ही, बौद्ध-दर्शन के सिद्धान्तों का इसमें सुन्दर एवं सरस शैली में विवेचन है।

एक महाकाव्य के लिए अपेक्षित समस्त विशेषताएँ इस ग्रन्थ में विद्यमान हैं। अश्वघोष ने ग्रन्थ-प्रणयन, अन्य महाकवियों की भाँति 'रतये' नहीं प्रत्युत् 'व्युप्शान्तये' किया है। वस्तुतः इनकी रचनाएँ मोक्षार्थ-'मोक्षार्थ गर्भा-कृतिः', हुई हैं। इन्होंने मुनि-श्रेष्ठ के प्रति सम्मान-भाव से, उन्हीं के सिद्धान्तानुसार, समग्र मानव-हित को लक्ष्य कर लिखा है[1]।

२. सौन्दरनन्द—यह अश्वघोष का द्वितीय महाकाव्य है, जो १८ सर्गों में उपनिबद्ध है। इसे बुद्धचरित का पूरक ग्रन्थ कहा जा सकता है, क्योंकि बुद्ध-जीवन से सम्बद्ध वे घटनाएँ, जिनका बुद्धचरित में संक्षिप्त विवेचन हुआ है, यहाँ सौन्दरनन्द में सविस्तर वर्णित हैं

इस महाकाव्य का प्रधान वर्ण्य-विषय है—बुद्ध के विमातृजानुज नन्द एवं उसकी पत्नी सुन्दरी का प्रेम-प्रमुख वृत्तान्त। साथ ही, इसमें बुद्ध के अमूल्य उपदेशों का विवेचन अत्यन्त रोचक शैली में हुआ है, जिन्हें हृदयङ्गम कर जागतिक प्रपञ्चों से प्रपञ्चित तथा मोह-निगडों से निगडित नन्द, बौद्ध-धर्म में दीक्षित होकर, प्रवज्या-ग्रहण करता है और निर्वाण (परमपद) प्राप्त करता है।

सौन्दरनन्द एक महाकाव्य के आवश्यक समस्त गुणों से मण्डित है। इसमें 'नन्द' नायक तथा 'सुन्दरी' नायिका के रूप में चित्रित हैं।

शान्त-रस की ही प्रधानता इस महाकाव्य में भी है। अन्य रस, यथास्थान समुचित रूप में अङ्कित हैं।

सौन्दरनन्द बौद्ध-धर्म को शिक्षाओं तथा बौद्ध-दर्शन के वहुमूल्य सिद्धान्तों का एक अनुपम कोश है। इसमें धर्म-प्रसार-निमित्त, जिन उदात्त सिद्धान्तों का विवेचन हुआ है, वे मात्र नन्द के लिये ही उपयोगी नहीं हैं, प्रत्युत् नन्द-सदृश विश्व के सभी नवयुवकों के कल्याण-मार्ग के निर्देशक हैं, जो वस्तुतः विपथ होकर सांसारिक भोग-विलासों में सर्वथा पगे हुए हैं। यह

१. सौन्दर-नन्द, १८/६३; बुद्ध-चरित, २८/७४,

ग्रन्थ लोक-हिताय लिखित है, 'व्युपशान्तये' निष्पादित है तथा मनुष्य-समाज को रत्यादि से विरत कर, उसके प्रकृष्ट कर्तव्य का प्रेरक है ।

अश्वघोष को जहाँ, एक ओर नन्द-दम्पत्ति की मूक-वेदना के अङ्कन में, पूर्ण साफल्य प्राप्त हुआ है, वहीं, दूसरी और उन्हें बौद्ध-धर्म के मूलभूत उपदेशों को कौशल के साथ ललित भाषा-शैली में चित्रित करने में भी कम सफलता नहीं मिली है ।

दृश्य-काव्य

अश्वघोष गीति-काव्यकार अथवा महाकाव्यकार के विरुद से विभूषित तो हैंहीं, दृश्य-काव्य के प्रणयन ने उनकी ख्याति को द्विगुणित कर दिया है । वह नाट्यजगत में भी अवतरित होकर कम चमत्कृत नहीं हुए हैं ।

१. राष्ट्रपाल——यह अश्वघोष-कृत एक कमनीय नाटच-कृति है, किन्तु यह सम्प्रति उपलब्ध नहीं है । इसका उल्लेख श्री राहुल सांस्कृत्यायन तथा सिलवा लेवी ने भी किया है । वस्तुतः यह एक गेयगुण सम्पन्न नाटक है ।

२. उर्वशी-वियोग—अश्वघोष-कृत यह प्रथम उपलब्ध नाटच-रचना है । इसकी नायिका 'उर्वशी' ही, सम्भवतः अश्वघोष की प्रिया 'प्रभा' है, जो उनके हृदय (उर) में वशी हुई थी और जिसके वियोग में ही, इस नाटक का प्रणयन हुआ । महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने इसे एक सुन्दर एवं दर्शनीय नाटक कहा है । इसकी संस्तुति में उन्होंने लिखा है–वह बहुत अच्छा खेला गया और एक से भी अधिक बार । साकेत के सम्भ्रान्त नागरिको ने उसकी नाटच-कला से प्रभावित होकर अत्यन्त मनोयोग के साथ उसके अभिनय को देखा ।[1]

३. रूपकावशेष प्रथम-शारिपुत्र-प्रकरण—प्रो० लूडर्स् ने मध्येशिया के तुर्फान नामक स्थान से अत्यन्त प्राचीन, ताल-पत्र पर अंकित तीन रूकपों की खण्डित पाण्डुलिपियाँ अन्वेषित की हैं । इनमें से प्रथम रूपकावशेष शारिपुत्र-प्रकरण है । यह एक प्रकरण है, जिसके अन्तिम वाक्य के आधार-पर, इसके प्रणेता और इसकी अंक-संख्या का अनुमान किया गया है ।

---

१. वोल्गा से गंगा, (१९४३ ई०), पृ० १९२.

इस नाटच-कृति का अन्य अभिधान 'शारद्वती-पुत्र-प्रकरण' भी है। इसमें अङ्कों की संख्या नव है। इसका प्रतिपाद्य विषय है, उन घटनाओं का चित्रण, जिनके द्वारा बुद्ध ने मौद्गल्यायन एवं शारिपुत्र को बौद्ध-धर्म में दीक्षित किया है।

यह नाटच-रचना मृच्छकटिक के समान एक गणिका-रूपक (Hetaera Drama) है। इसमें समाज का वह वर्ग चित्रित है, जहाँ चोर, शराबी, लूच्चेलफंगे, वेश्याओं आदि का वृत्तान्त-बाहुल्य है।

नाटच-सिद्धान्त के अनुसार इस प्रकरण का नायक धीर प्रशान्त प्रकृति का एक विप्र है और इसकी नायिका एक वेश्या अथवा कुलजा स्त्री है, जिसका चित्रण, एक भारतीय आदर्श स्त्री के रूप में किया गया है।

इस प्रकरण का प्रमुख रस शृङ्गार है, जिसमें हास्य तथा करुण रस का पुट, कौशल के साथ, दिया गया है। बुद्ध तथा शारिपुत्र के वार्तालाप के साथ प्रकरण का समापन होता है। रूपक की इस विधा का विकसित रूप हमें मृच्छकटिक में दृष्टिगत होता हैं। तदनन्तर मालती-माधव आदि अनेक रचनाएँ हुई हैं।

४. रूपकावशेष द्वितीय——यह अवशिष्ट नाटच-कृति एक विशेष प्रकार का रूपक है, जिसे छाया-नाटक या प्रतीक-नाटक (Allegorical play) की संज्ञा प्रदान की गई है। इसके पात्रों में कीर्ति, धृति, बुद्धि आदि प्रमुख हैं। इसके पूर्व इस प्रकार की रूपक-रचना उपलब्ध नहीं होने के कारण, यह प्रारम्भिक प्रतीक-नाटक है, जिसके प्रौढ़ एवं विकसित रूप के दर्शन हमें दशम शती के पश्चात् प्रबोधचन्द्रोदय, संकल्प-सूर्योदय, अमृतोदय आदि रूपकों में होते हैं।

५. रूपकावशेष तृतीय—इस खण्डित नाटच-रचना के लेखक भी अश्वघोष ही हैं। इसमें शारिपुत्र-प्रकरण सदृश ही पात्र चित्रित हैं। प्रमुख पात्रों में धनञ्जय (नामक राजकुमार), मौद्गल्यायन, शारिपुत्र उल्लेखनीय हैं। अन्य पात्रों में दासी, दुष्ट, वेश्यादि का अङ्कन स्वाभाविक हुआ है। इसका कथानक दरिद्र-चारुदत्त एवं मृच्छकटिक से साम्य रखता है। यह रचना भी नाटच-शा-स्त्रियों के अनुसार एक प्रकरण की विशेषताओं से समवेत है।

उपर्युक्त प्रायः सभी कृतियाँ, यद्यपि बौद्ध-धर्म के प्रचार एवं प्रसार के निमित्त रचित हैं, तो भी धार्मिक महत्त्व के साथ-साथ, इन कृतियों के सामाजिक, राजनैतिक, साँस्कृतिक तथा दार्शनिक महत्त्व भी कम नहीं हैं। इनके परिशीलन से यह स्पष्ट है कि अश्वघोष की रचनाओं के प्रमुख लक्ष्य बुद्ध, बौद्ध-धर्म एवं दर्शन हैं, किन्तु अन्य विशेषताएँ आनुषंगिक रूप से स्वतः इनमें समाविष्ट हो गई हैं।

वज्र-सूची

वज्रमयी हीरक-सूचिका के सदृश कठोर, तीव्र एवं सूक्ष्म दृष्टि से संवलित होने के कारण ही, यह रचना वज्र-सूची कहलाती है। इसके अन्य अभिधान हैं—वज्रच्छेदिका तथा वज्र-सूचिकोपनिषद्। यह एक गद्य-पद्यमय लघुकाय ग्रन्थ है, किन्तु वर्ण-व्यवस्था के समर्थकों तथा उसके आधार पर ऊँच-नीच के भेदभाव के पोषकों को, यह वैसे ही चुभती तथा पीडित करती हैं, जैसे किसी को सूई के चुभने पर कष्ट होता है और यदि वह सूई वज्रमयी[1] हुई, फिर उसके चुभनोपरान्त पीडा का कहना ही क्या? अस्तु वर्ण-व्यवस्था एवं वर्ण-व्यवस्था के व्यवस्थापकों की इस ग्रन्थ में कटु आलोचना अति तिखी दृष्टि से की गई है।

प्रणेतृत्व विषयक विवाद तथा उसका निराकरण

वज्रसूची के प्रणेतृत्व के विषय में विद्वानों में मतैक्य नहीं है। अतः इस विवाद का निराकरण यहां अपेक्षित प्रतीत होता है।

इस विषय में चीनी बौद्ध-परम्पराओं में प्रचलित दो पक्ष परिलक्षित होते हैं। प्रथम पक्ष इस ग्रन्थ को अश्वघोष-प्रणीत मानने को समुद्यत है, जब

---

१. बौद्ध साहित्य में प्रयुक्त 'वज्र' शब्द सापेक्ष है। इसका व्यवाहार प्रायः दृढ़ता, कठोरता के लिये हुआ है, यथा-वज्रासन (बोध गया में); वज्रच्छेदिका प्रज्ञा-पारमिता-टीकाकार (वसुवन्धु); तथा वज्रच्छेदिका-जो आठ महायान सूत्र-ग्रन्थों में से एक पवित्र सूत्र-ग्रन्थ है।

कि द्वितीय के अनुसार यह धर्म-कीति की रचना है। कतिपय प्राच्य एवं प्राश्चात्त्य समालोचक भी इसे अश्वघोष-रचित नहीं मानते हैं। उनके अनुसार इस ग्रन्थ को अश्वघोष-रचित न मानने में बाधक-तत्त्व इस प्रकार हैं—चीनी एवं तिब्बती परम्पराएँ, इसे अश्वघोष-कृत नहीं मानती हैं, २—इत्सिग द्वारा यह अश्वघोष की रचनाओं में उल्लिखित नहीं है; ३–अश्वघोष की ब्राह्मण-धर्म के प्रति आस्था एवं वज्र-सूची में वर्णित ब्राह्मणानुमोदित वर्ण-व्यवस्था की निन्दा एवं भर्त्सना में सामञ्जस्य दृष्टिगत नहीं होता है; ४–इस ग्रन्थ की रचना–शैली के साथ अश्वघोष की शैली का सादृश्य नहीं है; ५–मानवता की समत्व-भावना का प्रतिपादन करने वाली, इस ग्रन्थ की तर्क-पद्धति अर्वाचीन ज्ञात होती है; ६–तिब्बती तञ्जुर मे भी यह अश्वघोष-रचित नहीं कहा गया है, एवं ७–इसका चीनी-रूपान्तर, इसे धर्मकीति-रचित स्वीकरता है।[1] किन्तु इन विपक्षिमतों के होते हुए भी इस ग्रन्थ के आग्ल-अनुवाद इसे अश्वघोष-कृत मानते हैं।[2] लोकमान्य बालगंगाधर तिलक एवं आर० एल० मित्र इसे अश्वघोष की ही रचना मानते हैं।[3] मेरी दृष्टि में इसके अश्वघोष-रचित होने में रञ्च संदेह के लिए भी अवकाश नहीं है; क्योंकि इसका प्रबल साक्ष्य इस ग्रन्थ की प्रारम्भिक एवं अन्तिम पंक्तियाँ स्वतः दे रही हैं—

> जगद्गुरुं मञ्जुनाथं नत्वा वाक्काय चेतसा।
> अश्वघोषो वज्रसूचीं सूत्रयामि यथामतम्॥ वज्रसूची, श्लोक, १.

तथा— कृतिरियं सिद्धाचार्याश्वघोषपादानामिति।
वही, (पुष्पिका), अन्तिमवाक्य

इस प्रणेतृ-विषयक विवाद के सन्दर्भ में यहाँ श्री राहुल सांकृत्यायन, जिन्होंने इस ग्रन्थ को अश्वघोष-कृत स्वीकार किया है, द्वारा उपन्यस्त, अश्व-

---

१. बौद्ध संस्कृत काव्य-समीक्षा, पृ० १४८–१४९.

२. RAS, (B. H. Hodgson's English Traslation), Vol. III; Visva-Bharati Annals, (S. Mukhopadhyaya's English Translation) Vol. II, Introduction, P. 1.

३. गीता–रहस्य, पृ० ५६१; The Sanskrit Buddhist Literature of Nepal, P. 268, (1882).

घोष के जीवन से सम्बद्ध, कुछ बातों का उल्लेख प्रासंगिक प्रतीत होता है। उनके अनुसार, वज्रसूची के वे अंश, जो प्राचीन ऋषियों के आचरणों से सम्बद्ध हैं, का उद्धरण देकर अश्वघोष अपनी माता के समक्ष यह प्रमाणित करना चाहते हैं कि उनका (अश्वघोष का) तथा–कथित अनुचित आचरण, विजातीय कन्या 'प्रभा' के साथ, जो प्रेम-सम्बन्ध है, वह समुचित है; वह परम्परा-सम्मत् ऋषि-आचरणों से अनुमोदित है, अतः मान्य है तथा वह उस कन्या के साथ वैवाहिक सम्बन्ध-सूत्र में आबद्ध होने योग्य हैं। उन्होंने उक्त विजातीय विवाह-सम्बन्ध का समर्थन, अनेक वेद-शास्त्रीय दृष्टान्तों द्वारा किया है।[1]

इसके अतिरिक्त अश्वघोष के द्वारा इस रचना में यह उल्लिखित है कि वस्तुतः समस्त मानव समान हैं। वर्णों में परस्पर कोई भेद-भाव नहीं है। इसके समर्थन में उन्होंने वेद-शास्त्र सम्मत विचार, जो श्रेष्ठ वर्ण, ब्राह्मण-समाज को मान्य हैं, को उद्‌धृत कर उनकी कटु आलोचना की है।

ग्रन्थकार के इन विचारों के दर्शन सूत्रालंकार, बुद्धचरित आदि ग्रन्थों में भी दृष्टिगत होते हैं। उनमें भी, इस बात का उल्लेख है कि महत्ता के द्योतक शील, सदाचरण, औदार्यादि गुण विशेष हीं हैं। अत एव इस ग्रन्थ की भाषा-शैली अथवा विचार का, अश्वघोष की अन्य रचनाओं के साथ सामञ्जस्य है। चीनी-रूपान्तर, जो इसे अश्वघोष-रचित नहीं मानते हैं, उसके लिये मुझे यह कहने में संकोच नहीं है कि उनके चीनी-भाषान्तर निर्दुष्ट नहीं हैं। उनके द्वारा अनूदित कतिपय शब्द सर्वथा भ्रष्ट हैं और उन्होंने अर्थ का अनर्थ कर दिया है। दृष्टान्त के लिये महर्षि 'विश्वामित्र' के रूपान्तर को लिया जा सकता है, जहाँ इस शब्द का अनुवाद करते हुए मान्य रूपान्तरकार ने 'विश्वा' को अलग तथा 'मित्र को पृथक, दो शब्द समझ कर भाषान्तर किया है।

इसी प्रकार के अन्य उदाहरण हैं—पिता 'उलूकी' ने 'कपिञ्जल' को जन्म दिया; पिता तित्तिरी ने पुत्र ऋषि 'तित्तिरी' को जन्म दिया, 'रेणुका' का रूपान्तर 'नुका' तथा 'राम' का रूपान्तर 'द्राम' समझ कर किया गया है।[2]

१. वज्रसूची, श्लोक २२–२७.

२. रेणुकाऽजनयद्राम, वज्र-सूची, श्लोक ९.

ऐसी अनेक त्रुटियाँ यत्र-तत्र परिदृश्यमान हैं।

डॉ० जे० ताकाकुसु ने जापानी-भाषान्तर में इस ग्रन्थ को 'वज्रसूच्योपनिषद्' की जो टीका मानी है, वह भी निराधार है; क्योंकि इसके प्रणयन की विधा व्याख्या-विधा से सर्वथा भिन्न है।

उपर्युक्त तथ्यों एवं विचारों को ध्यान में रखते हुए, वैमत्य के बावजूद भी, इसे अश्वघोष-रचित न मानने का कोई औचित्य नहीं है। इस रचना का, स्थान-विशेष में उल्लिखित न होना अथवा भावी-विचारों की पूर्वकाल में ही, पूर्ण प्रौढ़ि के साथ प्रकाशन, वज्र-सूची को अश्वघोष-प्रणीत मानने में कोई बाधक नहीं हैं। साथ ही, क्या व्यक्ति-विशेष की शैलियों एवं उसके विचारों में, विषय के अनुसार, पार्थक्य नहीं दीखता है? स्थान एवं काल-भेद के कारण भी व्यक्ति-विशेष के विचार बदलते हूए दृष्टिगत होते हैं।[1] इसके अतिरिक्त, इस ग्रन्थ में मनुस्मृति से उद्धरणों को प्रस्तुत कर वर्ण-व्यवस्था की, जो छीछालेदर की गई है, उसके अनुरूप उद्धरण पूर्व समीक्षित कृतियों बुद्ध-चरित[2] तथा सूत्रालंकार[3] आदि में भी विद्यमान हैं और इसके इस ग्रन्थ के अश्वघोष की रचना होने के प्रमाण को बल मिलता है।

वज्र-सूची की पाण्डु-लिपियाँ

वज्रसूची के, जो हस्त-लेख, प्रतिलेख अथवा आलोक-लेख अद्यावधि प्रकाश में आ सके हैं, उनका विवरण निम्नलिखित है—

१. भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीचूट, पूना।

२ एवं ३. एशियाटिक सोसायटी आफ बेंगाल।

४. आड्यार लायब्रेरी, आड्यार, मद्रास।

प्रतिलेख

आड्यार लायब्रेरी, मद्रास के हस्तलेख के आधार पर निर्मित प्रतिलेख।

---

१. वर्तमान नेता गण इसके ज्वलन्त दृष्टान्त हैं, जो देश और काल के अनुसार अपना राग अलापते तथा अपनी डफली बजाते हुए परिलक्षित होते हैं। हवा के अनुसार रंग-बदलते दीखते हैं।

२. बुद्ध चरित, सर्ग ४ एवं ६

३. कथा-संख्या ७७.

आलोक-लेख

१. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, कैम्ब्रिज ।

२ एवं ३. इन्डीया आफिस लायब्रेरी, लन्दन ।

भाषान्तर एवं संस्करण

१. वज्र-सूची के अनेक भाषाओं में अनुवाद हुए हैं। प्रकृष्ट जर्मन विद्वान डॉ० ए० वेबर ने इसका जर्मन-भाषान्तर १८५९ ई० मे, वर्लिन से प्रकाशित कराया था।[1]

२. इसका चीनी भाषानुवाद ९७३-९८१ ई० पू० में धर्मदेव द्वारा सम्पन्न हुआ था।

३. जापानी भाषा में इसका अनुवाद डॉ० जे० ताकाकुसु ने सम्पादित किया था।

४. वज्रसूची का प्रथम आग्ल भाषानुवाद, बी० एच० हड्सन द्वारा किया गया था, जिसका प्रकाशन एल० विलकिन्सन् ने किया।[2]

५. एस० मुखोपाध्याय ने द्वितीय अंग्रेजी रूपान्तर कर, शान्ति-निकेतन से १९५० ई० में प्रकाशित कराया है।[3]

प्रस्तुत संस्करण

वज्र-सूची का यह संस्करण सर्व प्रथम हिन्दी-व्याख्या के साथ विद्वद्वर्ग के समक्ष प्रस्तुत है, जो उपर्युक्त प्रायः सभी संस्करणों के परिशीलन एवं सहाय्य के पश्चात् सम्पादित है। इसमें मूल ग्रन्थ, अपने विविध पाठान्तरों के साथ उपनिबद्ध है।

अश्वघोष का यह ग्रन्थ अपने मूल रूप में दो भागों मे उपरचित है, पद्य-भाग एवं गद्य-भाग। दोनो भाग सर्वथा पृथक न होकर परस्पर

---

१. द्रष्टव्य—ए० बी० ए० (पत्रिका), मई, १८५९.

२. द्रष्टव्य—आर० ए० एस०, भाग ३- १८२९.

३. The Sino-Indian cultural sociaty, santinikatan, India.

सम्पृक्त हैं। कहीं-कहीं लगातार अनेक श्लोक ही उल्लिखित हैं तथा कहीं-कहीं सतत् गद्यभाग ही उपरचित हैं। कभी-कभी दोनों भाग क्रमशः एक दूसरे के पश्चात् लिखित हैं। इस प्रकार इसकी रचना चम्पू-सदृश दृष्टिगत होती है, किन्तु इसे चम्पू नहीं मान सकते हैं। यह दर्शन ग्रन्थों अथवा काव्य-शास्त्रीय ग्रन्थों की सरणी पर लिखित है, जहाँ पूर्व-पक्ष को उपस्थापित कर, उसका खण्डन, तदनन्तर सिद्धान्त-पक्ष की स्थापना की जाती है।

इस ग्रन्थ में कुल मिलाकर मात्र ५३ श्लोक हैं और लगभग ४० छोटे-बड़े गद्य-खण्ड हैं। पद्य-खण्ड में भी दो प्रकार हैं। प्रथमतः कवि द्वारा स्व-निर्मित पद्य तथा द्वितीय प्रकार के पद्य विविध स्रोत-ग्रन्थों से अवतरित हैं। स्व-रचित पद्य अत्यल्प हैं; अधिकांश पद्य उद्धरण ही हैं, जिन्हें अश्वघोष ने अपने पक्ष के समर्थन के लिये अन्वेषित कर 'तदुक्तं' तथा 'यथोक्तम्', कहते हुए उद्धृत किये हैं। इसके ठीक विपरीत स्थिति गद्य-भाग की है, जहाँ अधिकतर गद्य अश्वघोष–विरचित हैं और गद्योद्धरण नाममात्र के ही हैं। अश्वघोष ने अपनी बात प्रायः गद्य में ही कही है और उसका साक्ष्य पद्योद्धरण के रूप में प्रस्तुत किया है। प्रकृत संस्करण में समग्र मूल ग्रन्थ, (गद्य-पद्य दोनों भागों) की हिन्दी-व्याख्या की गई है। कहीं वक्तव्य को स्पष्ट करने के लिये टिप्पणी या विशेष का भी व्यवहार किया गया है, जिसके अन्तर्गत वक्तव्य विशेष को समझाया अथवा निर्दिष्ट किया गया है।

इस ग्रन्थ में व्यवहृत श्लोकों की संख्या, मूल-ग्रन्थ में दी गई संख्या के अनुरूप ही रखी गई है, जो मोटे अक्षरो में हैं। उनकी हिन्दी करते समय, व्याख्या के अन्त में उक्त संख्या को भी लिख दिया गया है। गद्य-भाग की व्याख्या–सौविध्य को ध्यान में रख कर उन्हें 'क', 'ख' आदि वर्णों के अन्तर्गत रखा गया है। किन्तु मूल-गद्य भाग के वर्ण बड़े कोष्ठक, (यथा- [क], [ख]) में रखे गये हैं, किन्तु उनकी हिन्दी करते समय उक्त वर्णों को छोटे कोष्ठक यथा–(क), (ख) में रखा गया है।

इस ग्रन्थ में अधिक महत्त्व पूर्ण हैं, समानान्तर उद्धरण, जो शोध-कर्ताओं के लिये अत्यधिक उपादेय हैं। इन उद्धरणों को मूल तथा उसकी हिन्दी व्याख्या के पश्चात् 'द्रष्टव्य-समानोद्धरण', 'तुलनीय' अथवा कहीं-कहीं 'मिलाइये' के

उप-शीर्षक द्वारा निर्दिष्ट किया गया है। समानोद्धरणों के नीचे, काली पट्टी दकर, पाद-टिप्पणी में पाठ-भेद दिये गये हैं।

जिज्ञासु पाठकों एवं शोध-कर्त्ताओं के उपयोग को ध्यान में रखते हुए संस्करण के अन्त में विविध परिशिष्ट, जोड़ दिये गये हैं, जिनके अन्तर्गत अवशिष्ट विशेष वक्तव्य, टिप्पणी तथा श्लोकानुग्रमणी, दी गई है। परिशिष्ट में ही पौराणिक व्यक्तित्वों पर नूतन प्रकाश डाला गया हैं तथा प्रकृत संस्करण एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त उन व्यक्तित्वों के विषय में विद्यमान भ्रान्तियों का निराकरण भी किया गया है। उसके पश्चात् वज्रसूची की पृ० स० छोटे कोष्ठ में दी गई है, जहाँ वे व्यवहृत हैं। शब्दानुक्रमणी भी संस्करण के अन्त में जोड़ दी गई है।

वज्रसूची का प्रतिपाद्य-विषय

इस ग्रन्थ का प्रारम्भ, जगद्गुरु मञ्जुघोष के प्रणमनोपरान्त, होता है। यह वस्तुतः वज्रसूची का मंगल-श्लोक है। तदनन्तर द्वितीय श्लोक में इस बात का विवेचन है कि वेद, स्मृतियाँ और कर्तव्य के निर्धारक-वचन प्रमाण हैं। यदि कोई व्यक्ति इन मान्य प्रमाणों को प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं करता है, तो उस व्यक्ति के वचन को प्रमाण कैसे माना जा सकता है?

तत्पश्चात् ग्रन्थकार 'सर्ववर्णप्रधानब्राह्मण इति', के प्रसङ्ग में पूर्वपक्ष के रूप में कतिपय प्रश्नों को उपस्थापित करता है, जो इस प्रकार हैं—

१—ब्राह्मण कौन है?

२—क्या आत्मा ब्राह्मण है?

३—क्या शरीर ब्राह्मण है?

४—क्या मनुष्य जन्मना ब्राह्मण है? अथवा वह ज्ञान के कारण ब्राह्मण है?

५—क्या पारम्परिक आचरणों के अनुवर्तन के कारण वह ब्राह्मण है?, क्या वह आजीविका, व्यवसाय के कारण ब्राह्मण है? अथवा कोई मनुष्य वेदों में पाण्डित्य के कारण ब्राह्मण होता है?

इन प्रश्नों का उत्तर देते हुए अश्वघोष ने वेद, उपनिषद्, महाभारत, स्मृ-

तियों आदि से उद्धरण प्रस्तुत किये हैं और उन्हीं की सहायता से अपने उत्तर को प्रमाणित भी किये हैं। उनका वक्तव्य इस प्रकार है—

आत्मा (जीवात्मा) को ब्राह्मण नहीं मान सकते हैं, क्योंकि एक ही आत्मा विविध भवों में कभी पक्षी, कभी पशु, कभी मर्त्य और कभी देव-योनियों को प्राप्त करता है।

मनुष्य, जन्मना भी ब्राह्मण नहीं है तथा उसे जात्या भी ब्राह्मण नहीं कह सकते हैं। स्मृतियों के प्रमाणानुसार यह स्पष्ट है कि विश्वामित्र, कपिल आदि महर्षिगण ब्राह्मण के रूप में सम्मानित हो चुके हैं, यद्यपि वे जन्मना या जात्या ब्राह्मण नहीं थे।

अब यदि कोई यह तर्क प्रस्तुत करता है कि यदि पिता ब्राह्मण हो और माता ब्राह्मणी न भी हो, तो भी उसकी संतान ब्राह्मण होगी।

ग्रन्थकार का निम्न तर्कों के आधार पर उत्तर यह है—(१) तब तो दासियों के गर्भ से ब्राह्मणों द्वारा उत्पन्न सभी संताने ब्राह्मण होंगी; किन्तु क्या यह ब्राह्मण-वर्ण को मान्य होगा ? इस प्रसङ्ग में (२) द्वितीय बात यह है कि वर्तमान समय में परिदृश्यमान् ब्राह्मणों के विषय में क्या यह निःसंदिग्ध रूप में कहा जा सकता है कि वे ब्राह्मण-पिता की ही संताने हैं ? सम्भवतः नहीं। अन्य वर्ण भी इसके अपवाद नहीं कहे जा सकते हैं; क्योंकि प्राचीन काल से ही ऐसा लक्षित रहा होता है कि ब्राह्मणादि-स्त्रियों का अनुचित एवं गुप्त सम्बन्ध इतर वर्णों के साथ, यहाँ तक कि शूद्रों के साथ भी रहा है और अब भी है। इस लिए जन्म के आधार पर ब्राह्मणत्व की परिकल्पना व्यर्थ है।

(३) मनुस्मृति के अनुसार दुग्ध, मांसादि का विक्रय करने वाला ब्राह्मण, अपने ब्राह्मणत्व से च्युत् होकर, तत्काल शूद्रत्व को प्राप्त करता है।[१] यदि आपकी मान्यतानुसार कोई जन्मना ब्राह्मण है, तो वह परिवर्तित कैसे हो सकता है ? यह सम्भव हो सकता है कि वह निकृष्ट कोटिक हो, किन्तु उसका परिवर्तन तत्काल कैसे सम्भाव्य है ? एक अश्व, जो दुष्ट प्रकृति का

---

१. सद्यः पतति मांसेन लाक्षया लवणेन च।
त्र्यहाच्छूद्रश्च भवति ब्राह्मणः क्षीरविक्रयी ॥ वज्रसूची, श्लोक, ११।

है, क्या वह तत्काल एक शूकर के रूप में परिवर्तित हो सकता है ? अत एव जन्मना ब्राह्मणत्व का, आपका यह सिद्धान्त स्वतः ध्वस्त हो जाता है ।

मनुष्य-शरीर भी ब्राह्मण नहीं हो सकता है। यदि शरीर को ब्राह्मण मानेंगे, तब तो अन्त्येष्टि-संस्कार को सम्पन्न करने वाले अग्निदेव, साथ ही, मृत व्यक्ति के पुत्र, सम्बन्धी आदि सभी ब्राह्मण शरीर-दहन के कारण ब्रह्म-हत्या के भागी होंगे। किन्तु ऐसा होता, तो कभी देखा नहीं जाता है।

(४) पुनः यदि शरीर ही ब्राह्मण है, तब तो समस्त वर्ण ही ब्राह्मण होंगे, क्योंकि सब की उत्पत्ति ब्रह्म से ही हुई है।

क्या ज्ञान (पाण्डित्य) के आधार पर मनुष्य ब्राह्मण हो सकता है ? कदापि नहीं।

यदि ऐसा होगा, तब तो वे सभी ब्राह्मण हो जायेंगे, जो ज्ञान-सम्पन्न हैं। अनेक ऐसे शूद्र विद्यमान हैं, जो वैदिक-ज्ञान, तथा ज्ञान की अन्य शाखाओं में पारङ्गत हैं। किन्तु वे ब्राह्मण नहीं कहलाते हैं।

मनुष्य वृत्ति अथवा, व्यवसाय के कारण भी ब्राह्मण नहीं हैं।

इसका कारण यह है कि अन्य वर्णों में, ऐसे अनेक व्यक्ति हैं, जो ब्राह्मण-व्यवसाय में संलग्न हैं। किन्तु वे ब्राह्मण नहीं कहे जाते हैं।

क्या वेदों में गहन पाण्डित्य के आधार पर कोई ब्राह्मण हो सकता है ? कभी नहीं।

क्योंकि राक्षस-राज रावण को तो समग्र वैदिक-ज्ञान पर पूर्ण आधिपत्य प्राप्त था। इतना नहीं, प्रत्युत् प्रत्येक राक्षस-परिवार में नित्य-प्रति वेदाध्ययन प्रवर्तित हो रहा था। किन्तु क्या वे ब्राह्मण हुए ?

पुनः प्रश्न है—यथार्थतः ब्राह्मण है कौन ? ब्राह्मणत्व किसे कहेंगे ?

इस पूर्वपक्ष की उपस्थापना के पश्चात् ग्रन्थकार ने ब्राह्मण तथा ब्राह्मणत्व का लक्षण बतलाते हुए कहा है—'कुन्देन्दु धवलं हि ब्राह्मत्वं नाम सर्वपापस्यापाकरणमिति।'

ब्राह्मणत्व समग्र पापों से निवृत्ति है। वह चन्द्र एवं कुन्द पुष्प के समान धवल (विमल) तथा सुन्दर है। ब्राह्मणत्व का आधार शास्त्र, संस्कार,

जाति, कुल, वेद तथा कर्म आदि नहीं हैं।[१] ब्राह्मणत्व से विभूषित ब्राह्मण तो विलक्षण होता है। देवगण, ब्राह्मण उसी व्यक्ति को मानते हैं, जो निर्मम, निरहङ्कार, निःसङ्ग तथा निष्परिग्रह है और जो राग-द्वेष से सर्वथा निर्मुक्त है।[२]

सत्य-भाषण, तपश्चर्या, इन्द्रिय–निग्रहत्व, समग्र तथा जीवों के प्रति दया का भाव ही ब्राह्मण का लक्षण है।[३]

धर्म-ग्रन्थों से प्रमाण उद्धृत करते हुए, इस प्रकार ब्राह्मण का लक्षण देने के पश्चात्, ग्रन्थकार ने, इस संदर्भ में, अन्य तर्क भी प्रस्तुत किये हैं—

आप ब्राह्मण-वर्ण का वक्तव्य है कि शूद्र अन्य वर्णों की तुलना में अधमत्तम हैं, क्योंकि उसका परिगणन सबसे अन्त में हुआ है। यदि इसे सत्य माना जाय, तब तो देवराज इन्द्र श्वान से भी अधमतर माने जायेंगे। इसके समर्थन में अश्वघोष ने पाणिनि के–'श्वयुवमघोनामतद्धित' इति,[४] इस सूत्र को उद्धृत किया है, जिसके अनुसार इन्द्र का नामोच्चारण श्वान् तथा युवन् के पश्चात् हुआ है। क्या इसके कारण इन्द्र को श्वान की अपेक्षा नीच मानते हैं ? इस प्रकार के समस्त पदों का प्रयोग साहित्य में प्रायः दृष्टिगत होता है। 'उमा-महेश्वरौ' 'दन्तौष्ठम्' सदृश लोक-व्यवहृत दृष्टान्त बहुधा देखे जाते हैं। किन्तु इन प्रयोगों के आधार पर, यह नहीं कह सकते हैं कि महेश्वर, उमा से; तथा ओष्ठ, दन्त की अपेक्षा अवर हैं। इसका तात्पर्य यह भी नहीं लेना चाहिए कि दन्त, ओष्ठों की अपेक्षा अथवा महेश्वर, उमा की अपेक्षा बाद में प्रकाश में आये हैं। अतएव उक्त प्रसंग में 'ब्राह्मणक्षत्रियविटशूद्राः', इस समस्त पद का व्यवहार हुआ है, न कि आपकी सापेक्ष दृष्टि से हुआ है।

इस प्रसङ्ग में अन्य तर्क यह है कि ब्राह्मण तथा अन्य वर्णों में शरीर-संस्थान की दृष्टि से कोई भेद भी नहीं है, जो भेद पशु–पक्षी अथवा पादपों से परिलक्षित होता है। इसी प्रकार विविध वर्णों के विभिन्न भावों–सुख-

---

१. वज्र-सूची, श्लोक १३।

२. वही, श्लोक १४।

३. वही, श्लोक १५।

४. अष्टाध्यायी, ६।४।१३३.

दुःख, भय-क्रोध आदि में भी कोई पार्थक्य परिलक्षित नहीं होता है। इस लिये वर्ण एक ही है, अनेक नहीं।

ग्रन्थकार ने पूर्व-पक्षियों की मान्यता को लक्ष्य कर एक अन्य तर्क उपस्थित किया है। आप पूर्वपक्षी यह मानते हैं कि ब्राह्मण, ब्रह्मा-मुख से, क्षत्रिय बाहों से, वैश्य उरु से और शूद्र उनके के चरण से उत्पन्न हुए हैं, इस कारण उनमें भेद है।

क्या आपकी ऐसी मान्यता सम्भव है ? कदापि नहीं। पणस (कटहल) तथा उदुम्बर (गूलर), इसके लिए साक्ष्य-रूप में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। दोनों ही वृक्षों से फलोत्पत्ति प्रायः उनके समस्त अङ्गों में देखी जाती है। यदि उनके कुछ फल मूल के निकट लगते हैं, तो कुछ फल उनके तने में फलते हैं और इसी प्रकार, यदि कुछ फल उनके संधि-स्थानों में लगते हैं, तो अन्य उनकी शाखाओं में। किन्तु, क्या इन फलों में कोई भेद दृष्टिगत होता है ? सर्वथा नहीं।

इनके उपरान्त पूर्व पृष्ठों में हुए शास्त्रार्थ की इतिश्री करते हुए ग्रन्थकार ने पुनः महाभारत तथा अन्य धर्म-ग्रन्थों से उद्धरण दिये हैं, और निष्कर्ष रूप में उन्होंने यह कहा है कि प्रथमतः प्रारम्भ में वर्ण केवल एक ही था और व्यवसाय के आधार पर वह चतुर वर्णों के रूप में विभक्त हुआ। वस्तुतः वह विभाजन वर्ण का नहीं, प्रत्युत् श्रेणी का था तथा श्रम का था। इस प्रगङ्ग में श्रीकृष्ण का वह विचार ध्यातव्य हैं—चातुरवर्ण्यं मया सृष्टं गुण-कर्म-विभागशः।[1]

अश्वघोष ने, अपने ग्रन्थ को परिणति पर पहुँचाते हुए, इसके अन्त में, धर्म-शास्त्रों से दृष्टान्त उद्‌धृत कर, ब्राह्मण का क्या लक्षण है, उसके कौन-कौन से वैशिष्ट्य हैं, इसका विवेचन किया है। ब्राह्मणत्व आभिजात्य है, औदार्य है और ब्राह्मण उदात्त एवं महान है। ब्राह्मण की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए अश्वघोष के निम्नलिखित वचन स्मरणीय हैं—

जीवितं यस्य धर्मार्थे परार्थे यस्य जीवितम्।
अहोरात्रं चरेत् क्षान्ति तं देवा ब्राह्मणं विदुः॥

—वज्रसूची, श्लोक ४५.

---

१. श्रीमद्‌भगवद्‌गीता, ४.१३।

कहने का तात्पर्य यह है कि जिसका समग्र जीवन ही धर्मार्थ तथा परार्थ है और जो सदैव क्षान्ति (शान्ति) का अनुवर्तन करता है, वही देवों की दृष्टि में ब्राह्मण है। इसके अतिरिक्त भी ब्राह्मण एवं ब्राह्मणत्व की भी मीमांसा करते हुए ग्रन्थकार ने, जो वचन[1] कहे हैं, वे ध्यातव्य हैं।

शूद्र के विषय में व्याख्यान करते हुए ग्रन्थकार का मत यह है कि ब्राह्मण भी यदि गुणों से विरहित है और वह पुण्य-क्रियाओं से विमुख है, तो वह शूद्र से भी अधम कोटिक है।[2] इसी प्रसङ्ग में चण्डाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा है कि जिसमें सत्याचरण, तपश्चर्या, इन्द्रिय-निग्रहत्व तथा प्राणि-वर्ग के प्रति दया का अभाव है वह चण्डाल होने के योग्य है।[3]

वज्रसूची की पृष्ठभूमि

वज्रसूची के अध्ययनोपरान्त यह स्पष्ट है कि अश्वघोष ने समग्र वाङ्मय (वैदिक-लौकिक) का अनुशीलन किया है और तदनन्तर इस लघ्वाकृति की रचना की है। इस ग्रन्थ में उपलब्ध उद्धरण ग्रन्थकार के गहन-ज्ञान के जाज्वल्यमान साक्ष्य हैं। अतएव इसकी प्राचीन वाङ्मय मूलकता को तो अस्वीकार नहीं किया जा सकता है[4]; किन्तु बुद्ध-धर्म एवं उनके विचारों से प्रभावित अश्वघोष ने इसमें बौद्ध-धर्म-सम्मत मान्यताएँ, जिनके दर्शन सुत्तपिटक में प्राप्त होते हैं, का प्रकाशन अवश्य किया है। दीघनिकाय में उपलब्ध अम्बट्ठसुत्त में मानवीय-असमानताओं के, जो उल्लेख मिलते हैं, का दिग्दर्शन इस ग्रन्थ में हुआ है। सुत्तपिटक में इस संदर्भ में बुद्ध ने प्रथमतः ब्राह्मण वर्ण की इस मान्यता का उल्लेख पूर्वपक्ष के रूप में किया है—

'ब्राह्मणो हि सेट्ठो वण्णो, हीनो अञ्ञो वण्णो'[5] अर्थात ब्राह्मण ही श्रेष्ठ वर्ण है, अन्य वर्ण हीन हैं। अन्यत्र इसी प्रकार क्षत्रिय वर्ण की श्रेष्ठता का

---

१. वज्रसूची, श्लोक ३४–४०, ४२, ४६–४८, ५१।

२. वही, श्लोक ४३।

३. वही, श्लोक १६।

४. ऋ १०.९०.१२।

५. दीघ-निकाय (नालन्दा-संस्करण, १९५८) पृ० ४००.

उल्लेख मिलता है–'इति खो अम्बट्ठ, इत्थिया वा इत्थिं करित्वा पुरिसेन वा पुरिसं करित्वा खत्तिया व सेट्ठा, हीना ब्राह्मणा'।[1]

इसी प्रकार वहाँ चतुर वर्णों का उल्लेख करते हुए, यह वर्णित है कि वस्तुतः वर्ण तीन ही हैं और इनसे इतर चतुर्थ वर्ण, ब्राह्मण वर्ण का परिचारक है–चत्तारो भो गोतम वण्णाखत्तिया ब्राह्मणा वेस्सा सुद्दा। इमेसं हि, भो गोतम चतुन्नं वण्णानं तयो वण्णा–खत्तिया च वेस्सा च सुद्दा च–अञ्ञदत्थु ब्राह्मणस्सेव परिचारिका सम्पज्जन्ति।[2]

सुत्त-पिटक में ही, सीमान्तवर्ती प्रदेशों में, वर्ण दो ही होते थे और वे थे–स्वामी एवं दास (सेव्य तथा सेवक), ऐसा उल्लिखित है। किन्तु इनमें ऐसा नहीं है कि स्वामी सदा स्वामी ही अथवा 'दास' सदा 'दास' ही बना रहेगा; प्रत्युत् सेव्य भी सेवक हो सकता है और सेवक भी सेव्य।[3]

बुद्ध की इस सन्दर्भ में मान्यता है कि कर्म ही श्रेष्ठ है और व्यक्ति के श्रेष्ठत्व का वही आधार है, न कि जन्मना कोई ब्राह्मण है अथवा ब्राह्मणेतर, यथा—

न जच्चा ब्राह्मणो होति, न जच्चा होति अब्राह्मणो।
कम्मुदुना ब्राह्मणो होति, कम्मुना होति अब्राह्मणो॥[4]

इसके अतिरिक्त इस बात का भी उल्लेख मिलता है कि कर्म से ही कोई कृषक होता है, तो कर्म से ही कोई शिल्पी और कर्म से ही कोई वणिज होता है, तो कर्म से ही पत्रकार आदि। यथा—

कस्सको कम्मुना होति, सिप्पको होति कम्मुना।
वणिजो कम्मुना होति, पेस्सिको होति कम्मुना॥
सुत्त-पिटक, पृ.२५० तथा पृ० ३८६.

---

१. वही, पृ० ८५.

२. वही, पृ० ८०.

३. योन कम्बोजेसु अञ्ञेसु च पच्चत्तिमेसु जनपदेसुद्वेव वण्ण–अय्यो चेव दासो च अय्यो हुत्वा दासो होति, दासो हुत्वा अय्यो होति।' वही, पृ. ४५०,

४. दीघ-निकाय (जाति वादं आरब्भ-भगवतो देसना), पृ० ४६७।

प्रकृत प्रासङ्गिक उद्धरण बुद्ध के वर्ण-सम्बन्धी विचारों से अवगत होने के लिये पर्याप्त हैं। वस्तुतः बुद्ध को वर्ण-भेद मान्य नहीं था और उन्हें यह अभिप्रेत था कि बुद्धि, विचार एवं कर्म में अभिवृद्ध मनुष्य ही श्रेष्ठ है। इसी कर्म की पृष्ठभूमि पर प्रारम्भिक बौद्ध-धर्म की नींव भी टिकी हुई है, जहाँ अर्हत्व की प्राप्ति ही मनुष्य का परम लक्ष्य है और वह सम्भाव्य है मनुष्य के उत्कृष्ट कर्मों द्वारा और वह आधृत है विविध पारमिताओं के पारङ्गत्व पर। सुगत के उक्त विचारों से पूर्ण प्रभावित हैं कविवर अश्वघोष और बुद्ध की उक्त मान्यताएँ परिशीलित हैं, प्रकृत ग्रन्थ वज्र-सूची में।

समीक्षण

वज्र-सूची एक यथार्थवादी रचना है, जिसमें बौद्ध-कवि अश्वघोष की यथार्थ-भित्ति पर आधृत विचार-धाराओं के दर्शन होते हैं। सर्व प्रथम यही ग्रन्थ है, जहाँ जाति-प्रथा का समाज के नाटकीय रङ्गमञ्च पर खुलकर विरोध किया गया है।

प्राचीन कालीन भारतीय समाज में प्रचलित वर्ण-व्यवस्था के विरुद्ध यह ग्रन्थ एक चुनौती है। इसमें चुभन-भरे कटु-सत्यों का प्रकाशन निर्भयता के साथ किया गया है। समाज की कुरीतियों पर प्रबल प्रहार किया गया है। वर्ण-व्यवस्था–जनित सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध इसमें आवाज उठाई गई है। वर्णों में उत्कृष्ट माने जाने वाले ब्राह्मण-वर्ण की इसमें आलोचना की गई है। उन्हीं द्वारा दिये गये तर्कों से उनकी विचार-धाराओं का खण्डन किया गया है। धर्म एवं वर्ण की आड़ में निहित, जिन तथ्यों पर आडम्बर का पर्दा डाला गया था, उनका इसमें अपनयन कर, रहस्य बने हुए, अब तक के गोपनीय तथ्यों का उद्घाटन किया गया है।

प्राचीन धर्म-ग्रन्थों-वेद-शास्त्र, उपनिषद् महाभारत, एवं स्मृतियों के अनेक दृष्टान्त इसमें प्रस्तुत किये गये हैं। इन उद्धरणों के माध्यम से तत्कालीन समाज में प्रचलित ब्राह्मण-धर्म की मान्य वर्ण-व्यवस्था तथा जाति-भेद के विचारों का बहिष्कार सहज रीत्या अत्यन्त बुद्धिमत्तापूर्ण किया गया है। वर्ण-व्यवस्था के कारण प्रादुर्भूत विविध सामाजिक दोषों की सयुक्ति भर्त्सना की गई है।

समग्र मानव समान हैं, वज्रसूची का यह शंखनाद है। कारण यह है कि जीवन-मरण, सुख-दुःख हानि, लाभ आदि सभी दृष्टियों से, जब सभी समान हैं, तो फिर विषमता का बीज पवन कर वर्ण विशेष अथवा वर्ग विशेष को समानाधिकार से वञ्चित करना कहाँ की बुद्धिमत्ता है? अस्तु इस संसार में समस्त प्राणि-वर्ग का प्रकृति से, जो समानाधिकार प्राप्त हैं, उन्हें अवश्य प्राप्त होना चाहिए। यही सच्ची मानवता है जो आधृत है विविध पारमिताओं के पारङ्गत्व पर। सुगत के उक्त विचारों से पूर्ण प्रभावित हैं कविवर अश्वघोष और बुद्ध की उक्त मान्यताएँ परिशीलित हैं, प्रकृत ग्रथ वज्र-सूची में।

मानवता के लिए समुचित एवं सार्वभौम सिद्धान्त यही है, यही लोक में परिदृश्यमान पारस्परिक भेद की खाई को पाट सकता है और यही वह समत्व का सिद्धान्त है, जो सच्चे लोक-तन्त्र का आधार है तथा जो भारतीय लोक-तन्त्र के उन्नयन में सहायक सिद्ध हो सकता है। इसी महनीय मानवीय समत्व-सिद्धान्त का आदर्श इस ग्रन्थ में प्रस्तुत है।

वज्रसूची ने, अपनी इस उदार दृष्टि, जिसमें समस्त श्रेणी के व्यक्तियों की समानता का प्रतिपादन हुआ है, के कारण, पाश्चात्त्य-जगत् में पूर्ण ख्याति प्राप्त किया है। वहाँ के समीक्षक इसकी इस समत्त्व-बुद्धि के कारण इस पर मन्त्र मुग्ध हैं।

इस ग्रन्थ में यह अभिव्यक्त है कि ऊँच-नीच की भेद-भावना मानवता के लिए अभिशाप है। इसके कारण कोई भी राष्ट्र कमजोर हो सकता है। किसी भी देश की नीव निर्बल हो सकती है। भेद-बुद्धि से मानवता क्या, राष्ट्र विशेष की एकता भी कायम नहीं रह सकती है। फलतः मानवीय भेद-बुद्धि के कारण समाज का वातावरण विशृंखलित हो जाता है। इसी भेद-बुद्धि के परिणाम स्वरूप मानव मानव को भक्षण करने के लिए उद्यत हो जाता है। भाई भाई के प्राणों का ग्राहक हो जाता है। एक दूसरे की धन सम्पदा, लूटने के लिए वे परस्पर होड़ लगाने लगते हैं। संसार के सभी बन्धन इसी भेद-बुद्धि एवं स्वार्थान्धता के कारण टूटते हुए दीखते हैं। अत एव अपेक्षा इस बात की है कि उक्त भेद-बुद्धि के अपनयन हेतु कठोर कुठार सदृश इस लघु ग्रन्थ को कण्ठ का हार बना लिया जाय।

वज्रसूची एज अनूठी लघु, किन्तु सारगर्भित रचना है, जिसका दार्शनिक, धार्मिक, साहित्यिक महत्त्व तो है ही; साथ ही भारतीय साहित्य के इतिहास एवं संस्कृति की दृष्टि से भी इसका महत्त्व कम नहीं है, क्योंकि इसमें वेदों, धर्म शास्त्रों तथा महाभारतादि के, जो उद्धरण दिये गये हैं, वे भी इस ग्रन्थ की ऐतिहासिकता तथा सांस्कृतिक महत्ता के द्योतक हैं ।

इस ग्रन्थ की तर्क-पद्धति अत्यन्त सरल, किन्तु प्रभावकारिणी है । इसमे ग्रन्थकार ने, जिस प्रभावकारिता के साथ विविध सैद्धान्तिक एवं धार्मिक दृष्टिकोणों का खण्डन किया है, वह वस्तुतः सराहनीय है । इसकी तर्क-विधा अतीव आकर्षक है और वह किसी भी सिद्धान्त, सम्प्रदाय अथवा धर्म के विरोध में खड़ा होने में सक्षम एवं सबल है ।

वज्रसूची में वर्णित विचार, बुद्ध-धर्म के विचारों के प्रसारणार्थ सुप्रयास हैं और एक बौद्ध-विचारक एवं बुद्ध-वचनोपदेशक के यथार्थ आन्तरिक उद्गार हैं, जिनकी दृष्टि में भेद-भाव की नीति मानव के मध्य असमता का बीज वपन करती है और मानवीय ऐक्य पर प्रबल प्रहार करतो है । फलतः राष्ट्र की सार्वभौमिकता के विचारों पर तुषारापात हो जाता है और यही भेद-बुद्धि परतन्त्रता की वेणी का आह्वान करती है, जिसके भुक्तभोगी विश्व के अनेक राष्ट्र हो चुके हैं और हम भारतीय भी दासता की जन्जीरों में वर्षों तक जकड़े रहे हैं ।

इस ग्रन्थ में अश्वघोष के उदीरित उद्गार तथ्यतः साम्य-वाद के न्यायालय में तर्क-सम्मत वकालत है तथा विश्व-वन्धुत्व की विशाल अदालत में सत्य का आह्वान है और है समग्र मानवीय सृष्टि के लिये एकता के सूत्र में पिरोने का आमान्त्रण; जहाँ वस्तुतः सभी अपने हैं, आत्मीय हैं ।

बौद्ध-विचारों के अधिवचन के संदर्भ में अश्वघोष में बारिकी की बात यह है कि वैदिक, किंवा ब्राह्मण-धर्म में परिदृश्यमान त्रुटियों की भर्त्सना की तथा उन्हीं के तर्कों तथा साक्ष्यों द्वारा उन्हीं पर प्रहार किया । इनका यह कार्य, भूत तथा वर्तमान में भी यत्र-तत्र प्रचलित परम्परा का अनुसरण है; जहाँ अपनी बात को दूसरों द्वारा स्वीकार कराने के लिये प्रथमतः अन्य की त्रुटियों का बारम्बार उल्लेखन तथा प्रकाशन कराया जाता है, ताकि प्रति-

पक्षी में अपने भ्रान्त विचारों के प्रति अनास्था तथा सिद्धान्त-पक्षी के विचारों के प्रति आस्था जागृत हो। यह कार्य अश्वघोष तथा साथ ही अन्य बौद्ध विचारकों ने किया है। इस परिपाटी का दर्शन, उन धर्मावलम्बियों में भी दृष्टिगत होता है, जो निज धर्म प्रचार-हेतु अन्य धर्मों पर हावी होते हुए देखे जाते हैं। इस्लाम, ईसाई, सिक्ख, यहूदी आदि धर्माव लम्बी इसके अपवाद नहीं कहे जा सकते है। तथ्य तो है कि धर्म प्रवर्तकों में यह धारणा लक्षित नहीं होती है, जब कि अनुयायि वर्ग उक्त धारणा का प्रबल पोषक होते हुए परिलक्षित होता है। धर्मानुयायियों तक को ही यह संक्रामक रोग नहीं ग्रसा है, प्रत्युत साहित्यिक तथा दार्शनिक समुदाय में भी यह विरोध-व्याधि संक्रमित हुई है, जहाँ एक-दूसरे के सिद्धान्तो को नीचा दिखाने के लिये अप-शब्दों तक का व्यवहार करते हुए लोग अवलोकित होते हैं। किन्तु यह उचित कदापि नहीं है। औचित्य तो इस कार्य में है कि अपनी बात कही जाय, उसकी विशेषताओं का उल्लेख करते हुए, बारम्बार उसकी संस्तुति की जाय, चाहे भले ही अतिशयोक्ति का सहारा लेना पड़े। यह अनुचित नहीं कहा जा सकता, किन्तु अनुचित तो यह होगा कि खुले आम अन्य विचारो की भर्त्सना की जाय, अन्य विचारकों के साथ भरी सभा में उठा-पटक की जाय' जैसा अधिकांश नेता वर्ग विचार-कौसिलों की मिटिंग में बहुधा किया करते हैं। उनके विचार अच्छे होंगे, सद्गुण सम्वलिते होंगे, समाज उसे आदर देगा ही, यह बात सम्भव हो सकती है, कि धर्मान्धों अथवा स्वार्थान्धों को उन विचारों में विद्यमान रत्नों की परख में देर भले ही लगे। हमें महाकवि भवभूति के—'ये नाम केचिदिह प्रथयन्त्यवज्ञाम्[1]' इन विचारों को ध्यान में रखकर समुचित सत्यनिष्ठ भाव से युक्त हो कर्तव्य-पालन में तत्पर रहना चाहिए।

इस ग्रन्थ की भाषा-शैली असमस्त पदों से संवलित होने के कारण बोध-गम्य एवं प्रसादमयी है। इसकी विवेचन पद्धति ओजस्विनी एवं व्यञ्जना-मयी होते हुए भी मनोहारी है। गद्य-पद्यमयी इस रचना में पदावली प्रायः प्रसादमयी है। इसमें विचार गर्भित छन्द लघु किन्तु मार्मिक हैं।

---

१. मालतीमाधव,

इन पंक्तियों के माध्यम से मैं तो मानव-समाज के सम्मुख यह अभ्यर्थना करना चाहता हूँ कि वह पारस्परिक भेद-बुद्धि का दूरीकरण कर, स्नेह, सौहार्द्र एवं सद्भाव के साथ परस्पर मैत्री का व्यवहार करे। ऊँच-नीच तथा भेद-भाव के वाह्याडम्बर का परित्याग कर समत्व-बुद्धि से समवेत हो कर, मानव के परम कल्याण-निमित्त सन्नद्ध हो जांय। वस्तुतः जो निष्काम भाव से तप, दानादि सत्कर्मों में प्रवृत्त हैं तथा कदाचरण असत्यादि दुष्कर्मों से सदा विमुख हैं, विशुद्ध ज्ञान स्वरूप परब्रह्म की इस महती सृष्टि के प्रति मैत्री-भाव का आचरण करते हैं, असत्य, अहंकार, हिंसादि सबल शत्रुओं से सदा विरत है और अपने सद्कर्मों द्वारा परहित साधन में संलग्न; सतत् मानवता के उन्नयन् एवं उसके अभ्युदय के लिये तत्पर हैं, वे ही यथार्थ में मनुष्य हैं, वे ही ब्राह्मण हैं अथवा वे ही 'अहंब्रह्मास्मि' के अनुसार ब्रह्म स्वरूप हैं। यही भगवान् बुद्ध की वाणी का परम प्रयोजन है और यही वज्रसूची के लेखन का लक्ष्य भी। अन्त में, अश्वघोष के, इस ग्रन्थ में वर्णित, इन वचनों द्वारा ही प्रकृत आलेखन का समापन किया जा रहा है :

गृह्णन्तु सन्तो यदि युक्तमेतन्मुञ्चन्त्वथा युक्तमिदं यदि स्यात्।

गुरू पूर्णिमा
वि. सं. २०४१

विनयावनत
—रामायण प्रसाद द्विवेदी

शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम् ॥
भगवद्गीता, १८।४२.

शमो दमस्तपः शौचं संतोषः क्षान्तिरार्जवम्।
ज्ञानं दयाच्युतात्मत्वं सत्यं च ब्रह्मलक्षणम् ॥
श्रीमद्भागवत्, ७।११।२१

योगस्तपो दया दानं सत्यं धर्मश्रुतिर्घृणा।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यमेतद् ब्राह्मणलक्षणम् ॥
भवि. ब्राह्म० ४४।१८.

सत्यं दानमथाद्रोहमानृशंस्यं तपो घृणा।
दृश्यन्ते यत्र नागेन्द्र स ब्राह्मण इति स्मृतः ॥
म० व. १८०।२१.

सर्वे वर्णा ब्राह्मणा ब्रह्मजाश्च,
सर्वे नित्यं व्याहरन्ते स्म ब्रह्म।
तत्त्वं शास्त्रं ब्रह्मबुद्ध्या ब्रवीमि,
सर्वं विश्वं ब्रह्म चैतत्समस्तम् ॥
म. शा०., ३१८/८६.

वज्र-सूची

॥ श्रीः ॥

महाकवि अश्वघोषविरचिता

वज्र-सूची

समानोद्धरणपाठभेदादिसहित-

सटिप्पण 'मणिमयी' हिन्दीव्याख्योपेता

ओं नमो मञ्जुनाथाय[1]

जगद्गुरुं मञ्जुघोषं नत्वा वाक्कायचेतसा ।
अश्वघोषो वज्रसूचीं सूत्रयामि यथामतम् ॥ १ ॥

वेदाः प्रमाणं स्मृतयः प्रमाणं धर्मार्थयुक्तं वचनं प्रमाणम् ।
यस्य प्रमाणं न भवेत्प्रमाणं कस्तस्य कुर्याद्वचनं प्रमाणम् ॥ २ ॥

[क] इह भवता यदिष्टं 'सर्ववर्णप्रधानं ब्राह्मणवर्ण' इति, वयमत्र ब्रूमः, कोऽयं ब्राह्मणो नाम । किं जीवः किं जातिः किं शरीरं किं ज्ञानं किमाचारः किं कर्म किं वेद इति ।

[ख] तत्र जीवस्तावद्[2] ब्राह्मणो न भवति । कस्माद् । वेदस्य[3] प्रामाण्याद् । उक्तं हि वेदे--

[ग] ओं सूर्यः पशुरासीत्, सोमः पशुरासीत्, इन्द्रः पशुरासीत् । पशवो देवाः । आद्यन्ते[4] देवपशवः । श्वपाका अपि देवा[5] भवन्ति ।

---

१. कतिपय हस्तलिखित प्रतियों में इस ग्रन्थ का प्रारम्भ निम्नलिखित रूप में हुआ है—

(अ) 'श्रोः । अथ वज्रसूचीग्रन्थः ।' (भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्सटीचूट, पूना-हस्तलेख) ।

(ब) 'वज्रसूच्युपनिबद्धव्याख्या'—(आडियार लायब्रेरी, आडियार, मद्रास—हस्तलेख) ।

२. जीवत्वाद् । ३. वेद । ४. अद्यन्ते, आवर्तन्ते । ५. ब्राह्मणा ।

[घ] अतो वेदप्रामाण्यान्मन्यामहे जीवत्वाद् ब्राह्मणो न भवति ॥

भारतप्रामाण्यादपि ।

हिन्दी व्याख्या—

नत्वा देवीं महाशक्तिं तत्त्वार्थाधिगमाय वै ।
वज्रसूचीं सुबोधाय 'मणि' व्याख्यां करोम्यहम् ॥

ॐ मञ्जुनाथ को नमस्कार है ।

जगद्‌गुरु मञ्जुघोष को मन, वाणी तथा शरीर (मनसा, वाचा, कर्मणा) सभी प्रकार से नमस्कार कर, मैं (अश्वघोष) स्वबुध्यनुसार 'वज्र-सूची' नामक ग्रन्थ की रचना करता हूँ ॥ १ ॥

प्रायः आदिम काल से ही, सभी आस्तिक, किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में ईश्वर का स्मरण करते हैं । अत एव ग्रन्थ प्रारम्भ रूप शुभ-कार्य के आरम्भ में अपने इष्टदेव का स्मरण अथवा प्रनमन किये जाने की परम्परा समग्र भारतीय ग्रन्थों में दृष्टिगत होती है । यह इष्टदेवाराधन ही मङ्गलाचरण के रूप में प्रख्यात है, जिसका लक्षण है—'समाप्तिप्रति-बन्धकपापविशेषध्वंसकारणत्वं मङ्गलत्वम् ।' ऐसी मान्यता है कि मङ्गला-चरण से कार्य की निर्विघ्न परिसमाप्ति हो जाती है । महाभाष्यकार के अनुसार मङ्गलाचरण से प्रारम्भ होने वाली रचना प्रसिद्‌धि को प्राप्त करती है—'मङ्गलादीनि हि शास्त्राणि प्रथन्ते' महाभाष्य, पृ० २४ । इस प्रकार मङ्गलाचरण द्वारा ग्रन्थ-प्रणयन में आनेवाली विघ्न-वाधाओं का दूरीकरण हो जाता है और ग्रन्थ का विघ्नविरहित समापन रूप ग्रन्थकार की कार्य-सिद्‌धि भी हो जाती है ।

यह मङ्गल—'आशीर्वाद–नमस्कार-वस्तुनिर्देशभेदतः—' तीन प्रकार का कहा गया है, जिसकी अवतारणा ग्रन्थारम्भ में अपेक्षित है—'मङ्गलं त्रिविधं प्रोक्तं ग्रन्थादौ तत्सुखावहम् ॥ प्राचीन तार्किकों के अनुसार मङ्गलाचरण ग्रन्थ-समाप्ति के प्रति साक्षात् कारण होता है, जब कि नव्य तार्किक मङ्गलाचरण को विघ्नविध्वंस के प्रति कारण मानते हैं तथा ग्रन्थ-परिसमाप्ति के प्रति बुद्‌धि, प्रतिभादि हेतुकलाप ही कारण हैं । उक्त विघ्न–परिसमाप्ति-प्रतिबन्धक, प्रचार-प्रतिबंधक तथा यशःप्रतिबन्धक-भेद से तीन प्रकार के हैं ।

उक्त परम्परा का अनुसरण करते हुए महाकवि अश्वघोष प्रकृत रचना के प्रारम्भ में मङ्गलाचरण के रूप में जगद्-गुरु मञ्जुघोष को प्रणाम करते हैं और धर्मशास्त्र-सम्मत ग्रन्थ के प्रणयन में प्रवृत्त होते हैं।

मञ्जुघोष(मञ्जुश्री), उत्कृष्ट बौद्ध देव (बोधिसत्त्व) हैं। यह ज्ञान के देवता हैं, जिनके विशिष्ट चिन्ह—ग्रन्थ,खड्ग तथा नील कमल हैं। यह दाहिने हाथ में अज्ञानान्धकार के अपनयन-हेतु एक खड्ग तथा बायें हाथ में वक्षस्थल-उपरि, ज्ञान (प्रज्ञापारमिता) रक्षणार्थ एक ग्रन्थ धारण करते हैं। ऐसे जगद्गुरु मञ्जुघोष के प्रणिपातोपरान्त विघ्नों का सद्भाव ही कहाँ ?

वेद प्रमाण हैं, स्मृतियाँ प्रमाण हैं, धर्म एवं अर्थ से युक्त वचन प्रमाण हैं। जो व्यक्ति प्रमाणों को प्रमाण रूप में स्वीकार नहीं करता, उसके वचन को प्रमाण कौन मान सकता है अथवा प्रमाणों को अप्रमाण मानने वाले व्यक्ति के वचन को प्रमाण कैसे माना जा सकता है ? ॥ २ ॥

(क) इस जगत में आप (श्रीमान्) को अभीष्ट, ब्राह्मण वर्ण, यदि सभी वर्णों में श्रेष्ठ है, तो हम यहाँ आपके सम्मुख कुछ प्रश्न करना चाहेंगे—ब्राह्मण कौन है ? क्या जीव (आत्मा) ब्राह्मण है ?, क्या जाति-जन्म ब्राह्मण है ?, क्या शरीर ब्राह्मण है ?, क्या ज्ञान ब्राह्मण है ?, क्या आचार ब्राह्मण है ?, क्या कर्म ब्राह्मण है ?, क्या वेद ब्राह्मण है ?

द्रष्टव्य––समानोद्धरण––

(२)––प्रमाणमप्रमाणं वै यः कुर्यादबुधो जनः।
न स प्रमाणतामर्हो विवादजननो हि सः॥

महाभारत, अनु० १६२।२५

उक्तं हि भारते––

सप्तव्याधा दशार्णेषु[1] मृगाः कालञ्जरे[2] गिरौ।
चक्रवाकाः शरद्वीपे हंसाः सरसि मानसे ॥ ३ ॥
तेऽपि जाताः कुरुक्षेत्रे ब्राह्मणा वेदपारगाः ॥ ४ ॥

१. दशारण्ये। २. कालिञ्जरे, कालिञ्जले।

[ङ] अतो भारतप्रामाण्याद् व्याधमृगहंसचक्रवाकदर्शनसम्भवान्म-
न्यामहे जीवस्तावद् ब्राह्मणो न भवति ।

अर्थात् क्या आत्मा ब्राह्मण है अथवा शरीर ? क्या मनुष्य जन्मना ब्राह्मण होता है अथवा ज्ञान–सम्पन्नता के कारण ? क्या वह सम्प्रदाय-सम्बद्ध पारम्परिक आचरणों, क्रियाओं के अनुसरण के कारण ब्राह्मण है अथवा वेदों में निष्णातता ही उसके ब्राह्मणत्व में कारण है ? (ख) जीव (आत्मा) ब्राह्मण नहीं है । क्यों ? वेद—प्रामाण्य के कारण । वेदों में ऐसा कहा गया है—(ग) सूर्य एक पशु था । सोम (चन्द्र) एक पशु था । इन्द्र एक पशु था । पशु देव हो गये । आदि एवं अन्त में, (पुनर्जन्म के आधार पर) एक ही व्यक्तित्व क्रमशः देव भी था तथा पशु भी था । अर्थात् पुनर्जन्म के कारण देव, पशु तथा पशु, देव थे । यहाँ तक कि श्वा-पाकी (श्वान् भक्षक) भी देव अथवा ब्राह्मण हुए हैं ।

(घ) अत एव वेद-प्रामाण्य के आधार पर जीव (आत्मा) ब्राह्मण नहीं है। यही (कथन) महाभारत-प्रामाण्य द्वारा भी समर्थित है ।

महाभारत में कहा गया है—दशार्ण के सप्त व्याध, कालञ्जर गिरि के मृग, शरद्वीप के चक्रवाक तथा मानसरोवर के हंस, वेदों में पारंगत, ये सभी कुरुक्षेत्र में ब्राह्मण हो गये ।। ३-४ ।।

(ग) तुलनीय—वाजसनेयि, संहिता, २३।१७; तैत्तीरीय-संहिता, ५।७।२६; शतपथ-ब्राह्मण, १३।२।७।१३-१५; काठक, अश्वमेध, ५।५।४ ।

तथा (३–४) के लिये द्रष्टव्य हरिवंश, २४।२०-२१.

(ङ) जराजन्मान्तरक्लेशदुष्टग्राहकुलाकुलम् ।
नरतिर्यगसच्छद्रयोनिदुःखोर्मिसङ्कटम् ॥
दौःस्थित्यरोगशोकार्तिजलावर्तसमन्वितम् ।
श्वानशूकरचाण्डालकृमिकूर्मादिकायकम् ॥
संसारसागरं घोरं मग्नः खलु परिप्लवन् ।
भूरिपापभराक्रान्तः स जीवो ब्राह्मणः कथम् ॥

ब्रह्म उवाच—सप्तव्याधकथा विप्रा मनुना परिकीर्तिता ।

तां निशम्य यदुश्रेष्ठ नित्यं जातिपदं त्यजेत् ॥
तस्मान्न जीवे ब्राह्मण्यं पश्यामो हि कथञ्चन ॥
भविष्य ब्राह्मण, ४०।२३-२९.

मानवधर्म प्रामाण्यादपि । उक्तं हि मानवे धर्मे—

अधीत्य चतुरो वेदान् साङ्गोपाङ्गेन तत्त्वतः ।
शूद्रात्प्रतिग्रहग्राही ब्राह्मणो जायते खरः ॥ ५ ॥

खरो द्वादशजन्मानि षष्ठिजन्मानि शूकरः[1] ।
श्वानः सप्ततिजन्मानि-इत्येवं मनुरब्रवीत् ॥ ६ ॥

[च] अतो मानवधर्मप्रामाण्याज्जीवस्तावद् ब्राह्मणो न भवति ।
[छ] जातिरपि ब्राह्मणो न भवति । कस्मात् ? स्मृतिप्रामाण्याद् ।
उक्तं हि स्मृतौ—

(ङ) अतः महाभारत-प्रमाण्य के अनुसार जीव (आत्मा) के व्याध, मृग, हंस तथा चक्रवाक के रूप में दर्शन सम्भव होने के कारण, उसे ब्राह्मण नहीं मान सकते हैं ।

मानवधर्म के प्रामाण्य द्वारा भी इसी बात की पुष्टि होती है । मानव धर्म में कहा गया है—

साङ्गोपाङ्ग चारों वेदों का अध्ययन करने एवं उनके तत्त्वार्थ को समझने वाला ब्राह्मण भी यदि शूद्र से दान-ग्रहण करता है, वह खर-योनि में उत्पन्न होता है ॥ ५ ॥

वह सतत द्वादश जन्म पर्यन्त खर (योनि में) रहता है, तदनन्तर साठ जन्म-पर्यन्त शूकर रहता है । तत्पश्चात् श्वान् रूप में परिणत होकर वह सत्तर जन्म-पर्यन्त उसी जन्म (श्वान्–योनि) में पड़ा रहता है, ऐसा मनु ने कहा है ॥ ६ ॥

हस्तिन्यामचलो जात उलूक्यां केशपिङ्गलः ।
अगस्त्योऽगस्तिपुष्पाच्च कौशिकः कुशसम्भवः ॥ ७ ॥

---

१. सूकरः ।

कपिलः कपिलाज्जातः शरगुल्माच्च[1] गौतमः ।
द्रोणाचार्यस्तु कलशात्तित्तिरिस्तित्तिरीसुतः ॥ ८ ॥
रेणुकाऽजनयद्राममृष्यशृङ्गमुनिं मृगी ।
कैवर्तिन्यजनयद् व्यासं कुशिकं[2] चैव शूद्रिका ॥ ९ ॥
विश्वामित्रं च चण्डाली[3] वसिष्ठं चैव उर्वशी ।
न तेषां ब्राह्मणी माता लोकाचाराच्च ब्राह्मणाः ॥ १० ॥

[ज] अतः स्मृतिप्रामाण्यान्मन्यामहे[4] जातिस्तावद् ब्राह्मणो न भवति ।

[झ] अथ मन्यसे माता वाऽब्राह्मणो भवेत् । तेषां पिता ब्राह्मण[5]स्ततो ब्राह्मणो भवतीति । यद्येवं दासीपुत्रा अपि ब्राह्मणजनिता ब्राह्मणा भवेयुः । न चैतद्भवतामिष्टम् ।

[ञ] किं च । यदि ब्राह्मणपुत्रो ब्राह्मणस्तर्हि ब्राह्मणाभावः प्राप्नोति । इदानीन्तनेषु ब्राह्मणेषु पितरि सन्देहाद् । गोत्रब्राह्मणमारभ्य ब्राह्मणीनां [6]शूद्राभिगमनदर्शनाद् । अतो[7] जातिर्ब्राह्मणो न भवति । मानवधर्मप्रामाण्यादपि । उक्तं हि मानवे[8] धर्मे—

(च) अत एव मानव धर्म-प्रामाण्य के द्वारा भी यह सिद्ध है कि जीव (आत्मा) ब्राह्मण नहीं होता है ।

(छ) जाति (जन्म) से भी मनुष्य ब्राह्मण नहीं होता है । क्यों ? स्मृति-प्रामाण्य से; क्योंकि स्मृति में कहा गया है—

अचल (देवर्षि) हस्तिनी से; केशपिङ्गल उलूकी से, अगस्त्य अगस्ती (पुष्प) से, कौशिक कुश से; कपिल कपिला से तथा गौतम शरगुल्म से उत्पन्न हुए । द्रोणाचार्य कुम्भ से तथा ऋषि तित्तिरि तित्तिरी (पक्षी) से प्रादुर्भूत

---

१. शाल, शालि, शार । २. कौशिकम् । ३. चाण्डाली ।
४. प्रामाण्याज्जाति । ५. ब्राह्मणः । ६. शूद्रपर्यन्तमभि ।
७. ततो । ८. व ।

हुए। रेणुका ने राम को उत्पन्न किया तथा मृगी ने ऋषि शृङ्ग को जन्म दिया। कैवर्त वर्णोत्पन्ना एक भृत्या ने व्यास को उत्पन्न किया। एक शूद्रा ने कुशिक को, एक चण्डाल-स्त्री ने विश्वामित्र को एवं उर्वशी ने वसिष्ठ को जन्म दिया। यद्यपि उपर्युक्त महर्षियों की माताएँ ब्राह्मण-वर्ण-सम्भवा नहीं थीं, तथापि वे लोकाचारानुसार ब्राह्मण रूप में ही स्वीकृत किये गये हैं ॥ ७–१० ॥

(५-६) भाव-साम्य के लिये तुलनीय–मनुस्मृति, १०।१०६-११०
तथा––अधीत्य चतुरो वेदान् द्विजो मोहसमन्वितः।
पतितात्प्रतिगृह्याथ खरयोनौ प्रजायते ॥
खरो जीवति वर्षाणि दश पञ्च च भारत ॥
महा० अनु० १११।४६-४७.

(७-१०) जातो व्यासस्तु कैवर्त्याः श्वपाक्याश्च पराशरः।
शुक्याः शुकः कणादाख्यस्तथोलूक्याः सुतोऽभवत् ॥
मृगीजोऽथर्षश्रृङ्गोऽपि वसिष्ठो गणिकात्मजः।
मुनिरौर्वशेयः........., बुद्धचरित, ६।६.

तथा––मन्दपालो मुनिश्रेष्ठो नाविकापत्यमुच्यते ॥ भविष्य, ब्राह्मण, ४२।२२-२४. मित्राइग्रे––बुद्धचरित, ४।७६; ६।६.

तथा––तथा च कौशिकस्तात तपोनित्यो जितेन्द्रियः।
तपसा वै सुतप्तेन ब्राह्मणत्वमवाप्तवान् ॥
महा० शल्य० ४०/११

तस्माच्च कलशाज्जातो द्रोणः शस्त्रभृतां वरः।
शिव धर्म-सं०, १२/७६.

शूद्रीगर्भसमुत्पन्नः कुशिकश्च महामुनिः।
वृहद्देवता, ४/६८

ब्राह्मण्यं लब्धवान् यत्र विश्वामित्रस्तथा मुनिः ॥
महा०. शल्य ३६/३७

वैश्ययोन्यां समुत्पन्नाः शूद्रयोन्यां तथैव च।
ब्रह्मर्षय इति प्रोक्ताः पुराणा द्विजसत्तमाः॥
कथमेतन्महाराज तत्त्वं शंसितुमर्हसि।

भीष्म उवाच—कपिञ्जलादो ब्रह्मर्षिश्चण्डाल्यामुदपद्यत॥

मिला. बुद्ध० ४/७७

वैश्यश्चित्रमुखः कन्यां वसिष्ठतनयस्य वै।
शुभां प्रादाद्यतो जातो ब्रह्मर्षिस्तु पराशरः॥
तथैव दासकन्यायां सत्यवत्यां महानृषिः।
पराशरात्प्रसूतश्च व्यासो योगमयो मुनिः॥

मिला. बुद्ध, ४/७६.

ऋष्यशृङ्गः समुत्पन्नो ब्रह्मचारी महायशाः।
विभाण्डकस्य मृग्यां च तपोयोगात्मको मुनिः॥
शाङ्र्यां च मन्दपालस्य चत्वारो ब्रह्मवादिनः।
जाता ब्रह्मर्षयः पुण्या यैः स्तुतो हव्यवाहनः॥
महर्षेः कालवृक्षस्य शकुन्त्यामेव जज्ञिवान्।
हिरण्यहस्तो भगवान् महर्षिः काञ्चनप्रभः।
शाण्डिल्यश्चाग्नितो जातः काश्यपस्यात्मजः प्रभुः।
शरद्वतः शरस्तम्बात् कृपश्च कृपया सह॥

मिला. भाग०, ६/२२/३६.

व्याघ्रयोन्यां ततो जाता वसिष्ठस्य महात्मनः।
एकोनविंशतिः पुत्राः ख्याता व्याघ्रपदादयः॥
एते चान्ये च विख्याताः पृथिव्यां गोत्रतां गताः॥
नाऽसाध्यं तपसा तेषां विद्ययात्मगुणैः परैः॥

महा० अनु. २१-

पराशर उवाच—

पितामहश्च मे पूर्वमृण्यशृङ्गश्च काश्यपः।
वेदस्ताण्डचः कृपश्चैव काक्षीवत्कमठादयः॥
यवक्रीतश्च नृपते द्रोणश्च वदतां वरः।
आयुर्मतङ्गो दत्तश्च द्रुमदो मात्स्य एव च॥

ऐते स्वां प्रकृतिं प्राप्ता वैदेहतपसाश्रयात् ।
प्रतिष्ठिता वेदविदो दमेन तपसैव हि ॥

महा. शान्ति. २९६/१४-१६

सद्यः पतति मांसेन लाक्षया लवणेन च ।
त्र्यहाच्छूद्रश्च भवति ब्राह्मणः क्षीरविक्रयी ॥ ११ ॥

आकाशगामिनो विप्राः पतन्ति[1] मांसभक्षणात् ।
विप्राणां पतनं दृष्ट्वा ततो मांसानि वर्जयेत् ॥ १२ ॥

(ज) अतः स्मृति-प्रामाण्य के आधार पर भी मनुष्य जात्या ब्राह्मण नहीं होता है ।

(झ) अब आप मानते हैं कि मां ब्राह्मणेतर हो सकती है । किन्तु यदि पिता ब्राह्मण होगा, तो पुत्र ब्राह्मण होगा ही । यदि बात ऐसी है, तब तो ब्राह्मण से उत्पन्न दासियों के पुत्र भी ब्राह्मण होंगे । किन्तु यह आपको कदापि मान्य नहीं है ।

(ञ) पुनः यदि ब्राह्मण-पुत्र ही ब्राह्मण हैं, तब तो ब्राह्मण का अभाव होगा । कारण यह है कि वर्तमान काल में सभी ब्राह्मण, ब्राह्मण-पिता से ही उत्पन्न हैं, यह असंदिग्ध नहीं है । प्राचीन काल से प्रारम्भ कर, प्रथम ब्राह्मण-संतति समय पर्यन्त तथा अद्यावधि भी, ऐसा दृष्टिगत होता है कि कतिपय ब्राह्मण-पत्नियाँ, सभी वर्णों, यहाँ तक कि शूद्र के साथ भी अनुचित रूप से सम्बद्ध रहीं हैं तथा अब भी सम्बद्ध हैं । इस प्रकार एक मनुष्य जन्मना ब्राह्मण नहीं है । यह कथन मानव-धर्म के प्रामाण्य द्वारा भी समर्थित है । मानव धर्म में कहा गया है—'ब्राह्मण यदि मांस, लाक्षा और लवण का विक्रय करता है, वह अपने ब्राह्मणत्व से च्युत हो जाता है । जो ब्राह्मण क्षीर-विक्रय करता है, वह तीन दिन के अभ्यन्तर शूद्रत्व को प्राप्त होता है ।। ११ ।।

निज योगात्मबल द्वारा आकाश में विचरण करने वाला ब्राह्मण भी

१. न्ते ।

मांस-भक्षण करने से पतित हो जाता है। अतएव ब्राह्मणों का अधःपतन अवलोकित करते हुए, उन्हें मांस-भक्षण का परित्याग कर देना चाहिए ॥ १२ ॥

(१०) समानोद्धरण के लिए द्रष्टव्य––

किं ब्राह्मणस्य पितरं किमु पृच्छसि भारतम् ।
श्रुतं चेदस्मिन् वेद्यं स पिता स पितामहः ॥

काठक, ३०/१.

जातिरत्र महासर्प मनुष्यत्वे महामते ।
सङ्करात्सर्ववर्णानां दुष्परीक्ष्येति मे मतिः ।
सर्वे सर्वास्वपत्यानि जनयन्ति सदा नराः ॥

महाभारत, वनपर्व, १८०/३१-३२

अनादाविह संसारे दुर्वारे मकरध्वजे ।
कुले च कामिनीमूले का जातिः परिकल्पिता ॥

नैषध, १८/४०; महाभारत मातङ्गोपाख्यान, अनु. २७.

(११) मनुस्मृति, १०/९२; याज्ञवल्क्य०, ३/४०; वसिष्ठ० ।

[ट] अतो मानवधर्मप्रामाण्याज्जातिस्तावद् ब्राह्मणो न भवति। यदि हि जातिर्ब्राह्मणः स्यात्, तदा पतने[1] शूद्रभावो नोपपद्यते। किं खलु दुष्टोऽप्यश्वः[2] शूकरो[3] भवेत्। तस्माज्जातिरपि ब्राह्मणो न भवति[4]।

[ठ] शरीरमपि ब्राह्मणो न भवति। कस्माद्[5]? यदि शरीरं ब्राह्मणः स्यात् तर्हि पावकोऽपि ब्राह्मणहा[6] स्याद्। ब्रह्महत्या च बन्धूनां शरीरदहनाद्भवेद्। ब्राह्मणशरीरनिष्यन्दजाताश्च क्षत्रियवैश्यशूद्रा अपि ब्राह्मणाः स्युः। न चैतदृष्टम्। ब्राह्मणशरीरविनाशाच्च यजनयाजनाध्ययनाध्यापनदानप्रतिग्रहा-

---

१. न। २. दृ। ३. सू। ४. भवेत्। ५. य। ६. ब्रह्महा, ब्राह्महा, ब्रह्मणहा।

दीनां ब्राह्मणशरीरजनितानां फलस्य विनाशः स्यात्। न चैतद्दिष्टम्[1]। अतो मन्यामहे शरीरमपि ब्राह्मणो न भवति।

(ठ) पृथिव्युदकवाय्वग्नि-परिणामाविशेषतः।
देहतः सर्वभूतानां ब्राह्मत्वप्रसङ्गतः॥
...तस्मान्न देहे ब्राह्मण्यं नापि देहात्मकं भवेत्॥
वर्णापसद-चाण्डालश्वादादीनां प्रसज्यते।
यदि देहस्य विप्रत्वं भवद्भिरुपगम्यते॥
भविष्य ब्राह्मण ४१/५३-५६.

[ड] ज्ञानमपि ब्राह्मणो न भवति। कुतः? ज्ञानबाहुल्याद्। ये ये ज्ञानवन्तः शूद्रास्ते सर्व एव ब्राह्मणाः स्युः। दृश्यन्ते[2] च क्वचित् शूद्रा अपि वेदव्याकरणमीमांसासांख्यवैशेषिकलग्नाजीवकादिसर्वशास्त्रार्थविदः। न च ते ब्राह्मणाः स्युः। अतो मन्यामहे ज्ञानमपि ब्राह्मणो न भवति।

[ढ] आचारोऽपि ब्राह्मणो न भवति। कुतः? यद्याचारो ब्राह्मणः स्यात्[3] तदा ये ये आचारवन्तः शूद्रास्ते सर्वे ब्राह्मणाः स्युः। दृश्यन्ते च नटभटकैवर्तभण्डप्रभृतयः[4] प्रचण्डतरविविधाचारवन्तो न च ते ब्राह्मणाः भवन्ति। तस्मादाचारोऽपि ब्राह्मणो[5] न भवति।

[ण] कर्मापि ब्राह्मणो न भवति। कुतः? दृश्यन्ते हि क्षत्रियवैश्यशूद्रा यजनयाजनाध्ययनाध्यापनदानप्रतिग्रहप्रसङ्गविविधानि[6] कर्माणि कुर्वन्तो न च ते ब्राह्मणा भवतां सम्मताः। तस्मात्कर्मापि ब्राह्मणो न भवति।

[त] वेदेनापि ब्राह्मणो न भवति। कस्मात्? रावणो नाम राक्षसोऽभूत्। तेनाधीताश्चत्वारो वेदाः। ऋग्वेदो यदुर्वेदः सामवेदो-

---

१. दृष्टं। २. दृश्यते। ३. भवेत्। ४. भटभण्डकै। ५. णोऽपि।
६. ङ्गादि।

ऽथर्ववेदश्चेति। राक्षसानामपि गृहे गृहे वेदव्यवहारः प्रवर्तत एव। न च ते ब्राह्मणाः स्युः। अतो मन्यामहे वेदेनापि ब्राह्मणो न भवतीति।

(त) वेदाध्ययनमप्येतद् ब्राह्मण्यं प्रतिपद्यते।
विप्रवद्वैश्यराजन्यौ राक्षसा रावणादयः॥
श्वादचाण्डालदासाश्च लुब्धकाभीरधीवराः।
येऽन्येऽपि वृषलाः केचित्तेऽपि वेदानधीयते॥
शूद्रा देशान्तरं गत्वा ब्राह्मण्यं क्षत्रियं श्रिताः।
व्यापाराकारभाषाद्यैर्विप्रतुल्याः प्रकल्पिताः॥
वेदानधीत्य वेदौ वा वेदं वाऽपि यथाक्रमम्।
प्रोद्वहन्ति शुभां कन्यां शुद्धब्राह्मणजां नराः।
अथवाधीत्य वेदांस्तु क्षत्रवैश्यास्तु वा नराः।
गौडपूर्वां कृतामीयुर्जातिं वा दाक्षिणात्यजाम्॥
अपरिज्ञातशूद्रत्वाद् ब्राह्मण्यं यान्ति कामतः॥
तस्मान्न ज्ञायते भेदो वेदाध्यायक्रियाकृतः॥

भविष्य, ब्राह्म०, ४१/१-६.

[थ] कथं तर्हि ब्राह्मणत्वं भवति। उच्यते—

ब्राह्मणत्वं न शास्त्रेण न संस्कारैर्न जातिभिः।
न कुलेन न वेदेन न[1] कर्मणा भवेत्ततः॥ १३॥

विशेष—यहाँ यह उल्लेखनीय है कि स्मृतियों के अनुसार ब्राह्मणी से शूद्र द्वारा उत्पन्न शिशु अछूत [चण्डाल] कहलाता है। इससे ऐसा विदित होता है कि ब्राह्मण-स्त्रियों का भी शूद्रों के साथ अनुचित सम्बन्ध रहा है। अतः यह अत्यन्त स्वाभाविक है कि इस प्रकार के अनुचित एवं गोपनीय सम्बन्धों द्वारा प्रभूत संख्या में शिशु उत्पन्न हुए, जो समाज के विधिवेत्ताओं द्वारा अनन्वेषित रहे हैं, अन्यथा वे भी अभिशप्त परिगणित-विधि [अछूत-सिद्धान्त] के निर्माण में योगदान कर सकते थे।

(ट) अत एव मानवधर्म प्रामाण्यानुसार कोई जन्मना ब्राह्मण नहीं है। यदि किसी को जन्मना ब्राह्मण माना जाय, तब तो यह कथन तर्क-संगत

१. कर्मणा न।

नहीं है कि अधोपतन के कारण वह शूद्रत्व को प्राप्त कर लेता है । क्या दोषों से संवलित दुष्ट अश्व का भी शूकर होना सम्भाव्य है ? कदापि नहीं । इसी प्रकार जन्मना ब्राह्मण पतन-पश्चात् भी शूद्र नहीं हो सकता है । अतः कोई मनुष्य जन्मना ब्राह्मण नहीं होता है ।

(ठ) शरीर भी ब्राह्मण नहीं है । प्रश्न है, क्यों ? यदि शरीर ही ब्राह्मण है, तो शुद्धि-कर्त्ता अग्निदेव भी दाह-संस्कार के कारण ब्रह्म-हत्या के भागी होंगे । ब्रह्म-हत्या ब्राह्मण-बन्धु (मृत) शरीर-दहन के कारण होती है । यदि शरीर ही ब्राह्मण है, तो ब्राह्मण-शरीर से प्रादुर्भूत अथवा ब्राह्मण द्वारा इतर वर्ण की स्त्रियों से उत्पन्न क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र, सभी ब्राह्मण हुए, किन्तु ऐसा दृष्टिगत नहीं होता है । पुनः, यदि शरीर को ही ब्राह्मण मानेंगे, तो ब्राह्मण-शरीर विनाशानन्तर, उन पुण्य फलों का भी विनाश होना चाहिए, जिन्हें ब्राह्मण ने यजन-याजन, अध्ययनाध्यापन, दान-प्रतिग्रह, जो वस्तुतः एक ब्राह्मण के कृत्य हैं,से प्राप्त किया है । किन्तु ऐसा मान्य नहीं है । अतः यह मानना होगा, कि शरीर ब्राह्मण नहीं है ।

(ड) ज्ञान (मानव-निहित) भी ब्राह्मण नहीं है । क्यों ? ज्ञान की विविधता के कारण । यदि ऐसा होता तो शूद्रों में, जो ज्ञानवान् हैं, सभी ब्राह्मण हो जाते । कभी-कभी ऐसा भी परिलक्षित होता है कि शूद्र भी समस्त धर्म-ग्रन्थों, समग्र ज्ञान-शास्त्र के विभागों, यथा—वेद, व्याकरण, मीमांसा, सांख्य, वैषेशिक, ज्योतिष् (लग्न), आजीवक-सम्प्रदाय-विज्ञान (मक्खलि-पुत्र,घोसाल द्वारा प्रवर्तित) आदि में निष्णात होते हैं, किन्तु वे (ज्ञान की सम्पन्नता के कारण) भी ब्राह्मण नहीं होते हैं । इस प्रकार यह स्पष्ट है कि ज्ञान-सद्भाव के कारण भी कोई ब्राह्मण नहीं होता है ।

(ढ) सदाचार (सद्वृत्त) भी ब्राह्मण नहीं है । पारम्परिक पुण्य क्रियाओं का आचरण रूप शील (सदाचार) भी किसी मनुष्य में ब्राह्मणत्व का हेतु नहीं है । प्रश्न् है, क्यों ? ऐसा होने से वे शूद्र भी ब्राह्मण हो गये होते, जिन्होंने उक्त सदाचरण किये हैं । यह भी दृष्टिगत होता है कि नट, भट, कैवर्त, भाण-सदृश अन्य शूद्र, अतीव उग्रता के साथ पारम्परिक विविध धर्माचरणों को सम्पन्न तो करते हैं, किन्तु उन्हें ब्राह्मण होते नहीं पाया जाता है । इसलिए सदाचार के आधार पर भी कोई ब्राह्मण नहीं होता है ।

(ण) कर्म (व्यापार) से भी कोई ब्राह्मण नहीं होता है। प्रश्न उठता है, क्यों? क्योंकि, ऐसा देखा जाता है कि यद्यपि क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र एक ब्राह्मण के विविध कर्मों, यथा—यजन-याजन, अध्ययन-अध्यापन, दान-प्रतिग्रह का सम्पादन करते हैं, तो भी वे आप द्वारा सम्मत ब्राह्मण नहीं माने जाते हैं। अतः कर्म के आधार भी कोई व्यक्ति ब्राह्मण नहीं होता है।

(त) वेदों में पाण्डित्य प्राप्त कर लेने से कोई मनुष्य ब्राह्मण नहीं होता है। प्रश्न होता है, क्यों?

ब्रह्माण्ड-विख्यात राक्षस-राज रावण ने ऋग्, यजुः, साम तथा अथर्व, इन चारों वेदों का साङ्गोपाङ्ग अध्ययन कर, उनमें निष्णातता प्राप्त की थी। साथ ही (लंकापुरी में) राक्षसों द्वारा गृह-गृह में वस्तुतः वेदाध्ययन किया जाता था, किन्तु वे ब्राह्मण नहीं कहे जाते थे। अतः वेदाध्ययन अथवा वेद में पारङ्गत होने से कोई ब्राह्मण नहीं होता है।

(थ) तब प्रश्न उटता है, ब्राह्मण की प्राप्ति कैसे होती है? ऐसा कहा गया है—

ब्राह्मत्व, न तो धर्मशास्त्र के ज्ञान से, न विविध संस्कारों से, न जन्म से, न कुल से, न वेद-पाटव से और न तो कर्म से ही प्राप्त होता है ॥ १३ ॥

१३ तुलनीय—

न योनिर्नापि संस्कारो न श्रुतं नापिसन्ततिः।
कारणानि द्विजत्वस्य वृत्तमेव तु कारणम् ॥
महाभारत, अनु०, १४३/५०

पुत्रो गृत्समदस्यापि शुनको यस्य शौनकाः।
ब्राह्मणाः क्षत्रियाश्चैव वैश्याः शूद्रास्तथैव च ॥
हरिवंश २९/८; विष्णुपुराण, ४/८/१;
वायुपुराण, २/३०/४

वत्सस्य वत्सभूमिस्तु भार्गभूमिस्तु भार्गवात्।
एते त्वङ्गिरसः पुत्रा जाता वंशेऽथ भार्गवे।
ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्राश्च भरतर्षभ ॥
हरिवंश, २९/८५-८६;३२/४०-४१

मनो...र्नाभागनेदिष्टकरुषपृषध्राख्याः पुत्राः बभूवुः। पृषध्रस्तुगुरुगोवधात्शूद्रत्वमगमत्। करुषात्कारुषा महाबलाः क्षत्रिया बभूवुः। ...नेदिष्टपुत्रस्तु वैश्यतामगमत्
विष्णुपुराण, ४/१/५-१५; हरिवंश, ११/६-१०.
गर्गाच्छिनिस्ततो गार्ग्याः शैन्याः। क्षत्रोपेता द्विजातयो बभूवुः। विष्णुपुराण, ४/१६/६; भागवत, ६/२१/१६.
मुद्गलाच्च मौद्गल्याः क्षत्रोपेता द्विजातयो बभूवुः॥
विष्णुपुराण, ४/१६/१६; भागवत, ६/२१/३३.
अप्रतिरथात्कण्वस्तस्यापि मेधातिथिः। यतो काण्वायना द्विजा बभूवुः। विष्णु, ४/१६/२,१०.

[द] कुन्देन्दुधवलं हि ब्राह्मणत्वं[1] नाम सर्वपापस्यापाकरणमिति[2]।

[ध] उक्तं हि। व्रततपोनियमोपवासदानदमशमसंयमो[3]पचाराच्च। तथा चोक्तं धर्म-शास्त्रे—

निर्ममो[4] निरहङ्कारो निःसङ्गो निष्परिग्रहः।
रागद्वेषविनिर्मुक्तस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः॥ १४॥

(द) समग्र पापों (अपुण्य कर्मों) का दूरीकरण (अपाकरण) ही ब्राह्मणत्व है, जो कुन्द-पुष्प एवं चन्द्र-सदृश धवल (निर्मल) होता है।

(ध) ऐसा कहा गया है—व्रत, तप, नियम, उपवास, दान, दम, शम, संयम (आभ्यन्तर एवं बाह्य) एवं समाधि का आचरण करने से ही ब्राह्मणत्व की उपलब्धि हो सकती है।

धर्म-शास्त्रे मे इसी का समर्थन किया गया है—

जो स्वार्थ, ममत्व, अहंकार, आसक्ति, परिग्रह तथा राग-द्वेष से रहित है, उसे ही देवगण ब्राह्मण कहते हैं॥ १४॥

द्रष्टव्य समानोद्धरण—

(ध) शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम्॥
भगवद्गीता, १८/४२.

---

१. –णं हि,-ण नाम, -णं नाम। २. -प-। ३. -माचा-। ४. -दो।

शमो दमस्तपः शौचं सन्तोषः क्षान्तिरार्जवम् ।
ज्ञानं दयाच्युतात्मत्वं सत्यं च ब्रह्मलक्षणम् ॥
भागवत, ७/११/२१; ११/१७/१६.

सत्यं दानं क्षमा शीलमानृशंस्यं तपो घृणा ।
यत्रैतल्लक्ष्यते सर्वं स ब्राह्मण इति स्मृतः ॥
महाभारत, वनपर्व, १८०/२१.

(१४) निर्ममो निरहङ्कारः सर्वसङ्गविवर्जितः ॥
निर्भयो निर्ममो नित्यं निर्द्वन्द्वो निष्परिग्रहः ॥
निर्ममो निरहङ्कारो निरपेक्षो निरामिषः ॥
नारदपरिव्राजकोपनिषद्, ३/६.

निरहं च निर्ममः । कुण्डिकोपनिषद्, १७.
निर्ममो निरहं सुखी । आत्मनोपनिषद्, ११ तथा द्रष्टव्य अन्य लघूपनिषदें भी ।

निर्ममो निरहङ्कारः । भगवद्गीता, २/७१; १२/१३.
निराशीर्निर्ममो । वही, ३/३०.
निर्ममः शान्तो । वही, १८/५३.
निर्ममा निरहङ्कारा निर्द्वन्द्वा निष्परिग्रहाः ॥
महाभारत, अनु०, १०८/५.

निर्ममो निरहङ्कारो निर्योगक्षेम आत्मवान् ।
निराशीनिर्गुणः शान्तो निरासक्तो निराश्रयः ॥
महाभारत, अश्व०, ४६/४५-४६; ४७/६, १५.

निर्ममो निरहङ्कारो निरपेक्षो निराशिषः ।
निराशः सर्वभूतेषु निराशीर्निष्परिग्रहः ॥
न सुवृत्तं न दुर्वृत्तं वेद कश्चित्स ब्राह्मणः ॥
बृहस्पति-वचनम्, उद्धृत, यतिधर्मसंग्रह, पृ. ८६.

सर्वशास्त्रेऽप्युक्तं—

सत्यं ब्रह्म तपो ब्रह्म ब्रह्म चेन्द्रियनिग्रहः ।
सर्वभूते दया ब्रह्म एतद् ब्राह्मणलक्षणम् ॥ १५ ॥
सत्यं नास्ति तपो नास्ति नास्ति चेन्द्रियनिग्रहः ।
सर्वभूते दया नास्ति एतच्चा[1]ण्डाललक्षणम् ॥ १६ ॥
देवमानुष[2]नारीणां तिर्यग्योनिगतेष्वपि ।
मैथुनं नाधिगच्छन्ति ते विप्रास्ते च ब्राह्मणाः ॥ इति ॥ १७ ॥

शुक्रेणाप्युक्तं—

न जातिर्दृश्यते तावद् गुणाः कल्याणकारकाः ।
चण्डालोऽपि हि तत्रस्थस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ १८ ॥

सभी धर्म-शास्त्रों में इसी प्रकार कहा गया है—सत्य ब्रह्म (ब्राह्मण) है, तप ब्रह्म है, इन्द्रिय-निग्रह ब्रह्म है तथा सभी प्राणियों पर दया ब्रह्म है। ये सभी ब्राह्मण के लक्षण हैं अर्थात् सत्य वचन, तपस्या, इन्द्रिय-निग्रह तथा समग्र जीवों के प्रति दया का आचरण ही ब्राह्मण के धर्म हैं ॥ १५ ॥

सत्य का असद्भाव, तपस्या का असद्भाव, इन्द्रिय-निग्रहाभाव तथा समस्त प्राणियों के प्रति दया का अभाव, ये सभी चण्डाल के लक्षण हैं। चण्डाल वही है, जिसमें उपर्युक्त समग्र गुणों (धर्मों) का अभाव तथा अधर्मों का सद्भाव है ॥ १६ ॥

देव, मनुष्य, नारी-योनि अथवा तिर्यग्-योनि (पशु-पक्षी) में उत्पन्न जीव भी, यदि मैथुनादि सांसारिक सुखों से विरत हैं, ऐसे सभी विप्र या ब्राह्मण हैं। भौतिक अनासक्ति ब्राह्मणत्व का ही द्योतक है ॥ १७ ॥

शुक्रनीतिकार द्वारा भी कहा गया है—

जाति (जन्म) नहीं, प्रत्युत् जीव में सद्गुण ही कल्याणकारक हैं। एक चण्डाल भी, जिसमें सद्गुणों का सद्भाव है, वह देवों द्वारा ब्राह्मण के रूप में स्वीकार किया गया है ॥ १८ ॥

प्रायः समग्र बौद्धावदान इसके प्रबल साक्ष्य हैं।

---

१. च्च । २. मनुष्य ।

द्रष्टव्य-समानोद्धरण —

(१५) सत्यं ब्रह्म तपः सत्यं—महाभारत, शान्ति., १६०/१.
सत्यं ब्रह्म यथाभूतं ब्रुवन्तो ब्राह्मणाश्च ये ॥ वायुपुराण, ८/१६३.

(१६) निर्दयः सर्वभूतेषु विप्रश्चाण्डाल उच्यते । अत्रि०, श्लोक, ३७४.

(१८) न जात्या ब्राह्मणश्चात्र क्षत्रियो वैश्य एव च ।
न शूद्रो न च वै म्लेच्छो भेदिता गुणकर्मभिः ॥
शान्तो दान्तो दयालुश्च ब्राह्मणश्च गुणैः कृतः ॥
शुक्रनीति, १, पंक्ति ७५-८०.

न जातिः कारणं तात गुणाः कल्याणकारकम् ।
वृत्तस्थमपि चाण्डालं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ।
व्यास-वचनम्, उद्‌धृत्, यतिधर्म, पृ० ३७.

मिश्रदेशोद्भवा म्लेच्छाः काश्यपेनैव शासिताः ।
संस्कृताः शूद्रवर्णेन ब्रह्मवर्णमुपागताः ।
भविष्य-पुराण, प्रतिसर्ग, चतुर्थखण्ड.

म्लेच्छास्ते वैष्णवाश्चासन् रामानन्दप्रभावतः ।
वही, प्रतिसर्ग, चतुर्थ २१/५४.

[न] तस्मान्न जातिर्नजीवो न शरीरं न ज्ञानं नाचारो न कर्म न वेदो ब्राह्मण इति ।

[प] अन्यच्च भवतोक्तम् । इह शूद्राणां प्रव्रज्या न विधीयते । ब्राह्मण-शुश्रूषैव तेषां धर्मो विधीयते । चतुर्षु वर्णेष्वन्ते वचनात्ते नीचा इति ।

[फ] यद्येवमिन्द्रोऽपि नीचः स्यात् । 'श्वयुवमघोनामतद्धित' इति सूत्र-वचनात् । श्वा इति कुक्कुरः । युवा इति पुरुषः । मघवा इति सुरेन्द्रः । तयोः श्वपुरुषयोरिन्द्र एव नीचः स्यात् । न चैतद् दृष्टं[1] किं हि वचनमात्रेण दोषो भवति । तथा च । उमामहेश्वरौ । दन्तौष्ठमित्यपि लोके प्रयुज्यते । न च दन्ताः प्रागुत्पन्ना, उमा[2] वा । केवलं वर्णसमासमात्रं क्रियते । ब्रह्मक्षत्रविट्शूद्रा[3] इति ।—

१. दृष्ट । २. उत्पन्ना । ३. क्षत्रिय-, ब्राह्म क्षत्रिय- ।

तस्माद्या भवदीया[1] ? प्रतिज्ञा ब्राह्मणसुश्रूषैव तेषां धर्मो [सा] न भवति ।

द्रष्टव्य समानोद्धरण---

(फ) श्वयुवमघोनामतद्धिते । पाणिनि, ६/४/१३३.

(न) अतः ब्राह्मण होने में हेतु न तो जाति (जन्म), न आत्मा, न शरीर, न ज्ञान, न सदाचार, न कर्म और न तो वेद ही हैं ।

(प) आप द्वारा इस प्रसङ्ग में अन्य तर्क भी प्रस्तुत किये गये हैं —

इस जगत में शूद्र-वर्ग के लिए प्रव्रज्या विहित नहीं है अथवा उनके लिए प्रव्रज्या का विधान ही नहीं है । ब्राह्मण-वर्ग की शुश्रूषा ही उनके लिए विहित धर्म (कर्तव्य) माना गया है ।

धर्मशास्त्रों में शूद्र-वर्ग को सर्वाधिक अधम, इस कारण से भी माना गया है कि उनकी गणना चारों वर्णों के अन्त में हुई है । यथा—ब्राह्मणक्षत्रविटशूद्राः ।

(फ) यदि उक्त कथन सत्य है, तब तो देवराज इन्द्र को भी, पाणिनि के श्व-युव-मघोनामतद्धिते, इति (६/४/१३३), सूत्रानुसार, अधम होना चाहिए । 'श्वन्'-कुत्ता; 'युवन्'—युवक तथा'मघवन्'–इन्द्र (देवाधिपति) । सूत्रार्थ है–तद्धितभिन्न प्रत्यय परे, इन अनन्त भसंज्ञक अङ्गों का सम्प्रसारणहोनाचाहिए । जब कि प्रकृत प्रसङ्ग में, इन्द्र, निश्चयतः इन दोनों (श्वन्, युवन्) से अन्त में उच्चरित होने के कारण अधम कोटिक है, किन्तु ऐसा दृष्टिगत नहीं होता है । प्रश्न उठता है कि क्या वचन-मात्र (अन्त में वह अथवा उसकी नाम-गणना के कारण) से कोई दोष का भागी होता है ? प्रायः इस प्रकार के सामासिक पद विना किसी विशेष प्रयोजन के ही प्रयुक्त होते हैं । लोक में व्यवहृत दृष्टान्त के रूप में दष्टव्य है—उमामहेश्वरौ, (उमा और महेश्वर); दन्तौष्ठम् (दन्त और ओष्ठ । इन समस्त पदों का तात्पर्य यह नहीं है कि 'महेश्वर' उमा से; तथा 'ओष्ठ' दन्त से निम्न कोटिक हैं । इसका यह भी अर्थ नहीं है कि 'उमा' महेश्वर से पूर्व तथा 'दन्त' ओष्ठ से पूर्व प्रादुर्भूत हुए । इस प्रकार का ही समस्त पद 'ब्रह्मक्षत्रविट्शूद्राः'—(ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) भी है । अतएव यहां तो वर्ण-समास मात्र किया गया है, न कि यहां वह अर्थ अभि-

1. य ।

प्सित है, जो आपको इष्ट है। अतः इसे सामासिक पद मात्र के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं कह सकते हैं। इस प्रकार आपकी पूर्व प्रतिज्ञा (मान्यिता) कि उनका (शूद्रों का) धर्म (कर्तव्य) ब्राह्मण-शुश्रुषा ही है, समुचित नहीं है।

[ब] किं चानिश्चितोऽयं ब्राह्मणप्रसङ्गः।

उक्तं हि मानवे[1] धर्मे--

वृषलीफेनपीतस्य निःश्वासोपहतस्य च।
तत्रैव च प्रसूतस्य निष्कृतिर्नोपलभ्यते ॥ १९ ॥
शूद्रीहस्तेन यो भुंक्ते मासमेकं निरन्तरम्।
जीवमानो भवेच्छूद्रो मृतः श्वानश्च जायते ॥ २० ॥
शूद्रीपरिवृतो[2] विप्रः शूद्री च गृहमेधिनी।
वर्जितः पितृदेवेन रौरवं सोऽधिगच्छति ॥ २१ ॥

(ब) और भी, यह ब्राह्मण-प्रसङ्ग (ब्राह्मण-विषयक-विवाद) अनिश्चित है। क्योंकि मानव-धर्म में ऐसा कहा गया है—

जो ब्राह्मण शूद्रा के साथ सहवास, शयन तथा उसके मुखाम्बुज का आस्वादन करता है अथवा उससे संतानोत्पत्ति करता है, उसका अधोपतन हो जाता है और ऐसे पतित के, प्रायश्चित द्वारा, पवित्रीकरण का कोई विधान नहीं है अर्थात इस प्रकार के घृणित कर्म करने वाले ब्राह्मण का शुद्धिकरण सम्भाव्य नहीं है॥ १९ ॥

जो ब्राह्मण, सतत् एक माह तक शूद्र-स्त्री के हाथ से बनाया हुआ भोजन करता है, वह जीवन-पर्यन्त शूद्र रहता है और मृत्यूपरान्त श्वान्-योनि को प्राप्त करता है ॥ २० ॥

जो ब्राह्मण शूद्र-स्त्रियों से परिवृत्त है तथा शूद्रा ही, जिसकी गृह-मेधिनी (गृहिणी) है, ऐसे ब्राह्मण के लिये देव-पितरों के निमित्त की जाने वाली धार्मिक क्रियाएँ निषिद्ध हैं और इस प्रकार का ब्राह्मण मरण-पश्चात् रौरव[3]' नामक नरक में पतित होता है ॥ २१ ॥

---

१. -व-। २. -णीतो।

३. विशेष—रौरव—इक्कीस नरक-प्रकारों में से 'रौरव' प्रकार विशेष—

द्रष्टव्य-समानोद्धरण—

(१९) वृषलीफेनपीतस्य—मनुस्मृति, ३/१९.

(२०) अङ्गिरस०, १/४८; आपस्तम्ब०, ८/७; व्यास०, ४/६७.

(२१) शूद्रां शयनमारोप्य ब्राह्मणो यात्यधोगतिम् ॥
नाश्नन्ति पितृदेवास्तन्न च स्वर्गं स गच्छति ॥

मनुस्मृति, ३/१७–१८; महाभारत, अनु०, ४७/९.

यस्य शूद्रा पचेन्नित्यं शूद्रा च गृहमेधिनी ।
वर्जितः पितृदेवैस्तु रौरवं याति स द्विजः ॥

व्यास०, ४/६८.

[भ] अतोऽस्य वचनस्य[1] प्रामाण्यादनियतोऽयं ब्राह्मणप्रसङ्गः ।

[म] किं चान्यत् । शूद्रोऽपि ब्राह्मणो भवति । को हेतुः । इह हि मानवे-धर्मेऽभिहितं—

अरणी[2]गर्भसम्भूतः कठो[3] नाम महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥ २२ ॥
कैवर्तीगर्भसम्भूतो व्यासो नाम महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम्[4] ॥ २३ ॥
उर्वशीगर्भसम्भूतो वसिष्ठोऽपि[5] महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥ २४ ॥

है, जहाँ अपुण्य-कर्मियों को असहनीय यातनाएँ भोगनी होती हैं। इस प्रसङ्ग में द्रष्टव्य-·········यातीमान्नरकानेकविंशतिम् ॥

तामिस्रमन्धतामिस्रं महारौरवरौरवौ ।
नरकं कालसूत्रं च महानरकमेव च ।
संजीवनं महावीचिं तपनं संप्रतापनम् ।
संघातं च सकाकोलं कुड्मलं प्रतिमूर्तिकम् ॥
लोहशङ्कुकमृजीषं च पन्थानं शाल्मलिं नदीम् ।
असिपत्रवनं चैव लोहदारकमेव च ॥

मनुस्मृति, ४।८७-९०.

१. -चनप्रा- । २. हरिणी, अरिणी । ३. कठिनो । ४. कुछ संस्करणों में यह श्लोक नहीं है। ५. -शि- । ६. ष्ठो नाम ।

हरिणीगर्भसम्भूत ऋष्यश्रृङ्गो महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥ २५ ॥
चण्डाली[1]गर्भसम्भूतो[2] विश्वामित्रो ? महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥ २६ ॥
ताण्डूली[3]गर्भसम्भूतो नारदो हि[4] महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥ २७ ॥

(भ)अतः इस वचन-प्रामाण्य के आधार पर ब्राह्मण-पद व्यवहार विषयक यह विवाद अनियत है ।

(म) और कहाँ तक कहा जाय ? अन्य बातें भी हैं । शूद्र भी ब्राह्मण हो सकता है । प्रश्न है, कैसे, क्या कारण है ? क्यों कि मानव-धर्म में कहा गया है—

महामुनि कठ (कठिन) अरणी के गर्भ से उत्पन्न हुए थे । वह तपस्या के बल पर ब्राह्मण हुए । इस लिए जन्म (जाति) ब्राह्मणत्व में कारण नहीं है ॥ २२ ॥

महर्षि व्यास कैवर्ती के गर्भ से उत्पन्न हुए थे । वह भी तपस्या की सामर्थ्य से ब्राह्मण हो गये । अतः ब्राह्मण होने में जन्म, कारण नहीं है ॥२३॥

महामुनि वसिष्ठ उर्वशी के गर्भ से उत्पन्न हुए थे, किन्तु तपस्या के प्रभाव से वह भी ब्राह्मण हुए । अतएव जन्म, ब्राह्मण होने में हेतु नहीं है ॥ २४ ॥

प्रख्यात् महामुनि ऋष्यश्रृङ्ग एक हरिणी के गर्भ से प्रादुर्भूत हुए थे और अपनी उत्कृष्ट तपस्या के प्रभाव से वह भी ब्राह्मण हुए । इस लिए ब्राह्मणत्व की आप्ति का हेतु जन्म नहीं है ॥ २५ ॥

विश्वा[5]मित्र सदृश महर्षि चण्डाली की कुक्षि से उत्पन्न हुए थे । प्रकृष्ट तपस्या के बल पर वह भी ब्राह्मण हुए । अतः ब्राह्मण होने में जाति कारण नहीं है ॥ २६ ॥

---

१. चा- । २. संजातो । ३. -न्दू । ४. नाम ।

५. महाभारत तथा अन्य संस्कृत-स्रोतों के अनुसार विश्वामित्र क्षत्रिय थे और उन्होंने तपस्या के प्रभाव से ब्राह्मणत्व प्राप्त किया ।

महर्षि नारद ताण्डूली (तण्डुल बनाने वाली; तण्डुल से भूसी पछोर कर अलग करने वाली, दासी) के गर्भ से उत्पन्न हुए थे । तपस्या के प्रभाव से वह भी ब्राह्मण हुए । अतएव जाति (जन्म) ब्राह्मणत्व में निमित्त नहीं है ॥ २७ ॥

(म) समानोद्धरण के लिए द्रष्टव्य—

सत्यकामो जाबालः"—नाहमेतद्वेद भो यद्गोत्रोऽहमस्म्यपृच्छं मातरं सा मां प्रत्यब्रवीद् । बह्वहं चरन्ती परिचारिणी यौवने त्वामलभे । साहमेतन्न वेद यग्दोत्रस्त्वमसि । जबाला तु नामाहमस्मि सत्यकामो नाम त्वमसीति । सोऽहं सत्यकामो जाबालोऽस्मि । भो इति ।" ... ... तं होवाच नैतदब्राह्मणोविविक्तु मर्हसि, समिधं सौम्याहरोप त्वा नेष्ये । छान्दोग्योपनिषद्, ४/४.

(२३-२६) हरिणीगर्भसम्भूत ऋष्यशृङ्गो महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥
श्वपाकीगर्भसम्भूतः पिता व्यासस्य पार्थिव ।
तपसा ब्राह्मणो जातः ... ... ॥
उलूकीगर्भसम्भूतः कणादाख्यो महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणोजातः ... ... ॥
गणिकागर्भसम्भूतो वसिष्ठश्च महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातः ... ... ॥
नाविकागर्भसम्भूतो मन्दपालो महामुनिः ।
तपसा ब्राह्मणो जातः ... ... ॥

भविष्य-ब्राह्मण, ४२/२६-३०.

(२७) के लिए द्रष्टव्य-भागवत्, १/६/६-७.

जितात्मा यतिर्भवति[1] ... ...जितेन्द्रियः ।
[यतात्मा यतिर्भवति विजितात्मा (जितात्मा च) जितेन्द्रियः ।]
तपसा तापसो जातो[2] ब्रह्मचर्येण ब्राह्मणः ॥ २८ ॥

१. पञ्चगोनिजि, पञ्चगेनिजि । २. -तिर्ब्र- ।

न च ते ब्राह्मणीपुत्रास्ते च लोकस्य ब्राह्मणाः ।
शीलशौचमयं ब्रह्म तस्मात्कुलम[1]कारणम् ॥ २६ ॥
शीलं प्रधानं न कुलं प्रधानं कुलेन किं शीलविवर्जितेन ।
बहवो नरा नीचकुल[2]प्रसूताः स्वर्गं[3] गताः शीलमुपेत्य धीराः ॥३०॥

आत्म-संयमी (व्यक्ति) यति तथा आत्मा पर नियंत्रण रखने वाला जितेन्द्रिय कहलाता है । तपस्या से व्यक्ति तपस्वी (तापस) होता है और ब्रह्मचर्य (ऐन्द्रिय-सुख-विरक्ति) से वह ब्राह्मण कहालाता है ॥ २८ ॥

पूर्वोक्त व्यक्तित्व (कठ ,व्यास आदि) किसी ब्राह्मणी माता से उप्पन्न न होने पर भी लोक में ब्राह्मण के रूप में प्रख्यात हुए हैं । ब्राह्मणत्व शील (सदाचरण) एवं शुचिता (पवित्रता) से परिपूर्ण होता है । अतः ब्राह्मणत्व का कारण जन्म (जाति) नहीं होता है ॥ २६ ॥

इस जगत में मनुष्य के गौरव के लिए जन्म अथवा कुल-परम्परा का महत्व, जितना नहीं है, उससे अधिक शील (सदाचरण) की महत्ता है । उच्च कुल में जन्म-ग्रहण करने का कोई प्रयोजत नहीं है, यदि किसी में सदाचारिता (शील) का अभाव है । निम्न कुल में उत्पन्न होने वाले अनेक ऐसे बुद्धिमान व्यक्तियों के दृष्टान्त मिलते हैं, जिन्होने अपने सदाचरण (शील) के बल पर उत्तम लोक 'स्वर्ग' को प्राप्त किये हैं । अतः उत्तम वर्णत्व तथा उत्कृष्ट फल-प्राप्ति के लिए महान कुलोत्पत्ति हेतु नहीं है ॥३०॥

द्रष्टव्य, समानोद्धरण—

(२८) ये स्थिता ब्रह्मचर्येण ब्राह्मणास्ते । यति-धर्म, पृ. ३३.
निर्गुणं निर्मलं ब्रह्म यत्र तिष्ठति स द्विजः ।
महाभारत, अनु०, १४३-५२; ब्रह्मपुराण, २२३/५६-

२६-३०. सत्यं दमस्तपो दानमहिंसा धर्मनित्यता ।
साधकानि सदा पुंसा न जातिर्न कुलं नृप ॥
महाभारत, वन-पर्व, १८१/४२-४३.

शूद्रे चैतद्भवेल्लक्ष्यं द्विजे तच्च न विद्यते ।
न वै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राह्मणो न च ब्राह्मणः ॥

---

१. -ज्जातिर- । २. -ले । ३. र्गे- ।

वही, १८०/२५-२६; शान्ति-पर्व, १८६/८.
तथा द्रष्टव्य-मृच्छ०, ८/२६., वेणीसंहार, ३/३८.

[य] के पुनस्ते कठ[1]व्यासवसि[2]ष्ठऋष्यशृङ्गविश्वामित्रप्रभृतयो[3] ब्रह्मर्षयो नीचकुल[4]प्रसूतास्ते च लोकस्य ब्राह्मणाः। तस्मादस्य वचनस्य[5]प्रामाण्यादप्य[6]नियतोऽयं ब्राह्मणप्रसङ्ग इति शूद्रकुलोऽपि ब्राह्मणो भवति।

[र] किं चाप्यन्यद् भवदीय[7]मतं—

मुखतो ब्राह्मणो जातो बाहुभ्यां क्षत्रियस्तथा[8]।
उरुभ्यां वैश्यः संजातः पद्भ्यां शूद्रक[9] एव च ॥ ३१ ॥

(य)महर्षि कठ, व्यास, वसिष्ठ, ऋष्यशृङ्ग, विश्वामित्र आदि कौन थे ? क्या वे उच्च ब्राह्मण कुल में प्रादुर्भूत हुए थे ? प्रायः सभी का प्रादुर्भाव नीच कुल में ही हुआ था। फिर भी, वे सभी विश्व-विख्यात ब्राह्मण-पद से विभूषित हुए हैं। अतः उक्त उद्धरण के प्रामाण्य के आधार पर ब्राह्मण-पद-प्रयोग के विषय में प्रचलित विवाद अनिश्चित है; वह, समुचित नहीं है; क्योंकि शूद्र-सदृश निम्न कुलोत्पन्न व्यक्ति भी ब्राह्मण-पद से सुशोभित हुए हैं।

(र) पुनः, इस संदर्भ में आपका अन्य मत भी है, जो इस प्रकार है—
मुख से (ब्रह्मा के) ब्राह्मण, बाहों से क्षत्रिय, उरु से वैश्य तथा चरण से शूद्र की उत्पत्ति हुई है ॥ ३१ ॥

प्रकृत संदर्भ से यह स्पष्ट है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र, चारो वर्ण एक ही मूल से प्रादुर्भूत हैं अर्थात सभी ब्रह्मा (पिता-स्वरूप) की ही संताने हैं।

(ल) इस प्रसङ्ग में हम यह कहना चाहते हैं— ब्राह्मण अनेक हैं। उनके विषय में यह बात विदित नहीं है कि क्या वे वही ब्राह्मण हैं, जो ब्रह्मा के मुख से प्रादुर्भूत हुए ? इस लोक में तो कैवर्त, रजक तथा चण्डाल कुल में

---

१. कठिन। २. शि-। ३. प्रभूततपो। ४. ले। ५. नप्रा-। ६. अपि। ७. -यं। ८. स्मृतः। ९. च शूद्र, शूद्र।

भी ब्राह्मण विद्यमान हैं। उनके भी चूडाकरणादि संस्कार हुए हैं। ब्राह्मण-सदृश मुञ्जी-मेखला, पलास-दण्ड आदि के द्वारा वे भी उपनयनादि संस्कारों से संस्कृत हुये हैं। वे भी ब्राह्मण-संज्ञा से विभूषित किये गये हैं। यही बात क्षत्रिय तथा वैश्य के विषय में भी दृष्टिगत होती है। अतः क्षत्रियादि अन्य वर्णों में भी ब्राह्मणत्व के सद्भाव के कारण, वर्ण चार नहीं, प्रत्युत् एक ही है।

(व) पुनश्च, एक ही पुरुष (ब्रह्मा) से उत्पन्न संतानों के चार वर्ण कैसे सम्भाव्य हैं? यथा—कोई देवदत्त नामक व्यक्ति है। वह एक ही स्त्री से चार पुत्र उत्पन्न करता है। इन पुत्रों में वर्ण-भेद नहीं है, तो फिर इनमें से यह ब्राह्मण है, यह क्षत्रिय है, यह वैश्य है और यह शूद्र है, ऐसा व्यवहार कैसे करेंगे? क्यों? क्योंकि वे सभी एक ही जनक से उत्पन्न हैं। इस प्रकार ब्राह्माणादि चार वर्ण कैसे, किस आधार पर? अर्थात् वर्ण, चार नहीं हैं।

[ल] अत्रोच्यते। ब्राह्मणा बहवो न ज्ञायन्ते कुतो मुखतो जाता ब्राह्मणा इति। इह हि कैवर्तरजकचण्डालकुलेष्वपि ब्राह्मणाः सन्ति। तेषामपि चूडाकरणमुञ्जदण्ड[1] काष्ठादिभिः[2] संस्काराः क्रियन्ते। तेषामपि ब्राह्मण-संज्ञा क्रियते। तस्माद् ब्राह्मणवत्क्षत्रिया[3]दयोऽपीति पश्याम एकवर्णो, नास्ति चातुर्वर्ण्यमिति।

[व] अपि च। एकपुरुषोत्पन्नानां कथं चातुर्वर्ण्यम्। इह कश्चिद्देवदत्त एकस्यां स्त्रियां चतुरः पुत्राञ् जनयति। न च तेषां वर्णभेदोऽस्ति। अयं ब्राह्मणोऽयं क्षत्रियोऽयं वैश्योऽयं शूद्र इति। कस्माद्। एकपितृकत्वाद्। एवं ब्राह्मणादीनां कथं चातुर्वर्ण्यम्।

द्रष्टव्य, समानोद्धरण—

(व) चत्वार एकस्य पितुः सुताश्च, तेषां सुतानां खलु जारिरेका।
भविष्य-ब्राह्मण, ४१/४५.

सर्वे वर्णा ब्राह्मणा ब्रह्मजाश्च,
सर्वे नित्यं व्याहरन्ते स्म ब्रह्म।

---

१. -दन्त। २. -दिसंस्का-। ३. -क्षत्रा-।

तत्त्वं शास्त्रं ब्रह्मबुद्ध्या ब्रवीमि
सर्वं विश्वं ब्रह्म चैतत्समस्तम् ॥

महाभारत, शान्ति-पर्व, ३१८/८९.

[श] इह हि गोहस्त्यश्वमृगसिंहव्याघ्रादीनां पदविशेषो दृष्टः। गोपदमिदं हस्तिपदमिदमश्वपदमिदं मृगपदमिदं सिंहपदमिदं व्याघ्रपदमिदमिति। न च ब्राह्मणादीनां[1] ब्राह्मणपदमिदं क्षत्रियपदमिदं वैश्यपदमिदं शूद्रपदमिदमिति। अतः पदविशेषाभावादपि पश्याम एकवर्णो, नास्ति चातुर्वर्ण्यमिति।

(श) लोक में गो, अश्व, मृग, सिंह, व्याघ्र आदि के चरण-चिह्नों में पार्थक्य है, जिसके द्वारा हम सरलतया यह भेद कर लेते हैं कि यह 'गो' का चरण-चिह्न है, वह 'गज' का चरण-चिह्न है, यह 'अश्व' का पद-चिह्न है; वह 'मृग' का पद-चिह्न है; यह 'सिंह' का चरण-सिंह है तथा वह 'व्याघ्र' का चरण-चिह्न है, इत्यादि। किन्तु ब्राह्मणादि वर्णों के विषय में ऐसी बात नहीं है। हम यह पार्थक्य करने में समर्थ नहीं हो सकते हैं कि यह ब्राह्मण का चरण-चिह्न है; वह क्षत्रिय का चरण-चिन्ह है; यह वैश्य का चरण चिह्न है तथा वह शूद्र का चरण-चिह्न है।

तुलनीय—

(श) गोवर्गमध्यं च गतो यथाश्वो निर्धार्यते ज्ञैः सुविचक्षणत्वात्।
मनुष्यभावादविशिष्यमाणस्तद्वद् द्विजः शूद्रगणान्न भिन्नः ॥

भविष्य-ब्राह्मण, ४०।२०.

न सुखादौ न चैश्वर्ये नाज्ञायां नो भयेष्वपि।
न वीर्ये नाकृतौ नाक्षे न व्यापारे न चायुषि ॥
नाङ्गे पुष्टे न दौर्बल्ये न स्थैर्ये नापि चापले।
··· ··· यां न वैराग्ये न धर्मे न पराक्रमे ॥
न त्रिवर्गे न नैपुण्ये न रूपादौ न भेषजे।
न स्त्रीगर्भे न गमने न देहमलसंप्लवे ॥
नास्थिरन्ध्रे न च प्रेम्णि न प्रमाणे न लोमसु।

---

१. च।

शूद्रब्राह्मणयोर्भेदो मृग्यमाणोऽपि यत्नतः ।
नेक्ष्यते सर्वधर्मेषु संहतैस्त्रिदशैरपि ॥
पादप्रचारैस्तनुवर्णकेशैः सुखेन दुःखेन च शोणितेन ।
त्वङ्मांसमेदोऽस्थिरसैः समानाश्चतुःप्रभेदा हि कथं भवन्ति ॥
वर्णप्रमाणाकृतिगर्भवासवाग्बुद्धिकर्मेन्द्रियजीवितेषु ।
बलत्रिवर्गामयभेषजेषु न विद्यते जातिकृतो विशेषः ॥

वही, ४१।३५-४३.

वाङ्मैथुनमथ जन्म मरणञ्च समं नृणाम् ॥

महाभारत, वन-पर्व, १८०।३२.

काम क्रोधो भयं लोभः शोकश्चिन्ता क्षुधा श्रमः ।
सर्वेषां नः प्रभवति कस्माद्वर्णो विभिद्यते ॥
स्वेदमूत्रपुरीषाणि श्लेष्मा पित्तं सशोणितम् ।
तनुः क्षरति सर्वेषां कस्माद्वर्णो विभज्यते ॥

वही, शान्ति-पर्व, १८८/७-८.

समानोद्धरण, द्रष्टव्य—

यथा भस्मनि सौवर्णे विशेष उपलभ्यते ।
ब्राह्मणे चान्य जातौ वा न विशेषोऽस्ति वै तथा ॥
यथा प्रकाशतमसोर्विशेष उपलभ्यते ।
ब्राह्मणे चान्य जातौ वा न विशेषोऽस्ति वै तथा ॥
न हि ब्राह्मण आकाशान्मरुतो वा समुत्थितः ।
भित्वा वा पृथिवीं जातो जातवेदा यथारणेः ॥
ब्राह्मणा योनितो जाताश्चाण्डाला अपि योनितः ।
श्रेष्ठत्वे वृषलत्वे च किं वा पश्यसि कारणम् ॥
ब्राह्मणोऽपि मृतोत्सृष्टो जुगुप्स्योऽशुचिरुच्यते ।
वर्णास्तथैव चाप्यन्ये का नु तत्र विशेषता ॥
न केशेन न कर्णाभ्यां न शीर्षेण न चक्षुषा ।
न मुखेन न नासया न ग्रीवया न बाहुना ॥
नोरसाप्यथ पार्श्वाभ्यां न पृष्ठेनोदरेण च ।
नोरुभ्यामथ जङ्घाभ्यां पाणिपादनखेन च ॥

न स्वरेण न वर्णेन न सर्वांशैर्न मैथुनैः ।
नानाविशेषः सर्वेषु मनुष्येषु न विद्यत ॥

तद्यथा......गवाश्वगर्दभोष्ट्रमृगपक्ष्यजैडकानां जरायुसंस्वेदजौपपादुकानां नानाकरणं प्रज्ञायते । यदुत पादतोऽपि मुखतोऽपि वर्णतोऽपि संस्थानतोऽपि आहारतोऽपि योनिसम्भवतोऽपि नानाकरणं प्रज्ञायते । न चैवं तेषां चतुर्णां वर्णांनां नानाकरणं प्रज्ञायते । तस्मात्सर्वमिदमेकमिति ।

अपि च । ......आम्रातकजम्बुखर्जूरपणस...नारिकेलतिनिशकरञ्जादीनां नानाकरणं प्रज्ञायते । यदुत मूलतश्च स्कन्धतश्च त्वग्भागतश्च सारतश्च पत्रतश्च पुष्पतश्च फलतश्च नानाकरणं प्रज्ञायते । न चैवं चतुर्णां वर्णानां नानाकरणं प्रज्ञायते । शार्दूलकर्णावदान (दिव्यावदान) इ. बी. कावेल-संस्करण, पृ० ६२३–६२८.

[ष] इह गोमहिषाश्वकुञ्जरखरवानरछागैडकादीनां भगलिङ्गवर्णसंस्थानमलमूत्रगन्धध्वनिविशेषो दृष्टः, न तु ब्राह्मणक्षत्रियादीनाम् । अतोऽप्यविशेषादेक एव वर्ण इति ।

[स] अपि च । यथा हंसपारावतशुककोकिलशिखण्डिप्रभृतीनां रूपवर्णलोमतुण्डविशेषो दृष्टः । न तथा ब्राह्मणादीनाम् । अतोऽप्यविशेषादेक एव वर्ण इति ।

[ह] यथा वटवकुलपलाशाशोकतमालनागकेशर[1]शिरीषचम्पकप्रभृतीनां वृक्षाणां विशेषो दृश्यते, यदुतो[2] दण्डतश्च पत्रतश्च पुष्पतश्च फलतश्च त्वगस्थिबीजरसगन्धतश्च, न तथा ब्राह्मण[3]क्षत्रियविट्शूद्राणामङ्गप्रत्यङ्गविशेषो न च त्वङ्मांसशोणितास्थिशुक्रमलवर्णसंस्थानविशेषणं नापि प्रसवविशेषो दृश्यते । ततोऽप्यविशेषादेक एव वर्णो भवति ।

[क्ष] अपि च भो ब्राह्मण सुखदुःखजीवितबुद्धिव्यापारव्यवहारमरणोत्पत्तिभयमैथुनोपचारसमतया नास्त्येव विशेषो ब्राह्मणादीनाम् ।

(क्ष) समानोद्धरण के लिए द्रष्टव्य—

भविष्य-ब्राह्मण, ४०/२०; वही, ४१/३५-४३;

---

१. -सर- । २. पदतो । ३. ब्रह्म ।

महाभारत, वन-पर्व, १८०/३२; वही, शान्ति-पर्व, १८८।७-८; दिव्यावदान [इ.वी. कावेल संस्करण], शार्दूलकर्णावदान, पृ० ६२३-६२८.

[त्र] इदं चावगम्यतां। यथैकवृक्षोत्पन्नानां फलानां नास्ति वर्णभेदस्तथैकपुरुषोत्पन्नानां पुरुषाणां नास्तिवर्णभेदः। उदुम्बरपणसफवद्। उदुम्बरस्य हि पणसस्य फलानि कानिचित् शाखातो भवन्ति कानिचित् दण्डतः कानिचित्स्कन्धतः कानिचिन्मूलतः। न च तेषां भेदोऽस्तीदं ब्राह्मण[1]फलमिदं क्षत्रियफलमिदं वैश्यफलमिदं शूद्रफलमिति। एकवृक्षोत्पन्नत्वाद्। एवं नराणामपि नास्ति भेदः। एकपुरुषोत्पन्नत्वाद्।

[ज्ञ] अन्यच्च दूषणं भवति। यदि मुखतो जातो भवति ब्राह्मणो ब्राह्मण्याः कुतः उत्पत्तिः। मुखादेवेति चेद्। हन्त तर्हि भवतां भगिनीप्रसङ्गः स्यात्। तथा गम्यागम्यं न सम्भाव्यते। तच्च लोकेऽत्यन्त विरुद्धं। तस्मादनियतं ब्राह्मण्यम्।

अतएव इन चरण-चिह्नों में पार्थक्याभाव के कारण भी यह कह सकते हैं कि वर्ण चार नहीं, प्रत्युत एक ही है।

(ष) लोक में गो, महिष, अश्व, कुञ्जर, खर, वानर, छाग, भेंड़ आदि पशुओं के नर-मादा के लिङ्ग-संस्थान मे भेद विद्यमान है। साथ ही इन पशुओं में रंग, वर्ण, आकार-प्रकार तथा स्वरूप में भी भेद है। इसके अतिरिक्त इनके मल-मूत्र, गन्ध-ध्वनि आदि में भी पार्थक्य दृष्टिगत होता हैं। किन्तु ब्राह्मणादि वर्णो के सम्बन्ध में ऐसा नहीं है अर्थात् उक्त पशु-वर्ग में विद्यमान पार्थक्य का सद्भाव इनमें नहीं है। अतः मानवीय विविध वर्णों में उक्त दृष्टि से भी भेद न होने के कारण वर्ण एक ही है।

(स) तथा पुनः, हंस, पारावत, शुक, कोकिल, मयूर (शिखण्डि) प्रभृति पक्षि-वर्ग में रूप, वर्ण (रंग), बाल (लोम), तुण्ड (चोंच) आदि में पृथकता परिलक्षित होती है, किन्तु ब्राह्मणादि वर्णो में इस प्रकार का कोई प्रार्थक्य दृष्टिगत नहीं होता है। अतएव यहां भी भेदाभाव के कारण वर्ण एक ही है।

---

१. -स्य। २. ब्राह्मण जातो ब्राह्मण्याः-।

(ह) विविध जाति के वृक्षों में भी भेद होता है । यथा—वट (बरगद), वकुल (मौलसिरी), पलाश, अशोक, तमाल, नागकेशर, शिरीष, चम्पक आदि में तना, पत्र, पुष्प. फल, त्वग् (छाल), अंतःशरीर-संस्थान (लकड़ी), फल-गिरी (गुठली), बीज, रस, गन्ध आदि की दृष्टि से पार्थक्य दृष्टिगत होता है, किन्तु ब्राह्मणादि वर्णों के विषय में ऐसी स्थिति नहीं है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र इन वर्णों में न तो अङ्ग-प्रत्यङ्ग में भेद है, न तो उनके त्वग्, रक्त, मांस, अस्थि, शुक्र, मल आदि में और न तो स्वरूप, वर्ण तथा प्रसवादि (संतति-प्रसव-प्रक्रिया) में ही भेद लक्षित होता है । इस दृष्टि से भी इनमें पार्थक्य का अभाव है, अतः वर्ण, मात्र एक ही है।

(क्ष) पुनश्च, भो ब्राह्मण ! सुख-दुःख, जीवन, बुद्धि, व्यापार, व्यवहार (आचरण), जन्म एवं मरण, भय एवं मैथुन आदि विविध क्रिया-कलापों में निश्चयतः ब्राह्मण तथा अन्य वर्णों में समता अवलोकित होती है। अत एव ब्राह्मणादि वर्णों में कोई पार्थक्य (भेद) नहीं है ।

(त्र) आप (ब्राह्मण देव) को यह ज्ञात होना चाहिए कि जैसे एक वृक्ष से उत्पन्न फलों में वर्ण-भेद नहीं होता है, उसी प्रकार एक ही पुरुष से उत्पन्न संतानो में भी वर्ण-भेद नहीं है । इस कथन की पुष्टि के लिए दृष्टान्त के रूप में गूलर (उदुम्बर) और कटहल (पणस) को लिया जा सकता है। गूलर एवं कटहल, इन दोनों वृक्षों के फल यदि कुछ शाखाओं में फलते हैं, तो कुछ फल उनके तनों में लगते हैं और यदि कुछ फल उनके स्कन्ध में लगते हैं, तो कुछ उनके मूल (के कुछ ऊपरी भाग) में फलते हैं । इनमें कोई पार्थक्य नहीं है। ऐसा कभी नहीं कहा जाता है कि यह शाखा भाग का (ऊपरी शाखाओं में फलने के कारण) फल है; यह स्कन्ध का (उससे कुछ नीचे स्कन्ध भाग से उत्पन्न होने के कारण) फल हैं तथा यह तना भाग का (तने में फलने के कारण) फल है तथा यह मूल भाग का (मूल से उत्पन्न होने के कारण) फल है । अर्थात ऐसा भेद कभी नहीं किया जाता है कि यह शाखा-फ़ल, ब्राह्मण-फल है; तना-फल, क्षत्रिय-फल है; स्कन्ध-फल, वैश्य-फल है और मूल-फल, शूद्र-फल है । इसका कारण यही है कि सभी फल एक ही वृक्ष से उत्पन्न हुए हैं। इसी प्रकार मनुष्यों में भी कोई भेद, इस लिये नहीं है कि वे सभी एक ही पुरुष (ब्रह्मा) से प्रादुर्भूत हैं ।

(ज्ञ) आपकी मान्यताओं में एक अन्य दोष भी है–यदि आप ब्राह्मणोत्पत्ति मुख से मानते हैं, तो प्रश्न् होगा कि ब्राह्मणी (ब्राह्मण-कन्या) की उत्पत्ति कहां से हुई ? निश्चयतः उसकी भी उत्पत्ति मुख से ही हुई है । खेद है ! तब तो वह आपकी बहन (भगिनी) हुई और उसके साथ आपका स्त्री-प्रसङ्ग ? ऐसी स्थिति में उसके प्रति गम्यागम्य की लोक-मान्यता का सम्मान आपको नहीं करना चाहिए और यदि ऐसा नहीं करते, तो यह अत्यन्त लोकविरुद्ध एवं अनुचित आचरण होगा । इस लिए ब्राह्मणत्व अनिश्चित है ।

[ज्ञा] क्रियाविशेषेण खलु चतुर्वर्णव्यवस्था क्रियते । तथा च युधिष्ठिराध्येषितेन वैशम्पायनेनाभिहितं क्रियाविशेषतश्चातुर्वर्ण्यमिति––

(ज्ञा) लोक में कार्य-भेद के आधार पर ही चार वर्णों की व्यवस्था की गई है । युधिष्ठिर के प्रश्न करने पर, वैशम्पायन ने इस प्रकार कहा है, चार वर्णों की व्यवस्था श्रम (कार्य), विभाजन (पार्थक्य) पर आधृत है–

(त्र) फलान्यथोदुम्बरवृक्षजातेर्यथाग्रमध्यान्तभवानि जानि ।
वर्णाकृतिस्पर्शरसैः समानि तथैकता जातेरिति प्रचिन्त्यम् ॥
भविष्य-ब्राह्मण, ४१/४६.

(ज्ञ) चातुर्वर्ण्यं प्रवक्ष्यामि पशुधर्मकथां तव ।
भवेत्ते भगिनी भार्या नैतद् ब्राह्मण युज्यते ॥

यदि तावदयं लोको ब्रह्मणा जनितः स्वयम् ।
ब्राह्मणी ब्राह्मणस्वसा क्षत्रिया क्षत्रियस्वसा ॥

अथ वैश्यस्य वैश्या वै शूद्रा शूद्रस्य वा पुनः ।
न भार्या भगिनी युक्ता ब्रह्मणा जनिता यदि ॥

न सत्त्वा ब्रह्मणो जाताः क्लेशजाः कर्मजास्त्वमी ।
नीचैश्चोच्चैश्च दृश्यन्ते सत्त्वा नानाश्रयाः पृथक् ॥

तेषां च जातिसामान्याद् ब्राह्मणे क्षत्रिये तथा ।
तथा वैश्ये च शूद्रे च समं ज्ञानं प्रवर्तते ॥
द्रिव्यावदान (शार्दूलकर्णावदान), पृ० ६३६.

पाण्डोस्तु[1] विश्रुतः पुत्रः स वै नाम्ना युधिष्ठिरः ।
वैशम्पायनमागम्य प्राञ्जलिः परिपृच्छति ॥ ३२ ॥

के च[2] ते ब्राह्मणाः प्रोक्ताः किं वा ब्राह्मणलक्षणम् ।
एतदिच्छामि भो ज्ञातुं तद् भवान् व्याकरोति मे ॥ ३३ ॥

वैशम्पायन उवाच—

क्षान्त्यादिभिर्गुणैर्युक्तस्त्यक्त दण्डो निरामिषः ।
न हन्ति सर्वभूतानि प्रथमं ब्रह्मलक्षणम् ॥ ३४ ॥

यदा सर्वं पर-द्रव्यं पथि वा यदि वा गृहे ।
अदत्तं नैव गृह्णाति द्वितीयं ब्रह्मलक्षणम् ॥ ३५ ॥

त्यक्त्वा क्रूरस्व[3]भावं तु निर्ममो निष्परिग्रहः ।
मुक्तश्चरति यो नित्यं तृतीयं ब्रह्मलक्षणम् ॥ ३६ ॥

देवमानुष[4] नारीणां तिर्यग्योनिगतेष्वपि ।
मैथुनं हि सदा त्यक्तं चतुर्थं ब्रह्मलक्षणम् ॥ ३७ ॥

पाण्डु के प्रख्यात प्राज्ञ पुत्र युधिष्ठिर वैशम्पायन के पास पहुँच कर सप्राञ्जलि प्रश्न पूछते हैं ॥ ३२ ॥

वे कौन हैं, जिन्हें ब्राह्मण कहा जाता है अथवा ब्राह्मण का लक्षण क्या है ? इसे मैं ज्ञात करना चाहता हूँ। आप कृपया इसका व्याख्यान कीजिये ॥ ३३ ॥

वैशम्पायन ने कहा है—जो क्षमा, धैर्यादि विविध गुणों से विभूषित है, जो शस्त्रास्त्र का परित्याग कर, दण्ड-भाव से विमुख है, जो सर्वथा निरामिष है और जो जीवमात्र के प्रति हिंसा का भाव नहीं रखता, वही ब्राह्मण के गुणों से सुशोभित है ॥ ३४ ॥ जो बिना दिये, किसी का कोई द्रव्य, चाहे वह उसके घर में हो अथवा कहीं मार्ग में ही क्यों न पड़ा हुआ हो, ग्रहण नहीं

१. पण्डितो । २. -वै- । ३. -स्य- । ४. मनुष्य ।

करता है, वह ब्राह्मण के द्वितीय वैशिष्टच से समन्वित है ॥ ३५ ॥ जिसने अपने स्वभाव से क्रूरभाव का बहिष्कार कर दिया है, जो स्वार्थ तथा सांसारिक सभी प्रकार की आसक्तियों से रहित है, जिसके पास कहने को अपना कुछ भी नहीं है और जो सदा मुक्त-भाव से विचरण करता है, वह ब्राह्मण के तृतीय लक्षण से युक्त है ॥ ३६ ॥ जो देव, मर्त्य (पुरुष या स्त्री) अथवा तिर्यग्-योनि में ही उत्पन्न हुआ है, किन्तु सांसारिक विषय-भोग, मैथुनादि से विमुख है, वह ब्राह्मण की चतुर्थ विशेषता से विभूषित है ॥ ३७ ॥

(३४-३७) क्रोधः शत्रुः शरीरस्थो मनुष्याणां द्विजोत्तम ।
यः क्रोधमोहौ त्यजति तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥
यो वेदेदिह सत्यादि गुरुं संतोषयेत च ।
हिंसितश्च न हिंसेत तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥
जितेन्द्रियो धर्मपरः स्वाध्यायनिरतः शुचिः ।
कामक्रोधौ वशे यस्य तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥
यस्य चात्मसमो लोको धर्मज्ञस्य मनस्विनः ।
सर्वधर्मेषु चरतस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥
धर्मं तु ब्राह्मस्याह स्वाध्यायं दममार्जवम् ।
इन्द्रियाणां निग्रहं च शाश्वतं द्विजसत्तम ॥
महाभारत, वन-पर्व, २०६/३२-६.

शौचेन सततं युक्तः सदाचारसमन्वितः ।
सानुक्रोशश्च भूतेषु तद् द्विजातिषु लक्षणम् ॥
वही, शान्ति-पर्व, १८६/१८.

ग्रामे गृहे वा ये द्रव्यं पारक्यं विजने स्थितम् ।
नाभिनन्दति वै नित्यं… … … … … … ॥
वही, अनु०, १४४/३२.

सत्यं शौचं दया शौचं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
सर्वभूत[1] दया शौचं तपः शौचश्च[2] पञ्चमम् ॥ ३८ ॥

---

१. -ते- । २. -न्तु ।

पञ्चलक्षणसम्पन्न ईदृशो यो भवेद् द्विजः ।
तमहं ब्राह्मणं ब्रूयां शेषाः शूद्रा युधिष्ठिर ॥ ३९ ॥
न कुलेन न जात्या वा क्रियाभिर्ब्राह्मणो भवेत्[1] ।
चण्डालो[2]ऽपि हि वृतस्थो ब्राह्मणः स युधिष्ठिर ॥ ४० ॥
अहिंसा ब्रह्मचर्यं च विशुद्धाञ्च प्रतिग्रहः ।
फलेन न समर्थं च ब्राह्मणः स्याद्युधिष्ठिर ॥ ४०अ[3]॥

सत्य पुण्य है, दया पुण्य है, इन्द्रिय-निग्रह पुण्य है, सभी प्राणियों पर दया-भाव पुण्य है और तपस्या ही पुण्य है और इन सभी पुण्य भावों से युक्तता ब्राह्मण का पञ्चम लक्षण है ॥ ३८ ॥

उपर्युक्त पञ्च लक्षणों से समन्वित द्विज को ही, हे युधिष्ठिर ! ब्राह्मण और अवशिष्टों को शूद्र संज्ञा देनी चाहिए ॥ ३९ ॥

जन्म, वंश-परम्परा अथवा धार्मिक क्रियाओं की सम्पन्नता के कारण कोई ब्राह्मण नहीं होता है। यदि कोई चण्डाल भी शीलवान् है, सदा-चारी है, तो वह ब्राह्मण है। तात्पर्यार्थ यह है कि ब्राह्मणत्व में हेतु उच्चकुल-परम्परा, जन्म या मात्र धार्मिक क्रियायें ही नहीं, प्रत्युत् सदाचरण है ॥ ४० ॥

प्राणी-मात्र के प्रति अहिंसा का भाव, ब्रह्मचर्याचरण, विशुद्धता, अप्रति-ग्रह-भाव, फलासक्ति का अभाव आदि वैशिष्ट्यों का, जिनमें सद्भाव हो, हे युधिष्ठिर ! वे ब्राह्मण होने के अधिकारी हैं ॥ ४०अ ॥

(३८) तीर्थशौचमनर्थित्वमार्जवं सत्यमार्दवम् ।
अहिंसा सर्वभूतानामानृशंस्यं दमः शमः ॥
महाभारत, अनु०, १०८/४-

---

१. न च। २. चाण्डालौ।

३. यह श्लोक मात्र दो हस्तलिखित प्रतियों (एशियाटिक सोसायटी, बंगाल तथा इण्डिया आफिस, लंदन) में ही उपलब्ध है, जिसे यहां '४०अ' संख्या देकर रखा गया है।

अद्भिर्गात्राणि शुध्यन्ति मनः सत्येन शुध्यति ।
विद्यातपोभ्यां भूतात्मा बुद्धिर्ज्ञानेन शुध्यति ॥
क्षान्त्या शुध्यन्ति विद्वांसो दानेनाकार्यकारिणः ।
प्रच्छन्नपापा जप्येन तपसा वेदवित्तमः ॥
मनुस्मृति, ५/१०६-६.

केवलं गुणसम्पन्नः शुचिरेव नरः सदा ॥
महाभारत, अनु०, १०८/१४.

सत्यं तीर्थं क्षमा तीर्थं तीर्थमिन्द्रियनिग्रहः ।
सर्वभूतदयातीर्थं···सन्तोषस्तीर्थमेव च ॥
ब्रह्मचर्यं परं तीर्थं नियमस्तीर्थमुच्यते ।
······ज्ञानं तीर्थं धृतिस्तीर्थमहिंसा तीर्थमुच्यते ॥
पद्म-पुराण, २/२३७;१२-१५ (आनन्दाश्रम, पूना, संस्करण)

(४०) न कुलेन न जात्या वा क्रियाभिर्ब्राह्मणो भवेत् ।
चण्डालोऽपि हि वृत्तस्थो ब्राह्मणो यक्षपुङ्गव ॥
शृणु यक्ष कुलं तात न स्वाध्यायो न च श्रुतम् ।
कारणं हि द्विजत्वे तु वृत्तमेव न संशयः ॥
महाभारत, वन-पर्व, ३१३/१०८.

किं च भूयो वैशम्पायनेनोक्तम्—

एकवर्णमिदं पूर्वं विश्वमासीद्युधिष्ठिर ।
कर्मक्रियाविशेषेण चातुर्वर्ण्यं प्रतिष्ठितम् ॥ ४१ ॥
सर्वे वै योनिजा मर्त्याः सर्वे मूत्रपुरीषिणः ।
एकेन्द्रियेन्द्रियार्थाश्च तस्माच्छीलगुणैर्द्विजाः ॥ ४२ ॥
शूद्रोऽपि शीलसम्पन्नोगुणवान् ब्राह्मणो भवेत् ।
ब्राह्मणोऽपि क्रियाहीनः शूद्रात्प्रत्यवरो[1] भवेत् ॥ ४३ ॥

१. -त्यपरो ।

तथा वैशम्पायन द्वारा पुनः कहा गया है—

भो युधिष्ठिर ! प्राचीन काल में समग्र संसार में एक ही वर्ण था । चार वर्णों की व्यवस्था तो वृत्ति एवं कार्य के आधार पर निश्चित हुई है ॥ ४१ ॥

सभी वर्ण समान स्थान (मातृ-कुक्षि) से उत्पन्न हुए हैं । सभी के अभ्यन्तर मल-मूत्रादि सदृश कुत्सित पदार्थ विद्यमान हैं । इन्द्रियां एवं उनके विषय, सभी में समान हैं । इसलिए मात्र सदाचरण एवं सद्गुण (धर्म) द्वारा ही मर्त्य, ब्राह्मण होता है ॥ ४२ ॥

अत एव प्रादुर्भाव, मल-मूत्रादि अथवा इन्द्रियां एवं उनके विषय के आधार पर मनुष्यों में कोई भेद नहीं है ।

यदि कोई शूद्र भी शील-सम्पन्न है तथा सद्धर्म का आचरण करता है, वह ब्राह्मणत्व को प्राप्त कर सकता है और यदि कोई ब्राह्मण भी सद्कर्म, एवं सद्गुण-विहीन है, वह शूद्र से भी अवर कोटिक अर्थात् निकृष्ट है ॥४३॥

(४१) किं ब्राह्मणा ये सुकृतं त्यजन्ति किं क्षत्रिया लोकमपालयन्तः ।
स्वधर्महीना हि तथैव वैश्याः शूद्राः स्वमुख्यक्रियया विहीनाः ॥

तस्मान्न गोऽश्ववत्कश्चिज्जातिभेदोऽस्ति देहिनाम् ।
कार्यशक्तिनिमित्तस्तु संकेतः कृत्रिमो भवेत् ॥
भविष्य, ब्राह्मण, ४०/३३-३४-

(४१-४३) न विशेषोऽस्ति वर्णानां सर्वं ब्राह्ममिदं जगत् ।
ब्रह्मणा पूर्वसृष्टं हि कर्मभिर्वर्णतां गतम् ॥
महाभारत, शान्ति-पर्व, १८८/१०

एकवर्णमिदं··············शूद्रात्प्रत्यवरो भवेत् ।
वही, अनु०, १०८/१३.

एक एव पुरावेदः प्रणवः सर्ववाङ्मयः ।
देवो नारायणो नान्य एकोऽग्निर्वर्ण एव च ॥
भागवत, ९/१४/४८.

वर्णाश्रमव्यवस्थाश्च न तदाऽऽसन् न संकरः ।
वायु-पुराण, ८/६१.

शूद्रोऽप्यागमसम्पन्नो द्विजो भवति संस्कृतः ।
ब्राह्मणोऽप्यसद्वृत्तः······शूद्रो भवति तादृशः ॥
महाभारत, अनु०, १४३/४६-४७.

यस्तु शूद्रो दमे सत्ये धर्मे च सततोत्थितः ।
तमहं ब्राह्मणं मन्ये वृत्तेन हि भवेद् द्विजः ॥
वही, वन-पर्व, २१६/१५.

चतुर्वेदोऽपि दुर्वृत्तो न शूद्रादतिरिच्यते ॥
वही, वन-पर्व, ३१३/१११.

वृत्तेस्थितस्तु शूद्रोऽपि ब्राह्मणत्वं नियच्छति ॥
वही, अनु०, १४३।५१.

न वै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राह्मणो न च ब्राह्मणः ।
वही, वन-पर्व, १८०/२५-२६; शान्ति-पर्व, १८९/८.

इदं च वैशम्पायनवाक्यम्—

पञ्चेन्द्रियार्णवं घोरं यदि शूद्रोऽपि तीर्णवान् ।
तस्मै दानं प्रदातव्यमप्रमेयं युधिष्ठिर ॥ ४४ ॥
न जातिर्दृश्यते राजन् गुणाः कल्याणकारकाः ।
जीवितं यस्य धर्मार्थे[1] परार्थे यस्य जीवितम् ।
अहोरात्रं चरेत्क्षान्तिं[2] तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ ४५ ॥
परित्यज्य गृहावासं ये स्थिता मोक्षकाङ्क्षिणः ।
कामेष्वसक्ताः कौन्तेय ब्राह्मणास्ते युधिष्ठिर ॥ ४६ ॥

---

१. -र्थं । २. कान्तिं ।

अहिंसानिर्ममत्वं चा[3] मत्कृत्यस्य वर्जनम् ।
रागद्वेषनिवृत्तिश्च एतद् ब्राह्मणलक्षणम् ॥ ४७ ॥
क्षमा दया दमो दानं सत्यं शौचं स्मृतिर्घृणा ।
विद्या विज्ञानमास्ति[4]क्यमेतद् ब्राह्मणलक्षणम् ॥ ४८ ॥

वैशम्पायन के ही प्रकृत वचन भी हैं—

हे युधिष्ठर ! पञ्चेन्द्रिय रूपी भयावह एवं गम्भीर महासागर को, यदि कोई शूद्र भी उत्तीर्ण कर जाता है, तो वह अपरिमित दान का पात्र है और ऐसे अधिकारी पात्र को दान देना चाहिए ॥ ४४ ॥

पञ्चेन्द्रियों का संयमन एवं वशीकरण, दुरुह सागर-संतरण सदृश दुष्कर है । शील-विमुख के लिये, तो उनका संयमन अत्यधिक कठिन है; किन्तु यदि शूद्र के द्वारा भी वे सदाचरण से संयमित करली जांय, ऐसा शूद्र भी सुपात्र हो सकता है, दानाधिकारी हो सकता है ।

हे राजन् ! वर्ण (जाति) का सद्भाव दृष्टिगत नहीं होता है । सद्गुण ही कल्याण के आधार हैं । वह व्यक्ति, जिसका जीवन धर्मार्थ है, जो परार्थ ही जीवन-धारण करता है और जो सदा (दिन-रात) सहिष्णुता (क्षमा) का आचरण करता है, ऐसे व्यक्ति को देवगण ब्राह्मण मानते हैं ॥ ४५ ॥

भो कौन्तेय ! जिसने गार्हस्थ्य का परित्याग कर दिया है, जो सांसारिक कामनाओं में अनासक्त है और जो सदा मोक्षाभिलाषी है, वही ब्राह्मण है ॥

जो व्यक्ति अहिंसा, निर्ममता, निःस्वार्थता का अनुसरण करता है तथा धर्मशास्त्राननुमोदित कार्यों से विमुख है और जो राग-द्वेष से निवृत है, वही ब्राह्मण के वैशिष्टय से समवेत है ॥ ४७ ॥

क्षमा, दया, दम (जितेन्द्रियत्व) दान, सत्य, शौच, स्मृति, विद्या, विज्ञान तथा आस्तिक्य (वेदमें विश्वास) आदि गुणों का, जिसमें सद्भाव है, वही ब्राह्मण है । तथ्यतः उपर्युक्त गुणों से विभूषित व्यक्ति ही ब्राह्मण होने का अधिकारी है ॥ ४८ ॥

---

३. वा- । ४. -धिः ।

तात्पर्य यह है कि ब्राह्मणत्व से संवलित, वही व्यक्ति कहा जा सकता है, जो इस लोक में रहते हुए भी, अलौकिक गुणों से युक्त है, सदा सांसारिकता से विमुख एवं आध्यात्मिकता के प्रति आसक्त है और धर्मशास्त्र-सम्मत अपने कर्तव्य के प्रति निःस्वार्थ भाव से संलग्न है।

(४४-४८) हेयोपादेयतत्त्वज्ञास्त्यक्तान्यायपथागमाः ।
जितेन्द्रियमनोवाचः सदाचारपरायणाः ॥ १ ॥

नियमाचारवृत्तस्था हितान्वेषणतत्पराः ।
संसाररक्षणोपायक्रियायुक्तमनोरथाः ॥ २ ॥

सम्यग्दर्शनसम्पन्नाः समाधिस्था हतक्रुधः ।
स्वाध्यायभक्तहृदयास्त्यक्तसङ्गा विमत्सराः ॥ ३ ॥

विशोका विमदाः शान्ताः सर्वप्राणिहितैषिणः ।
सुखदुःखसमालोका विविक्तस्थानवासिनः ॥ ४ ॥

व्रतोपयुक्तसर्वाङ्गा धार्मिकाः पापभीरवः ।
निर्ममा निरहङ्कारा दानशूरा दयापराः ॥ ५ ॥

सत्यब्रह्मविदः शान्ता सर्वशास्त्रेषु निष्ठिताः ॥ ६ ॥
···ब्रह्मणा कृतमर्यादास्त एव ब्राह्मणाः स्मृताः ॥ ७ ॥

योगस्तपो दया दानं सत्यं धर्मश्रुतिर्घृणा ।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यमेतद् ब्राह्मणलक्षणम् ॥ २८ ॥

यत्र वा तत्र वा वर्णे उत्तमाधममध्यमाः ।
निवृत्तः पापकर्मेभ्यो ब्राह्मणः स विधीयते ॥ ३० ॥

शूद्रोऽपि शीलसम्पन्नो ब्राह्मणादधिको भवेत् ।
ब्राह्मणो विगताचारः शूद्राद्धीनतरो भवेत् ॥ ३१ ॥

भविष्य, ब्राह्मण, ४४.

(४५) जीवितं यस्य धर्मार्थं धर्मो ह्यर्थमेव च ।
अहोरात्राश्च पुण्यार्थं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥

महाभारत, शान्ति-पर्व, २४५/२३.

(४८) सत्यं दानमथाद्रोहमानृशंस्यं तपो घृणा ।
दृश्यन्ते यत्र नागेन्द्र स ब्राह्मण इति स्मृतः ॥
वही, वन-पर्व, १८०/२१; शान्ति-पर्व, १८९/४.

ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम् ॥
गीता, १८/४२.

गायत्रीमात्र[1] सारोऽपि वरं[2] विप्रः सुयन्त्रितः ।
नायन्त्रितश्चतुर्वेदी[3] सर्वाशी सर्वविक्रयी ॥४९॥

एकरात्रोषितस्यापि या गतिर्ब्रह्मचारिणः ।
न तत्क्रतुसहस्रेण प्राप्नुवन्ति युधिष्ठिर ॥५०॥

पारगं सर्ववेदानां सर्वतीर्थाभिषेचनम् ।
मुक्त[4]श्चरति यो धर्मं तमेव ब्राह्मणं विदुः ॥५१॥

यदा न कुरुते पापं सर्वभूतेषु दारुणम् ।
कायेन मनसा वाचा ब्रह्म सम्पद्यते तदा ॥५२॥

अस्माभिरुक्तं यदिदं द्विजानां मोहं निहन्तुं हतबुद्धिकानाम् ।
गृह्णन्तु सन्तो यदि युक्तमेतन्मुञ्चन्त्वथायुक्तमिदं यदि स्यात् ॥५३॥

कृतिरियं सिद्धाचार्याश्वघोषपादानामिति
वज्र-सूची समाप्तेति [5]शुभम् ।

गायत्री मात्र का (सर्वस्व-सार के रूप में) ज्ञान रखने वाला व्यक्ति, यदि वस्तुतः आत्मसंयमी है, वह श्रेष्ठ है, अपेक्षाकृत उस ब्राह्मण के, जो चारों वेदों में पारंगत होने पर भी, आत्म-संयमी नहीं है तथा सब कुछ (भक्ष्याभक्ष्य) भक्षण करने वाला है और सभी सामग्रियों का विक्रेता है ॥ ४९ ॥

---

१. मन्त्र- । २. चरन् । ३. नाधीत्यचतुरो वेदान् ।
४. युक्त- । ५. इति लघुटङ्कः ।

गायत्री—वैदिक छन्द विशेष है, जिसमें २४ मात्राएँ होती हैं। यह गुरु-मंत्र है, जिसे प्रत्येक द्विज के लिये त्रिकाल जप का विधान है। इसके जप से अनेक पापों का प्रायश्चित सम्भाव्य है। इसकी महिमा का गान स्वतः गीता—'गायत्री छन्दसामहम्' (१०/३५) द्वारा करती है।

यदि संयतात्मभाव से समवेत, ब्रह्मचारी मात्र एक रात उपवास करता है और सांसारिक समस्त ऐन्द्रिय विषयों से विरत है, वह उस परम गति को प्राप्त कर सकता है, जो, हे युधिष्ठिर! असंख्य यज्ञ-बलि सम्पन्न करने पर भी, अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं प्राप्त की जा सकती है ॥ ५० ॥

जिसने समग्र वेदों में पूर्ण पाण्डित्य प्राप्त कर लिया है, जो अपने सद् आचरण द्वारा दूसरों को उसी प्रकार पवित्र करता है, जैसे कोई सम्पूर्ण तीर्थों के पुण्य जल से अभिषिक्त होने पर पवित्र होता है और जो संसार के समस्त बन्धनों से मुक्त होकर धर्माचरण करता है, उसी को ब्राह्मण मानना चाहिए ॥५१॥

जो मनसा, वाचा तथा कर्मणा, किसी प्रकार से भी, कोई जघन्य पापाचरण, किसी भी जीव के प्रति, नहीं करता है, वही ब्राह्मणत्व को प्राप्त करता है ॥ ५२ ॥

हतबुद्धि द्विजों के अज्ञान (मोह) के विनाश के लिये, मेरे (अश्वघोष) द्वारा उपर्युक्त, जो कुछ वर्णित किया गया है, यदि यह तर्कसंगत है, प्राञ्जल बुद्धि सन्त उसे स्वीकार करें, अन्यथा परित्याग कर दें, यदि उन्हें युक्ति-संगत प्रतीत न हो ॥ ५३ ॥

इस प्रकार सिद्धि-सम्पन्न आचार्य अश्वघोष द्वारा रचित 'वज्र-सूची' की (रामायण प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखित) 'मणिमयी' व्याख्यासमाप्त हुई।

(४९) सावित्रीमात्रसारोऽपि वरं विप्रः सुयन्त्रितः।
नायन्त्रितस्त्रिवेदोऽपि सर्वाशी सर्वविक्रयी ॥
मनुस्मृति, २/११८.

(५०) एकरात्रोषितस्यापि यतेर्या गतिरुच्यते।
न सा शक्या गृहस्थेन प्राप्तं क्रतुशतैरपि ॥
विष्णु-वचनम्, उद्धृत, यति-धर्म, पृ० २०.

(५१) निर्मुक्तं बन्धनैः सर्वैस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ।
महाभारत, शान्ति-पर्व, २४५/२४.

(५२) यदा न कुरुते–वही, १७४/५४,; २५१/६,; २६२/१६.

अभयं सर्वभूतेभ्यः सर्वेषामभयं यतः ।
सर्वभूतात्मभूतो यस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ वही, २६९/३३.

न क्रुध्येन्न प्रहृष्येच्च मानितोऽमानितश्च यः ।
सर्वभूतेष्वभयदस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ वही, २४५/१४,

इति समानोद्धरणसहिता 'वज्रसूची' समाप्ता ।

इति शुभं भूयात् ।

परिशिष्ट

परिशिष्ट-प्रथम

'वज्रसूची' को यत्र-तत्र 'वज्रसूच्युपनिषत् के अभिधान' से भी अभिहित किया गया है। प्रकृत परिशिष्ट में 'वज्रसूच्युपनिषत्' का उपलब्ध स्वरूप किंचित् संशोधन सहित उद्धृत किया जा रहा है, जो वज्रसूची से कुछ भिन्न है—

वज्रसूच्युपनिषत्

वज्रसूचीं प्रवक्ष्यामि शास्त्रमज्ञानभेदनम्।
दूषणं ज्ञानहीनानां भूषणं ज्ञानचक्षुषाम्॥

ब्रह्म[1] क्षत्रियवैश्यशूद्रा इति चत्वारो वर्णा[2]स्तेषां ब्राह्मण एव प्रधान इति वेदवचना[3]नुरूपं स्मृति[4]भिरप्युक्तम्। तत्र चोद्यमस्ति को वा ब्राह्मणो नाम। किं जीवः किं देहः किं जातिः[5] किं ज्ञानं किं कर्म[6] किं धार्मिक[7] इति।

तत्र प्रथमो जीवो ब्राह्मण इति चेत्तन्न[8]। अतीतानागतवर्तमानानेकदेहानां जीवस्यैकरूपत्वाद्। एकस्यापि कर्मवशादनेकदेहसम्भवात्। सर्वशरीराणां जीवस्यैकरूपत्वाच्च। तस्मान्न जीवो ब्राह्मण इति[9]।

तर्हि[10] देहो ब्राह्मण इति चेत्तन्न[11]। आचाण्डालादिपर्यन्तानां मनुष्याणां[12] पाञ्चभौतिकत्वेन देहस्यैकरूपत्वाज्जरामरणधर्मा[13]–

---

१. ब्राह्मण। २. वर्णानां। ३. नान्निरूपितं। ४. निरुक्तम्। ५. किं वर्णः किं पाण्डित्यं किं धर्मः किं धार्मिक्यं। ६. इत्यष्टौ विकल्पाः। ७. कं किं वर्णः किं पाण्डित्यमित्यष्टौ प्रश्नाः। ८. चेत्तर्हि सर्वस्यापि जनस्य जीवस्यैकरूपत्वात्तस्माज्जीवो ब्राह्मण। ९. न भवत्येव। १०. अन्यच्च। ११. चेत्तर्हि चाण्डालपर्यन्तमनुष्याणां देहस्य जरामरणदर्शनात्तस्मादेहो ब्राह्मणो न भवत्येव। १२. पशुपक्षिक्रिमिकीटपतङ्गादीनां। १३. अधर्मं।

दिसाम्यदर्शनात्। ब्राह्मणः[1] श्वेतवर्णः, क्षत्रियो रक्तवर्णो, वैश्यः, पीतवर्णः, शूद्रः कृष्णवर्ण[2] इति नियमाभावात्। पित्रा[3]दिशरीर-दहने पुत्रादीनां ब्रह्महत्यादिदोषसम्भवाच्च[4]। तस्मान्न[5] देहो ब्राह्मण[6] इति।

तर्हि[7] जातिर्ब्राह्मण इति चेत्तन्न[8]। तत्र जात्यन्तरजन्तुष्वनेकजाति सम्भवा[9] महर्षयो बहवः सन्ति। ऋष्यशृङ्गो मृग्याः[10]। कौशिकः कुशात्[11]। जाम्बूको जम्बूकाद्। वाल्मीको वल्मीकाद्[12]। व्यासः कैवर्तकन्यकायां। शशपृष्ठाद्गौतमः[13]। वसिष्ठ[14] उर्वश्यां। विश्वामित्रः क्षत्रियायाम्[15]। नारदो दासीपुत्र, अगस्त्यः[16] कलशे[17] जात इति श्रुतत्वात्[18]। एतेषां जात्या विनापि[19] सम्यग्ज्ञानविशेषाद् ब्राह्मण्यमत्युत्तमं श्रूयते। तस्मान्न[20] जातिर्ब्राह्मण[21] इति।

तर्हि ज्ञानं ब्राह्मण इति चेत्तन्न। क्षत्रियादयोपि परमार्थदर्शिनोऽभिज्ञा बहवः सन्ति। तस्मान्न ज्ञानं ब्राह्मण इति।

तर्हि[22] कर्म ब्रह्माण इति चेत्तन्न[23]। सर्वेषां प्राणिनां प्रारब्धसञ्चितागामिकर्मसाधर्म्यदर्शनात्कर्माभिप्रेरिताः सन्तो जनाः क्रियाः कुर्वन्तीति। तस्मान्न कर्म ब्राह्मण[24] इति।

अन्यच्च पाण्डित्यं ब्राह्मण इति चेत्। तर्हि क्षत्रियवैश्यशूद्रादयोऽपि-पदपदार्थवाक्यप्रमाणविज्ञाना बहवः सन्ति। तस्मात्पाण्डित्यं ब्राह्मणो न भवत्येव।

---

१. अन्यच्च वर्णो ब्राह्मण इति चेत्तर्हि अथवा तर्हि वर्णो ब्राह्मण इति चेन्न। २. एवं सर्वेषाँ वर्णादर्शनात्। तस्माद्वर्णो ब्राह्मणो न भवत्येव। ३. पुनर्देहो ब्राह्मण इति चेत्तर्हि पितृमातृशरीरदहनात्पुत्राणां। ४. -म्भवः। ५. च। ६. न भवत्येव।

७. अन्यच्च। ८. चेत्तर्हि अन्यजातिसमुद्भवामहर्षयः। ९. -वात्। १०. ग्यः; ग्यां जातः। ११. कुशास्तीर्णे। १२. वल्मीक्यां। १३. पृष्ठे। १४. वेश्यायां। १५. विश्वामित्रः क्षत्रियः। १६. -स्तिः। १७. शाज्जात। १८. श्रूयते। १९. अग्रे; अन्ये। २०. ज्जात्या। २१. न भवत्येव। २२. अन्यच्च। २३. श्चेत्तर्हि ब्राह्मणस्य शतवर्षाणि जीवितं क्षत्रियस्य तदर्धं वैश्यस्य तदर्धं शूद्रस्य तदर्धमिति नियमाभावात्। तस्मात्कर्म, २४. न भवत्येव।

अन्यच्च धर्मो ब्राह्मण इति चेत् । तर्हि क्षत्रियवैश्यशूद्रादय इष्टापूर्तधर्मकारिणो बहवः सन्ति । तस्माद्धर्मो ब्राह्मणो न भवत्येव ।

तर्हि[१] धार्मिको ब्राह्मण इति चेत्तन्न[२] । क्षत्रिय[३]वैश्यशूद्रादयोपि कन्यादानगजदानगोदानहिरण्यदानमहिषीदानानां दातारो बहवः सन्ति । तस्मान्न[४] धार्मिको ब्राह्मण[५] इति ।

तर्हि को वा ब्राह्मणो नाम । यः कश्चिदात्मानमद्वितीयं जातिगुणक्रियाहीनं षडूर्मिषड्भावेत्यादिसर्वदोषरहितं सत्यज्ञानानन्दान्नतस्वरूपं स्वयं निर्विकल्पमशेष[६]कल्पाधारमशेषभूतान्तर्यामित्वेन वर्तमानमन्तर्बहिश्चाकाशवदनुस्यूतमखण्डानन्दस्वभावमप्रमेयमनुभवैकवेद्यमपरोक्षतया भासमानं करतलामलकवत्साक्षादपरोक्षीकृत्य कृतार्थतया कामरागादिदोषरहितः शमदमादि[७]सम्पन्नो भावमात्सर्यतृष्णा[८]ऽऽशामोहादिरहितो दम्भाहङ्कारादिभिरसंस्पृष्टचेता[९] वर्तत एवमुक्तलक्षणो यः स एव ब्राह्मण[१०] इति श्रुतिस्मृतिपुराणेतिहासानामभिप्रायः । अन्यथा हि ब्राह्मणत्वसिद्धिर्नास्त्येव ।

[तथा हि—

जन्मना जायते शूद्रो व्रतबन्धाद् द्विजोच्यते ।
वेदाभ्यासी भवेद्विप्रो ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः ॥]

सच्चिदानन्दमात्मानमद्वितीयं ब्रह्म भावयेदात्मानं सच्चिदानन्दं ब्रह्म भावयेद् । अतएव ब्रह्मविदेव ब्राह्मणो नान्य इति निश्चयः ॥

॥ इत्युपनिषत् ॥

---

१. न भवत्येव । २. अन्यच्च । ३. तर्हि । ४. यादयोहिरण्यदातारो बहव० । ५. द् । ६. न भवत्येव । ७. विकल्पा- । ८. साधन । ९. लोभ मदमात्सर्य । स्पृष्टोवेत्ता । १०. किं तु करतलामलकमिव यः पश्यत्यपरोक्षेण कृतार्थः । तथा कामरागद्वेषादिरहितः शमदमादि सन्तोषो मानमात्सर्यं तृष्णासम्मोहादिदुष्टार्थनिवृत्तः स एव ब्राह्मण उच्यते ।

—!*!—

परिशिष्ट-द्वितीय

पौराणिक व्यक्तित्व, स्थान एवं सिद्धान्त

इस परिशिष्ट में वज्रसूची में व्यवहृत, प्राचीन ऋषि-महर्षि तथा अन्य व्यक्तियों के वृत्तान्त एवं सिद्धान्त वर्णित हैं। ताकि वज्रसूची के अध्ययन के उपरान्त उनके विषय में अध्येता-वर्ग में उत्पन्न जिज्ञासा की शान्ति के लिये उन्हें अन्यत्र कोश-ग्रन्थों के उलटने का प्रयास न करना पड़े और अपेक्षित जानकारी इस परिशिष्ट के द्वारा ही हो जाय।

अचल—यह एक महर्षि थे। इनके विषय में जानकारी के लिये वायु-पुराण विशेष रूप से द्रष्टव्य है।

यह शिव के एक पर्याय तथा जैनों के नव-उपद्रवी, जिन्हें 'श्वेत-बल' कहा जाता था, में से एक थे। (व. सू., पृ. ७)।

अगस्त्य--अग का अर्थ पर्वत है, तथा उसका स्तम्भन करने के कारण ही इनका नाम अगस्त्य पड़ा। यह वसिष्ठ समान ही मित्रावरुणों के पुत्र हैं। उर्वशी के अनूप रूप को देखकर मित्रावरुणों का रेत पुण्डरीक पर स्खलित हुआ और उसीसे वसिष्ठ एवं अगस्त्य उत्पन्न हुए। द्र० ऋग्वेद, ७.३३.१३; बृहद्देवता ५.१३५.

अगस्त्य, कुल का नाम होने से, अगस्त्य-कुल के लोगों द्वारा रचित सूक्त अगस्त्य-सूक्त के नाम से प्रख्यात हैं। अगस्त्य-सूक्त एवं मंत्र, प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं। द्र० ऋ० १.१६५; १३-१५, १६६-१६९, १७०.२,५; १७१-१७८; ३-४; १८०-१९१.

अगस्य, सुमेधस्. मैत्रावरुण, कुम्भयोनि, पिताब्धि, और्वशेय, मान्दार्य आदि अभिधानों से भी अभिहित हैं; ऋ. १.१८५.१०; १.१६५. १४-१५; १६६-१५; मत्स्य; ६१.२०१; पद्म. सृ. २२.२२, म. व. ९६; द्रोण. १२३; १८५; शां. ३४४; ब्रह्माण्ड. ३.३५.

यह इन्द्र तथा मरुतों में मैत्री-भाव का स्थापन करने वाले कहे गये हैं। इनसे सम्बद्ध ऐसे सूक्त 'कयाशुभीय' सूक्त कहलाते हैं; द्र. ऋ. १६.५, ऐ. ब्राह्मण: ५.१६.

अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा थीं, जो विदर्भ महाराज की राजकुमारी थीं। ऋग्वेद में दोनों का संवाद उपलब्ध होता है। ऋ. १.१७६.४.

लोपामुद्रा की कृपा से काशिराज प्रतर्दन का, पौत्र तथा वत्सपुत्र अलर्क को दीर्घायु प्राप्त हुई। वायु ९२.६७; ब्रह्मा० ११.५३.

इनमें तपः सामर्थ्य से अभीष्ट सब कुछ प्राप्त करने की क्षमता विद्यमान थी। इनके पुत्र का नाम दृढ़दस्यु था, जो दृढ़द्युम्न, इन्द्रबाहु, इध्माह आदि नामों से प्रख्यात था। द्र. म. व; ९७. २३-२४; मत्स्य. १४५. ११४.

यह दक्षिण से अधिक सम्बद्ध थे, अतएव इन्हें दक्षिण का स्वामी तथा विजेता भी कहा गया है। इन्हें लंकावासी भी कहा गया है। इनका आश्रम दक्षिण में ही मलयगिरि पर स्थित था। द्र., मत्स्य. ६१.३७.५१; ब्रह्म. ८४. ११८.२; ११८.१५६. (व. सू., पृ. ७)।

अङ्गिरस—वज्र कुलोत्पन्न ऋषि थे, जिनका उल्लेख कण्व, अत्रि, भृगु, मनु, ययाति आदि के साथ मिलता है, द्र.ऋ. १.१३९.९; १.३१.१७; ८.४३. १३. अग्नि से उत्पन्न होने के कारण इनका अङ्गिरस नाम पड़ा। द्र. नि० ३.१७।

इनका उल्लेख प्राचीन तत्त्वज्ञानियों के साथ मिलता है (शि० उ० १.) इनकी महिमा का विवेचन करते हुए, यह बतलाया गया है कि यह प्रथमतः मनुष्य थे और बाद में देवता बने और तब तत्त्वज्ञानी (ऋ० ४.४.१३) ब्रह्मविद्या के शिक्षा-क्रम में इनका उल्लेख-ब्रह्मन्–अथर्वन्–अंगिरस–सत्यवह–भारद्वाज–आंगिरस इस रूप में मिलता है–मुण्ड. उ० १.१.२–३; ३.२.११

अथर्ववेदीय एक कल्प अंगिरस कल्प के नाम से प्रसिद्ध है। यह कौशिक-सूत्र के प्रमुख आचार्यों में से एक हैं। यह मंत्रकार भी थे।

अंगिरा शब्द बहुवचन में प्रयुक्त होने पर पितरों का वाचक माना गया गया हैं। सर्वप्रथम वाणी का ज्ञान अंगरिसों को प्राप्त हुआ, तत्पश्चात् छन्द

का ज्ञान (ऋ० ४.२.१६) ऋग्वेद के नवम मण्डल के सूक्त, अंगिरस कुल के नाम से प्रसिद्ध हैं।

दक्ष की कन्या 'स्मृति' इनकी पत्नी थीं। इनसे दो पुत्र-भारताग्नि तथा कीर्तिमान् एवं चार कन्यायें सिनीवाली, कुहू, राका तथा अनुमति उत्पन्न हुईं। (ब्रह्माण्ड, १.११.१७) इसके अतिरिक्त इनकी अनेक पत्नियाँ तथा पुत्रों का उल्लेख मिलता है।

यह एक महान् ब्रह्मनिष्ठ, योगी-तपस्वी तथा अलौकिक शक्ति-सम्पन्न ऋषि थे। इन्होंने चित्रकेतु के पुत्र को जीवन-दान दिया था। (भा० ६.१५)

अंगिरस एक धर्मशास्त्री माने जाते हैं तथा इनके मतों का उल्लेख अनेक स्थलों पर बड़े आदर के साथ हुआ है। इनके अनुसार परिषद् में १२१ ब्राह्मणों का समावेश होना चाहिए (याज्ञ० १.९), इन्होंने घोर पातकी ब्राह्मणों के अपराध के लिए प्रायश्चित्त बतलाते हुए 'वज्र' नामक व्रत बतलाया है। इसके अतिरिक्त इनके प्रायश्चित्त के सम्बन्ध में अनेक विचार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, स्त्री तथा कतिपय पशु-पक्षियों के वध-विषयक भी मिलते हैं (याज्ञ० ३.२६६) (व. सू., पृ. ७६)।

अप्रतिरथ—यह एक ऋषि थे। इन्हें कुवलाश्वके नाम से भी जाना जाता है (म० व० १९५.३०)

यह वृहदश्व नामक राजा के पुत्र थे, किन्तु भागवत के अनुसार यह रंति-भार के तीन पुत्रों में से सबसे कनिष्ठ तनय थे। इनके पुत्र का नाम कण्व था, जो एक महान् ऋषि थे।

इन्होंने उतंकाश्रम को पीड़ित करने वाले बलशाली धुंधु नामक राक्षस का वध, विष्णु द्वारा उत्तंक ऋषि को प्राप्त वर के तेज से किया। यह तभी से धुंधुमार नाम से प्रसिद्ध हुए। म० व० १९३; ह. व. १.११; वायु. ८८; ब्रह्माण्ड ३.६३.२९; ब्रह्म. ७; भा. १९.६.

यह मन्त्र-द्रष्टा भी थे। ऋ. १०.१०३. इनके नाम से ऋचायें भी अभिहित हैं। (व. सू., पृ० १७)

अरणी—शमी काष्ठ के टुकड़े, जिनसे यज्ञाग्नि उत्पन्न की जाती है।

ये अधरारणी तथा उत्तरारणी के रूप में प्रख्यात हैं। किन्तु कभी-कभी अकेले प्रथम ही अरणी के रूप से जानी जाती है।

अलंकारिक रीति से अरणी का अर्थ जननी होता है, यथा पाण्डवारणी, शूद्रारणी। (व. सू., पृ० २३)

आजीवक—जैन तथा बौद्ध धर्म से भी प्राचीन एक विशिष्ट धार्मिक सम्प्रदाय, जिसके प्रवर्तक मक्खलिपुत्र गोशाल माने जाते हैं। इसका विकास सप्तम-अष्टम शताब्दी ई० पू० गंगा की घाटी में दृष्टिगत होता है।

इस सम्प्रदाय को एक जीवन-दर्शन के रूप में परिवर्तित करने का श्रेय उक्त गोशाल को ही है। इनका स्थान आजीवक-सम्प्रदाय में उतना ही महत्त्वपूर्ण है, जितना जैन-धर्म में तीर्थंकर महावीर का ऐसी प्रसिद्धि है कि दोनों ने एक साथ ही तपस्या प्रारम्भ की और गोशाल ने प्रथमतः जैनत्त्व प्राप्त किया तथा इन्होंने महावीर के सिद्धान्तों को अधिक प्रभावित किया।

इस सम्प्रदाय के मौलिक विचार, स्वाभाविक एव आध्यात्मिक प्रक्रिया पर आधृत हैं। परिणामवाद का दार्शनिक सिद्धान्त गोशाल की ही देन है।

जीवन एवं मृत्यु के अवरोध रहित चक्र (संसार-शुद्धि) का सिद्धान्त इनकी मौलिक देन है। इसके अनुसार सृष्टि की तुच्छतम वस्तु भी स्वाभाविक प्रक्रिया के माध्यम से उच्चतम मानवीय उपलब्धि प्राप्त कर सकती है।

इस सम्प्रदाय के अन्तर्गत भिक्षु एवं गृही, स्त्री एवं पुरुष, दोनों ही समान भाव से इसके सिद्धान्तों का अनुवर्तन कर सकते हैं। यह सम्प्रदाय चतुर्दश शताब्दी तक समग्र भारत में पूर्ण विस्तार प्राप्त किया। किन्तु इस पर पाल-कर आरोपित कर इसके विकास को अवरूद्ध कर दिया गया, ऐसी सम्भावना की गई है। इस प्रसंग में तेरहवीं शती का 'हल्टेस् दक्षिणी भारत अभिलेख, भाग–१, पृष्ठ ८८, ८९, ९२ एवं १०८ द्रष्टव्य हैं।

अन्त में आजीवक सम्प्रदाय, दिगम्बर जैन सम्प्रदाय में समाविष्ट हो गया। द्र० बी० वरूआ का लेख–भाग–२, सस्कृत विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय पत्रिका। इस विषय की अधिक जानकारी के लिये प्रो० वैशम की पुस्तक अत्यधिक उपयोगी है। (व. सू., पृ० १३)

कठ—यह एक गोत्रकार मुनि थे, जो वैशम्पायन के शिष्य एवं यजुर्वेद की कठ-शाखा के प्रवर्तक थे। (द्र. म. आ. ८.२३०; स. ४.१५)

इनके नाम पर कठ-परिशिष्ट, कठ-ब्राह्मण, कठ-वल्ल्युपनिषद्, कठ-सूत्र, कठ-संहिता आदि ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं। कठ-सूत्र का निर्देश कात्यायन श्रौत-सूत्र १.३.२३ तथा ४.८.१३, में मिलता है।

कठ की कृष्ण यजुर्वेदीय शाखा के अनुयायी कठों की विशद वास-भूमि पंजाब में सिंधु के तट पर निवसित थी। (व. सू., पृ० २३)

कणाद—न्याय-वैशेषिक के यह मान्य आचार्य थे। यह एक देवर्षि थे। इन्हें काश्यप भी कहा जाता था। इनकी मान्यता है कि संसार की रचना परमाणुओं के वृद्धिकरण द्वारा होती है। (व. सू., पृ० ६)

कमठ—युधिष्ठिर की सभा के एक क्षत्रिय व्यक्तित्व थे। यह हारित नामक ब्राह्मण के पुत्र थे, जो महीनगर के निवासी थे।

एक बार सूर्य वृद्ध ब्राह्मण का रूप धारण कर इनके पास आये तथा उन्होंने कुछ प्रश्न किये। कमठ ने उन प्रश्नों के उत्तर दिये। तदनन्तर सूर्य ने उनसे यह बतलाया कि 'तुम्हारा पिता एक स्मृतिकार होगा, इस स्थान का परित्याग नहीं करेगा तथा यह स्थान 'जयादित्य' नाम से प्रख्यात होगा।' (द्र० स्कन्द १. २. ५१) (व. सू., पृ० १०)

कक्षीवत्—अंगिरस कुल के मन्त्रकारों में से यह एक ऋषि थे। इनके पिता का नाम दीर्घतमस् तथा माता का नाम उशिज् था। अतएव इन्हें औशिज कहा गया है। द्र० ऋ० १. १८. १, यह पज्र एवं पज्रिय भी कहलाते हैं, क्योंकि यह पज्र कुल से सम्बद्ध थे।

ऋग्वेद में इनका उल्लेख का पुरातन व्यक्तित्व के रूप में हुआ है। इससे यह काफी वृद्ध प्रतीत होते हैं। इनका विवाह काफी उम्र व्यतीत होने पर ही हुआ (द्र० ऋ० १.१८. १; १.५१.१३; ४.२६.१ तथा ९.७४.८) इनका तथा इनके पिता दीर्घतमस् का ऋग्वेद की एक ऋचा में एक साथ उल्लेख हुआ है (ऋ. ८.९.१०)

यह क्षत्रिय थे, किन्तु तपस्या के कारण ब्राह्मण तथा ऋषि के रूप में समादृत हुए। (द्र० वायु० ९१. १००; ११४) यह सूक्त-द्रष्टा भी थे।

(ऋ० १.११६–१०५; १२६.१–५; ९.७४) (व. सू., पृ० १०)

कण्व—यह मंत्र द्रष्टा एवं गोत्र प्रवर्तक ऋषि के रूप में प्रख्यात हैं। यह अंगिरस गोत्रोत्पन्न थे। इनके पिता का नाम घोर था, जिन्होंने कृष्ण को ब्रह्मज्ञान का उपदेश दिया था। इनके प्रगाथ नाम के भाई थे। यह सम्भवतः यदु तुर्वश के पुरोहित थे, क्योंकि इनके वंशज देवातिथि इन्द्र से यह प्रार्थना करते हुए दृष्टिगत होते हैं कि यदु तथा तुर्वश उनकी कृपा से सदा उन्हें सुखी देखने को मिलें (ऋ० ८.४.७)।

विष्णु के मत से यह ब्रह्मरात तथा भागवत मत से यह देवराज के पुत्र याज्ञवल्क्य के पञ्चदश शिष्यों में से एक थे। कुछ स्थलों पर इनके कुल की उत्पत्ति पुरुओं से हुई, ऐसी मान्यता है तथा यह मतिनार-पुत्र अप्रतिरथ से उत्पन्न हुए, ऐसा उल्लेख कुछ स्थलों पर मिलता है (ह० वं० १.२३ तथा विष्णु ४.१९)। कहीं-कहीं इन्हें अजमीढ पुत्र कहा गया है (वायु० ९९.१६९–१७० तथा मत्स्य ४९)

अनेक स्थलों पर इनकी वंशावली का उल्लेख मिलता है (ह० वं० १.३२; मत्स्य ५०; भा० ९.२१)

वैदिक साहित्य में कण्व अनेक स्थलों पर एक पुरातन ऋषि के रूप में वर्णित हैं (ऋ० १.३६.७; १०.११; अ० वे० ७.१५.१; १८.३.१५; वा० सं० १७.७४; पं० ब्रा० ८.१.१; ९.२.६; सां ब्र० २८–८)

सूक्त द्रष्टा इस ऋषि के पुत्र तथा वंशजों का उल्लेख बार-बार मिलता है (ऋ० १.३६–४३; ८.९.९४) अंगिरस कुल में कण्व मंत्रकार थे। इनकी वंशावली कहीं-कहीं इनके नाम से, कहीं-कहीं पैतृक नाम सहित (कण्वतार्षद) तथा कहीं-कहीं कण्वश्रायस के नाम से सम्बोधित है। (ऋ० १.४४.८; ४६.९; ४७.१०; ४८.४; ८.४३. १०; १.११७. ८; अ० वे० ४.१९. २ तथा तै० सं० ५.४; ७.५; क० सं० २१. ८; मै० सं० ३.३९)

यह एक धर्मशास्त्रकार के रूप में प्रसिद्ध हैं तथा इनके वचन प्रमाण के रूप में अनेक स्थलों पर उद्धृत किये गये हैं (आप० १.६.१९; २–३; मिता० ३.५७; १९–६०)

इनका आश्रम मालिनी नदी के तट पर स्थित था। यह शकुन्तला के धर्म–पिता थे, जिसका गांधर्व-विवाह दुष्यन्त के साथ हुआ था। (म० आ० ६४.७८; भा० ९.२०) (व. सू., पृ० १७)

कपिल—यह एक महर्षि थे। इनके पिता कर्दम तथा माता देवहूति थी। कपिल विष्णु के अवतार थे। यह स्वायम्भुव मन्वन्तर के प्रारूप भी कहे गये हैं। इनका जन्म-स्थान सिंहपुर में हुआ तथा यह सदा बिन्दुसर पर निवास करते थे। (द्र० भा० ९.२१; ३.२५.५)

इन्होंने अपनी माता देवहूति को ब्रह्म-ज्ञान का उपदेश दिया था और उसे संसार–चक्र से मुक्त कर स्वतः पाताल-लोक में जाकर वहीं ध्यानस्थ हो गहे। महाराज सगर के साठ हजार पुत्र अश्वमेधयज्ञ के घोड़े की खोज करते हुए, इनके आश्रम पातालपुरी में पहुँच गये; इन्हें अश्वचोर कहा और अपमानित किया, क्योंकि इन्द्र ने इन्हीं के निकट अश्वमेधीय घोड़े को चुरा कर बाँध दिया था। क्रोधाभिभूत दृष्टि से इन्होंने सगर के पुत्रों को भस्म कर दिया (ह० वं० १.१४.१५; भा० ९.८.१२)

यज्ञ-विधि में प्रमाण, 'आसुरि' मुनि इनके शिष्य थे। इनसे कपिल का व्यक्ताव्यक्त तत्त्व पर संवाद हुआ था। आसुरि प्रश्नकर्त्ता एवं कपिल निवेदिता थे। पञ्चशिख आसुरि के शिष्य थे, जिन्हें कपिल का अवतार माना गया है (म० शां० २११)

कपिल सांख्य-शस्त्र के प्रवर्त्तक माने जाते हैं। नारद-पुराण के अनुसार दो कपिल हुए हैं, जिनमें प्रथम ब्रह्मा तथा द्वितीय विष्णु के अवतार के रूप में स्वीकार किये गये हैं (नारद, १.४९) भागवत के अनुसार कपिल सांख्य-शास्त्रज्ञ एवं विष्णु के अवतार थे (भा० १.३.१०; ३.२४.६९; विष्णु० २.१४) स्मृतियों में इनकी निन्दा की गयी है किन्तु श्रुति में कपिल माहात्म्य वर्णित है (श्वे० उ० ५.२; ब्र० सू० २.१–१, शांकर भाष्य)। सम्भवत; यह वेदान्ती कपिल हैं। इनके वासुदेव तथा चक्रधनु, ये दो नामान्तर भी मिलते हैं (द्र० म० व० १०३.२; म० उ० १०७.१७)। ये दोनों कपिल एक ही हैं और यही सगर पुत्रघ्न हैं।

स्कन्दपुराण (१.२.४५) के अनुसार इन्होंने कामरूप (देश) में कपिलेश्वर की स्थापना की थी।

विविध विषयों-विशेष कर दर्शन पर कपिल द्वारा विरचित अनेक ग्रन्थ दृष्टिगत होते हैं। (व. सू., पृ० ८)

कपिला—यह असिवनी तथा दक्ष की कन्या एवं कश्यप ऋषि की पत्नी थीं। (व. सू., पृ० ८)

करुष—यह वैवस्वत मनु के दस तनयों में से एक थे। इनकी संतति कारूषक के रूप में प्रख्यात हैं। यह उत्तरी भाग के अधिपति थे।

दक्ष मन्वन्तराधिप, इन्होंने अपने भाइयों के साथ कालिंदी के तट पर उग्र तप कर करते हुए पवन पान देवी की आराधना की थी। इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने करुष को दक्ष सावर्णि मन्वन्तराधिप होने का वर प्रदान किया था (भा० १०.१३) (व. सू., पृ० १७)।

कपिञ्जल—यह वसिष्ठ-कुल के त्रिप्रवरात्मक एक गोत्रकार थे।

कारुष-यह वृद्धशर्मा का नामान्तर है। यह महाराज आयु तथा स्वर्भानु के पुत्र थे। इनके अन्य भाइयों के नाम हैं, अनेनस्-नहुष, रजि तथा रम्भ। इनका अन्य नाम क्षतधर्मन भी हैं।

यह करूषक (करूष देश) के शासक थे। वसुदेव की भगिनी श्रुतदेवा इनकी पत्नी थी। दन्तवक्र इनका पुत्र था। महाभारत के युद्ध में यह दुर्योधन के पक्ष में थे। (भा० ९.२४.३७) (व. सू., पृ० १०)।

काञ्चनप्रभ—प्राचीन ऋषि भार्गव का ही नामान्तर काञ्चनप्रभ है। भागवत, वायु-पुराण एवं विष्णु-पुराण के अनुसार यह भीमपुत्र थे, जहाँ वह काञ्चनप्रभ के रूप में प्रसिद्ध हैं।

ऋग्वेद में च्यवन नाम से व्यवहृत, यह जराक्रान्त एक वृद्ध व्यक्ति के रूप में चित्रित हैं। इन्हें अश्विनों द्वारा पुनः यौवन एवं शक्ति प्रदान किया गया। तदनन्तर यह पत्नी के लिए स्वीकार्य हुए। इसके उपरान्त अश्विनों ने अपनी कन्याओं को भी इन्हें दान कर दिया। (ऋ. १.११२.६; ११७.१३; ११८.६; ५.७४.५; ७.६८.६; तथा १०.३९.४)

ऋग्वेद के अतिरिक्त अन्य सभी वैदिक साहित्य में इनका वर्णन च्यवन

ऋषि के नाम से ही हुआ है। (नि० ४.१९) सर्वानुक्रमणी में यह भार्गव के रूप में जाने जाते हैं, जो भृगु एवं पुलोमा के पुत्र थे। (पद्म. १४)

ऋग्वेद के वर्णनानुसार यह अश्विनों के मित्र, किन्तु इन्द्र एवं तुर्वयाण (इन्द्र-उपासक) के शत्रुरूप में वर्णित हैं। (ऋ० १०.६१.१-३) कालान्तर में इनकी इन्द्र से संधि हो गई। (ऋ. ८.२१.४)

यह वेद-वेदाङ्गों में निष्णात तथा एक महान् तपस्वी थे। इनकी तपश्चर्या के विषय में ऐसी प्रसिद्धि है कि यह इतनी कठोर तपस्या में रत थे कि इनके ऊपर वल्मीक तैयार होकर इनके शरीर को ढंक दिया और यह उसमें अदृश्य से हो गये। एक बार महाराज शर्याति सपरिवार क्रीड़ा निमित्त संयोगात् उसी जंगल में पहुँच गये, जहाँ वह वल्मीक विद्यमान था। राजा की रूपवती कन्या सुकन्या सखियों के साथ क्रीड़ा करते हुए कौतुक-वशात् काँटो से उक्त वल्मीक को कुरेद दिया, जिसके फलस्वरूप ऋषि की आँखे फूट गईं और वह अन्धे हो गये। इस पर क्रुद्ध ऋषि के प्रताप से राजा समस्त सैनिकों सहित संतप्त होकर उनकी शरण में आये और उन्हें अपनी कन्या ऋषि को देनी पड़ी। बाद में अश्विनों की कृपा से ऋषि को यौवन तथा दृष्टि प्राप्त हुई (श० ब्रा० ४.१.५.१)

ऋषि ने उपकार के लिये शर्याति से यज्ञ कराकर, उसमें अश्विनों को हविर्भोग दिलाना प्रारम्भ करा दिया, जिसका समर्थन इन्द्र को भी करना पड़ा (म. व.१२१-१२५; अनु० २६१; भाग ९.३ तथा देवी भाग ७.३-७)। इनका आश्रम गया में था (वायु० १०८.७६) यह उत्कृष्ट वक्ता एवं सप्तर्षियों में से एक थे। इनके पुत्र का नाम और्व था, जो मनुपुत्री आरूणी से उत्पन्न हुआ। (म० अनु० ८५ तथा आ. ४-६) (व. सू., पृ० १०)

काश्यप—प्रजापति से उत्पन्न सभी प्रजाएँ काश्यप (कश्यप कुलोत्पन्न) कही जाती हैं (श० ब्रा० ७.५.१.५)। अतएव यह एक विशालकुल का नाम है। काश्यप गोत्रीय प्रायः सभी जातियों में पाये जाते हैं।

काश्यप एक महान् ऋषि थे, जो अगस्त्य एवं परशुराम के सदृश दक्षिण के ही निवासी थे। इनका उल्लेख एक वैयाकरण के रूप में शाकटायन के साथ मिलता है (शु० प्रा० ५.५)

यह कश्यप गोत्र के मंत्रकार ऋषि थे। इनकी मंत्र-महिमा का प्रकाशन उस समय होता है, जब महाराज परीक्षित को काटने तक्षक तथा उसकी रक्षा करने काश्यप जा रहे थे। दोनों की रास्ते में भेंट होने पर, तक्षक ने इनकी परीक्षा के निमित्त अपने दंश से एक वृक्ष को सुखा दिया और काश्यप ने उसे मन्त्र बल से हरा कर दिया। तत्पश्चात् तक्षक ने मंत्र-सामर्थ्य में विश्वस्त इन्हें प्रभूत सम्पदा प्रदान की और वापस कर दिया। राजा के निकट न जाकर वापस लौटने के कारण, इन्हें लोगों ने जाति च्युत् कर दिया। तब व्यंकटाचल पर तपस्या कर, वहाँ के तीर्थ जल से अपने को पवित्र बनाकर यह पाप मुक्त हुए (स्कन्द. २.१.११)

यह एक सदाचार सम्पन्न तपस्वी ब्राह्मण थे। इनके विषय में प्रसिद्धि है कि एक बार किसी बणिक ने रथ से धक्का देकर इन्हें गिरा दिया। क्रोधाविष्ट यह प्राण-त्यागने को समुद्यत हो गये। इसे देख इन्द्र ने शृंगाल का रूप धारण कर, इनके सम्मुख उपस्थित हो, मानव-तन एवं ब्राह्मण य नि प्राप्ति की प्रशंसा की तथा इन्हें मृत्यु से विमुख किया और ज्ञान की ओर उन्मुख किया। जब इन्हें ज्ञात हुआ कि उक्त शृंगाल वास्तव में इन्द्र थे, यह उनकी पूजा कर घर वापस आ गये। (म. शां. १७३)

काश्यप एक धर्मशास्त्रज्ञ भी थे। अष्टादश उपस्मृतिकारों में यह अन्यतम थे। इनके धर्मशास्त्र से सम्बद्ध उद्धरण मिताक्षरा, स्मृति-चन्द्रिका आदि में उद्धृत मिलते हैं। इसके अतिरिक्त इनका उल्लेख शिक्षाकार, ज्योतिषसंहिताकार, शिल्पकार तथा व्याकरण-कार के रूप में भी हुआ है। (पाणिनि, ८.४.६७) (व. सू., पृ० १०)।

कुशिक—यह विश्वामित्र के पूर्वज थे। वैदिक ग्रन्थों में अनेक स्थलों पर इनका उल्लेख मिलता है (ऋ० ३.३३.५;३.२६.१;२६.१५;३०.२०;४२.६; ऐ० ब्रा० ७.१८; सां श्रौ० १५.२७)।

इनका उल्लेख शुनःशेप की कथा में भी मिलता है। यह भरत-कुल के पुरोहित थे। यह इन्द्र की विशेष आराधना किया करते थे। अतएव इन्द्र को इसी कारण कौशिक कहा जाता है, (ऋ० १.१.११; मै.स.४.५.७; श.ब्रा.३.-४.१६; तै.आ० १.१.४)

कुशिक विविध मतों के अनुसार विभिन्न अभिधानों से अभिहित किये गये है । भागवत के अनुसार यह कुशांबु, विष्णुपुराण के मतानुसार कुशांब एवं वायु-पुराण के अनुसार यह कुशास्य कहे गये हैं :

इनके पुत्र का नाम गाधि एवं इनके पौत्र विश्वामित्र थे ।

इन्हें इषीरथ का पुत्र तथा विश्वामित्र-कुल का गोत्रकार माना गया है (वेदार्थ–दीपिका, ३) ।

कुशिक, महोदयपुर में निवास करते थे । एक बार, इनके श्वशुर इनके कुल-विनाश के उद्देश्य से इनके पास रहने के लिए आए; क्योंकि इनके कुल में संकर होने की सम्भावना थी । किन्तु कुशिक ने पत्नि-सहित इनकी ऐसी सेवा की कि उसने प्रसन्न होकर इनके कुल को ब्राह्मणत्व प्राप्त करने का वर प्रदान किया और इनके वंश को ब्राह्मणत्व प्राप्त भी हुआ (म. अनु. ८७-९०; विष्णुधर्म. १.१४) ।

कुशिक ने इन्द्र के समान पुत्र-प्राप्ति की कामना से तपश्चर्या की। फलतः इन्द्र ने इनके पुत्र गाधि के रूप में जन्म लिया (ह० वं० १.२०; म. शा. ४८) ।

कुशिक कुल में अनेक मंत्रकार हो चुके हैं, जिनमें अघमर्षण, अष्टक, देवरात, धनञ्जय, मधुच्छंदस आदि उल्लेखनीय हैं। (मत्स्य. १४५. ११२-११३) (व. सू., पृ० ८) ।

कुरूक्षेत्र—यह कौरव एवं पाण्डव के पूर्वज कुरुओं का क्षेत्र, जो पाञ्चालों की भूमि पाञ्चाल, वर्तमान रुहेलखण्ड के निकट अवस्थित हैं ।

यह महाभारत की युद्धस्थली है, जहाँ कौरवों एवं पाण्डवों के मध्य महान् युद्ध हुआ था । सम्प्रति यह दिल्ली के समीप एवं भारत के उत्तरी भाग के दक्षिण दिशा में स्थित है ।

यह वर्तमान हरियाणा प्रदेश का प्रमुख नगर है, जो कुरूक्षेत्र विश्व-विद्यालय से विभूषित है। (व. सू., पृ० ५)

कृप (कृपाचार्य)—यह गौतम-पुत्र शरद्वत्, जो एक महान् तपस्वी थे, के पुत्र थे । एक बार तपोभय भीरु इन्द्र ने शरद्वत की तपश्चर्या में विघ्न डालने

के लिए जालपदी (कहीं २ उर्वशी) नामक अप्सरा को भेजा, जिसके अनूप रूप के कारण शरद्वत् का वीर्य स्खलित होकर वन में शर नामक घास पर गिरा और उसी से एक पुत्र एवं एक कन्या उत्पन्न हुए। (म. आ. १२०.६; भा. ६.२१.३५; मत्स्य; ५०.१–१४)। महाराज शन्तनु उस वन में शिकार के प्रसङ्ग में पहुँचे। उन्होंने उन शिशुओं को उठा लिया, अपने यहाँ लाकर पालन पोषण किया और उनका कृपा-पूर्वक पालन पोषण-करने के कारण 'कृप तथा कृपी' नामकरण किया (म० आ० १२०)।

इन शिशुओं में से कृपी आचार्य द्रोण की पत्नी बनी, जिससे अश्वत्थामा की उत्पत्ति हुई।

अपनी तपः साधना की सामर्थ्य से गौतम सभी बातें ज्ञात कर शन्तनु के पास गये और उन्होंने 'कृप' की गोत्र आदि विषयक समस्त अवगति करा दी। कृप के बड़े होने पर चार प्रकार के धनुर्वेद तथा समग्र अस्त्र-विद्याओं की शिक्षा दी। यही कृप कालान्तर में, वेदशास्त्र निपुण-कृपाचार्य हुए। प्रथमतः इन्हीं के पास शस्त्रास्त्र सीखने के लिए धृतराष्ट्र ने अपने पुत्रों को भेजा। तदनन्तर उन्होंने द्रोणाचार्य से शिक्षा ग्रहण की थी। (म० आ० १२०.१९-२०; वही, परि० १. क्र० ७३)।

कृपाचार्य सदा कौरवों के पक्ष में रहे और उन्हीं के साथ पाण्डवों के विरुद्ध युद्ध भी किये। अपने अतुल पराक्रम से अनेक विपक्षी वीरों को मौत के घाट उतारा। धृष्टद्युम्न पर अमोघबाण इन्होंने ही छोड़ा था, किन्तु अन्त में अर्जुन के बाणों से विद्ध होकर संज्ञाहीन हुए (म० द्रो० १३३.५२; वही २२२.८)

इन्होंने बड़ों की मंत्रणा एवं सद्परामर्श लेने के लिए, उस समय भी अश्वत्थामा से कहा, जब वह सुप्तावस्था में ही विरोधी पाण्डवों का विनाश करना चाहता था। इनकी शिक्षा थी कि कार्यारम्भ में बड़ों से विचार विमर्श करना श्रेयस्कर होता है (म० सौ० ३.३०.३३) यह चिरंजीव थे। इन्होंने विवाह नहीं किया और अन्त तक ब्रह्मचारी बने रहे। यह रुद्रगण का अवतार माने जाते थे। (म० आ० ६२.७२) (व. सू. पृ० १०)।

केशपिङ्गल—यह एक ब्रह्मर्षि थे। (व. सू. पृ० ७)।

कैवर्ती—मछुवा की स्त्री कैवर्त एक क्षत्रिय द्वारा वेश्या में उत्पन्न अथवा

अयोग्य (अकुलीन) स्त्री में निषाद द्वारा उत्पन्न, व्यक्ति को ही कहा जाता है और उसकी पत्नी कैवर्ती कहलाती है। मनु० ८/२६०;१०.३४; शाकु० ३|१६, (वज्रसूची, पृ० ८) ।

कौशिक—यह एक प्रख्यात ऋषि थे। वैदिक एवं पौराणिक साहित्य में यह युयुत्सु एवं विजिगिषु व्यक्तित्व से विभूषित एक युगप्रवर्तक ऋषि के रूप में वर्णित दृष्टिगत होते हैं।

यह कान्यकुब्ज (कन्नौज) के निवासी थे। इनका प्रादुर्भाव कुशिक नामक विख्यात क्षत्रिय-कुल में उत्पन्न हुआ था।

अपनी तपश्चर्या एवं ज्ञानोपासना के कारण यह एक महान् सूक्तद्रष्टा आचार्य एवं श्रेष्ठ ऋषि के विरुद से सुशोभित हुए हैं और इन्हें एक ब्राह्मण-रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है।

भागवत एवं विष्णु-पुराणानुसार, यह कुशांबु-पुत्र तथा वायु-पुराण के अनुसार कुशाश्व-पुत्र माने गये हैं। इनकी माता अयोध्या-राज पुरु-कुत्स की पुत्री थीं।

प्रारम्भ में इनका नाम विश्वरथ था, किन्तु ब्राह्मण होने के पश्चात् यह विश्वामित्र हुए।

इनके जन्म के सम्बन्ध में प्रसिद्धि यह है कि इनके पितामह कुशिक तथा प्रपितामह इषीरथ दोनों ही प्रभावशाली एवं प्रजा-हित साधक थे। कुशिक ने तपश्चर्या की थी कि इन्द्र के समान उन्हें तेजस्वी पुत्र प्राप्त हो। तदनन्तर इन्द्र ही कौशिक रूप में अवतरित हुए। यही गाधि, विश्वामित्र आदि के रूप में भी जाने जाते हैं।

वेदार्थ-दीपिका (३-१) में इनका वंश-क्रम इस प्रकार है–इषीरथ-कुशिक-गाथिन्-विश्वामित्र। किन्तु वाल्मीकि रामायण (वा० १५) में यह क्रम कुछ पृथक् रूप में मिलता है–प्रजापति-कुश-कुशनाभ-गाथिन्-विश्वामित्र।

इनकी पितामही पौरुकुत्सी की बहन का नाम सत्यवती था, जिसका विवाह ऋचीक भार्गव ऋषि के साथ हुआ था। सत्यवती के ही पुत्र जमदग्नि थे और उनसे जामदग्नि (परशुराम) का प्रादुर्भाव हुआ था। इस प्रकार परशुराम कौशिक के ही समकालीन तथा सम्बन्धी थे।

अपने पिता की मृत्यु के उपरान्त यह कान्यकुब्जेश्वर पद पर आसीन हुए, जो पौराणिक वर्णनों के अनुसार कुशिक तथा गाथिन् शासकों के 'दायाद' के रूप में निर्दिष्ट हैं।

कौशिक ने अपनी उग्र तपश्चर्या के प्रभाव से ब्राह्मणत्व प्राप्त किया। इनकी तपोभूमि 'रूषंगु-तीर्थ' सरस्वती तट पर था, (म० श० ३८–२२, ३४; ४१. ४-३७; वा. रा. बा० ५१–५६); किन्तु वायु-पुराण में प्राप्त वर्णन के अनुसार इनकी तपश्चर्यास्थली 'सागरानूप प्रदेश' थी (वायु० ९१.९२–९३)। प्राचीन काल में उक्त स्थान पश्चिमी समुद्र का तटवर्ती भू-भाग निर्दिष्ट है, जो सम्प्रति राजपुताना के रेगिस्तानी भाग में कहीं रहा होगा।

कौशिक के ब्राह्मणत्व-प्राप्ति के प्रसङ्ग में एक वृतान्त उपलब्ध होता है, जो यद्यपि काल-क्रम की दृष्टि से असंगत प्रतीत होता हुआ भी रोचक है।

एक बार कौशिक, वसिष्ठ के आश्रम में अतिथि-रूप में पहुँचे, जहाँ ब्रह्मर्षि वसिष्ठ ने अपनी कामधेनु नन्दिनी की सहायता से इनका उत्तम आतिथ्य किया। कौशिक को यह देखकर विस्मय हुआ और उन्होंने नन्दिनी की माँग की, जिसे वसिष्ठ ने अस्वीकार कर दिया। पुनः सैन्य-बल के द्वारा कौशिक ने नन्दिनी-प्राप्त करने की ठान ली। वह भी विफल हुआ। तदुपरान्त कौशिक ने, जिस ब्रह्म-बल से पराजित हुए थे, उसे ही प्राप्त करने का निश्चय किया और 'कौशिक-नदी' एवं 'रूषंगु-तीर्थ' पर घोर तपस्या करके ब्राह्मणत्व प्राप्त किया (वा. रा. बा. ५१–५६; म. व. ८५.९; १२.) इनका वसिष्ठ के साथ अन्त तक विरोध रहा। विश्वामित्र-हरिश्चन्द्र आख्यान अत्यन्त प्रसिद्ध है ही।

कौशिक के तपश्चर्या-काल मे उनके परिवार पर आयी आपदा के समय कोशलाधिपति त्रैय्यारूण राजा के पुत्र सत्यव्रत त्रिशंकु ने अत्यधिक सहायता की। फलतः इन्होंने उसके उपकार के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन करते हुए, उसके खोये हुए राज्य को दिलाया तथा अनेक यज्ञों को सम्पन्न करा कर, उसे सदेह स्वर्ग भिजवाया (वा० रा० अयो० ४१.१०)।

इस प्रकार कौशिक के सामर्थ्य का विवेचन अनेकशः वैदिक-साहित्य, पुराणों, वाल्मीकि-रामायण तथा महाभारत में दष्टिगत होता है (का. सं.

१६.१६; तै. सं. २.२.१.२; मै. सं. २.७.१६; ऐ ब्रा. ६.१८.१; ऐ. आ. २.२. ३०; कौ. ब्रा. १५.१; बृ. उ. २.२.४; वा. रा. वा. ५१; म. २०.३८.२२-३४)।

कौशिक के आश्रम कुरूक्षेत्र में सरस्वती के पश्चिमी तट पर 'स्थाणु-तीर्थ' तथा उसी के निकट 'रूषंगु-तीर्थ' पर थे। (म. श. ३८.२२–३२; ४१.४-३७) इनका एक अन्य आश्रम 'ताटका-वन' में, वर्तमान बक्सर के समीप था। महाभारत के निर्देशानुसार इनका आश्रम कौशिकी नदी के तट पर स्थित था, जो उत्तरी-बिहार की वर्तमान कोशी नदी है। इस नदी का नामकरण, इनके पैतृक नाम पर हुआ है (म. आ. ६५–३०)। वज्रसूची, पृ० ७० ।

गर्ग——यह पुरूवंशीय एक प्राचीन ऋषि थे, जो भरद्वाज एवं अङ्गिरस कुल के गोत्रकार तथा एक सूक्तकार भी थे। यह गर्ग-भारद्वाज के नाम से भी प्रख्यात है, (ऋ० ६. ४७)

यह प्रतर्दन (प्रख्यात तृत्सुराज दिवोदास-पुत्र) के पुत्रद्वय में से एक थे (ह० वं० १. ३०)। किन्तु ऐसी भी परम्परा श्रुतिगोचर होती है कि यह पुरुवंश के मन्यु नामक महाराज के पुत्र थे। इनके पुत्र का नाम शिनि था और इनकी माता गार्गी थी।

यह एक प्रसिद्ध ज्योतिष्-विद् तथा यादव-कुल के गुरु थे। इन्होनें ही वसुदेव को देवी-भागवत के श्रवण का उपाय बतलाया तथा स्वतः (कारागार में अवरुद्ध) वसुदेव के लिए उसका पाठ किया, ताकि उनकी संतानों की रक्षा हो सके, जिन्हें कंस ने मारने का प्रण कर लिया था। देवी-भागवत् के पाठ से प्रसन्न देवी ने श्री कृष्ण का अवतार शीघ्र ही होगा, ऐसा वर प्रदान किया, (दे० भा० १.२)। फलतः श्री कृष्ण ने अवतार लेकर कंस का बध किया।

गर्ग ऋषि शिव के अवतार ऋषभ (कुछ लोगो के अनुसार लकुलिन्) के शिष्य थे। यह स्वतः पितृवर्तिन् सहित, उनके छः भाइयों के गुरु थे।

यह एक महान विद्वान थे। इनके नाम से अनेक ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं, जिनमें 'गर्ग-सहिता' (द्वादश सहस्रश्लोंकों मे उपनिबद्ध कृष्ण-चरित), वृहद्-गार्गीय-संहिता (ज्योतिष-ग्रन्थ), वारि-शास्त्र (वर्षा तथा वायुविद्या से संबद्ध ग्रन्थ) तथा मयूर-चित्रक (गर्ग एवं भागुरि के संवाद रूप ग्रन्थ, कवि-चरित) आदि उल्लेखनीय हैं। (द्र० मत्स्य-पुराण, २५२)।

इनसे प्रवर्तित परम्परा गार्ग्य-परम्परा कहलाती है, जिनके विचार एवं ग्रन्थ वेद, प्रातिशाख्य, व्याकरण, ज्योतिष्, धर्मशास्त्र आदि विषयों पर मिलते हैं। इनके पुत्र शिवि से, जो परम्परा प्रवर्तित हुई, उसके अनुगामी शैन्य कहलाते हैं। यद्यपि ये लोग क्षत्रिय थे, किन्तु तप के प्रभाव से ब्राह्मण हुए (भा. ९. २१. १९; विष्णु-पुराण, ४. १९. ९) तथा क्षत्रोपेत द्विज के रूप में प्रसिद्धि-प्राप्त किये। (वज्रसूची, १७)।

गार्गी—यह एक ऋषि कन्या थीं। इसके पिता वचन्कु ऋषि थे, अतः यह गार्गी वचक्नवी कही जाती हैं। परमहंस सदृश आचरण वाली, यह अत्यन्त ब्रह्मनिष्ठ विदुषी थी। महाराज जनक की राजसभा में गार्गी का ही याज्ञवल्क्य मुनि के साथ शास्त्रार्थ हुआ था। (द्र० अथर्वपरि० ४३ ४. २३; आश्व. गृ. ३. ४. ४; बृ. उ० ३. ६. १; ८. १. सां. गृ० ४. १०)।

इसके नाम का उल्लेख ऋग्वेदीय ब्रह्मयज्ञांगतर्पण के प्रसंग में मिलता है। (वज्रसूची, पृ. १७)।

गृत्समद्—इस शब्द का अभिप्राय है, गृत्स-प्राण एवं मद्-अपान। इस प्रकार, जिसमें प्राणापानों का समन्वय हो, उसे गृत्समद् कहते हैं। यह शब्द व्यक्ति-वाचक तथा जाति-वाचक दोनों ही है। व्यक्ति-वाचक होने पर यह गृत्समद् तथा जाति-वाचक होने पर उनके कुल के व्यक्तियों का निर्देशक है।

गृत्समद् का पैतृक अभिधान शौनक है। यह शुनहोत्र की औरस संतान एवं शुनक की दत्तक संतान थे। प्रारम्भ में यह आंगिरस कुल एवं बाद में भृगुकुल से सम्बद्ध होकर भार्गव कहलाये (ऋक्सर्वानुक्रमणी, २)। इनका नामोल्लेखन भृगुवंश के अन्तर्गत भी हुआ है। (मत्स्यपुराण, १९५. ४४-४५)

कुछ लोग इन्हें रुक्मांगद की पत्नी (मुकुन्दा) से इन्द्र द्वारा उत्पन्न मानते हैं।

यह एक अत्यन्त प्रभावशाली ऋषि थे, जो दण्डकारण्य में निवास करते थे।

इनकी ख्याति भृगुकुल के गोत्रकार के रूप में परिलक्षित होती है। यह प्रवर एवं मन्त्रकार दोनो थे। साथ ही, यह सूक्त-द्रष्टा भी थे (ऋ. २. १-३; ८-४३; ९. ८६. ४६-४८)।

इनके कुल के व्यक्तियों का, ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल के द्रष्टा के रूप में उल्लेख मिलता है। पर्वानुक्रमणी; ऐ. आ० २. २. १; ऐ० ब्रा० ५. २. ४ ।

यह महान तपस्वी थे। उत्कृष्ट तपस्या के प्रभाव से इन्हें इन्द्र का स्वरूप प्राप्त हुआ। इस प्रसंग में ऋग्वेद में तीन रोचक आख्यान् उपलब्ध होते हैं—

१. एक बार चुमुरि एवं धुनि (इन्द्र-शत्रुओं) ने इन्द्ररूपधारी गृत्तमद् को इन्द्र समझ कर उन पर हमला कर दिया। तब अपने को बचाने की दृष्टि से 'मैं इन्द्र नहीं हूँ', यह बतलाने के निमित्त इन्होंने इन्द्र की उक्त विशेषताओं का उल्लेख किया (ऋ. २. १२) ।

२. वैन्य के यज्ञ में, एक समय, इन्द्र सहित सभी देव तथा गृत्समद् भी उपस्थित हुये। इसी समय इन्द्र-बध के हेतु दैत्यगण भी वहाँ उपस्थित हो गये, जिसे देख कर इन्द्र, गृत्समद् का रूप धारण कर, भाग गये। तब इन्द्ररूपधारी गृत्समद् को दैत्यों ने घेर लिया। पुनः निज रक्षार्थ गृत्समद् ने दैत्यों के सम्मुख इन्द्र के महान स्वरूप का विवेचन किया (ऋ. २. १२)

३. एक बार इन्द्र, गृत्समद् के घर अकेले पहुँचे। वहाँ असुरों ने उन्हें बध करने के लिए घेर लिया। इन्द्र ने, यह देखकर गृत्समद् का रूप धारण किया और भाग निकले गये। तब असुरों ने गृत्समद् को इन्द्र समझ कर पकड़ लिया। इसके बाद गृत्समद् ने इन्द्र के उत्कृष्ट रूप का चित्रण किया और अपनी रक्षा की (ऋ. २.१२)।

गृत्समद् से संबन्धित एक अन्य वृतान्त भी ध्यातव्य है। एक बार वरिष्ठ (चाक्षुष्मनु-पुत्र), इन्द्र द्वारा प्रवर्तित सहस्र वार्षिक यज्ञ में उपस्थित हुये। गृत्समद् भी उसमें उपस्थित थे। साम-गान में अशुद्धि के कारण वरिष्ठ ने गृत्समद् को 'रूक्ष अरण्य मे क्रूर पशु होने का अभिशाप' दे दिया। किन्तु गृत्समद् ने शंकर की उत्कृष्ट तपस्या की, जिससे वह शाप-मुक्त हुए। इससे गृत्समद् की शिव-निष्ठा का द्योतन होता है (म. अनु. १८, २०–२८)। वज्रसूची, पृ० १६ ।

गोशाल——यह बौद्ध साहित्य में मक्खलि-पुत्त (संस्कृत मस्करि-पुत्र) के रूप मे प्रसिद्ध हैं। इन्होंने आजीवक धर्म-सम्प्रदाय (जैन एवं बौद्ध पूर्ववर्ती)

को एक जीवन-दर्शन के रूप में प्रवर्तित किया है । यह आजीवक-सम्प्रदाय के केन्द्र-विन्दु तथा उनके अन्तिम धर्म-प्रवर्तक तीर्थंकर वैसे ही थे, जैसे जैनों के अन्तिम तीर्थंकर महावीर थे । दोनों ही कुछ समय तक साथ-साथ तपस्या किये । ऐसी ख्याति है कि गोशाल को जैनत्व महावीर से प्रथम प्राप्त हुआ और इन्होने महावीर के धर्म-सिद्धान्तो को प्रभावित किया ।

इन्होंने परिणाम-वाद तथा संसार-शुद्धि के स्वाभाविक परिवर्तन के सिद्धान्तों की प्रतिष्ठापना की । (वज्रसूची, पृ० १३)

गौतम—यह एक महर्षि थे, जो अंगिरस-कुल के दीर्घतमस् के पुत्र थे । इनकी माता का नाम प्रद्वेषी था । (म. अनु. १५४.६; म. आ. ६८.१७, सभा. ४.१५; ११.१५,) । सभा.ऐसी प्रसिद्धि है कि वृहस्पति के शाप से यह जन्मान्धस हो गये थे (ऋ. १.१४७; म. आ. ६८.१५) ।

किन्तु वृहद्देवता के अनुसार दीर्धतमस् ने ही गौतम नाम धारण किया था । (वृ. दे. २.१२३, म. शां. ३४३; मत्स्य. ४८.५३–८४) ।

इनकी पत्नी का नाम औशीनरी (उशिज्) था, जो एक शूद्रवर्गीया-स्त्री थी । इससे गौतम को कक्षीवत, दीर्घश्रवस् आदि पुत्र प्राप्त हुये ।

यह वैवस्वत मन्वन्तर के सप्तर्षियों में से एक माने जाते हैं । ब्रह्मदेव की मानस-कन्या अहल्या इनकी स्त्री थी ।

इनके पुत्र शतानन्द जनक-कुल के पुरोहित थे (म. व. १८५; भा.११. ६.)

इनकी शिष्य-परम्परा लम्बी थी, जिनमें-गार्ग, भारद्वाज, वात्स्य, शाण्डिल्य आदि प्रमुख हैं । इनमें उत्तक नाम का भी एक शिष्य था, जिसने महाराजा सौदास से कुण्डल लाकर गुरुपत्नी गुरुदक्षिणा दी थी (म. आश्व. ५५-५६) ।

गौतम का आश्रम पारियात्र पर्वत (विन्ध्य का पश्चिमी भाग) के समीप था, जहाँ पर इन्होनें अनेक वर्षो तक तपस्या की । शंकर को प्रसन्न कर इन्होंने गंगा को प्राप्त किया, जिनका नाम गौतमी पड़ा (भा.११.६) । गौतमी का माहात्म्य अनेक पुराणों में मिलता है । (ब्रह्म. ७०–१७५; पद्म. उ. २६८, ५२–५४)

गौतम एक शाखा–प्रवर्तक आचार्य थे। (द्रा० श्रौ०. १.४.१७, ला० श्रौ० १.३,३;४.१७)

गौतम-स्मृति, इनके धर्मशास्त्रकार स्वरूप तथा गौतम-धर्मसूत्र इनके धर्मसूत्रकार स्वरूप के निर्देशक हैं, जिनका प्रभाव परवर्ती अनेक धर्मशास्त्रों तथा धर्मसूत्रों पर दृष्टिगत होता है। (गौ० सू० ४.१७;), वज्रसूची, पृ० ८।

चित्रमुख—यह एक ऋषि थे, जो प्रथमतः वैश्य तथा बाद में ब्राह्मणत्व प्राप्त कर ब्रह्मर्षि हुए। इन्होंने अपनी कन्या महर्षि वसिष्ठ के पुत्र को दी थी। (म० अनु०. ५३.१७), वज्रसूची, पृ० ४४।

ताण्डच—यह वैशम्पायन-शिष्य, एक विशिष्ट आचार्य थे। इन्होंने सामवेद् की कौथुम शाखा के ग्रन्थ 'ताण्डच-महा-ब्राह्मण' की रचना की, जो 'पचविंश ब्राह्मण' तथा 'प्रौढ़-ब्राह्मण' के रूप मेंप्रसिद्ध है (श० ब्रा० ६१.२.२५; बं. ब्रा. २) वज्रसूची पृ० १० ।

तित्तिरि—यह एक ऋषि तथा शाखा-प्रवर्तक भी थे, (म० स० ४)। अंगिरस-कुल के ऋषियों की एक शाखा के तीन प्रवरों के नाम हैं–अंगिरस, कपिभुव एवं तैत्तिरि। इनमें से तैत्तिरि, तित्तिरि की ही संतान थे।

सम्भवतः यही तित्तिरि 'तैत्तिरीय' (कृष्ण-युजुर्वेद की एक शाखा) के आचार्य थे। प्रथमतः यह शाखा याज्ञवल्क्य (वैशम्पायन-शिष्य) के सरक्षकत्व मे थी, किन्तु वैशम्पायन ने इसे किसी कारणवशात् याज्ञवल्क्य से अलग कर ली, जिसे वैशम्पायन के तित्तिर पक्षी के रूप को धारण करने वाले अन्य (८५) शिष्यों ने धारण की। यही कारण था कि ऋषि तित्तिरि तथा उनके अनुयायी तैत्तिरीय के रूप में प्रख्यात् हुए (विष्णु ३.५; भा० १२,६.६५)। इनका उल्लेख हिरण्यकेशिन् लोगों के पितृ-तर्पण के प्रसङ्ग में हुआ है। (स. गृ. २०.८.२०), वज्रसूची, पृ० ८।

यह एक नाग का भी अभिधान है, जो कद्रु तथा कश्यप के पुत्र थे।

तैत्तिरीय—यह याज्ञवल्क्य तथा वैशम्पायन के अतिरिक्त यजुः-शिष्य परम्परा के अन्य शिष्यों का सामान्य अभिधान है। इन्होंने याज्ञवल्क्य द्वारा परित्यक्त वेद का ग्रहण किया था। वज्रसूची, पृ० ८।

तित्तिरीसुत:—इनका नाम बहुपुत्र था। यह तित्तिरि ऋषि (राजा) की संतान थे। इनके पुत्र का नाम नरि तथा नरि के पुत्र का नाम अभिजित् था (पद्म० सू० १३); वज्रसूची, पृ० ८०

दशार्ण—दश परिपुष्ट दुर्गों से युक्त एक देश का नाम है। इसके निवासी दशार्णा कहे जाते हैं। यह एक नदी का भी नाम है, जो विन्ध्य से निकलती हैं और जिसमें अन्य दस नदियाँ आकर मिलती है।

यह मध्यदेश के दक्षिण-पूर्व में अवस्थित है। कुछ इतिहासकार छत्तिस-गढ़ को ही दशार्ण मानते हैं। यह मालवा का पश्चिमी भाग (अंश) है। यहाँ एक नदी बहती है, जिसका नाम वेत्रवती (वेतवा) है। यही वेत्रवती यहाँ की प्रमुख नदी है। वज्रसूची, पृ० ५।

द्रुमद—यह स्वायंभुव मन्वन्तर के वसिष्ठ एवं दक्ष-पुत्री 'उर्जा' के पुत्र थे। (भा० ४१. ४१)। कहीं-कहीं इन्हें स्वारोचिष (स्वारोचिस् या द्युतिमत् भी) मनु का एक पुत्र माना गया है। यह प्रतर्दन का नामान्तर है, जो महाराज ययाति-कन्या माधवी के पुत्र थे। यह सौभदेश के राजा शाल्व (एक प्रतापी दैत्य) के प्रधान माने गये हैं (ह० वं० २. ५२; म० व० २१. ५)। इनका बध श्री कृष्ण द्वारा हुआ (भा. १०. ६), वज्र सूची पृ. १०.

द्रोण—यह अंगिरस् गोत्रीय भरद्वाज के पुत्र थे। इन्हें द्रोण अंगिरस भी कहा जाता है। यह एक धर्मज्ञ आचार्य थे। कौरवों तथा पाण्डवों के गुरु एवं महाभारत के युद्ध के विख्यात् युद्ध-शास्त्रज्ञ थे। (मं० उ० १४६. १७). इनकी पत्नी (अंगिरस गोत्रीय कृपाचार्य की बहन) कृपी तथा इनके पुत्र अश्वत्थामन् थे। (म० आ० १२१. १. १०१२; विष्णु पु० ४. १६. १८)

इनके जन्म एवं नाम के सांम्बध में ऐसी प्रसिद्धि है, कि एक दिन महर्षि भरद्वाज अपने आश्रम गंगाद्वार से गंगा में स्नान के लिए पहुँचे, जहाँ पर स्नान-रत घृताची नामक अप्सरा का वस्त्र खिसक गया और उसी समय भरद्वाज मुनि की दृष्टि उस पर पड़ गयी। फलस्वरूप भरद्वाज मुनि का वीर्य स्खलित हो गया, जिसे उन्होनें उठाकर एक द्रोण में रख दिया। उस द्रोण से ही इनका जन्म हुआ और यह द्रोण कहलायें। इन्हें ही 'कुम्भ-योनि', "कुम्भ-सम्भव', अयोनि-सम्भव' आदि अभिधान दिये गये हैं। (म० द्रो०

१३२. २२; १३२. ३०; म. आ. ५७. ८९; १२९. ५; १५४. ५)। इनके अन्य पर्याय हैं–भारद्वाज, रुक्मस्थ, शोणाश्व आदि। (म. आ. १२२. १)।

इन्होनें धनुर्वेद-सहित अन्य वेदों की शिक्षा अपने पिता से प्राप्त की तथा 'आग्नेयास्त्र' की शिक्षा इन्हें अपने पितृव्य 'अग्निवेश' से मिली। (म. आ. १२१. ७)।

द्रुपद (पाञ्चाल देशीय राजा पृषत् का पुत्र) इनका सहपाठी था, जो इनका प्रबल शत्रु बना। उसी के पुत्र दृष्टद्युम्न ने द्रोण का बध किया।

ऐसी प्रसिद्धि है कि एक बार परशुराम (जामदग्नि) ब्राह्मणों को द्रव्य-दान कर रहे थे। उसी समय यह भी वहाँ पहुँचे, किन्तु दान दिये जा चुके थे। तब परशुराम ने इन्हें अस्त्र-विद्या तथा ब्रह्मास्त्र दिये। यद्यपि इन दोनो के काल-क्रमानुसार यह असम्भव है। (म. आ. १५४. १३;१२१) धनुर्विधा में इनकी ख्याति श्रवण कर अन्य राजाओं के राजकुमारों ने भी इनसे अस्त्र-विद्या की शिक्षा प्राप्त की; किन्तु इनका सबसे प्रिय शिष्य अर्जुन ही रहा, जिसे इन्होंने ब्रह्मास्त्र की शिक्षा दी थी। (म० आ० १२३. ७४).

महाभारत के युद्ध में इन्होंने अनेक वीरों का वध किया था, जिनमें द्रुपद, विराट, वसुदान आदि प्रमुख थे (म० द्रो० २०. ४३; १६१. ३४)।

द्रोण को तपस्या, विद्या तथा इन्द्रिय-संयमन के कारण समाज में महती ख्याति मिली। यह युद्ध-शास्त्र के प्रमुख, एवं प्रभुत्व में यह परशुराम-सदृश थे, किन्तु इनमें परशुराम का साहस तथा स्वभिमान नहीं था। फलत; इन्हें जीवन-पर्यन्त कौरवों की सेवा-वृत्ति ही करनी पड़ी, जिसके कारण इनकों जीवन के उत्तरार्ध काल में अयश का भागी होना पड़ा।

मृत्यु के उपरान्त यह स्वर्ग सिधार गये। ऐसी मान्यता है कि श्रीव्यास के आवाहन करने पर यह कौरव-पाण्डव वीरों के साथ गंगा-जल से प्रगट हुये और युधुष्ठिर को दर्शन दिये थे। (म० आश्व० ३२. ७); व. सू. पृ. ८.

द्विज—सामान्यतः द्विज् शब्द वर्णत्रय का द्योतक है। वायु-पुराण के अनुसार यह शूरसेन (इक्ष्वाकु वंशीय शासक मधुराधिप) के पुत्र थे। वज्र-सूची, पृ. ३७.

नग्न—(क्षपणक)—यह शब्द दिगम्बर जैन-सम्प्रदाय के नग्न भिक्षु के लिए व्यवहृत हुआ है। वज्रसूची में एक स्थान पर 'लग्न' (ज्योतिष्) के स्थान पर कुछ लोग आजीवक से सम्बद्ध होने के कारण, नग्न, पाठ मान कर इसका अर्थ दिगम्बर जैन-सम्प्रदाय के भिक्षु का वाचक मानते हैं। क्षपणक शब्द जैन तथा बौद्ध दोनों प्रकार के भिक्षु या साधु के लिए प्रयुक्त होता है। चाणक्य ने इनके प्रति 'नग्नक्षपणके देशे रजकः किं करिष्यति' (चाणक्य शतक, ११०), ऐसा वचन कहा है। विशाखदत्त ने इनका प्रथम दर्शन अशुभ माना है। 'कथं प्रथममेव क्षपणकः', मुद्राराक्षस, ४. वज्रसूची, पृ. १३।

नारद—यह ब्रह्मा के मानस-पुत्र तथा विष्णु के तृतीय अवतार माने जाते है। (भा० १. ३. ८; मत्स्य. ३. ६–८); किन्तु ब्रह्मवैवर्त-पुराण के अनुसार नारद, दक्षशापवशात् (विष्णु. १,१५) द्रमिलं-नामक शूद्र की पत्नी कलावती के गर्भ से उत्पन्न हुये थे। कलावती ने अपने पति की आज्ञा से पुत्र-प्राप्ति की कामना से कश्यप प्रजापति का वीर्य प्राशन किया और उसी से नारद की उत्पत्ति हुई।

नारद का उल्लेख एक तत्त्वज्ञ, धर्मज्ञ, वेदान्तज्ञ, राजनीतिज्ञ तथा संगीतज्ञ के रूप में मिलता है (म० आ० परि० १. १११.)। इनका वर्णन एक भ्रमणशील ऋषि के रूप में हुआ है, जो त्रैलोक्य में निर्बाध भ्रमण करने में समर्थ थे। यह चाक्षुष-मन्वन्तर के सप्तर्षियों में अन्यतम माने जाते थे।

नारद का स्वरूप श्वेत तथा कान्तिमान था। यह सदा उज्ज्वल, मृदु तथा धौत-वस्त्र धारण करते थे। यह कर्ण-भाग में कुण्डल, कंधे पर वीणा तथा शिर पर श्लक्ष्ण शिखा धारण करते थे।

यह बृहस्पति के शिष्य थे और उन्हीं से इन्होंने समस्त विद्याओं का अध्ययन किया था। किन्तु ब्रह्मज्ञान की शिक्षा इन्हें सनत्कुमार से मिली थी। (सां. ब्रा. ३. ६; छां० उ० ७. १. १.)। यह एक वैदिक सूक्त-द्रष्टा तथा यज्ञशास्त्रज्ञ भी थे। (ऋ० वे० ५. १९. ६; १२. ४. १६; २४; ४१; मै० सं० १. ५. ८)।

नारद महाराजा हरिश्चन्द्र के पुरोहित के रूप में भी उल्लिखित हैं। इन्होंने ही राजा को पुरुषमेध करने की मन्त्रणा दी थी। (ऐ. ब्रा. ६.१३,)।

नारद विविध शास्त्रों-वेद, वेदाङ्ग, ब्रह्म-विद्या तथा नयनीतिज्ञ थे। यही कारण था कि राजकुलों में इनको बृहस्पति सदृश सम्मान प्राप्त था। यह नानार्थ-कुशल के रूप में समादृत थे। यह सदा लोगों को धर्म, राजनीति तथा नित्य व्यवहार का उपदेश दिया करते थे।

इन्होंने अपने शिष्य सोमक साहदेव्य को 'सोम-विद्या' की शिक्षा दी थी, (ऐ. ब्रा. ७.३४)। साथ ही इन्होंने 'पर्वत' नामक अन्य आचार्य के साथ आंबष्ठ्य तथा युधांश्रौष्टि राजाओं को 'ऐंद्रमहाभिषेक' किया था, (ऐ. ब्रा. ८.२१)। महाभारत में नारद का चरित्र-चित्रण त्रैलोक्य के राजाओं के वार्ता-हर तथा सलाहकार ऋषि के रूप में हुआ है (म. आ. ११४.४६)।

प्राचीन राज-कुलों के अनेक वृत्तान्त महाभारत में नारद द्वारा वर्णित किये गये हैं। इनमें सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण वृत्तान्त महाराज सृंजय के प्रति कथित 'षोडश राजकीय उपाख्यान' है (म. द्रो. परि. १ ८. ३२५–८७२)। नारद धर्म-शास्त्र-कार भी थे। इनके नाम से दो ग्रन्थ–वृहद्नारदीय एवं लघु नारदीय' उपलब्ध होते हैं। याज्ञवल्क्य एवं पराशर ने तो नहीं, किन्तु विश्व-रूप ने दस धर्मशास्त्रकारों में से इन्हें आद्य धर्म-शास्त्र-कार मान कर सम्मानित किया है। नारद का सम्बन्ध पंजाब तथा नेपाल से भी जोड़ा गया है। (वज्रसूची, पृ. १४)

पराशर—यह एक महान ऋषि थे। इनका उल्लेख एक सूक्त-द्रष्टा, शास्त्र-कार तथा स्मृतिकार के रूप में हुआ है। आयुर्वेद-शास्त्र एवं ज्योतिष-शास्त्र के प्रवर्तक ऋषियों के साथ भी इनका उल्लेख हुआ है। यह महर्षि वसिष्ठ के पौत्र थे। इनके पिता शक्ति ऋषि ने चित्रमुख, (जन्मना वैश्य तथा तपसा ब्राह्मण) की कन्या अदृश्यन्ती के गर्भ से इन्हे उत्पन्न किया गया था, (म. अनु. ५३.१७)। यह पराशर-शाक्त्य भी कहे गये हैं। महाभारत में ऐसा उल्लिखित है कि इनके पिता शक्ति ऋषि का वध कल्माषपाद (राक्षस योनि प्राप्त सुदास-राज पुत्र) द्वारा किया गया था (म. अ. १६६.३६) शक्ति ऋषि की मृत्यु के अनन्तर मातृकुक्षि से बारह वर्ष वेदाभ्यास करने के उपरान्त पराशर प्रादुर्भूत हुए। इनका पालन-पोषण इनके पितामह वसिष्ठ ने किया।

बड़ा होने पर, जब इन्हें; अदृश्यन्ती द्वारा शक्ति की मृत्यु राक्षस द्वारा हुई, यह ज्ञात हुआ, तो यह समग्र संसार के विनाश के लिए तत्पर हो गये, किन्तु वसिष्ठ ने भृगुवंशी ऋषि की कथा द्वारा इन्हें जगद्विनाश से विमुख किया (म. आ. १७१)। इसके बाद भी राक्षसों के प्रति इनका क्रोध शान्त न हो सका और राक्षसों का समूल विनाश करने के निमित्त इन्होंने महाप्रचण्ड 'राक्षस-सत्र' प्रारम्भ किया। इस बार अत्रि, पुलस्त्य आदि महर्षियों ने वसिष्ठ-सहित पुनः पराशर को राक्षस-सत्र से साग्रह विमुख किया। फलतः इनसे प्रसन्न पुलस्त्य ने इन्हें समस्त शास्त्रों में निष्णात तथा पुराणों के प्रकृष्ट वक्ता होने का वर प्रदान किया (विष्णु पु., १, १).

पराशर ने उपरिचर वसुराज-कन्या सत्यवती (योजनगंधा) से व्यास को उत्पन्न किया। यह द्वीप मे उत्पन्न होने के कारण-द्वैपायन तथा सत्यवती के नामान्तर काली के कारण कृष्ण-द्वैपायन कहलाये (म. आ. ५७.६३; ६६; भा. १.३; वा. पु. २१०; ८४)।

महाभारत में एक उपदेशक ऋषि के रूप में अनेक स्थलों पर इनका उल्लेख हुआ है। इन्होंने कल्याण-प्राप्ति निमित्त विदेहराज जनक को उपदेश दिया था (म. अनु. २७९–२८७)। कालान्तर में यही उपदेश उपदेश भीष्मपितामह ने युधिष्ठिर को दिया था, जो 'पराशरगीत' के रूप में प्रचलित हुआ। इन्होने 'रूद्रमाहात्म्य' युधिष्ठिर को बतलाया था। इनके द्वारा वर्णित 'सावित्री-मंत्र' भी महाभारत में उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त, इन्होंने अपने शिष्यों को विविध ज्ञानोपदेश दिये थे। (म. अनु. ४९; १५०, ९६.२१.)।

द्वात्रिंशत वेदव्यासों में पराशर का विशेष महत्त्व है। एक सूक्त-कार होने के कारण पराशर ने ऋग्वेदीय-सूक्तों का प्रणयन किया था (ऋ. १.६५.७२)। इनके धर्म-सूत्रकार स्वरूप का प्रकाशन 'पराशर-स्मृति' तथा 'वृहत्पराशर-संहिता' द्वारा होता है। दोनों ही ग्रन्थ धर्म-शास्त्र की प्रमुख रचनायें मानी जाती हैं। इनके अतिरिक्त 'वृहद्पराशर-स्मृति' तथा 'ज्योतिपराशर' सदृश स्मृति-ग्रन्थों का उल्लेख क्रमशः अपरार्क (याज्ञ. २.३३८) तथा माधव (पराशर माधवीय. १.१.३६ ई.) और हेमाद्रि एवं भट्टोजी दीक्षित ने (चतुर्वर्ग-चिन्तामणि ३.२.४८; चतुर्विंशतिमत) में किया है। इन

कृतियों के अतिरिक्त पुराणेतिहास तथा आयुर्वेद-शास्त्र से सम्बद्ध इनके अनेक ग्रन्थ मिलते हैं। यथा-पराशरोपपुराण, हस्तिआयुर्वेद, वृक्षायुर्वेद आदि, (वज्रसूची, पृ. ६)।

पाण्डु—यह कुरूवंशीय राजा एवं पाण्डवों के पिता थे। हस्तिनापुर में इनकी राजधानी थी। इनके छोटे भाई धृतराष्ट्र जन्मान्ध तथा यह पाण्डु-रोज से ग्रस्त थे। दोनों ही कुरूवंशीय सम्राट विचित्र-वीर्य (हस्तिनापुर) के क्षेत्रज पुत्र थे। इनके पितृव्य चित्रांगद–गन्धर्वों द्वारा युद्ध भूमि में मारे गये थे और विचित्र-वीर्य की अकाल मृत्यु हो गयी थी। ऐसी दशा में कुरूवंश निर्वंश देखकर पितामही सत्यवती ने निःसंतान पुत्रवधू अंवालिका को नियोग द्वारा संतानोत्पत्ति की अनुमति प्रदान की और इसके लिये सत्यवती ने अपने ज्येष्ठ पुत्र व्यास (पराशर से उत्पन्न) को भी वैसी ही अनुमति दी। महर्षि व्यास की भस्मचर्चित तथा जटाधारी आकृति देखकर अंवालिका भयभीत हो गयी तथा उसकी मुखाकृति मलिन पड़ गयी। इसे देखकर व्यास ने क्रोधाभि-भूत होकर उसे यह शाप दिया–'मुझे देखकर तुम्हारा मुख निस्तेज तथा पीला पड़ गया है, अतः तुम्हारा भावी पुत्र भी कान्तिहीन एवं श्वेत वर्ण का होगा और उसका नाम भी पाण्डु होगा'। तदनन्तर अंवालिका ने पाण्डु को जन्म दिया (म. आ. ५७.६५;६०–६०. सं. ८.२२)।

पाण्डु का पालन-पोषण एवं उनकी शिक्षा-दीक्षा पितृव्य 'भीष्म' द्वारा सम्पन्न करायी गयी। उन्हें चारों वेद, 'गदा धनुर्वेद, खड्ग, युद्ध-शास्त्र, नीति-शास्त्र, पुराण, इतिहास, एवं कलादि में निष्णात् बनाया गया (म. आ. १०२. १५-१६)। पाण्डु का हस्तिनापुर के राज्य पर अभिषेक किया गया; क्योंकि इनके अन्य बन्धुओं में धृतराष्ट्र नेत्रविहीन एवं विदुर शूद्र थे (म. आ.१०३. २३)।

कुन्ती-भोज की कन्या पृथा (कुन्ती) ने स्वयंबर में पाण्डु का वरण किया और कुन्ती पाण्डु की रानी बनी। पुनः भीष्म ने शल्य से उनकी बहन माद्री को पाण्डु के लिये मांगा और शल्य की सभी शर्तें स्वीकार कर माद्री को पाण्डु के साथ विवाहोपरान्त द्वितीय रानी बनाया।

पाण्डु रुग्ण होते हुये भी एक पराक्रमी राजा थे। राज्यभार-ग्रहण करने पर इन्होंने अपने राज्य-विस्तार की कामना से दशार्ण, मगधाधिप दीर्घ

को पराजित किया । इनके अतिरिक्त काशी, मिथिला, पुंड्र इन्होंने सुह्म आदि राजाओं को जीत कर कौरव-राज्य में मिलाया । इन विजयों के परिणाम-स्वरूप सभी पृथ्वीपतियों ने 'पाण्डु' को 'राजेन्द्र' की उपाधि प्रदान की ।

एक बार मृग एवं मृगी रूप धारण कर ऋषि किंदम-दम्पत्ति मिथुनासक्त थे । मृगया के लिये वन में गये पाण्डु ने उन्हें साधारण मृग समझ कर उन पर बाण से प्रहार किया, जिससे किंदम की मृत्यु हो गयी । मृत्यु के पूर्व किंदम ऋषि ने यह शाप दिया कि मिथुनासक्तावस्था में मेरा वध करने वाले तुम्हारी मृत्यु भी मैथुन-प्रसंग में ही होगी (म. आ. १०९.२८) । किंदम ऋषि के शाप को स्मरण करते हुए, संन्यास-वृत्ति धारण कर पाण्डु तपस्वी की तरह रहने लगे । कुन्ती एवं माद्री दोनों ही वानप्रस्थी होकर तपश्चर्या में लीन रहने लगीं तथा अपने पति के साथ विविध पर्वतों, वनों तथा तीर्थों में परिभ्रमण करने लगीं ।

ब्रह्मा से ब्रह्मलोक में मिलने की इच्छा से एक बार कुछ ऋषियों को जाते देखकर पाण्डु के मन में भी, उनके साथ सुरलोक जाने की अभिलाषा हुई । यह देखकर ऋषियों ने उन्हें निःसंतान होने के कारण सुरलोक जाने से रोक दिया । पाण्डु के मन में महान् कष्ट हुआ और उन्होंने कुछ ऋषियों से प्रश्न किया कि 'जिस नियोग विधि से मेरी उत्पत्ति महर्षि व्यास से हुई, क्या उसी विधि से मेरी पत्नियों को पुत्र-प्राप्ति न हो सकेगी ? ऋषियों ने 'तथास्तु'(होगी) कहते हुये, उन्हें पुत्र प्राप्ति के लिये आशीर्वाद दिया ।

पाण्डु ने नियोग-विधि द्वारा पुत्र-प्राप्ति के लिये कुन्ती को प्रोत्साहित किया; किन्तु कुन्ती ने असहमति व्यक्त की । उसने मन्त्र द्वारा इष्टदेवाराधन करना उचित समझा और यमधर्म, वायु तथा इन्द्र का आवाहन कर क्रमशः युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन को प्राप्त किया । पुनः माद्री ने भी उक्त मन्त्र द्वारा अश्विनी-कुमारों की आराधना कर, नकुल एवं सहदेव नामक यमज पुत्रों को प्राप्त किया (म० आ० १११. ११४) ।

किन्तु अमोघ शाप के फलस्वरूप, वसन्त-काल में वनीय सुषमा के कारण माद्री के मना करने पर भी पाण्डु ने उसके साथ समागम किया और वह सुरलोक सिधारे । माद्री सती हो गई । तदनन्तर पाण्डुओं ने दोनों का कश्यप ऋषि द्वारा अन्त्येष्टि आदि संस्कारों को सम्पन्न कराया (वज्रसूची, पृ. ३५) ।

पृषध्र—यह वैवस्वत् मनु के दस पुत्रों में से नवें थे, जो एक प्रख्यात भूपति हो चुके हैं। 'संज्ञा' इनकी माता थी, किन्तु भागवत मतानुसार इनकी माता 'श्रद्धा' थी (म० आ० ७०. १४; हरिवंश. १. १०. २; भा. ९. १.१८).

यह एक पुण्यात्मा राजा थे, जिनके नाम का कीर्तन पुण्यदायक माना जाता था। ऐसी प्रसिद्धि है कि कुरुक्षेत्र में तपस्या करने के उपरान्त इन्होंने स्वर्ग प्राप्त किया, (म. अनु. १६५, ५८–६०; म० आश्व० २६. ११).

किन्तु अन्य मत के अनुसार यह एक ब्राह्मण-पुत्र थे। शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से यह गुरु के आश्रम में निवास करते थे। एक दिन इन्होंने देखा कि आश्रम से एक गाय को सिंह उठा कर ले जा रहा है। गोरक्षा-हेतु इन्होंने अपनी खड्ग से सिंह पर प्रहार किया, किन्तु अंधकार होने के कारण खड्ग सिंह की अपेक्षा गाय को लगी और उसकी मृत्यु हो गयी। जब इसकी सूचना गुरु को मिली, उन्होंने पृषध्र को दोषी समझ कर उसे 'शूद्र होने का' शाप दे दिया। वह शाप के कारण शूद्र होकर वन-वन भटकता रहा और अन्त में दावानल से दग्ध होकर मृत्यु मुख में प्रविष्ट हो गया (भा० ९. २. २. १४; ह० वं० १. ११; अग्निपुराण २७२. १८; गरुड १. १३८. ५; पद्म. सृ. २; ब्रह्म ७. ४३; ब्रह्माण्ड ३. ६१. २; मत्स्य. १२. २५; लिंग. १. ६६. ५२. वायु. ८६. २४. २; विष्णु० ४. १. १३.); व. चू., पृ. १७

नाभाग—यह प्राचीन काल के प्रतापी शासक थे और वैवश्वत् मनु के दस पुत्रों में से एक थे (पद्म पु० सृ. ८.)। किन्तु कतिपय उल्लेखों के अनुसार यह वैवस्वत् मनु के पुत्र न होकर, उनके पौत्र तथा महाराजा नभाग के पुत्र थे (म० आ० ७७. १४; भा. ९. ४)। इनके अन्य नामान्तर नाभागदिष्ट, नाभागरिष्ट, नाभानेदिष्ट हैं (अग्नि. २७२. १७१)

इनकी प्रतापशीलता के विषय में बतलाया गया है कि यह समुद्र-पर्यन्त समस्त पृथ्वी को मात्र सात दिनों में जीत लिये थे, किन्तु जीती हुई पृथ्वी को इन्होंने ब्राह्मणों को दान में दे दिया था, जो इनकी दयालुता एवं सदाचारिता के कारण पुनः इनके पास वापस आ गयी (म० आ० १२४. १६. १७; ९७. २१;)। साथ ही इन्होंने अपनी सत्यनिष्ठा के बल से उत्तम लोकों पर आधिपत्य स्थापित कर लिया था (म० व० २६. ११)। यह

जीवन में माँस-भक्षण से सदा विमुख थे। फलतः इन्हें 'परात्परतत्त्व' का ज्ञान हुआ तथा ब्रह्मलोक में प्रवेश मिला (म० अनु० ११५. ५८. ६८). नाभाग के पुत्र का नाम अम्बरीष बतलाया गया है। इनकी वंशावली की विशद विवेचना विविध पुराणों में मिलती है (अग्नि. २७२; ब्रह्म.७; ब्रह्माण्ड. ३. ६३; विष्णु० ४. २; वायु० ८६; मत्स्य० १२; ह० वं. १.१० तथा भा० ९. ४–६)। नाभाग की उदारता तथा सदाचारिता की रोचक कथा पद्मपुराण में मिलती है। जब कि यह गुरु-गृह में विद्यार्जन में संलग्न थे, इनके अन्य भाइयों ने इनके हिस्से की समस्त सम्पदा परस्पर बाँट ली, किन्तु अंगिरस के यज्ञ में मंत्रस्मरण में सहायक सिद्ध होने के कारण, इन्हें महर्षि से प्रभूत सम्पत्ति प्राप्त हुई। पुनः रूद्र ने उस सम्पत्ति को मांग ली, और नाभाग ने उन्हें सहर्ष समर्पित कर दी। नाभाग के इस औदार्य पर रूद्र अत्यन्त प्रसन्न होकर, समस्त सम्पत्ति नाभाग को पुनः प्रदान कर दी तथा इन्हें 'ब्रह्म-विद्या' की भी शिक्षा दी (पद्म. सृ. ८)। ऐसी ही कथा प्राचीन वैदिक ग्रन्थों में नाभानेदिष्ट के नाम पर दी गई है (ऋ. १०, ६१–६२)।

ऋग्वेद के अनेक सूक्तों के प्रणयन का श्रेय इन्हें प्राप्त था। यह एक सूक्तकार भी थे (ऋ. ८;३९–४१)। वज्रसूची, पृ. १७.

नाभानेदिष्ट मानव––यह स्वायंभुव मनु के पुत्रों में से एक थे। पुराणों मे इन्हें नाभाग कहा गया है तथा पंचविश-ब्राह्मण में इनका उल्लेख नाभानेदिष्ठी के नाम से मिलता है।

वैदिक साहित्य में आंगिरस यज्ञ का वृतान्त उल्लिखित है, जहाँ इन्हे नाभाग के अभिधान से ही अभिहित किया गया है (ऐ० ब्रा. ५ १४; तै. सं. ३ १ ९; ४–६; सां, ब्रा. २८; ३४-४; सां. श्रौ. २६. ११ २८ ३०)। यह एक सूक्त-द्रष्टा ऋषि थे (ऋ. १० ६१-६२)। इनके द्वारा प्रणीत ऋग्वेदीय-सूक्त 'नाभानेदिष्ठीय सूक्त' कहे जाते हैं (पं. ब्रा. २०. ९ २.)। उपर्युक्त नाभाग एवं नाभानिदिष्ट दोनों का व्यक्तित्व लगभग समान है।

ब्रह्मचारिन—जीवन के प्रथम आश्रम में वर्तमान ब्राह्मण, जो यज्ञोपवीत संस्कार के सम्पन्न होने के अनन्तर गुरु-कुल में दीक्षित होकर ब्रह्मचर्याश्रम के नियमों का अनुपालन तथा वेदाध्ययन में सलग्न है (मनु २।४१, १७५;१०.८७)। यह एक देवगन्धर्व थे, जो कश्यप-ऋषि एवं प्राधा (कहीं कहीं

क्रोधा या अरिष्टा) प्रचेतस दक्ष-प्रजापति की कन्या के पुत्र थे, किन्तु इन्हें महाभारत के अनुसार क्रोधा का पुत्र कहा गया है (म० आ० ५९.५४; ११४. ३७), वज्रसूची, पृ. १० ।

भार्गव—(भृगोरपत्यम् अण्), यह समष्टि का द्योतक है तभा भृगुवारूणि ऋषि की वंश-परम्परा में उत्पन्न लोगों के लिये प्रयुक्त होता है। इस वंश में प्रादुर्भूत ऋषियों के नाम हैं—उशीनस्, कवि, गृत्समद्, जमदग्नि, नेम्, प्राचेतस्, वाल्मीकि, वेन आदि ।

परशुराम (भार्गव), महर्षि जमदग्नि के पाँच पुत्रों में से कनिष्ठ पुत्र थे। इनकी माता का नाम रेणुका था, जो अयोध्या के राजा रेणु की कन्या थी। भृगु-वंशीय होने के कारण इन्हें भार्गव कहा गया है। यह विष्णु के अवतार कहे गये हैं। इनका अवतार द्वापर एवं त्रेता के संधि-काल में वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को हुआ था (म० आ० ३.३; रेणु. १४)। यह अस्त्र-शस्त्र सम्बन्धी समस्त विद्याओं में पारंगत थे (पद्म. पु. उ. ३४८; मत्स्य. ४७.३४४; वायु. ३६.९०; ९१.८८) ।

इनका आश्रम नर्मदा के तट पर था (ब्रम्हाण्ड. ३.३३.३६) ।

'अकृतव्रण', शान्ता (ऋष्यशृङ्ग-पत्नी) का पुत्र इनका शिष्य था। भार्गव-वंशीय ब्राह्मण पश्चिमी भारत के शासक, हैहय-वंशीय राजाओं के कुल-गुरु थे, किन्तु बाद में उन राजाओं के साथ भार्गव-वंशीय ब्राह्मणों का झगड़ा हो गया और वे लोग उत्तर-भारत में जाकर रहने लगे। वर्तमान समय में भार्गव-ब्राह्मण भडोच (गुजरात-प्रदेश) में अधिक निवसित हैं।

भार्गव-परशुराम ने, क्षत्रियों से प्रबल विरोध के कारण, अनेक बार इस पृथ्वी को निःक्षत्रिय कर दिया था। हैहय-वंशीय महाराज कार्तवीर्य के साथ परशुराम के युद्ध का उल्लेख वैदिक-साहित्य में भी मिलता है (अ. वे. ५. १८.१०) ।

यह अत्यन्त पितृ-भक्त थे। एक बार जमदग्नि ने, रेणुका से अप्रसन्न हो कर, भार्गव को उसके बध का आदेश दिया। इन्होंने पितृ-अनुज्ञा का तत्काल पालन किया (म. व. ११६.१४)। महर्षि जमदग्नि परशुराम पर अत्यधिक प्रसन्न हुए तथा उन्होंने इन्हें सदा अजेय एवं स्वेच्छानुसार ही मृत्यु-प्राप्त करने का वरदान दिया और इनकी इच्छानुसार रेणुका को पुनः जीवित कर दिया।

'राम भार्गवेय' नामक एक ऋषि का उल्लेख वैदिक-साहित्य में, एक सूक्त-द्रष्टा के रूप में मिलता है (म. १०.११६) । सर्वानुक्रमणी के अनुसार वह परशुराम ही थे । वज्रसूची, पृ. १६ ।

मतङ्ग —यह एक अत्यन्त तपस्वी महर्षि थे । इनके जन्म के सम्बन्ध में ऐसी ख्याति है कि इनकी व्यभिचारिणी (ब्राह्मणी) मां ने एक नापित के संयोग से इन्हें उत्पन्न किया था । मतङ्ग ने अपने जन्म-सम्बन्धी कलङ्क को प्रक्षालित करने के लिये यावज्जीवन तपस्या की, किन्तु इनका कलङ्क धुल न सका, क्योंकि वंशानुक्रम से प्राप्त कलङ्क किसी भी प्रकार से धुल नहीं सकता । इस यथार्थता की पुष्टि के लिये, महाभारत में एक रोचक आख्यान दृष्टिगत होता है (म० अनु० २७–२६) ।

मतङ्ग से समबद्ध एक अन्य उल्लेख के अनुसार यह एक प्राचीन राजा थे, जो शाप के परिणाम स्वरूप व्याध का स्वरूप प्राप्त किये और इसी कारण इन्हें 'मतङ्ग' अभिधान भी मिला था । व्याधावस्था में इन्होंने अकाल के समय विश्वामित्र के परिवार की रक्षा की थी ।

शाप-मुक्ति के अनन्तर, जब इन्हें पुनः राजत्व प्राप्त हुआ, इन्होंने एक यज्ञ किया, जिसमें इनके उपकार की दृष्टि से विश्वामित्र ने स्वतः पुरोहित का कार्य सम्पन्न किया था । उक्त यज्ञ में सोमपान-हेतु इन्द्र भी उपस्थित हुए थे, (म. आ. ६५.३३.) ।

महर्षि मतङ्ग का आश्रम इन्हीं के नाम पर 'मतङ्गाश्रम' नाम से प्रख्यात था और अधिक सम्भव है 'मतङ्ग केदार' नामक तीर्थस्थान का नामकरण भी इन्हीं के नाम पर हुआ, (म. व. ८२.४२३; ८३.१७) वज्रसूची, पृ.१२ ।

महिदास—यह हारीतवंशीय 'मांडूकि' ऋषि के द्वारा 'इतरा' नामक शूद्र-स्त्री के गर्भ से उत्पन्न हुए थे । किन्तु अपनी प्रकृष्ट तपस्या के प्रभाव से इन्हें ऋषित्व प्राप्त हुआ था । इनका नामान्तर महिदास-ऐतरेय भी था, जो इनका मातृक नाम था ।

यह एक वैदिक विद्वान भी थे और इनके द्वारा ब्राह्मण तथा आरण्यक ग्रन्थों की रचना की गई थी, जो इन्हीं के नाम पर ऐतरेय-ब्राह्मण तथा ऐतरेय-आरणक के रूप में प्रख्यात हुए । इनका उल्लेख वैदिक-साहित्य में अनेकशः हुआ है (ऐ० आ. २.१.८;३.७; छां० उ० ३.१६.७; जै० उ० ब्रा० ४.२.११) । वज्रसूची, पृ. २५ ।

महेश्वर—प्रख्यात सर्वेश्वर शिव, जिन्होंने इस वसुन्धरा पर 'महेश' के रूप में अवतरित होकर, पृथ्वी पर जन्म-ग्रहण करने वाले अपने पार्षद (द्वार-पाल) 'वेताल' की रक्षा की थी। उस समय पार्वती ने शारदा के रूप में अवतार ग्रहण किया था, (शिव० शत० १४), वज्रसूची, पृ. २० ।

मन्दपाल—यह एक विद्वान, महर्षि, धर्मज्ञों में श्रेष्ठ एवं एक कठोर व्रती थे। इन्होंने उर्ध्व-रेता ऋषियों के मार्ग का सतत् अनुवर्तन किया और अपना समय तपस्या, वेदाध्ययन एवं धर्माचरण में व्यतीत किया। किन्तु जब यह अपनी तपश्चर्या पूरी करने के उपरान्त, शरीर-त्याग कर पितृलोक में पहुँचे, तो इन्हें पितृ-ऋण से मुक्त न होने के कारण, मात्र सत्कर्मों के आधार पर, स्वर्ग की प्राप्ति न हो सकी। जब इन्होंने देवों से स्वर्ग-अप्राप्ति न होने का कारण पूछा, तो उन्होंने पितृ-ऋण से उऋण न होना ही कारण बतलाया और इनसे कहा कि स्वर्ग-प्राप्ति के प्रयास से पूर्व पितृ-ऋण से मुक्ति-प्राप्त करने के निमित्त संतानोत्पत्ति कर अपनी वंश-परम्परा को अविच्छिन्न बनाइये।

तदनन्तर मन्दपाल ने खाण्डव-वन में शार्ङ्गक पक्षी का रूप धारण कर शार्ङ्गिका (जरितृ नाम वाली) पक्षी से सम्बन्ध स्थापित किया और उसके गर्भ से चार ब्रह्म-वादी पुत्रों (जरितारि, द्रोण, सारिसृक, स्तम्बमित्र) को उत्पन्न किया (म. आ. २२४.६)। इसके उपरान्त बच्चों को शार्ङ्गिका के साथ छोड़ कर स्वयं लपिता (नामक यक्षिणी पत्नी) के पास चले गये।

जब मन्दपाल को यह पता लगा कि अग्निदेव खाण्डव-वन को जला रहे हैं, इन्होंने अग्निदेव से बच्चों की रक्षा की स्तुति की। अग्निदेव ने स्तुति से प्रसन्न होकर 'तथास्तु' कहते हुए उनकी रक्षा की। (म० आ० २२०)। जब मन्दपाल ने अग्निदेव द्वारा बच्चों की रक्षा की बात लपिता से कही, तो उसने ईर्ष्यायुक्त होकर कठोर बचन कहा तथा मन्दपाल को उनके पास जाने से मना कर दिया। किन्तु मन्दपाल ने उससे (लपिता से) नाना प्रकार के सपत्नि-दोषों का उल्लेख करते हुए, अन्त में जरितृ एवं बच्चों के पास पहुच कर उनके साथ देशान्तर को प्रस्थान किया (म० आ० २२२), वज्रसूची, पृ. ६ ।

मुद्गल—यह एक वैदिक राजा थे, जो महाराज 'भर्म्याश्व' (अथवा 'भद्राश्व') के पुत्र थे। ऋग्वेद के अनुसार इनकी पत्नी का नाम 'मुद्गलानी'

तथा कहीं-कहीं 'इन्द्रसेना' भी बतलाया गया हैं (ऋ० १०.१०२)। अन्य वैदिक, ग्रन्थों में भी इनका उल्लेख मिलता है (अ. वे. ४.२९.६; आश्व. श्री. १२.१२; बृहद्दे० ६.४६)।

इनके वंशज पहले क्षत्रिय कहलाते थे, किन्तु बाद में वे ब्राह्मण कहलाने लगे। इन्हीं के नाम पर इनके वंश का नाम 'मुद्गल' वंश तथा वंशज 'मौद्गल' ब्राह्मण के रूप में प्रसिद्ध हुए (भा० ९. २१; ब्रह्म वै० ३. ४३. ९७; मत्स्य० ५०. ३–६; वायु० ९९. १८८; हरिवंश १. २३. ६८.), व.सू., पृ.१७.

मात्स्य—वैदिक साहित्य के अनुसार यह यज्ञ में निष्णात् एक प्रसिद्ध ऋषि थे (अ० वे० १९. ३९. ९)। तैत्तिरीय-ब्राह्मण में इनका उल्लेख 'मत्स्य' के नाम से मिलता है, जहाँ इन्हें 'यज्ञेषु' तथा 'शत द्युम्न' राजाओं का पुरोहित कहा गया हैं (तै० ब्रा० १. ५. २. १)। इनके द्वारा शुभमुहुर्त देख कर 'यज्ञमहोत्सव, प्रारम्भ करना चाहिए', इस प्रथा का प्रचलन हुआ।

यह (मात्स्य) शब्द सरस्वती के तट पर यज्ञ में संलग्न ब्राह्मण-समुदाय का भी वाचक हैं, वज्रसूची, पृ. १०।

मेधातिथि--यह एक वैदिक महर्षि थे। इनके पिता का नाम कण्व था, जो पूरब के सप्तर्षियों में से एक थे, (म० शां० २०१. २६)। इनके अन्य अभिधान 'मेधातिथिकाण्व' 'तथा काण्वमेधातिथि' हैं, (ऋ० १. ३६. १०; ८. २०. ४०)।

यह वैदिक साहित्य में एक सूक्त-द्रष्टा के रूप में वर्णित हैं (ऋ० १. १२. २३; २. ४१-४२; ९२; ८. १. ३–२९)।

'मेधातिथि' तथा 'कण्व' दोनों ही 'काण्व' या 'काण्वायन-गोत्र के लोगों के आदि पुरुष के रूप में वर्णित हैं। इस लिए काण्वायन ब्राह्मण की परम्परा इनसे ही प्रारम्भ होती है (मत्स्य० ४९. ४६; वायु. ९९. १६९–७०)।

भागवत में मेधातिथि नामक एक राजा का उल्लेख मिलता है, जो शाक-द्वीप के शासक थे (भा० ५. १. २०-२५)। किन्तु मार्कण्डेय-पुराण के अनुसार यह प्लक्षद्वीप के राजा थे, जहाँ इनके अन्य सात भाइयों—आनन्द, क्षेमक, ध्रुव, शिशिर, शिव आदि का उल्लेख मिलता है (मार्क० २९–३१)।

ऋग्वेद एवं ब्राह्मण-ग्रन्थों में ऐसा वृतान्त मिलता है कि सुरपति इन्द्र इनके पास एक मेष का रूप धारण कर आये थे। इसका विवेचन 'सुब्रह्मण्य-मंत्र' (यज्ञ-मंडप में सोम लाने के समय का मंत्र) में द्रष्टव्य है, जहाँ इन्द्र, 'मेधातिथि के मेष' के रूप में उल्लिखित हैं (ऋ० ८. २. ४०; जै० ब्रा० २. ७९. तथा श० ब्रा० ३. ३. ४. १८)।

मेधातिथि द्वारा प्रवर्तित काण्वायन-गोत्र में अनेक वैदिक सूक्त-द्रष्टा हुए हैं, जिनमें देवातिथि-काण्व, पृषध्र-काण्व, प्रगाथ-काण्व आदि उल्लेखनीय हैं (ऋ० ८. ४. १७; ८. ६. ४७; ८. ५६. १–२; ८. ६५. १२), व.सू., पृ. १७।

मौद्गल्य—यह मुद्गल-वंशीय ब्राह्मणों के लिये प्रयुक्त उनका पैतृक अभिधान है। यह पैतृक अभिधान इस वंश के प्रख्यात आचार्यों—नाक, लांगलायन, शतबलाक्ष आदि के लिये व्यवहृत हुआ है (ऐ० ब्रा० ५. ३. ८; श० ब्रा० १२. ५. २. १; निरुक्त, ११. ६), वज्रसूची, पृ. १७।

म्लेच्छ—प्रथमत: यह शब्द जाति-विशेष का द्योतक था, जो नन्दिनी (वसिष्ठ-गो) के फेन से प्रादुर्भूत हुआ, किन्तु कालान्तर में यह उन समस्त जातियों का सामान्य अभिधान हो गया, जो धर्म से भ्रष्ट हुईं।

महाभारत में इसका उल्लेख सर्वत्र धर्म-भ्रष्ठ एवं नीच के रूप में मिलता है। वहाँ इसके अन्य पर्याय 'अर्धमुण्ड', 'मुण्ड', 'जटिल', 'जटिलानन' आदि दिये गये हैं (म. द्रो. ६८. ४४)।

युधिष्ठिर द्वारा सम्पन्न की जाने वाली राजसूय-यज्ञ में ब्राह्मणों को दान देने के उपरान्त अवशिष्ट धन को उठा ले जाने वाले म्लेच्छ तथा शूद्र ही थे (म. आश्व. ६१. २५)। उस यज्ञ के प्रसङ्ग में पूर्व-दिग्विजय करते हुए भीम ने पूर्वी म्लेच्छों, दक्षिण दिग्विजय करते समय सहदेव ने दक्षिणी तथा नकुल ने पश्चिमी दिग्विजय करते हुए पश्चिमी म्लेच्छों पर विजय प्राप्त की (म. स. २७. २५–२६; २८. ४४ तथा २९. १५)। इससे स्पष्ट है कि महाभारत के समय ये लोग उपनिवेश बना कर पूर्व, दक्षिण तथा पश्चिम भारत में आवाद थे, वज्रसूची, पृ. २०।

युधिष्ठिर—यह कुन्ती से उत्पन्न महाराजा पाण्डु के ज्येष्ठ-पुत्र तथा पञ्चपाण्डवों के अग्रज थे। यह धर्म के साक्षात् अवतार थे। अपनी

सत्य-निष्ठा एवं धार्मिक-प्रवृति के कारण यह धर्मराज कहे गये हैं (भा. ९. २२. २७; म. आ. ९० ६९)।

महर्षि व्यास द्वारा महाभारत में इनका चरित्र एक सहिष्णु, धर्म-निष्ठ, धीरोदात्त, ज्ञानी, राजनीतिज्ञ एवं तत्त्वदर्शी के रूप में चित्रित किया गया है। एक महान क्षत्रिय महाराज होते हुए भी, इनमें एक श्रेष्ठ ब्राह्मण के सभी गुण विद्यमान थे। अतः इनकी समता आध्यात्म-परायण, तत्त्वचिंतक महाराज विदेह से की जा सकती है।

बल, बुद्धि, विद्या, कला आदि विविध गुणों से सम्पन्न होते हुए भी यह दुर्योधन की कूटनीति का शिकार बने, नाना कष्टों को झेले और राज्य लिप्सा से विमुख होकर, एक वानप्रस्थी बने और वनवास की ओर उन्मुख हुए; वज्रसूची, पृ. ३५।

राम—विश्वविख्यात मर्यादा-पुरुषोत्तम भगवान रामचन्द्र अयोध्या के महाराज दशरथ एवं महारानी कौशल्या के पुत्र थे। यह दशरथ के चार पुत्रों में से ज्येष्ठ थे। इनका नामकरण इनके कुलगुरु वसिष्ठ द्वारा 'रामस्य लोक रामस्य' कह कर 'राम' किया गया था (वा. रा. वा. १८.१९)।

बाल्मीकि रामायण में इनके लिये 'रामचन्द्र' के स्थान पर सर्वत्र 'राम' अभिधान ही प्रयुक्त हुआ है। श्री राम तथा इनके अन्य भ्राताओं का प्रादुर्भाव महर्षि ऋष्यश्रृङ्ग द्वारा की गई पुत्र-कामेष्टि नामक यज्ञ के फलस्वरूप हुआ था।

भारतीय परम्परा इन्हें वैवस्वत मन्वन्तर के चतुर्विंशति त्रेता-युग में अवतरित मानती है (पद्म. पा.३६; ब्रह्म. २१३.१२४; ब्रह्माण्ड ३.८.५४; भा. ९.१०.५२; मत्स्य. ४७.२४७; वायु. ७०.४८; ह. वं. १.४१); किन्तु महाभारत में इनका प्रादुर्भाव अष्टविंशति त्रेतायुग में उल्लिखित है (म. स. परि. १. क्र. २१. पंक्ति ४९४–४९५)।

पौराणिक उल्लेखों के अनुसार यह विष्णु के सप्तम अवतार माने गये हैं, किन्तु वाल्मीकि-रामायण में इन्हें विष्णु के समान महान पराक्रमी बतलाया गया है, किन्तु इनको अवतार के रूप में वर्णित नहीं किया गया है।

मैथिली सीता के साथ राम का विवाह स्वयंवर की शर्त (शिवधनुर्भङ्ग) की पूर्ति पश्चात् हुआ, जो महाराज सीरध्वज-जनक की कन्या थी। इनकी अन्य कन्याएँ उर्मिला के साथ लक्ष्मण का तथा इनके अनुज कुशध्वज की कन्याएँ माण्डवी एवं श्रुतकीर्ति का विवाह क्रमशः भरत तथा शत्रुघ्न के साथ हुआ (वा. रा. वा. ७३. २३–२७)।

सर्वविध सौन्दर्य के अधिष्ठान श्री राम एक महापुरुष के समस्त लक्षणों से संवलित थे (वा. रा. १.१०.१८)।

कुलगुरु वसिष्ठ ने श्री राम को, जो उदात्त उपदेश दिये थे, उनके दर्शन विशेष रूप से योग-वासिष्ठ में होते हैं, (यो. वा. १.१.७८)।

श्री राम के महान पराक्रम का उल्लेख प्रायः सर्वत्र ही मिलता है। क्रूर एवं पापी राक्षसों का बध इनके पराक्रम का ज्वलन्त उदाहरण है।

यह संसार के समग्र आदर्शों के भी आदर्श थे। वस्तुतः आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श राजा आदि सभी के यह समुज्ज्वल दृष्टान्त थे।

इस जगत में धर्म सर्वश्रेष्ठ है एवं वही सत्य का अधिष्ठान है और श्री राम दोनों के अधिष्ठान हैं (वा. रा. अयो. २१.४१), वज्रसूची, पृ. ८।

रावण—यह जगद् विख्यात लंकाधिपति राक्षस राज थे। यह पुलस्त्य ऋषि की संतान विश्रवस नामक दैत्य के पुत्र थे। इनकी माता केशिनी (या कैकसी) थी, जो सुमालि नामक राक्षस की पुत्री थी। इनके अन्य पर्याय दशशीर्ष, दशानन, दशग्रीव थे। महाभारत में इन्हें विश्रवस तथा पुष्पोत्कटा का पुत्र कहा गया है। यह महान तपस्वी थे और इन्होंने तप के बल पर स्वेच्छा से रूप धारण करने एवं अबध्य होने तप, विद्या, का वरदान प्राप्त किया (बा.रा.उ.९.४०–४८; १.०१८–२६ म. व. २६९.२६; म.व.२५९–७)। बुद्धि बल, ऐश्वर्य आदि, सब प्रकार से सम्पन्न होने पर भी प्राचीन भारतीय इतिहास में यह अपनी अवान्तरकालीन अधर्म-भावना, पाशवी-प्रवृत्ति, दुराचारी-स्वभाव एवं वासना के साक्षात् स्वरूप के रूप में चित्रित हैं। श्री राम की पत्नी सीता के हरण सदृश दुष्कर्म का श्रेय इन्हें ही प्राप्त था। फलतः उक्त पाप का प्रायश्चित इन्हें सर्वस्व समाप्त कर करना पड़ा। (वा. रा. यु. १०८; म. व. २९१.२९; स. १.२१.), वज्रसूची, पृ. १३।

ऋष्यश्रृङ्ग—यह एक प्रसिद्ध ऋषि थे। इनके पिता विभाण्डक ऋषि थे, जो काश्यप गोत्रीय थे।

इनके जन्म के विषय में ऐसा उल्लेख मिलता है कि एक समय इनके पिता गंगा-स्नान के लिये गये हुए थे, जहाँ उन्हें उर्वशी दृष्टिगत हुई। उसके अनूप स्वरूप के दर्शनोपरान्त कामासक्त ऋषि विभाण्डक का वीर्य जल में स्खलित हो गया। एक देव-कन्या, जो शाप-ग्रस्त होने के कारण एक हरिणी हो गई थी, के उदर में जल पीते समय, उसी के साथ वह प्रविष्ट हो गया और उसी से ऋष्यश्रृङ्ग का जन्म हुआ (म. व. ११०)।

इनके ऋष्यश्रृङ्ग नामकरण का कारण यह था कि इनका सम्पूर्ण आकार तो मनुष्य सदृश था, किन्तु इनके मस्तक पर ऋष्यमृग के समान श्रृङ्ग थे (म. व. ११०.१७)।

इनके जन्म होने के उपरान्त इनकी माता शापमुक्त होकर परलोक सिधार गईं। अनाथ ऋष्यश्रृङ्ग का पालन-पोषण विभाण्डक ऋषि ने किया तथा इन्हें वेद-शास्त्र में पारंगत बनाया।

इनकी महिमा का उल्लेख करते हुए, ऐसा कहा गया है कि एक बार अङ्ग-देशाधिपति, जिनका नाम रोमपाद (नामान्तर लोमपाद भी था), के राज्य में उनके अनाचार के कारण अवर्षण हुआ और घोर अकाल पड़ा। उस समय इन्हें अङ्गदेश में अपहरण कर लाया गया, जहाँ ऋष्यश्रृङ्ग की उपस्थिति में प्रभूत वृष्टि हुई और वहाँ सुख का साम्राज्य स्थापित हो गया। प्रसन्न चित्त महाराज रोमपाद ने अपनी कन्या 'शान्ता' को प्रचुर उपहार सहित इन्हें समर्पित किया। पुत्र-रत्न-प्राप्तिपर्यन्त ऋष्यश्रृङ्ग ने शान्ता-सहित अङ्गदेश में ही निवास किया। तदनन्तर अपने आश्रम कौशिकी नदी (जमदग्नि की माता सत्यवती का रूपान्तर) के तट पर आ गये।

ऋष्यश्रृङ्ग के विचार, जो इनके विविध ग्रन्थों (ऋष्यश्रृंग-संहिता, ऋष्यश्रृंग-स्मृति आदि) में उपलब्ध होते हैं, अशौच, आचार, श्राद्ध आदि के प्रसङ्ग में प्रमाण के रूप में अपरार्क, मिताक्षरा, स्मृति-चन्द्रिका आदि में उल्लिखित हैं, वज्रसूची, पृ. १०।

रेणुका—यह इक्ष्वाकु वंशीय राजा रेणु, जो प्रसेनजित, प्रसेन अथवा सुवेणु नाम से भी अभिहित किये जाते थे, की कन्या थीं। यह जमदग्नि ऋषि की पत्नी तथा परशुराम की माता थीं, (भा. ९.१५.१२; ह. वं १.३७.३८; म.व. ११६.१)। इनका नामान्तर 'कामली' भी था।

रेणुका-महात्म्य के अनुसार इन्हें अनावसु तथा विकल्प से सुवेणु की कन्या कहा गया हैं; किन्तु कालिका-पुराण में यह विदर्भराज की पुत्री कही गई हैं (रेणु. ५; कालि. ८६)।

महाभारत में इनकी उत्पत्ति कमल से बतलायी गई है, किन्तु रेणुका-पुराण में ऐसा उल्लेख मिलता है कि राजा रेणु ने 'कन्या-कामेष्टि' नामक एक यज्ञ किया था और उसी यज्ञ-कुण्ड से इनका प्रादुर्भाव हुआ (रेणु. ३; म. अनु. ५३.३७)।

इनके विषय में ऐसा भी उल्लेख मिलता है कि अपने पूर्व-जन्म में यह अदिति (मित्रा–वरुणों तथा अर्यमा) की माता थीं। भागीरथी-क्षेत्र में इनका स्वयंवर हुआ था, जिसमें इन्होंने जमदग्नि ऋषि का वरण किया था। वहाँ उपस्थित इन्द्र ने इन्हे कल्पतरु, कामधेनु, चिन्ता-मणि तथा पारस-माणि आदि वस्तुवें भेंट की थीं। (रेणु. ११,१३)।

महाभारत में ऐसा वर्णित है कि जमदग्नि ने वाण-प्रक्षेपण करते समय, वाण लाने का उत्तरदायित्व इन्हीं पर छोड़ दिया था, जिसमें एक बार कुछ विलम्ब हो जाने के कारण जमदग्नि क्रुद्ध हो गये और उन्होंने परशुराम को इनका शिर काटने का आदेश दिया, जिसे परशुराम ने तत्काल पूर्ण किया किन्तु पुनः जमदग्नि से अनुरोध कर परशुराम ने अपनी मां को किन्तु जीवित कराया (म. अनु. ९५.७–१७; वन. ११६. ५–१८), वज्रसूची, पृ. ८।

वत्स—वायु-पुराण के अनुसार यह प्रतर्दन के पुत्र और काशी के राजा थे। ऐसी प्रसिद्धि है कि परशुराम के भय से यह गो-वत्सों के मध्य, गोशाला में पालित-पोषित होकर बड़े किये गये थे। इनके वत्स नामकरण का यही रहस्य है (म. शां. ४९.७१)।

भागवत के अनुसार यह चक्षुराज या चक्षुर्भानु (सर्वतेजस् एवं आकूति के

पुत्र) की संतान थे। इनकी माता का नाम नड्वला था, जो वीरण-प्रजापति की पुत्री थीं (भा. ४.१३.१६)।

विष्णु-पुराण इन्हें गुरुक्षेप (वृहत्क्षण-पुत्र) नामक राजा की संतान मानता है। इनके नामान्तर—वत्सद्रोह, वत्सवृद्ध, वत्सव्यूह आदि हैं।

ब्रह्माण्ड-पुराण के अनुसार यह एक आचार्य थे, जो व्यास की यजुः-शिष्य-परम्परा में से याज्ञवल्क्य के वाजसनेय शिष्य थे, किन्तु अन्य मत इन्हें व्यास की ऋक्‌शिष्य-परम्परा में से देवमित्र का शिष्य मानती है।

वत्स (या वत्सक) कंश के पक्ष का एक असुर भी था, जिसका उल्लेख भागवत में मिलता है। यह गो-वत्स का स्वरूप धारण कर श्री कृष्ण के विनाश के निमित्त गोकुल में उपस्थित हुआ था। इसका वध कृष्ण द्वारा कपित्थ वृक्ष पर पटक कर किया गया था (भा० १०. ११. ४२)।

वत्स शब्द लोक-समुदाय का भी द्योतक है, जो पूर्व भारत में निवसित था और जिन्होंने महाभारत में पाण्डवों की तरफ से युद्ध किया था (म० उ० ५२. २), वज्रसूची, पृ. १६।

वसिष्ठ—यह एक महान ब्रह्मर्षि थे, जो स्वायम्भुव मन्वन्तर में प्रादुर्भूत हुए। इन्हें ब्रह्मा के दस मानस-पुत्रों में से एक माना गया है। इनकी उत्पत्ति ब्रह्मा के 'समान' नामक प्राण-वायु से हुई थी (भा० ३. १२. २३)। यही वसिष्ठ गोत्रीय ब्राह्मणों के मूल-पुरुष माने जाते हैं। इनके वंशज-ब्राह्मण प्राचीन काल से ही अयोध्या के इक्ष्वाकु राजाओं के पुरोहित थे।

वसिष्ठ की पारिवारिक-स्थिति यह है कि इनकी तीन पत्नियाँ थीं—

१. ऊर्जा (दक्ष-प्रजापति की कन्या)—इससे वसिष्ठ को 'पुण्डरीका' नाम की पुत्री तथा उर्ध्ववाहु, गर्त, पवन, सवन आदि सात प्रख्यात पुत्र हुए।

२. अरुन्धती, कर्दम-प्रजापति की नौ कन्याओं में से आठवी कन्या थी। इससे इन्हें 'शक्ति' आदि सौ पुत्र हुए (भा० ४. १. ४१; म आ. १६६. ४)।

३. वसिष्ठ की स्वयं की अयोनिजा पुत्री 'शतरूपा', इनकी अन्य पत्नी थी। उससे इन्हें 'वीर' नामक पुत्र उत्पन्न हुआ, जिसने कर्दम प्रजापति की कन्या 'काम्या' से दो पुत्र-रत्न 'प्रियव्रत' एवं 'उत्तानपाद' प्राप्त किये।

महाराज दशरथ की पुत्रकामेष्टि-यज्ञ में यह प्रधान ऋत्विज थे। इन्होंने ही राम एवं लक्ष्मण का नामकरण किया था। राम के यौवराज्याभिषेक की दीक्षा इन्होंने ही दी थी।

वसिष्ठ महान ब्रह्मज्ञानी, प्रकृष्ट तपस्वी, प्रभूतशक्तिसम्पन्न, क्षमाशील तथा सहिष्णु थे (वा० रा० बा० ५२. १. २०; ५५–५६)। यह अयोध्या के महाराज दशरथ एवं राम आदि राजाओं के पुरोहित थे। वाल्मीकि ने इनका चित्रण एक नीति-निपुण प्रधानामात्य, धर्मपरायण पुरोधा एवं ब्रह्म-निष्ठ उपदेष्टा के रूप में किया है।

वसिष्ठ के परम विरोधी के रूप में विश्वामित्र का उल्लेख मिलता है। वसिष्ठ एवं विश्वामित्र के वंशजों के मध्य शत्रुत्व एवं प्रतिशोध की ज्वाला शताब्दियों तक जलती रही है, जिसका उल्लेख प्राचीन भारतीय इतिहास में मिलता है। इन दोनों विद्या-महारथियों के शत्रुत्व की समता भार्गव (परशुराम-जामदग्न्य) तथा हैहय-वंशीय राजाओं अथवा द्रुपद एवं द्रोण की शत्रुता से की जा सकती है। उक्त विरोध से सम्बद्ध उल्लेखों द्वारा वसिष्ठ एवं विश्वामित्र की अद्‌भुद शक्ति का अनुमान लगाया जा सकता है (ऋ० ३. ३३. ५३)।

महर्षि वसिष्ठ भारतीय वाङ्मय में सूक्तकार, धर्मशास्त्र-कार, गोत्र-कार, मंत्र-कार आदि के रूप में प्रख्यात हैं, वज्रसूची, पृ. ८।

विश्वामित्र—यह जगद्-विख्यात् महर्षि थे। इनका व्यक्तित्व एक विजिगिषु एवं युयुत्सु का आदर्श उपस्थित करता है। इनकी ज्ञानोपासना तथा तपश्चर्या की महत्ता का उल्लेख समग्र वैदिक एवं पौराणिक साहित्य में मिलता है।

इनका प्रादुर्भाव कान्यकुब्ज (वर्तमान कनौज) देश में पुरूरवस्-पुत्र अमावसु-वंश में हुआ था। यह महाराज कुशिक के पौत्र तथा गाथिन् (गाधि) के पुत्र थे।

प्रारम्भ में इनका नाम 'विश्वरथ' था और ब्राह्मणत्व-प्राप्ति के अनन्तर यह विश्वामित्र के रूप में प्रसिद्ध हुए।

वेदार्थ-दीपिका के अनुसार विश्वामित्र की उत्पत्ति के विषय में ऐसी

प्रसिद्धि है कि कौशिक की अभिलाषा इन्द्र-सदृश तेजस्वी तथा पराक्रमी पुत्र प्राप्त करने की थी। इसके लिए उन्होंने कठोर तपस्या की। फलतः इन्द्र स्वतः गाथिन् के रूप में अवतरित हुए और उन्हीं के पुत्र विश्वामित्र हुए। अत एव विश्वामित्र इन्द्र के अंश-भूत थे (वेदार्थ० ३. १)।

वज्रसूची में विश्वामित्र को चण्डाल-स्त्री के गर्भ से उत्पन्न बतलाया गया है, जो विश्वामित्र के जीवन-वृत्त-विषयक स्रोतों से मेल नहीं खाता है। यह बात अलग है कि मध्येशिया, कच्छ में प्राप्त तांत्रिक-रचना में इन्हें मातंग-राज मान कर –'नमो मातङ्गराजस्य' द्वारा नमस्कार किया गया है, (इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली, जून, १९३६, भाग १२, सं०२, पृ० २०१–२१२)।

विश्वामित्र एवं वसिष्ठ में प्रबल शत्रुता थी, जिसके कारण इन्हें यावज्-जीवन संघर्ष करना पड़ा। इनका एवं त्रिशंकु का सम्बन्ध भी एक महत्व-पूर्ण वृत्तान्त है। इसकी चर्चा पूर्व पृष्ठों में की जा चुकी है।

विश्वामित्र के परिवार से सम्बद्ध बातों का उल्लेख रामायण, महाभारत, हरिवंश, ब्रह्म, ब्रह्माण्ड एवं वायु आदि पुराणों मे विशेष रूप से मिलता है। इनकी अनेक पत्नियाँ थीं—रेणु, शालावती, सांकृति, माधवी, दृषद्वती आदि। इनसे इन्हें अनेक पुत्र-रत्नों की प्राप्ति हुई। इनमें उल्लेखनीय पुत्र हैं—अष्टक, मधुच्छंदस, हिरण्याक्ष, कृत, ध्रुव, पूरण आदि।

यह एक सूक्त-कार भी थे और इन्होंने अनेक सूक्तों की रचना की थी। इनसे सम्बद्ध सूक्तों में 'नदी-सूक्त' विशेष महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध है, (ऋ. ३.३३)।

इनके धर्मशास्त्र-कार स्वरूप का विवेचन, 'वृद्धयाज्ञवल्क्य-स्मृति' में उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त श्राद्ध, व्यवहार, पञ्च-महापातक, प्राय-श्चित सम्बन्धी इनके विचार अपरार्क, काल-विवेक (जीमूतवाहन-कृत), स्मृति-चन्द्रिका आदि ग्रन्थों में प्राप्त होते हैं। इनका स्मृति-ग्रन्थ, 'विश्वामित्र-स्मृति' प्रकाशित है, (पाण्डुलिपि-सूची, पृ० १९८५, क्रमांक २७१०, मद्रास); वज्रसूची, पृ. ८।

विभाण्डक—यह महान ऋषि एवं प्रख्यात विद्वान थे, जो काश्यप-कुल में उत्पन्न हुए थे। इनके विषय में ऐसी प्रसिद्धि है कि इनके नेत्र हरित एवं

पीत वर्ण के थे तथा इनके शिर से लेकर पैर तक, समग्र शरीर पर केश बाल। विद्यमान थे (म० व० ११९. १९)।

कौशिकी-नदी के तट पर इनका आश्रम था। इन्होंने हिमालयाचल पर निवसित सनत्कुमार से ब्रह्म-ज्ञान की शिक्षा प्राप्त की थी। (म० शां० परि० १. २०)।

इनके पुत्र ऋष्यश्रृङ्ग थे, जो शाप-ग्रस्त हरिणी-रूपधारी दवकन्या से उत्पन्न हुए थे। अंगदेशाधिपति चित्ररथ की कन्या 'शान्ता' इनकी पुत्रबधू थी। ऋष्यश्रृङ्ग एवं शान्ता के विवाह-सम्बन्धी रोचक आख्यान महाभारत में मिलते हैं (म० व० ११०. ११) वज्रसूची, पृ. १०।

वैदह— यह देशीय नाम है. जो जनक सदृश कतिपय राजाओं के लिये वैदिक-साहित्य में व्यवहृत हुआ है (तै० ब्रा० ३. १०. ९. २१)।

यह निमि-वंशीय शासकों के लिये भी प्रयुक्त है। विष्णु-पुराण के उल्लेखानुसार यह महाराज निमि के पुत्र थे (भा० ९. १३. ३)। महाराज निमि की अचेतन शरीर, जो पुत्र-उत्पन्न हेतु, यज्ञ की 'अरणी' (यज्ञाग्नि उत्पन्न करने वाली लड़की) बनाई गई थी, उसी अरणी के मन्थन करने के पश्चात्, यह तेजस्वी पुत्र रूप में उत्पन्न हुए। अरणी के मन्थन से प्रादुर्भूत होने के कारण इन्हें 'मिथि' तथा मात्र पिता से ही इनकी उत्पत्ति हुई, अतएव इन्हें 'जनक' की उपाधि मिली। विदेह-पिता के पुत्र होने के कारण 'मिथि', 'जनक' को 'वैदेह' यह अभिधान प्राप्त हुआ (वायु. ८०; वा. रा. उ. ५७)।

इसी विदेहाधिपति सीरध्वज-जनक की कन्या सीता थी, जो इक्ष्वाकु-वंशीय दाशरथी राजा श्रीराम की पत्नी थीं, वज्रसूची, पृ. ११।

वैशम्पायन—यह एक महर्षि थे। इन्हें कृष्ण-यजुर्वेदीय 'तैत्तिरीय-संहिता' के आद्य-पुरुष का विरुद प्राप्त है। यह महर्षि व्यास के (पैल, वैशम्पायन; जैमिनि, सुमन्त) इन चार वेद-प्रवर्तक शिष्यों में से एक थे (बृ. उ. २. ६. ३; ब्रह्माण्ड १. १. ११)।

इनके 'वैशम्पायन' इस नामकरण का रहस्य यह है कि यह 'विशंप' की वंश-परम्परा में उत्पन्न हुए थे।

वैदिक साहित्य में इनकी ख्याति वैदिक-मन्त्रों के नवीन अर्थ के उद्भावक के रूप में अक्षुण्ण बनी हुई है (ऋ. ६. ११४. ३)। इसी प्रकार ऋग्वेद के मंत्र (संख्या ८. ७०. ५.) के अर्थ के विषय में प्रचलित भ्रान्ति का निराकरण करते हुए वैशम्पायन ने यह कहा है कि ऋग्वेद में निर्दिष्ट सूर्यों की संख्या सात नहीं, प्रत्युत् एक सहस्र है (तै. आ. १७)।

पाणिनि ने अष्टाध्यायी में इनका निर्देश एक वैदिक-गुरु के रूप में किया हैं (पा. सू. ४. ३. १०४)। महाभाष्य के अनुसार यह कठ एवं कलापिन् नामक आचार्यो के गुरू के रूप में समादृत हैं।

यह निगद (कृष्ण-यजुर्वेद) के प्रवर्तक ऋषि माने गये हैं। महाभारत के अनुसार सम्पूर्ण यजुर्वेद के सम्यक् ज्ञान का श्रेय इन्हें प्राप्त था (म. आ. १. ६१–६३; शां. ३२७. १६–१८; ३३७. १०–१२)।

इन्होंने वेदव्यास से अर्जित कृष्ण-यजुर्वेद का उन्नयन किया तथा उसे छियासी संहिताओं में विभक्त कर याज्ञवल्क्य-सहित अपने छियासी शिष्यों को समर्पित किया। उन संहिताओं का विकास तथा प्रसारण करने वाले शिष्यों में से श्यामायनि ने उत्तर-भारत, आसुरि ने मध्य-भारत तथा आलम्बि ने पूर्व-भारत का प्रतिनिधित्व किया (ब्रह्माण्ड. २. ३१. ८–३०; वायु. ६१. ५–३०)।

वैशम्पायन, वेदव्यास के कृष्ण-यजुर्वेद की परम्परा तथा महाभारतीय-परम्परा के भी अद्वितीय शिष्य थे और यही कारण है कि यह महाभारतीय-परम्परा के एक विशिष्ट आचार्य के रूप में समादृत हैं। श्री वेदव्यास द्वारा निज-प्रणीत महाभारत की आद्य-रचना 'जय' नामक ग्रन्थ, सर्व प्रथम वैशम्पायन को ही सुनाया गया था। तदनन्तर वैशम्पायन ने प्रकृष्ट ग्रन्थ 'भारत' की रचना की। 'भारत' तो विख्यात है ही, उसमें भी 'आस्तीक पर्व' सर्वाधिक महत्वपूर्ण है; वज्रसूची, पृ. ३५।

व्यास—यह एक सुप्रसिद्ध महर्षि एवं विद्वान आचार्य थे। संस्कृत वाङ्मय में व्यास धर्मशास्त्र-कार, व्यास-वादरायण एवं व्यास-पाराशर्य दो ऋषियों के दर्शन होते हैं, किन्तु यहाँ व्यास-पाराशर्य का उल्लेख ही अभीष्ट है।

व्यास, महर्षि पराशर एवं सत्यवती (कैवर्तराज-कन्या 'काली') के पुत्र थे। यमुना द्वीप में प्रादुर्भूत होने के कारण यह द्वैपायन नाम से प्रख्यात हुए (म. आ. ५४. २) और इन्हें स्वतः कृष्ण-वर्ण होने तथा 'काली' के पुत्र होने के कारण 'कृष्ण-द्वैपायन' भी कहते हैं। इनके 'व्यास' नाम पड़ने का कारण यह है कि इन्होंने समस्त वेदों की पुनर्रचना की थी--'विव्यास वेदान् यस्मात्स, तस्माद् व्यास इति स्मृतः' (म. आ. ५७. ७६)। इसके अतिरिक्त इनके अन्य नामान्तर–पाराशर्य, पराशरात्मज, सत्यवती-सुत आदि हैं।

इनके पुत्र का नाम शुक था, जो घृताची (अरणी) नामक अप्सरा से उत्पन्न हुए थे। इसके अतिरिक्त महाराज विचित्रवीर्य की अम्बिका तथा अम्बालिका नामक रानियों से इनकी नियोगज संतान–धृतराष्ट्र, पाण्डु तथा विदुर थे (म. आ. १००. २६–२७)।

व्यास 'विष्क्सेन' नामक आचार्य के शिष्य कहे गये हैं (सा. ब्रा. १. ४. ३७७)।

यह महान तपस्वी एवं सत्यवादी थे और अपने उग्र तप-प्रभाव के कारण इन्हें अनेक सिद्धियाँ प्राप्त थीं। यह दिव्य-दृष्टि से सम्पन्न तथा सर्वज्ञ माने गये हैं। दूरश्रवण, दूरदर्शन आदि अनेक विद्याओं में यह पारंगत तथा सांख्य, योग, राज-शास्त्र, धर्म-शास्त्र आदि विषयों के ज्ञाता थे।

व्यास को वैदिक-संहिताओं के पृथक्कर्ता, वैदिक शाखाओं के प्रवर्तक, ब्रह्मसूत्र के प्रणेता, महाभारत, पुराणादि के रचयिता का श्रेय प्राप्त है। यह वैदिक संस्कृति के पुनरुज्जीवक आचार्य कहे गये हैं। इनके द्वारा वैदिक, पौराणिक, दार्शनिक, धार्मिक आदि क्षेत्रों में, जो अपूर्व कार्य सम्पन्न हुआ है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। यह असामान्य प्रतिभा से संवलित एक क्रान्तदर्शी व्यक्तित्व, अगाध विद्वान एवं विविध गुणों के साकार स्वरूप थे।

पुराणों में यह केवल एक महर्षि ही नहीं, प्रत्युत् साक्षात् देव-स्वरूप, किंवा विष्णु, ब्रह्मा तथा शिव के अवतार के रूप में स्वीकार किये गये हैं, (कूर्म-पुराण १.३०.६६; २.११.१३६; गरुड. १८७.५८; ब्रह्माण्ड. ३.१३.७६; लिङ्ग ३.४९. १७; वायु. ७७.७४–७५)।

बौद्ध-बाङ्मय में बुद्ध अपने पूर्व-जन्मों में से एक में 'कण्हदीपायन' (कृष्ण-द्वैपायन) कहे गये हैं । इससे व्यास की ख्याति बौद्ध-साहित्य में भी स्पष्ट है (वेवर पृ.१८४) ।

व्यास कौरव-पाण्डवों के पितामह तथा हित-चिन्तक थे, किन्तु इनकी आस्था धर्मनिष्ठ पाण्डवों में अधिक थी ।

महाराज जनमेजय ने यज्ञ में उपस्थित व्यास के आतिथ्य के उपरान्त इनसे महाभारत का वृत्तान्त पूछा और इन्होंने वहाँ उपस्थित अपने प्रिय शिष्य वैशम्पायन को 'कार्ष्णवेद' स्व-रचित महाभारत-वृत्तान्त सुनाने का आदेश दिया । तदनन्तर वैशम्पायन ने 'कार्ष्णवेद' नाम से प्रसिद्ध महाभारत के वृत्तान्त को सुनाया (म. आ. ५४) ।

व्यास द्वारा अनेक वैदिक, पौराणिक शिष्य-परम्पराएँ प्रवर्तित हुईं, जिनसे विविध वैदिक तथा पौराणिक शाखाओं का विकास हुआ । व्यास से सम्बद्ध स्थल तीर्थ-स्थान के रूप में समादृत हैं, यथा—व्यास-काशी, व्यास-वन, व्यास-स्थली, व्यासाश्रम आदि ।

व्यास के अनुसार चतुर्विध पुरुषार्थों में से 'धर्म' सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और उसी द्वारा अन्य पुरुषार्थों की सिद्धि सम्भावित है । जब कि इतर पुरुषार्थ सुखोपभोग से सम्बद्ध होने के कारण अनित्य हैं, धर्म चिरन्तन, नित्य तथा शाश्वत् है । इसके अतिरिक्त व्यास ने अपने पुत्र शुकदेव को सृष्टि-क्रम एवं युग-धर्म; ब्राह्मप्रलय एवं महाप्रलय तथा मोक्ष-धर्म एवं क्रिया-फल आदि का जो उपदेश दिया है, सभी उनके तत्त्वज्ञान के द्योतक हैं । भीष्म, युधिष्ठिर, मैत्रेय आदि को भी इन्होंने उस शाश्वत-धर्म का उपदेश किया, जिसे इन्हें महर्षि नारद से प्राप्त हुआ था, (म. अनु. २४.५–१२;१२०–१२२) ।

शरगुल्म— यह राम-रावण-युद्ध का एक योधा था, जो राम का पक्षपाती तथा राम-सैन्य का सहायक था (वा. रा. कि. ४१.३) किन्तु यहाँ शरगुल्म से तात्पर्य नरकुलों के झुरमुट से है जिससे गौतम पैदा हुए । वज्रसूची, पृ. ८ ।

शरद्वत—यह ऋषि गौतम एवं अहल्या से उत्पन्न एक महर्षि थे । इन्हे शरद्वत-गौतम तथा शारद्वत भी कहा गया है (वायु.९९.२०१), व.सू. पृ. १० ।

शरद्वत वेदवेत्ता, धनुर्वेदज्ञ होने के साथ ही एक महान् तपस्वी भी थे। इनकी कठोर तपश्चर्या से भयभीत इन्द्र ने तपोभंग के निमित्त इनके पास जालपदी नामक एक अप्सरा को प्रेषित किया। उसे देख कर इनका वीर्य स्खलित हो कर दर्भासन पर च्युत् हो गया। दर्भासन पर पतित वह वीर्य दो भागों में विभक्त हुआ, जिससे एक पुत्र एवं एक पुत्री उत्पन्न हुए, जो कुरुवंशीय महाराज शान्तनु के द्वारा कृपापूर्वक पालित होने के कारण क्रमशः कृप एवं कृपी नाम से प्रख्यात हुए। इनमें से कृप कौरव तथा पाण्डवों के आचार्य हुए एवं कृपी आचार्य द्रोण की पत्नी हुई, जिससे चिरंजीवी अश्वत्थामा का प्रादुर्भाव हुआ (म० आ० १२० १६७.२९); वज्रसूची पृ. १०।

शाण्डिल्य—यह यज्ञ-प्रकिया से सम्बद्ध अग्निकार्य में निष्णात एक श्रेष्ठ आचार्य थे। इन्हें अग्नि का ज्येष्ठ पुत्र एवं कश्यप का ज्येष्ठ भाई कहा गया है। शण्डिल-वंश में उत्पन्न होने के कारण इन्हें शाण्डिल्य कहा जाता है। वात्स्य नामक आचार्य इनके गुरु कहे गये हैं (बृ० उ० ६. ५.४.)।

शतपथ-ब्राह्मण, में जहाँ अग्नि से सम्बद्ध संस्कार–अग्निचयन-विधि, अग्निवेदिका-निर्माण आदि विषय वर्णित हैं; वहाँ यह प्रमुख आचार्य के रूप में सम्मानित हैं। उक्त प्रक्रियाओं के संदर्भ में इनके मत का अनेक स्थलों पर पुनः पुनः निर्देश मिलता है (श. ब्रा. ५. २. १५; ४. १. ११; ६. ३. ५; ९. ४. ४; १०. १. ४)।

बृहदारण्यकोपनिषद् में इनके उपदेष्टा आचार्यों का उल्लेख मिलता है, जिनमें प्रमुख हैं—कैशोर्य काप्य, बैष्ठपुरेय, कौशिक, गौतम आदि (बृ० उ० २. ५. १०; २. ५. २०; २. ५. २२; २. ५. २६; २. ६. १; २; ४. ५. २६; ४. ६. १)। वहीं इनकी शिष्य-परम्परा में उल्लिखित आचार्य हैं—कौण्डिन्य, अग्निवेश्य, वात्स्य, वामकक्षायण, भारद्वाज आदि (बृ० उ० २. ६. १; ६. ५. ४ तथा श० ब्रा० १४. ७. ३. २६)।

'शाण्डिल्य' व्यक्ति मात्र का वाचक न होकर, यह (शाण्डिल्य) पैतृक नामधारी आचार्यों के लिए भी प्रयुक्त होता है !

शाण्डिल्य एक तत्त्वज्ञानी थे, जिनका उल्लेख छा० उ० ३. १५. में मिलता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र-भाष्य में भी शाण्डिल्य के तत्त्वज्ञान का

निर्देश है। इनके मतानुसार समग्र सृष्टि ब्रह्मा (तज्जलान्) से प्रारम्भ होती, जीवित रहती एवं अन्त में उसी में लीन हो जाती है। यह जीवन का अन्तिम लक्ष्य, मृत्यु के पश्चात्, आत्मा में विलीन होना मानते है।

शाण्डिल्य ने अनेक ग्रन्थों की रचना की है। इनके नाम से उल्लिखित प्रमुख रचनाएँ हैं--शाण्डिल्य-स्मृति; शाण्डिल्य धर्म-शास्त्र; शाण्डिल्य-दीपिका आदि; (वज्रसूची, पृ० १०)।

शाङ्र्गी (शार्ङ्गिका)--यह खाण्डव-वन निवासिनी एक शार्ङ्ग पक्षी थी, जिसका नाम जरितृ था। कहीं-कहीं इसे जरितारि के नाम से भी अभिहित किया गया है।

जब महान् धर्मज्ञ एवं तपस्वी मन्दपाल को, सन्तानोत्पत्ति के अभाव में स्वर्ग-प्राप्ति न हो सकी, उन्होंने इसी शाङ्र्गी के गर्भ से, स्वतः एक शाङ्र्ग का रूप धारण कर, चार ब्रह्म-ज्ञानी पुत्रों को उत्पन्न किये (म० आ० २२०)। उनके नाम थे--जरितारि, सारिसृक, द्रोण एवं स्तम्बमित्र (म० आ० २२४. ६)। इनमें से प्रथम पुत्र के नाम के विषय में मतभेद है। महाभारत के अनुसार ज्येष्ठ पुत्र का नाम जरितारि ही है, किन्तु अनुक्रमणी तथा वृहद्देवता में उसे 'जरितृ' ही कहा गया है, जो वस्तुतः माता का नाम है और उनमें माता के नाम का निर्देश नहीं है; (वज्रसूची, पृ० १०)।

शुक-वैयासिक--यह एक प्रसिद्ध ऋषि थे, जो महर्षि व्यास-पाराशर्य एवं अप्सरा घृताची (अरणी) के पुत्र कहे गये हैं, (म० आ० ५९. ४४)। महाभारत में ही अन्यत्र यह व्यास-वीर्य द्वारा अरणी-काष्ठ से उत्पन्न माने गये हैं (म० शां० ३११. ९. १०)।

अपने ज्ञान एव नैष्ठिक ब्रह्मचर्य के कारण यह प्रातः वन्दनीय विभूति के रूप में समादृत हैं। पुराणों में इनकी प्रसिद्धि 'महातप', 'महायोगी', 'योगशास्त्र-प्रणेता' आदि अनेक रूपों में दृष्टिगत होती है।

ऐसी ख्याति है कि इनके उपनयन के समय स्वतः इन्द्र ने उपस्थित होकर इन्हें कमण्डलु तथा काषायवस्त्र दिये थे। बृहस्पति इनके लौकिक गुरु थे, जिनसे इन्होंने वेदादि का ज्ञान तथा मोक्ष-तत्त्व का उपदेश प्राप्त किया

था। इसके अतिरिक्त उपनिषद्, इतिहास, राजनीति, महाभारतादि का ज्ञान इन्होंने अपने पिता व्यास से प्राप्त किया था।

शुक अत्यन्त विरक्त स्वभाव के व्यक्तित्व थे और प्रारम्भ से ही जीवन की प्रायः समस्त भोग की वस्तुओं से विमुख थे। जब ब्रह्मज्ञान के निमित्त यह महाराजा जनक के पास गये, उन्होंने प्रथमतः इन्हें स्त्री-जाल में फँसाने का प्रभूत प्रयत्न किया, किन्तु वह विफल रहे। इस परीक्षण के पश्चात् जनक ने इनका समुचित सम्मान किया। उन्होंने शुक से ज्ञान-विज्ञान विषयक अनेक प्रश्न किये (म० शां० ३१३. ३–२१)। तदनन्तर यह पुनः व्यास के पास वापस आगये (म० शां० ३१४. २९)।

इन्होंने भागवत महापुराण का ज्ञान अपने पिता से प्राप्त किया, जो इनके जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। यद्यपि भागवत ज्ञान के पूर्व भी शुक परम ज्ञानी थे, तो भी पिता द्वारा उपदिष्ट भागवत का श्रवण इन्होंने अत्यन्त भक्ति-भावना से पूर्ण होकर किया। उसके पश्चात् इन्होंने राजा परिक्षित को भागवत सुनाया। भागवत की कथा कहते समय यह अत्यन्त तेजस्वी एवं आजानवाहु प्रतीत होते थे (भा० १. ७. ८; १. १९. २६–२८)।

महाभारत में शुक एवं व्यास में प्रश्नोत्तर रूप में हुए संवाद के विषय–योग से परमपद की प्राप्ति, ज्ञान एवं कर्म में भेद, ब्रह्मवेत्ता के लक्षण एवं ब्रह्म-प्राप्ति के उपाय, ज्ञानोपदेश में ज्ञान का निर्णय, प्रकृति-पुरुष विवेक तथा बुद्धि एवं मन के गुणों का विवेचन आदि प्रमुख हैं (म० शां० २२४-२४७)। यह संवाद-वृत्तान्त महाभारतमें 'शुकानुप्रश्न' नामक आख्यान के रूप में अत्यन्त प्रसिद्ध है (भा० १. १९. २६)।

शुक के सदा नग्न रहने का वृतान्त उपलब्ध होता है। अतीव विरक्त शुक स्त्री-पुरुष-भेद से परे थे। यही कारण है कि नग्नावस्था में भी उन्हें देख कर लोक लज्जित नहीं होता था, जब कि इनके पिता व्यास को उस अवस्था में देख कर उन्हें लज्जा की अनुभूति होती थी (भा० १. ४. ४; म० शां० ३२०. २८-३०)।

सत्पुरुषों को प्राप्त होने वाले 'योग-गति' नामक अपूर्व शब्द-काव्य के रूप में एक विख्यात वृत्तान्त महाभारत में उपलब्ध है, जिसमें शुक के महा-निर्वाण का उल्लेख मिलताहै। कैलास पर्वत पर, अपने पिता के अभिवादन के उपरान्त, यह ध्यानस्थ हुए और लोगों के देखते हुए ही वायु-रूप बन कर आकाश-मार्ग से आदित्य-लोक में प्रविष्ट हो गये (म० शां० ३१६-३२०)। यह वृत्तान्त वस्तुतः शुक की अलौकिक शक्ति का द्योतक है; (वज्रसूची पृ० ६)।

शुकी—यह कश्यप एवं ताम्रा (प्राचेतस दक्ष प्रजापति एवं असिक्नि पांचजनी की कन्या) की पुत्री थी। गरुत्मद् (गरुड) के साथ इसका विवाह हुआ। समस्त शुक (तोता) जाति इसकी संतान मानी जाती है। इसके पुत्रों में से उल्लेखनीय हैं—सुख, सुनेत्र, सुरस, सुरूप, बल, विशिख आदि (ब्रह्माण्ड. ३.७. ४५०); वज्रसूची, पृ० ६।

शुनक—महाभारत के अनुसार यह महाराज रुरु तथा प्रमद्वरा (विश्वावसु द्वारा मेनका में उत्पन्न कन्या) से उत्पन्न हुए थे (म० आ० ८)। किन्तु भागवत इन्हें ऋतुराज के पुत्र तथा विष्णु एवं वायु-पुराण सुनयराज के पुत्र के रूप में स्वीकार करते हैं (भा. ९.१३.२६)।

अपनी उग्र तपस्या एवं ज्ञान के प्रभाव से यह एक महान् ऋषि के रूप में तथा इनके वंशज क्षत्रिय-ब्राह्मण के रूप में प्रसिद्ध हुए। प्रख्यात् 'शौनक' ऋषि इन्हीं के पुत्र थे (म० अनु० ३०.६५)।

शुनक स्वतः युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ में ऋषि के रूप में उपस्थित थे (म० स० ४.१५); वज्रसूची, पृ० १६।

शौनक—यह एक महान आचार्य थे, जो शुनक के पुत्र थे। कात्यायन-सर्वानुक्रमाणी के षड्गुरु-शिष्य द्वारा लिखित भाष्य में इनका जीवन-वृत्त विशद रूप से वर्णित है। इनकी वंश-परम्परा वायु-पुराण के अनुसार इस प्रकार दी गई है—धर्मवृद्ध-सुनहोत्र-गृत्समद्-शुनक-शौनक (वायु० ९२.२६)। किन्तु वहीं अन्यत्र यह वंश-परम्परा इस प्रकार है—रुरु (प्रमद्वरा)-शुनक-शौनक-उग्रश्रवस् (वायु० ९२.२६)। इसके अतिरिक्त ऋष्यानुक्रमणी में यह शुनहोत्र ऋषि के पुत्र माने गये हैं और शुनक के द्वारा पुत्र रूप में माने-जाने के कारण इन्हें 'शौनक', यह पैतृक-नाम प्राप्त हुआ। प्रथमतः यह अंगिरसगोत्रीय थे और बाद में भृगु-गोत्रीय बने।

भागवत एवं विष्णु-पुराण के अनुसार यह चातुर्वर्ण्य-प्रवर्तक माने गये हैं (भा.१. ४. १; ९. १७३; विष्णु० ४.८.१)। वायु-पुराण में भी इनसे ही चातुर्वर्ण्य–उत्पत्ति का उल्लेख मिलता है (वायु० ९२.३–४) । इसी का समर्थन ब्रह्म-पुराण तथा हरिवंश द्वारा भी किया गया है (ब्रह्म० ११.३४; ह० वं० १. २९. ६–७) ।

शौनक एक उच्च कोटि के विद्वान् थे । इनकी विविध रचनाओं द्वारा संस्कृत वाङ्मय की श्री-वृद्धि हुई है । ऋग्वेदानुक्रमणी इनकी एक महनीय रचना है, जो कात्यायन की सर्वानुक्रमणी से भी प्राचीन एवं महत्वपूर्ण है । ऋक्-प्राति शाख्य वैदिक व्याकरण सम्बन्धी एक उत्कृष्ट कृति है । इनके अतिरिक्त ऋग्वेद-छन्दानुक्रमणी, बृहद्देवता, शौनक-स्मृति, शौनकी-यशिक्षा, शौनक गृह्य-सूत्र आदि अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थ शौनक की विद्वता के द्योतक हैं ।

इनके द्वारा अनेक यज्ञों (द्वादशवर्षीय-सत्र, सहस्त्र वर्षीय-सत्र आदि) के आयोजन नैमिषारण्य में किये गये, जिससे इनके यज्ञवित् होने का संकेत मिलता है (अग्नि० 1.2; मत्स्य० 1.4; ब्रह्म० १.११; भा० १.१.४; म० आ० १.१.१.) ।

इस प्रकार आचार्य शौनक वैदिक वाङ्मय के एक लब्धप्रतिष्ठ विद्वान्, महान् ऋषि, सूक्त-कार तथा शाखा-प्रवर्तक के व्यक्तित्व से विभूषित थे । आश्वलायन सदृश विख्यात विद्वान इनके शिष्य तथा कात्यायन, पतञ्जलि, व्यास सदृश आचार्य इनकी ही परम्परा मे प्रादुर्भूत हुए; (वज्रसूची पृ. 16) ।

सत्यवती –यह उपरिचर (अंतरिक्षग) वसुराज की पुत्री थी । इनकी माता अद्रिका (कश्यप एवं मुनि की कन्या) एक अप्सरा थी, जो ब्रह्मा के शाप के कारण एक मत्स्यी का रूप प्राप्त की थी । यह मछुओं द्वारा पकड़ ली गई । इसके पेट को चीरने के बाद मत्स्य नामक एक पुरुष तथा यह (सत्यवती) प्रादुर्भूत हुए । इसके शरीर से मत्स्य-गन्ध, आने के कारण, यह मत्स्य-गन्धा के नाम से प्रख्यात हुई । इसके अन्य नामान्तर गन्धवती, योजन-गन्धा, गन्ध काली, एवं काली थे । क्षत्रिय-वंश में उत्पन्न वसुराज की पुत्री होने के कारण यह क्षत्रिय कन्या थी (स्कन्द. ५.३.९७)

बड़ी होने पर मत्स्यगंधा पिता के साथ यमुना नदी में नौका चलाती थी। किसी समय इस पर पराशर ऋषि की दृष्टि पड़ी और उन्होंने इसके साथ समागम की इच्छा व्यक्त की। फलतः कौमारावस्था में ही सत्यवती से व्यास का जन्म हुआ, जो बाद में महान् विद्वान् व्यास-पाराशर्य के नाम से प्रसिद्ध हुए (म० आ० ५.७. ५०–५६; ८४–८५)।

सत्यवती का विवाह महाराज शान्तनु के साथ हुआ, जिनसे उसे चित्रांगद् तथा विचित्रवीर्य नामक दो पुत्र प्राप्त हुए। दोनों निःसंतान अवस्था में ही परलोक सिधार गये। तदनन्तर कुरुवंश निर्वंश न हो जाय, इसलिये सत्यवती ने स्नुषा अम्बिका तथा अम्बालिका को व्यास से पुत्रोत्पत्ति का आदेश दिया। परिणाम स्वरूप व्यास द्वारा अम्बिका से धृतराष्ट्र तथा अम्बालिका से पाण्डु का जन्म हुआ। (म० आ० १.९५; ५७.९५; ९०.९०)। इसी समय व्यास द्वारा ही अम्बिका की दासी से विदुर उत्पन्न हुए (भा. ९.२२; ब्रह्म. १५४), जो महान नीतिवेत्ता, सत्यनिष्ठ एवं धर्मपरायण थे और यही कौरवों के प्रधान अमात्य भी थे; (वज्रसूची, पृ० १०)।

सत्यकाम जाबाल—यह जबाला नामक दासी के पुत्र थे। इनकी माता ने कभी भी इनसे उस व्यक्ति का नाम नहीं बतलाया, जिसके द्वारा यह उत्पन्न हुए थे। अतएव इन्हें अपने पिता का नाम सदा अज्ञात ही रहा।

कुछ बड़े होने पर, जब यह गौतम हरिद्रुमत नामक आचार्य के समीप शिक्षा-प्राप्त करने के उद्देश्य से पहुँचे, आचार्य ने शिक्षा-प्रारम्भ करने के पूर्व सत्यकाम से इनके गोत्र आदि विषयक प्रश्न किये। इन्होने उत्तर दिये-'मेरा जन्म ऐसे पिता से हुआ है, जिसका नाम मुझे ज्ञात नहीं है। मुझे केवल अपनी माता 'जबाला' का नाम ज्ञात है।' इस स्पष्ट उत्तर से ऋषि अत्यन्त प्रसन्न हुए तथा उन्होंने इनका सत्यकाम जाबाल नामकरण कर, उपनयनादि संस्कार से संस्कृत किया एवं ब्रह्मचर्य व्रत की शिक्षा दी। गुरु हरिद्रुमत के आश्रम में रह कर सत्यकाम ने अनेक वर्षों तक विविध विद्याओं का अध्ययन किया।

छान्दोग्योपनिषद् में, जहाँ सत्यकाम जाबाल का वृत्तान्त वर्णित है, वहाँ एक अन्य रूपकात्मक उल्लेख भी मिलता है। यह गुरु की चार सौ गौवें

जंगल में लेकर गये और जबतक वे गौवें एक सहस्र न हुईं, तब तक अरण्य में ही निवास किये (छा० उ० ४.४.३)।

सत्यकाम जाबाल परम ज्ञानी हुए। उन्हें ब्रह्म-ज्ञान के चतुर्थ अंश की शिक्षा वासुदेव के अंश से प्रादुर्भूत एक वृषभ से मिली तथा अन्य चतुर्थ अंश ब्रह्म-ज्ञान का उपदेश इन्हें गौतम-आश्रम में स्थित अग्निदेव ने दिया। ब्रह्म-ज्ञान के अवशिष्ट अंश की शिक्षा हंस-रूप धारी आदित्य तथा मद्गु नामक जलचर का रूप-धारण करने वाले प्राण ने दी। तदनन्तर सम्पूर्ण ब्रह्मज्ञान युक्त सत्यकाम से आचार्य ऋषि ने कहा कि 'इस संसार में जो भी ज्ञान सम्भाव्य था, सम्पूर्ण में तुम पारंगत हो चुके' (छा. उ. ४.४.६)।

सत्यकाम जाबाल प्रकृष्ट प्रतिभा सम्पन्न एक तत्त्वज्ञ थे। छान्दोग्योपनिषद् के इनके एवं 'उपकोसल' नामक इनके शिष्य के मध्य हुए, तत्त्वज्ञान सम्बन्धी वार्तालाप से इनके तत्त्वज्ञान विषयक दृष्टिकोण पर पूर्ण प्रकाश पड़ता है।

इनके मतानुसार आत्म-ज्ञान की प्राप्ति विना सद्गुरु के सम्भाव्य नहीं है। यद्यपि नैतिक सद्गुण परमार्थ-साधन के लिये परमावश्यक हैं, तो भी उनसे परमार्थ-ज्ञान की तैयारी मात्र ही सम्भव है, किन्तु परमार्थ-ज्ञान का उपदेश तो केवल सद्गुरु ही दे सकता है (छा. उ. ४.१.६)।

कतिपय आचार्यों का ऐसा अभिमत हैं कि परमतत्त्व का साक्षात्कार इन्द्रियों से नहीं, प्रत्युत् मन से ही सम्भाव्य है। इस विचार-धारा के समर्थक आचार्यों में सत्यकाम जाबाल अग्रगणी माने जाते हैं। इनके अनुसार मन ही परब्रह्म-स्वरूप है। इनकी इस मान्यता का विकास याज्ञवल्क्य वाजसनेय द्वारा हुआ। इन्होंने 'विश्व के अन्तिम तत्त्व का साक्षात्कार आत्मा द्वारा ही सम्भव है, यह मत प्रतिष्ठापित किया (बृ. उ. अ० २.३.४)।

तत्त्वज्ञानी सत्यकाम जाबाल की मान्यता का निष्कर्ष यह है कि तत्त्व-ज्ञान की आप्ति के लिये मानवी देहात्मा ही श्रेष्ठ है। उसकी तुलना में आधिभौतिक सृष्टि कनिष्ठ है। तत्त्वान्वेषी ज्ञानियों का ध्यान बाह्य-सृष्टि की अपेक्षा मानवीय-देहात्मा पर अधिक केन्द्रित होना चाहिए।

शतपथ-ब्राह्मण, बृहदारण्यकोपनिषद् आदि ग्रन्थों में इनके मत अनेक स्थलों पर उद्धृत हुए हैं, श.ब्रा. १३.५.१.३; बृ.उ. ६.३.१२; (व.सू. पृ. २५)।

सप्त व्याध-कथा—कुरुक्षेत्र में एक ब्राह्मण रहते थे। उनका नाम कौशिक था। उनके सात पुत्र थे, जिनके नाम इस प्रकार हैं—पितृवर्तिन्, स्वसृप, क्रोधन, हिंस्र, पिशुन, कवि एवं वाग्दुष्ट।

गर्ग ऋषि इन सातों भाइयों के गुरु थे। एक दिन ये सभी लोग गुरु की कपिला नामक गाय को बछड़े सहित अरण्य में ले गये। सभी ने यह निश्चय किया कि कपिला का बध कर उससे क्षुधा की शान्ति की जाय। उनमें से कवि तथा स्वसृप दो भाइयों ने इसका विरोध किया, किन्तु पितृवर्तिन् श्राद्ध-कर्म में निपुण था और उसने कहा यदि गो-बध करना है, तो उसे पितृ-श्राद्ध-हेतु किया जाय, जिससे गाय को सद्गति प्राप्त हो और हम लोग गो-बध के पाप के भागी भी न बने। यह बात सभी ने स्वीकार की। उनमें से दो भाई देव-स्थान पर, तीन भाई पितृ-स्थान पर तथा एक भाई अतिथि-स्थान पर बैठे। पितृवर्तिन् ने स्वयं यजमान बन कर गाय का प्रोक्षण किया। इस प्रकार गो-बध कर सभी ने क्षुधा-तृप्ति की। संध्या समय बछड़े को गुरु को सौंपतेहुए उन्होंने कहा—गाय व्याघ्र द्वारा भक्षित कर ली गयी। गुरु से असत्य भाषण करने तथा क्रूर कर्म के परिणाम स्वरूप सातो भाई मृत्यु के पश्चात् व्याध कुल में उत्पन्न हुए, जिनके नाम थे—निर्वैर, निर्वृति, शान्त, निर्मन्यु, कृति, वैधस तथा मातृवर्तिन्। तदनन्तर ये सातो भाई क्रमशः मृग-योनि, चक्रवाक पक्षि-योनि तथा हंस पक्षि-योनि में उत्पन्न हुए, जहाँ क्रमशः इनके नाम थे—उन्मुख, नित्यवित्रस्त, स्तब्धविकर्ण, विलोचन, पंडित, घस्मर तथा नादिन्; निस्पृह, निर्मम, क्षांत, निर्द्वन्द्व, निष्परिग्रह, निर्वृत्ति तथा निभृत; सुमना, शुचिवाच, शुद्ध, पञ्चम, छिद्र-प्रदर्शन, सुनेत्र तथा स्वतन्त्र। इनके अन्यत्र नाम इस प्रकार हैं—पद्म-गर्भ, अरविंदाक्ष, क्षीरगर्भ, सुलोचना, उरुबिन्दु, सुबिन्दु, तथा हेम-गर्भ। पित्रार्चन करने के कारण अग्रिम सभी जन्मों में इन्हें पूर्व ब्राह्मण-जन्मों का ज्ञान् रहा। ये सभी जन्मो में उग्रतम तपस्या करते रहे, जिसके फल-स्वरूप इन्हें उत्तरोत्तर उच्चयोनि की प्राप्ति होती रही और अन्त में इन्हे मोक्ष प्राप्त हुआ (ह० वं० १.२१.३१; पद्म० सृ० १०; मत्स्य. २०. १८)।

इन सात भाइयों की कथा मार्कण्डेय ऋषि ने भीष्माचार्य को सुनायी थी। श्राद्ध-कर्म के अवसर पर उक्त कथा के सन्दर्भ में उल्लिखित श्लोकों (सप्तव्याधा दशार्णेषु···वज्रसूची श्लोक ३, ४,) का पाठ किया जाता है, (ह० वं० १.२१.२४; मत्स्य. २०-२१; पद्म० सृ० १०); वज्रसूची, पृ.५.

हव्यवाहन—दक्ष सावर्णि मन्वन्तर के सप्तर्षियों (ज्योतिष्मत्, द्युतिमत्, मेधातिथि, वसु, सत्य, सबल,) में से हव्यवाहन एक थे।

परिशिष्ट—तृतीय

वज्रसूची की कतिपय विसंगतियाँ

१. अगस्त्य मुनि का प्रादुर्भाव अगस्ती पुष्प से हुआ, वज्रसूची (पृ. ७) का यह उल्लेख अन्यत्र कहीं नहीं मिलता है। वस्तुतः वह कुम्भ से प्रादुर्भूत हुए।

२. देवर्षि 'अचल' (पृ. ७) हस्तिनी से उत्पन्न बतलाये गये हैं, जब कि वह प्रह्लाद-शिष्य नग्नजित् के अंश से प्रादुर्भूत गाधार-राज 'सुबल' के एकादश पुत्रों मे से एक थे।

३. रेणुका, इक्ष्वाकुवंशीय राजा 'रेणु' की कन्या एवं महर्षि यमदग्नि की पत्नी थीं। वज्रसूची (पृ. ८) के उल्लेखानुसार उन्होंने राम को जन्म दिया, जब कि तथ्य यह है कि रेणुका ने परशुराम को उत्पन्न किया था।

४. प्रख्यात राजर्षि विश्वामित्र, वज्रसूची (पृ. ८) में, चण्डाल-स्त्री के गर्भ से उत्पन्न बतलाये गये हैं, जब कि ऐसा उल्लेख अन्यत्र नहीं मिलता है। वस्तुतः प्राचीन सभी स्रोतों मे उन्हें क्षत्रिय बतलाया गया है और तपोबल द्वारा उन्होंने ब्राह्मणत्व प्राप्त किया।

५. महर्षि नारद को वज्रसूची (पृ. २४) में एक भृत्या के गर्भ से उत्पन्न बतलाया गया है, जब कि वह ब्रह्मा के मानस-पुत्र एवं विष्णु के तृतीय अवतार के रूप में प्रख्यात् हैं।

परिशिष्ट–चतुर्थ

पाठ सम्बन्धी वक्तव्य

वज्रसूची (पृ. १३) में नग्न–नग्ग (=क्षपणक) पाठ मिलता है, जो कालकाचार्य द्वारा प्रवर्तित आजीवक-सम्प्रदाय का सूचक है। किन्तु अन्य पाठ 'लग्न' भी दृष्टिगत होता है, जो ज्योतिष्-शास्त्र का निर्देशक है।

वज्रसूची (पृ. २५) के श्लोक संख्या २८ के द्वितीय चरण के पाठ के विषय में हस्तलेखों में विवाद विद्यमान है जिसका निराकरण कठिन है। इस पर यहाँ कुछ विचार करना प्रासङ्गिक प्रतीत होता है।

इस विवाद का कारण यह है कि उक्त श्लोक के 'जितेन्द्रिय' पद के पूर्व प्रायः हस्तलेखों में रिक्त-स्थान छोड़ दिया गया है। दो हस्तलेखों (आड्यार लायब्रेरी, मद्रास तथा भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीचूट, पूना) में 'पञ्चगोनिर' पाठ मिलता है तथा अन्य हस्तलेख (इण्डिया आफिस, लन्दन) में 'पञ्चगेनि-जितेन्द्रियः' पाठः उपलब्ध होता है।

मोनियर विलियम्स् ने संस्कृत-आंग्ल शब्द-कोश में 'पञ्चगोनि' शब्द दिया है और उसके संदर्भ के लिये वज्रसूची का निर्देश किया है। 'पञ्चगोनि' शब्द का तात्पर्य—'पञ्च भार वहन करने वाले व्यक्ति' से लिया है, किन्तु यदि यह अर्थ स्वीकार किया जायेगा, तो प्रकृत प्रसङ्ग में उसकी संगति नहीं बैठ पायेगी।

वेबर सदृश कतिपय अन्य विद्वानों के अनुसार 'पञ्चाग्निर निरजितेन्द्रियः' पाठ मिलता है। इस पाठ का, यद्यपि उपर्युक्त हस्तलेखों के पाठ से वर्ण-साम्य तो है, किन्तु 'जितेन्द्रिय' का व्युत्पत्तिलभ्य भाव इससे नहीं आ पाता है, जैसा कि उक्त श्लोक के तृतीय एवं चतुर्थ चरण के 'तपसा तापसो' तथा 'ब्रह्मचर्येण ब्राह्मणः' से आता है।

कुछ अन्य पाठ, यथा—'पञ्चाभिज्ञो जितेन्द्रियः' अथवा 'पञ्चयोनौ जितेन्द्रियः', भी कहीं-कहीं निर्दिष्ट हैं, किन्तु ये पाठ उक्त हस्तलेखों के पाठ से वर्ण-साम्य रखते हुए भी व्युत्पत्ति-सम्बद्ध भाव देने में समर्थ नहीं हैं।

प्रकृत श्लोक के तृतीय एवं चतुर्थ चरण के साथ संगति बैठाने हेतु उचित होगा--'यतात्मा यतिर्भवति जितात्मा च जितेन्द्रियः' यह पाठ रखा जाय, जिसे वज्रसूची के इस संस्करण में व्यवहृत किया गया है और जिसे एस० मुखोपाध्याय सदृश समीक्षकों का समर्थन भी प्राप्त है। अधिक सम्भव है कि लेखक द्वारा 'जितात्मा' पद से प्रभावित होने के कारण प्रथमतः उसकी प्रतिलिपि कर ली गयी, किन्तु कालान्तर में अन्य लेखकों द्वारा पुनरावृत्ति समझ कर उसका (जितात्मा पद का) परित्याग कर दिया गया। अब प्रश्न यह उठता है कि 'पञ्चगोनि' शब्द पर विचार कैसे किया जाय? ऐसा विदित होता है कि 'पञ्चमुनिः' यह समस्त पद किनारे पर उक्त श्लोक (संख्या २८) के ठीक ऊपर विद्यमान था, (इस संदर्भ में आड्यार लायब्रेरी, मद्रास एवं भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीचूट, पूना की पाण्डु-लिपियों, साथ ही शान्तिनिकेतन-संस्करण तथा प्रकृत संस्करण के भी उक्त श्लोक के पूर्व के पञ्चश्लोक द्रष्टव्य हैं, जहाँ पञ्चमुनियों की उत्पत्ति का वृत्तान्त वर्णित है), वह इस श्लोक के साथ सन्निविष्ट कर दिया गया और बाद में वही भ्रान्तिवशात् 'पञ्चगोनिः, अथवा 'पञ्चगेनिः' के रूप में स्वीकार कर लिया गया।

श्लोकानुक्रमणी

श्लोक	श्लोक सं०	पृ० सं०
अधीत्य चतुरो वेदान्साङ्गोपाङ्गेन तत्त्वतः ।,	५	७
अरणी गर्भसम्भूतः कठो नाम महामुनिः ।,	२२	२३
अहिंसा निर्ममत्वं चामतकृत्यस्य वर्जनम् ।,	४७	४०
अस्माभिरुक्तं यदिदंद्विजानां मोहं निहन्तुं हतबुद्धिकानाम् ।,	५३	४२
आकाशगामिनो विप्राःपतन्ति मांसभक्षणात् ।,	१२	११
उर्वशीगर्भ सम्भूतो वसिष्ठोऽपि महामुनिः ।,	२४	२३
एकरात्रोषितस्यापि या गतिर्ब्रह्मचारिणः ।,	५०	४२
एकवर्णमिदं पूर्वं विश्वमासीद्युधिष्ठिर ।,	४१	३८
कपिलः कपिलाजातः शरगुल्माच्च गौतमः ।,	८	८
के च ते ब्राह्मणाः प्रोक्ताः किं वा ब्राह्मणलक्षणम् ।,	३३	३५
कैवर्ती गर्भसम्भूतो व्यासो नाम महामुनिः ।,	२३	२३
खरोद्वादशजन्मानि षष्ठिजन्मानि शूकरः ।,	६	७
गायत्रीमात्र सारोऽपि वरं विप्रः सुयन्त्रितः ।,	४६	४२
चण्डाली गर्भसम्भूतो विश्वामित्रो (?) महामुनिः ।,	२६	२४
जगद्गुरुं मञ्जुघोषं नत्वा वाक्कायचेतसा ।,	१	३
जितात्मा यतिर्भवति विजितात्मा जितेन्द्रियः ।,	२८	२५
जिवितं यस्य धर्मार्थे परार्थे यस्य जीवितम् ।,	४५	४०
ताण्डूलीगर्भसम्भूतो नारदो हि महामुनिः ।,	२७	२४
तेऽपि जाताः कुरुक्षेत्रे ब्राह्मणा वेदपारगाः ।,	४	५
त्यक्ता क्रूर स्वभावं तु निर्ममो निष्परिग्रहः ।,	३६	३५
देवमानुषनारीणां तिर्यग्योनिगतेष्वपि ।,	१७	१९

देव मानुष……………गतेष्वपि ।,	३७	३५
न कुलेन न जात्या वा क्रियाभिर्ब्राह्मणो भवेत् ।,	४०	३७
न च ते ब्राह्मणीपुत्रास्ते च लोकस्य ब्राह्मणाः ।,	२९	२६
न जातिर्दृश्यते तावद् गुणाः कल्याणकारकाः ।,	१८	१९
निर्ममो निरहङ्कारो निःसङ्गो निष्परिग्रहः ।,	१४	१७
पञ्चलक्षणसम्पन्न ईदृशो यो भवेद् द्विजः ।,	३९	३७
पञ्चेन्द्रियार्णवं घोरं यदि शूद्रोऽपि तीर्णवान् ।,	४४	४०
परित्यज्य गृहावासं ये स्थिता मोक्षकाङ्क्षिणः ।,	४६	४०
पाण्डोस्तु विश्रुतः पुत्रः स वै नाम्ना युधिष्ठिरः ।,	३२	३५
पारगं सर्ववेदानां सर्वतीर्थाभिसेचनम् ।,	५१	४२
ब्राह्मणत्वं न शास्त्रेण न संस्कारैर्नजातिभिः ।,	१३	१४
मुखतो ब्राह्मणो जातो बाहुभ्यां क्षत्रियस्तथा ।,	३१	२७
यतात्मा यतिर्भवति जितात्मा च जितेन्द्रियः ।,	२८	२५
यदा न कुरुते पापं सर्व भूतेषु दारुणम् ।,	५२	४२
यदा सर्वं परद्रव्यं पथि वा यदि वा गृहे ।,	३५	३५
रेणुकाऽजनयद्रामऋष्यश्रृङ्ग मुनिमृगी ।,	९	८
विश्वामित्रं च चण्डाली (?) वशिष्ठं चैव उर्वशी ।,	१०	८
वृषलीफेनपीतस्य निःश्वासोपहतस्य च ।,	१९	२२
वेदाः प्रमाणं स्मृतयः प्रमाणं धर्मार्थयुक्तं वचनं प्रमाणम् ।,	२	३
शीलं प्रधानं न कुलं प्रधानं कुलेन किं शीलविवर्जितेन ।,	३०	२६
शूद्रीपरिवृतो विप्रः शूद्री च गृहमेधिनी ।,	२१	२२
शूद्रीहस्तेन यो भुंक्ते मासमेकं निरन्तम् ।,	२०	२२
शूद्रोऽपि शीलसम्पन्नो गुणवान् ब्राह्मणो भवेत्	४३	३८
सत्यं नास्ति तपो नास्ति नास्ति चेन्द्रियनिग्रहः ।,	१६	१९
सत्यं ब्रह्म तपो ब्रह्म ब्रह्म चेन्द्रियनिग्रहः ।,	१५	१९
सत्यं शौचं दया शौचं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।,	३८	३६
सद्यः पतति मांसेन लाक्षया लवणेन च ।,	११	११
सप्त व्याधा दशार्णेषु मृगाः कालिञ्जरे गिरौ ।,	३	५
सर्वे वै योनिजा मर्त्याः सर्वे मूत्रपुरीषिणः ।,	४२	३८

हरिणीगर्भसम्भूत ऋष्यशृङ्गो महामुनिः ।,	२५	२४
हस्तिन्यामचलो जात उलूक्यां केशपिङ्गलः ।,	७	७
क्षमा दया दमो दानं सत्यं शौचं स्मृतिर्घृणा ।,	४८	४१
क्षान्त्यादिभिर्गुणैर्युक्तस्त्यक्तदण्डोनिरामिषः ।,	३४	३५

शब्दानुक्रमणी

[प्रस्तुत शब्दानुक्रमणी के अन्तर्गत मात्र 'वज्रसूची' (मूल ग्रन्थ) में प्रयुक्त प्रमुख शब्दों का विवरण प्रस्तुत है। शब्दों के सामने पृष्ठ-संख्या दी गई है।]

अ	पृष्ठ-संख्या
अकारण	२३, २४, २६.
अगम्य	३२, ३४.
अगस्ति (पुष्प)	७, ८.
अगस्त्य	७, ८.
अचल	७, ८.
अजनयत	८, ९.
अतद्धित	२०, २१.
अत्यन्त (विरुद्ध)	३२, ३४.
अथ	८, ४१.
अथर्ववेद	१४, १६.
अदत्त	३५.
अद्यन्ते	३.
अधीत	१३.
अधीत्य	७.
अध्ययन	७, १२, १३, १५.
अध्यापन	१२, १३, १५.
अधिगच्छति	१६, २२.
अध्येषित	३४.
अनियत	२३, २४, २७, ३२.
अनिश्चित	२२, ३४.
अन्त	३, ११. २०.

अपाकरण १७
अप्रमेय ४०
अब्राह्मणी ८
अभय ४५
अभाव ८, ११, २९
अभिगमन ८
अभिषेचन ४३, ४४
अभिहित २३, ३४
अमतकृत्य ४१
अयन्त्रित ४३
अरणी २३, २४
अर्णव ४०
अविशेष ३१
अशोक ३१, ३३
अश्व १२, ३१, ३३
अश्वघोष ३, ४, ५, ४३, ४४
अश्वपद २९
अस् २८, २९
असक्त ४०
अस्मद् ४३
अस्थि ३१
अहन् ११
अहोरात्र ४०
अहिंसा ४१

आ

आकाशगामिन् ११
आगम्य ३५
आचार ३, ८, १३, १५, २०
आचारवत् १३
आजीवक १३, १५
आदि ३, १२, १३
आद्यन्ते ३
आधिक्य ४१
आरभ्य ८
आवास ४०
आस्तिक्य ४१, ४३
आसीत् ३, ३८

इ

इन्दु १७
इन्द्र ३, २०, २१
इन्द्रिय ३८, ३९
इन्द्रियार्थ ३८
इन्द्रिय-निग्रह १९, ३६, ३७
इच्छामि ३५
इष्ट ३, ८, १२

उ

उक्त ५, ७, १७, १९, २०, ३८
उच्यते १४, २८
उत् ३१
उत्पत्ति ३१, ३९
उत्पन्न २०, २८
उदुम्बर ३२, ३३
उदुम्बर ३२, ३३
उपपद्यते १२
उपलभ्यते २२

उपचार १७, ३१
उपवास १७, ४४
उपहृत २२
उपाङ्ग ७
उपेत्य २६
उमा-महेश्वर २०, २१
उर्वशी ८, ९, २३, २४
उलूकी ७, ८
उवाच ३५
उषित ४३

ऊ

ऊरु २७

ऋ

ऋग्वेद १३, १६
ऋष्यशृङ्ग २४, २७
ऋष्यशृङ्ग (मुनि) ८, ९

ए

एक २२, २८, ३१, ३२, ३८, ३९
एकपितृक २८
एकपुरुष २८
एकवर्ण २८, २९
एक इन्द्रिय ३८
एडक ३१
एतद् १२, २०, ४१, ४३
एवम् ७, ८, २०

ओ

ओम् ३
ओष्ठ २०, २१

क

कठ २३, २४, २७
कठिन २३, २४, २७
कपिल ८
कपिला जात ८
कर्मन् ३, ५, १३, १४, १६, २०
कर्म-क्रिया ३८
कर्म-क्रिया-विशेष ३८
कलश ८
कल्याण १९, ४०, ४१
कल्याणकारक १९, ४०
कस्माद् ३, ७, १२, १३
काङ्क्षिन् ४०
कानिचिद् ३२
कान्ति ४०
काम ४०
काय ३, ४३
कारक १९, ४०, २३, २४
कालिञ्जर (ल) ५, ६
काष्ठ २८
काश्यप २०
कश्चित् २८
कस्मात् ३, ७, १२ १३, २८
कुक्कुर २०
कुञ्जर ३१
कुतः १३, २८, ३२

कुन्द १७
कुरुक्षेत्र ५, ६
कुल १४, २६, २७, २८, ३७
कुशसम्भव ७, ८
कुशिक ८, ६
कुरुते ४३
कुर्यात् ३, २०
कुर्वन्तः १३
कृत्य ४१
केशपिङ्गल ७, ८
कैवर्त ३, ५, २७, २८
कैवर्तिनी ८, ६
कैवर्ती २३, २४
कोकिल ३१, ३२
कौन्तेय ४०, ४१
कौशिक ७, ८
ऋतु ४३
क्रियते २०, ३४
क्रियन्ते २८
क्रिया ३७, ३८
क्रियाविशेष ३४
क्रियाहीन ३८
क्रूर ३५, ३६
क्वचिद् १३
क्षत्र २०, २१
क्षत्रिय १२, १३, १५, १६, २७
क्षत्रिय-पद् २६
क्षत्रिय फल ३२, ३३
क्षमा ४१
क्षान्ति ३५, ४०
क्षीर विक्रयिन् ११

ख

खर ७, ३१, ३२
खलु १२

ग

गीत ४३
गन्ध ३१, ३२
गत १६, २६, ३५
गामिन् ११
गम्य ३५
गर्भ २३–२५
गायत्री ४४, ४५
गिरि ५
गुण १६, ३५, ३८, ४०
गुणवान् ३८
गुरु ३, ५
गुल्म ८
गृह १४, २२, ३५
गृहमेधिनी २२
गृहावास ४०
गो २६, ३१, ३२
गोपद् २६
गोत्र ८
गौतम ८
ग्रह ७
गृह्णाति ३५
गृह्णन्तु ४३
ग्राहिन् ७

घ

घृणा ४१
घोर ४०

च

चक्रवाक ५, ६
चण्डाल १९, ३७
चण्डाल-कुल २७, २८
चण्डाली ८, २४
चतुर् ७, १३, २०, २८
चतुर्थ ३५
चतुर्वेदिन् ४३
चम्पक ३१, ३३
चरति ३५, ४३
चरेत् ४०
चाण्डाल-लक्षण १९
चातुर्वर्ण्य २८, ३८
चूडाकरण २८
चेतस् ३

छ

छाग ३१, ३२

ज

जगद्-गुरु ३, ४
जनयति २८
जनित ८
जन्म ७
जात ५, ७, ८, २३–२५
जाति ८, १४, १९, २३, २४
जाते ७, १२, २२
जितात्मन् २५
जितेन्द्रिय २५, २६
जीव २०
जीवत्त्व ४
जीवमान २२
जीवित ३१, ४०
ज्ञायन्ते २८
ज्ञातुं ३५
ज्ञान १३, १५
ज्ञान-बाहुल्य १३
ज्ञानवत् १३, १५

त

ततः ११, १४
तद् १९, २२, २६
तत्त्व ७
तस्माद् २३, २४
तत्र ३, २२
तत्रस्थ १९
तदा १२, १३
तपस् १९, २३, २४, २५, ३६
तमाल ३१, ३३
ताण्डूली २४, २५
तापस् २५, २६
तावद् ३, ६, ७, ८, १२, १९
तित्तिरि ८
तित्तिरी-सुत ८
तिर्यग्योनि १९, ३५, ३६
तीर्णवान् ४०

तीर्थ ४३, ४४
तुण्ड ३१, ३२
तृतीय ३५, ३६
त्यक्त ३५
त्यक्त-दण्ड ३५
त्यक्त्वा ३५
त्यज्य ४०
त्रि-अहन् ११
त्वग् ३१, ३३

द

दण्डतः ३२
दण्ड-काष्ठ २८
दन्त २०
दन्तौष्ठ २०, २१
दम १७, ४१
दया १६, ३६, ३७, ४१
दर्शन ६, ७, ८
दशारण्य ५
दशार्ण ५, ६
दहन् १२
दातव्य ४०
दान ४०, ४१
दारुण ४३
दासीपुत्र ८
दुःख ३१, ३३
दुष्ट १२, १५
दूषण ३२
दृश्यते १६, ३१, ४०
देव ३, १७, १६, २२, ३४, ४०
देवगण ४१
दोष २०, २१
द्रव्य ३५
द्रोणाचार्य ८
द्वादश-जन्म ७
द्विज ३७, ३८, ३४
द्वितीय ३५
द्वीप ५, ६
द्वेष १७, ४१

ध

धर्म ३, ७, ८, ११, २०, २१, २२, ४३
धर्मार्थ ४०, ४१
धवल १७
धरि २६
ध्वनि ३१, ३२

न

नट १३, १५
नत्वा ३
नमस् ३
नर २६, ३२
नागकेशर ३१, ३३
नाम ३, १३, २३, २४
नामन् ३५
नारद २४, २५
नारी १६, ३५
निःश्वास २२
निःसङ्ग १७

निग्रह १९, ३६, ३७
नित्य ३५
नियत् २७, ३२
नियम १७
निरन्तर २२
निरहङ्कार १७
निरामिस् ३५
निर्मम् १७, ३५
निर्ममत्व ४१
विवृत्ति ४१
निहन्तु ४३
निष्कृति २२
निष्परिग्रह १७, ३५
निष्यन्द १२
नीच २०, २६
नीच-कुल २६, २७

प

पञ्च २५
पञ्चम ३६
पञ्चलक्षण ३७
पञ्चेन्द्रियार्णव ४०, ४१
पणस् ३२, ३३
पण्डित ३५
पतति ११
पतन्ति ११, १२
पतन् ११, १२
पत्र ३१, ३३
पथिन् ३५
पद-विशेष २९
पर-द्रव्य ३५
परार्थ ४०
[परित्यज्य ४०
परिपृच्छति ३५
परिवृत् २२
पलाश ३१, ३३
पशु ३, ६
पाण्डु ३५
[पाद २७
पाप १७, ४३
पारग ५, ४३
पारावत ३१, ३२
पावक १२
पिङ्गल ७
पितृ ८, २२
पितृकत्व २८
पीत २२
पुत्र ८, ११, २६, २८, ३५
पुनर् २७
पुरीषिन् ३८
पुरुष २०, २८
पुष्प ७, ८, ३१, ३३
पूर्वम् ३८
प्रचण्डतर १३
प्रच्छ ३५
प्रतिग्रह ७, १२, १३, १५, १६
प्रतिग्राहिन् ७
प्रतिज्ञा २१
प्रतिष्ठित ३८

प्रत्यवर ३८
प्रथम ३५
प्रदातव्य ४०
प्रधान ३, २६
प्रभृति १३, २७, ३१
प्रमाण ३, ५
प्रमेय ४०
प्रवर्तते १४
प्रव्ज्या २०, २१
प्रसङ्ग १३, २२, २३, २७, ३२
प्रसूत २२, २७
प्रसवविशेष ३१
प्राग् २०
प्राञ्जलि ३५
प्राप्नोति ८
प्रामाण्य ३, ४, ८, १२, १४, २३, २४, २७
प्रारम्भ ८
प्रोक्त ३५

फ

फल १३, १५, ३१, ३२
फलवत् ३२
फेनपीत २२

ब

बकुल ३१, ३३
बन्धु १२
बहु २६, २८
बाहु २७
बाहुल्य १३
बुद्धि ३१, ३३
ब्रह्मन् १२, १९, २०, २६, ४३
ब्रह्मचर्य २५, ३७
ब्रह्मचारिन् ४३
ब्रह्मर्षि २७
ब्रह्मलक्षण ३५, ३६
ब्रह्महा (ब्राह्मणहा) १२
ब्रह्महत्या १२
ब्राह्मण ३, १३, १४, २०, २१, २३, २४, २६–२९. ३१-३३, ३५. ३७–४५
ब्राह्मण-जनित ८
ब्राह्मण-पद २९
ब्राह्मण-पुत्र ८, ११
ब्राह्मण-प्रसङ्ग २२, २३, २७
ब्राह्मण-फल ३२, ३३
ब्राह्मण-लक्षण १९, ३५, ४१
ब्राह्मणवत् २८
ब्राह्मणवर्ण ३
ब्राह्मण-शरीरनिष्यन्दजातं १२
ब्राह्मण-शुश्रूषा २०, २१
ब्राह्मणाभाव ८, ११
ब्राह्मण्य ३२, ३४

ब्राह्मणत्व १४, १६, १७
ब्राह्मणी ८, २६, ३२
ब्रूमः ३
ब्रूयाम् ३७

भ

भक्षण ११, १२
भग ३१
भगिनी-प्रसङ्ग ३२
भट १३, १५
भण्ड १३
भय ३१, ३३
भवत् १३, २०, ३२, ३५, ३८
भवदीय २१, २७
भवति ३, ४, १४, २० २३, २५, २७, ३१, ३२
भवन्ति ३
भवेत् ३, ८, १३, १४, २२, ३७
भारत ४, ५, ६
भारत-प्रामाण्य ४, ६
भाव १२, ३५
भुक्तम् २२
भूत १९, ३५, ३६
भूतानि ३५
भाव्यते ३२
भूयस् ३८
भेद २८, ३५

म

मघवन् २०, २१
मञ्जुघोष ३, ४, ५
मञ्जुनाथ ३, ४, ५
मञ्जुश्री ५
मन्येसू ८
मन्यामहे ४, ६, ८, १३, १४
मत् ३, २७
मनस् ४३, ४४
मनु ७
मनुष्य ३५
मरण ३१, ३३
मर्त्य ३८, ३९
मल ३१-३३, ३९
महामुनि २३, २४
महिष ३१, ३२
महेश्वर २०, २०
मांस ११, १२
मांस-भक्षण ११, १२
मातृ ८
मात्र २०, २१, ४३
मानव ७, ८, १२, २२, २३
मानव धर्मप्रामाण्य ७, ८, १२, २२, २३
मानस ५,
मानुष १९, ३५
मास २२५
मीमांसा १३, १
मुख २७, २८
मुखतः २७, २८, ३२

मुञ्चन्तु ४३
मुक्त ३५, ३६
४३, ४४
मुञ्ज २८,
मुनि ८, २३, २४
मूत्र ३१, ३२
मूत्र-पुरीषिन् ३८
मूलतः ३२
मृग ५, ६
मृग-पद २९
मृगी ८, ९
मृत २२
मेधिनी २२
गृह मेधिनी २२
मैथुन १९, ३१, ३३,
३५, ३५
मोक्ष ४०
मोक्ष काङ्क्षिन् ४०
मोह ४६

य

यजन् १२, १३, १५, १६
याजन १२, १३, १५, १६
यजुर्वेद १३, १६
यति २५
यथा मत ३
यद्वा ४३
यदि ८, १२, १३,
२०, ३२, ४३, ४४
युक्त ३, ३५, ४३
युधिष्ठिर ३४, ३,
३७-४१
४३, ४४
युवन् २०, २१
योनि १९, २८,
३५, ३६
योनिज ३८

र

रजक २७, २८
राक्षस १३, १६
राग १७, ४१
रागद्वेषविनिर्मुक्त १७
राजन् ४०
रात्र ४०, ४३
राम ८, ९
रावण १३, १४, १६
रूप ३१, ३२
रेणुका ८, ९
रौरव २२, २३

ल

लक्षण १९
लग्न १३,१२
लवण ११
लाक्षा ११
लोक २६, २७, ३२
लोकाचार ८, ९
लोमन ३१, ३२
लिङ्ग ३१, ३५

व

वकुल ३१, ३३

वचन ३, २०,२३, २७
वचनमात्र २०, २१
वज्रसूची ३, ४४, ४४, ४५
वट २१, २२
वर ४४
वर्जयेत् ११
वर्जित २२
वर्जन ४५
वर्ण ३, २०, ३२
२६, ३१, ३२
वर्ण भेद २८, ३२
वर्णव्यवस्था ३४
वर्ण संस्थान ३१
वर्णसमास २०, २१
वसिष्ठ ८, ६, २३, ३७
वा ३५
वाच ४५
वाक्कायचेतस् ८
वाक्य ४०
वानर ३१, ३२
विक्रयिन् १५, ३४
विज्ञान ४१
विट २०, २१
वित् (द्) १३
विदुः १७, १६, ४०, ४३
विद्या ४१
विधीयते २०
विनाश १२, १५
विनिमुक्त १७
विप्र ११, १६ २२, ४३
विरुद्ध ३२, ३४
विवर्जित २६
विविध १३, १५, १६
विशेष २६
विशेषण ३१, ३४
विश्रुत ३५
विश्व ३८
विश्वामित्र ८, ६, २४, २७
वृक्ष ३१, ३२
वृत्रस्थ ३७
वृषली ३२
वेद ३—६
१३, १४
१६, २०, ४३
वेद पारग ५
वेद प्रामाण्य ४, ६,
वेद व्यवहार १४
वैशम्पायन ३४, ३५, ३८, ४०
वैशेषिक १३, १५
वैश्य १३, १६, २७
वैश्य-पद २६
वैश्य-फल ३२, ३३
व्यवस्था ३४
व्यवहार १४, ३१, ३३
व्याकरण १३, १५
व्याकरोतु ३५
व्याघ्र २६
व्याघ्र-पद २६
व्याध ५, ६

व्यापार ३१, ३३
व्यास ८, ९, २३, २४
व्रत १७

श

शर गुल्म ८
शर द्वीप ५
शरीर ३, १२, १५
२०, २१
शरीर-दहन १२, १५
शाखा ३२, ३३
शास १४, १६
शास्त्रार्थ १३
शिखण्डिन् ३१, ३२
शिरीष ३१, ३३
शील २६, २८
शील विर्वजित २६
शील शौचमय २६
शील-सम्पन्न ३८, ३९
शुक ३१, ३२
शुक्र १९, ३१
शुक्रनीति २०
शुक्रनीतिकार १९
शूकर ७, १२, १५
शूद्र ७, ११, १२
१३, १५, २०,
२२, २३, २९-३०,
३२-३४,
३७-४२
शूद्रक २७
शूद्र-कुल २७
शूद्र-पद २९
शूद्र-फल ३२
शूद्र-भाव १२
शूद्रिका ८
शूद्री २२
शेष ३७
शौच ३६, ४१
शौचमय २६
श्वन् २०, २१
श्वपुरुशयो २०
श्वयुवमद्योनाम् २०, २१
श्वपाक ३
श्वपाकी ६
श्वान् ७, २२

ष

षष्ठि-जन्म ७

स

संयम १७
संस्कार १४, १६, २८
संस्थान ३१-३३
संजात् २७
संज्ञा २८
सक्त ४०
सत् ४३
सत्य १९-२१, ३६, ४१
सत्यकाम जावाल २५
सद्यस् ११
सन्देह ८

सप्त ५
सप्तति ७
सम्पद्यते ४३
सम्पन्न ३७-३२
सम्भाव्यते ३६
सम्भव ७
सम्भूत २३ २४
संभूत १८, ३५ ३६, ४३
सर्ववर्णप्रधान ३
सर्वविक्रयिन ४३
सर्वशास्त्र १६
सर्वशास्त्रार्थविद् १३
सर्व शी ४३
सहस्र ४३
सांख्य १३
साङ्गोपाङ्ग ७
सामवेद १३, १६
सार ४३
सावित्री ४४
सिंह २६
सिंहनाद २६
सुख ३१, ३३
सुत ८
सुरेन्द्र २०, २१
सूकर ७, १२
सूर्य ३, ६
सोम ३, ६
स्त्री २८
स्मृत २७
स्मृति ३, ७, ८, ४१
स्मृतिप्रामाण्य ७, ८
स्वभाव ३५
स्वर्ग २६

ह

हतबुद्धिक ३३, ४४
हत्या १२, १५
हरिणी २३, २४
हंस ५, ६, ३१, ३२
हस्त २२–२४
हस्तिन् २६
हस्तिपद २६
हस्तिनी ७, ८

उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी
पुस्तकालय
ग्रन्थ आ० सं० 6273
संस्कृत भवनम् लखनऊ

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ सं०		पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२१ (आमुख)		३	समथ	समर्थ
२२	"	२	माननीय	मानवीय
२४	"	८	चाहिए	चाहती है
"	"	२७	धमियों	धर्मियों
"	"	२६	चातुर वर्ण्यं	चातुर्वर्ण्य
२ (भूमिका)		२२	ध्वातव्य	ध्यातव्य
४	"	३	परिरार	परिवार
	"	१४	पाश्व	पार्श्व
७	"	४	स्तूपभिरेव	स्तूपाभिलेख
८	"	२४	कृतियों[1]	कृतियों[2]
१०	"	Footnote	tn	in
१३	"	२३	को	की
१४	"	११	राष्टुपाल	राष्ट्रपाल
१५	"	२३	रूकपों	रूपकों
१५	"	२८	शा-स्त्रियो	शास्त्रियों
१६	"	पादटिप्पणी	व्यावाहर	व्यवहार
१७	"	११	धर्म-कीति	धर्मकीर्ति
१७	"	२	प्राश्चात्त्य	पाश्चात्त्य
१९	"	११	हूए	हुए
"	"	१४	इसके	इससे
२०	"	२	इन्डीया	इन्डिया
"	"	१८	जौ	जो
२१	"	२०	संख्या	संख्या
२२	"	२	दकर	देकर

२३	भूमिका	१८	रहा होता	होता रहा
२६	"	१६	चातुरवर्ण्यं	चातर्वर्ण्यं
२८	"	१६	कम्मुदुना	कम्मुना
२०	"	३	पवन	वपन
२६, ३०	"		पृष्ठ २६, ३० की पक्तियाँ ६, ७, ८ आवृत्त हैं	पृ० ३० पर आवृत्त न पढ़ी जाय
३०	"	१५	व्यक्तियीं	व्यक्तियों
३१	"	१	एज	एक
३२	"	१८	सम्वलिते	सम्वलित
"	"	२५	व्यञ्जनाभयी	व्यञ्जनमयी
६	मूलग्रन्थ	११	श्वा-पाकी	श्व-पाकी
७		३	व्राह्मण	ब्राह्म०
"		४	—	ङ
"		५	तवत्तः	तत्वतः
७		१२	प्रमाण्य	प्रामाण्य
६		१७	व्राह्मण	ब्राह्म०
१०		२२	ऐते	एते
११		१	ऐते	एते
१२		१६	शीरीरं	शरीरं
१३		२	चैतट्टिष्टम्	चैतदिष्टम्
"		६	ब्राह्मण	ब्राह्म०
१७		१	पुत्राः	पुत्रा
"		२१	धर्म-शात्रे	धर्म-शास्त्रों
२१		१	प्रश्नवाचक चिन्ह	नहीं रहेगा
२३		२८	संस्करणों	हस्तलेखों
२५		७	प्रत्यबव्रद्दि	प्रत्यब्रवीद्
"		२७	प्रञ्चगोनिजि	पञ्चगोर्निजि
"		२७	पञ्चगेनिज़ि	पञ्चगेनि-र्जि

२५	२२	ब्राह्मण	ब्राह्म०
२८	२६	ब्राह्मण	ब्राह्म
२६	२०	"	"
३०	१०	काम	कामः
"	१५	समानोद्धरण, द्रष्टव्य	नहीं रहेगा
३१	२७	ब्राह्मण	ब्राह्म०
३२	२६	ब्राह्मण्या	ब्राह्मण्याः
३३	५	बर्णों	वर्णों
३४	१५	ब्राह्मण	ब्राह्म०
३५	४	व्याकरोति	व्याकरोतु
३६	१०	वेदेदिह	वदेदिह
"	"	सत्यादि	सत्यानि
३६	१७	ब्राह्मण	ब्राह्म०
४१	१७	गाहिस्थ्य	गार्हस्थ्य
४१	१८	छूट गया है	४६
"	२६	-धिः	-धि
४२	२३	ब्राह्मण	ब्राह्म०